

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी



Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 141 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, गुरुवार 21 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी तैयारी से उतरें कार्यकर्ता:मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को अपने कार्यकर्ताओं से



हिमाचल प्रदेश व जम्मू–कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरने का आह्वान किया। उप्र के वर्तमान हालात का उल्लेख करते हुए मायावती ने कहा कि बात–बात पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) जैसी गंभीर धाराओं में लोगों की गिरफ्तारी व परिवारों का उत्पीड़न दमन का नया सरकारी तरीका बन गया है ताकि अपराध–नियंत्रण एवं कानून–व्यवस्था के मामले में विफलताओं पर पर्दा डाला जा सके। मायावती ने बसपा की हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर व पंजाब इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद पार्टी द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने कहा, ''हिमाचल प्रदेश व जम्मू–कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों ही राज्यों में बसपा को अपनी पूरी तैयारी करके चुनाव मैदान में उतरना है तथा पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करना है।''

### कोर्ट ने महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण के साथ स्थानीय चुनाव कराने की इजाजत दीः फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण देने की मंजूरी उच्चतम न्यायालय ने दी है। फडणवीस ने पत्रकारों से कहा कि राज्य




सरकार ने राज्य चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि वह चुनाव की तारीखें तत्काल घोषित नहीं करें, क्योंकि महाराष्ट्र के कई हिस्से भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। इससे पहले शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को खारिज कर दिया था, क्योंकि इस बाबत आबादी के ठोस आंकड़े नहीं थे। फडणवीस ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने ओबीसी आरक्षण के लिए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। उसने आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी आरक्षण लागू करने की इजाजत दे दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने पिछली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) की सरकार पर इस मुद्दे पर केंद्र पर सवाल उठाकर वक्त जाया करने का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा कि जब मैंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा सकता है (और अदालत में जमा करा दिया गया है) तो मेरा मजाक उड़ाया गया, लेकिन हमारी सरकार ने अपनी कार्रवाई से आलोचकों को जवाब दे दिया है।" शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे नीत एमवीए सरकार पिछले महीने गिर गई थी जिसके बाद शिवसेना के बागी एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री और फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### एयरपोर्ट पर 10 एयरगन के साथ विदेश से आया यात्री अरेस्ट

लखनऊ।लखनऊ एयरपोर्ट तस्करों के लिए मुफीद जगह बनती जा रही है. एयरपोर्ट के इंटरनेशनल टर्मिनल से रोज कोई ना कोई स्मगलर कस्टम विभाग के हत्थे चढ़ रहा है. मंगलवार को कस्टम विभाग की टीम ने विदेश से बिना लाइसेंस और वैध दस्तावेज के एयरगन और एक्सेसरीज ला रहे एक स्मगलर को दबोच लिया. इससे पहले डीआरआई की टीम ने गोल्ड, ड्रग्स और नकली करेंसी की तस्करी करने वाले कई लोगों को गिरफ्तार किया है। एयरपोर्ट पर गोल्ड और ड्रग्स की तस्करी के मामले तो अक्सर देखने को मिलते हैं लेकिन असलहों की तस्करी के जो मामले सामने आ रहे हैं वो चौंकाने वाले हैं।

कस्टम विभाग की टीम ने मंगलवार को विदेश से आ रहे एक यात्री के पास से 10 एयरगन जब्त की है. एयरगन के साथ असलहों की एक्सेसरीज भी जब्त की गई हैं. एयरगन काफी कीमती हैं जिनकी कीमत 20 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है. विदेश से आने वालों के लिए एयरपोर्ट पर सख्त नियम बनाए गए हैं।

### एसटीएफ ने साल्वर गैंग के छह सदस्यों को किया गिरफ्तार

कानपुर नगर। कानपुर में एसटीएफ ने सॉल्वर गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सॉल्वर आवास विकास तीन में स्थित अनजिप टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट में ग्रुप–डी की परीक्षा में बैठने की तैयारी में थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजेश, सुमन कुमार, सतीश कुमार, अमरजीत कुमार, इंद्रजीत कुमार सिन्हा और अमरेंद्र कुमार शामिल हैं। सभी बिहार के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ रावतपुर थाने में केस दर्ज किया गया है।

# भारत के कोविड टीकाकरण अभियान की गति और पैमाना वृहद है: मोदी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के कोविड–19 रोधी टीकाकरण अभियान की गति और पैमाना वृहद है।साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने विज्ञान के प्रति उल्लेखनीय विश्वास जताया और समयबद्ध तरीके से टीकों की खुराक ली। मोदी ने यह टिप्पणी माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स की ओर से किए गए एक ट्वीट के जवाब में की। गेट्स ने अपने ट्वीट के माध्यम से टीकों की 200 करोड़ खुराक दिए जाने की



भारत की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी थी।

गेट्स ने कहा, ''टीकों की 200 करोड़खुराक देकर एक अन्य मील का पत्थर हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाइयां। कोविड–19 के प्रभाव को समाप्त करने के लिए भारतीय टीका निर्माताओं और भारत सरकार के साथ जारी साझेदारी के लिए हम आभारी हैं।'' इसके जवाब में मोदी ने कहा कि इस महामारी के खिलाफ भारत के टीकाकरण अभियान की गति औरउसका पैमाना वृहद है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और नर्सों के अलावा कई लोगों के सामूहिक प्रयास से ही यह सफलता हासिल की जा सकी। उन्होंने कहा, ''साथ ही साथ भारत के लोगों ने विज्ञान के प्रति उल्लेखनीय विश्वास प्रदर्शित किया और समयबद्ध तरीके से उन्होंने टीकों की खुराक ली।

# मोदी की दूरदृष्टि से देश कोविड-19 के खिलाफ टीकों का सुरक्षा कवच पहन कर तैयारः जेपी नड्डा

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि कोविड–19 रोधी टीकों की 200 करोड़ खुराक दिया जाना ''भारत की बदलती तस्वीर'' को दर्शाता है जबकि एक समय था जब पोलियो और अन्य रोगों के टीकों के लिए देश को वर्षों इंतजार करना पड़ता था। कोरोना की मुफ्त एहतियाती खुराक दिए जाने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर नड्डा ने आज राजधानी स्थित लेडी हार्डिंग अस्पताल के टीकाकरण केंद्र का जायजा लिया और वहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों के साथ संवाद भी किया।



इसके बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''कोरोना के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में लगे तमाम चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों का भारत हमेशा ऋणी रहेगा।

उन्होंने मानवता की सेवा के लिए पिछले दो वर्षों से अपने प्राणों की भी परवाह न करते हुए कोरोना संक्रमण के खिलाफ भारत की लड़ाई को और मजबूत किया है।''

उन्होंने कहा कि अभी 17 जुलाई को ही देश में कोविड टीकों की खुराक का आंकड़ा 200 करोड़ को पार कर गया और यह देश के लिए एक महान उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''पहले तो 20–20 साल तक देश को टीकों के लिए इंतजार करना पड़ता था। वह चाहे पोलियो का टीका हो या मलेरिया का या जापानी इन्सेफ्लाइटिस का या टिटनेस का या फिर अन्य बीमारियों का।'' नड्डा ने कहा कि इन सभी टीकों को भारत आने में वर्षों लग गए लेकिन देश में कोविड–19 की दस्तक होते ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नौ महीने में ही अर्थात् एक वर्ष से भी कम समय में देश के वैज्ञानिकों ने दो–दो विश्वस्तरीय 'मेड इन इंडिया वैक्सीन का निर्माण किया और अब भारत ने 200 करोड़ टीकों की खुराक लगाने का आंकड़ा भी पार कर लिया है। उन्होंने कहा, ''आज 130 करोड़ का देश कोविड के खिलाफ टीकों का सुरक्षा कवच पहन कर तैयार खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कोरोना संक्रमण के खिलाफ लड़ाई के लिए जिस तरह रणनीति बनाई, उसकी पूरे विश्व में सराहना हुई है। साथ ही, इस रणनीति से भारत पूर्ण रूप से सुरक्षित भी हुआ है।''

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पूरी दुनिया में किसी भी देश की सरकार ने इस तरह अपने नागरिकों की चिंता नहीं की है जितनी कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने की है। उन्होंने कहा, ''हमारा टीकारकण कार्यक्रम न केवल दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज गति से चलने वाला अभियान है बल्कि इतने बड़े पैमाने पर अपने नागरिकों के लिए मुफ्त खुराक की भी व्यवस्था किसी और देश ने नहीं की है।'' उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर–घर जाएं और लोगों से संपर्क कर उन्हें एहतियाती खुराक के लिए प्रोत्साहित करें।

# जनता ने तख्तियां दिखाने और नारेबाजी के लिए नहीं भेजा, संसद में हंगामे से नाराज हुए बोले ओम बिरला

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र चल रहा है। आज तीसरे दिन भी लोकसभा तथा राज्यसभा में विपक्ष का जबरदस्त तरीके से हंगामा जारी रहा। विपक्ष के सांसद लगातार सरकार को कई मोर्चों पर घेरने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष की ओर से जारी हंगामे की वजह से लोक सभा स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने सांसदों से साफ तौर पर कह दिया कि जनता ने तख्तियां दिखाने और नारेबाजी के लिए नहीं भेजा है। नारे लगा रहे सदस्यों से लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन चर्चा संवाद के लिए है, नारेबाजी के लिए नहीं है और सदन में शोर–शराबा करने वाले सदस्य सदन की गरिमा को गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हंगामा कर रहे सदस्यों का रवैया संसदीय परम्पराओं के लिए उचित नहीं है क्योंकि जनता ने तख्तियां दिखाने और नारेबाजी के लिए नहीं भेजा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि ''अमृतकाल में जनता हमसे चर्चा और संवाद की उम्मीद करती है'' और वह सभी विषयों पर चर्चा के लिए प्रक्रिया अनुसार समय देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि शून्यकाल में हर विषय को उठाने की अनुमति देने को तैयार हूं लेकिन हंगामा करेंगे तो इजाजत नहीं दूंगा। लोकसभा में कांग्रेस, द्रमुक सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने महंगाई, जीएसटी, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर बुधवार को भारी शोर–शराबा किया जिसके कारण कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। वे 'जीएसटी वापस लो' जैसे नारे लगा रहे थे।



लोकसभा सचिवालय ने एक बुलेटिन में कहा है कि स्थापित परंपरा के तहत संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष की मंजूरी के बिना पर्चा, पत्रक, प्रश्नावली, प्रेस नोट, साहित्य या मुद्रित सामग्रियों का वितरण नहीं किया जाना चाहिए तथा तख्तियां भी नहीं लायी जानी चाहिए। लोकसभा सचिवालय की संसद सुरक्षा सेवा के 19 जुलाई के बुलेटिन में यह बात कही गई है और सांसदों से सहयोग की अपील की गई है। ज्ञात हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने महंगाई और कई जरूरी खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाए जाने के विरोध में मंगलवार और बुधवार, दोनों दिन संसद भवन परिसर में धरना दिया। इस दौरान कुछ सांसदों ने अपने हाथों में तख्तियां भी ले रखीं थीं और कुछ छाछ के पैकेट भी लेकर पहुंचे थे। इन लोगों ने एक बैनर भी ले रखा था जिस पर गैस सिलेंडर की तस्वीर थी और कुछ नारे भी लिखे थे।

# स्टाफ पर आंख मूंद कर ना करें भरोसा, विभागों में तबादलों पर मचे हंगामे के बीच सीएम योगी की मंत्रियों को सख्त नसीहत

राम कृपाल सिंह ने. ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तबादलों पर मचे हंगामें के बीच अब एक्शन शुरू हो गया है. पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने तबादलों के विवाद में ओएसडी अनिल पांडेय को हटाया था. उसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के विभाग अध्यक्ष मनोज गुप्ता, प्रमुख अभियंता नियोजन राकेश सक्सेना और वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर शैलेंद्र यादव निलंबित कर दिया था. अब उन्होंने मंत्रियों को भी सख्त नसीहत दी है।



सीएम योगी ने कहा, मंत्री अपने ऑफिस के किसी भी निजी और अन्य स्टाफ पर आंख मूंद कर भरोसा नहीं करें. मंत्री अपने ऑफिस और घर के सभी स्टाफ पर सख्त नजर रखें. उन्होंने ध्यान रखने की जरूरत है कि ऑफिस के स्टाफ क्या कर रहे हैं। मंगलवार को इस ट्रांसफर विवाद के बीच लखनऊ स्थित लोक भवन में एक बैठक के दौरान सीएम योगी ने ये बातें कही है।

सीएम ने बैठक के दौरान नसीहत देने के बाद कहा, सभी मंत्रियों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करने की जरूरत है. सरकार में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार और अनियमितता की किसी भी एक घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्रियों से सीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी फाइलों पर जल्दबाजी में दस्तखत नहीं करें. किसी भी फैसले को लेने से पहले मेरिट को आधार माना जाना चाहिए।

बता दें कि यूपी कई विभागों में बीते दिनों ट्रांसफर हुए हैं. इसके बाद ट्रांसफर में कई जगहों पर गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी. जिसके बाद सरकार की जमकर आलोचना हुई. अब सीएम योगी ने इस ट्रांसफर विवाद पर अपना सख्त रुख दिखाया है।

### रानिल विक्रमसिंघे चुने गए श्रीलंका के राष्ट्रपति 134 सांसदों का वोट हासिल कर जीता चुनाव

श्रीलंका। श्रीलंका की संसद ने रानिल विक्रमसिंघे को देश का नया राष्ट्रपति निर्वाचित किया। सभी सांसदों ने उन्हें अपना नया राष्ट्रपति चुन लिया है। रानिल विक्रमसिंघे 225 सदस्यीय संसद में 134 वोट मिले हैं।




इस समय विक्रमसिंघे श्रीलंका के कार्यवाहक राष्ट्रपति का पद संभाल रहे हैं। नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए ससंद में सभी सांसद शामिल रहे और सबने अपना वोट डाला। सांसद के अलावा संसद में पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे भी मौजूद थे। इस बीच संसद के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। संसद में किसी को भी फोन लाने की इजाजत नहीं थी।

### योगी के मंत्री दिनेश खटीक ने दिया इस्तीफा

लखनऊ।यूपी में योगी सरकार के मंत्री दिनेश खटीक के इस्तीफे की चर्चाएं बुधवार सुबह से हो रही है. अब इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है. दिनेश खटीक की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखी एक चिट्ठी सामने आई है. जिसमें आरोप लगाया है कि दलित होने की वजह से विभाग में उनकी सुनवाई नहीं होती और न ही किसी बैठक की सूचना उन्हें दी जाती है. उन्होंने चिट्ठी में त्यागपत्र देने की भी बात कही है।



गृह मंत्री को लिखी चिट्ठी में कहा है कि राज्यमंत्री के अधिकार के तौर पर सिर्फ गाड़ी दे दी गई है. मंत्री ने ट्रांसफर के मामलों में बड़े भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं. गड़बड़ी को लेकर जब उन्होंने अधिकारियों से जानकारी मांगी गई तो उन्हें अबतक जानकारी नहीं दी गई. सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि फोन करने पर बिना पूरी बात सुने उनके को फोन काट दिया. मंत्री ने नमामि गंगे योजना में भी भ्रष्टाचार की बात कही है. दिनेश खटीक ने सीधे–सीधे अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया है।

मंत्री ने आगे लिखा है, जल शक्ति विभाग में दलित समाज का राज्य मंत्री होने के कारण मेरे किसी भी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है. सिचाई विभाग के प्रमुख सचिव मेरा फोन काट देते हैं और मेरी बात को अनसुना कर देते हैं. मेरे साथ बहुत ज्यादा भेदभाव किया जाता है।

मुझे विभाग में अभी तक कोई अधिकार नहीं दिया गया है. इसलिए मेरे पत्रों का कोई जवाब नहीं दिया जाता है. बीजेपी सरकार में दलित और पिछड़ों को सम्मान के साथ लाने का प्रयास किया जा रहा है. लेकिन सरकार के अंदर अधिकारीगण उतना ही दलितों का अपमान कर रहे हैं।

### 100 रुपये वसूलने में चार पुलिसकर्मियों का एक माह का वेतन काटा, डीसीपी पूर्वी ने सभी को किया दंडित

कानपुर नगर। हाईवे पर 100 रुपये वसूली करने वाले पीआरवी पर तैनात चार पुलिसकर्मी विभागीय जांच में दोषी पाए गए हैं। डीसीपी पूर्वी ने चारों पुलिसकर्मियों को दंडित करते हुए उनकी एक–एक महीने की पगार काट दी है। हिदायत दी है कि भविष्य में इस तरह के कृत्य न करें। इसी साल पांच अप्रैल को पीआरवी–0786 का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी एक ट्रक से पैसे वसूलते कैद हुए थे। डीसीपी पूर्वी प्रमोद कुमार ने उसी दौरान पीआरवी पर तैनात हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह, अनिल कुमार और कांस्टेबल दिनकर व मीनू को निलंबित कर दिया था। एसीपी कैंट ने चारों की विभागीय जांच की। जांच में सामने आया कि ट्रक चालक से 100 रुपये की वसूली की थी। इसी तरह से वह आए दिन हाईवे पर भारी वाहनों से वसूली करते रहते हैं। इसी आधार पर चारों पुलिसकर्मियों को जांच में दोषी ठहराया गया।

डीसीपी पूर्वी ने बताया कि सजा के तौर पर चारों को आर्थिक दंड देते हुए उनकी महीने भर की पगार काट दी गई है। सर्विस बुक पर भी इसकी एंट्री की गई है। डीसीपी को इसी तरह कई और पीआरवी के पुलिसकर्मियों की वसूली की शिकायतें मिली हैं। जिसको लेकर वह जांच करवा रहे हैं।

### आईएएस रानी नागर ने भाई पर लगाया करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप, पुलिस और इनकम टैक्स से की कार्रवाई की मांग

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की न्यू पंजवटी कॉलनी में रहने वाली हरियाणा कैडर की महिला आईएएस अधिकारी रानी नागर ने अपने ही भाई पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने अपने भाई पर सवा करोड़ रुपये हड़पने का आरोपी लगाया है. पूरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र की न्यू पंचवटी कॉलोनी का है. जहां आईएएस रानी नागर ने अपने भाई सचिन नागर पर सवा करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।




उनका आरोप है कि उनके भाई सचिन नागर ने नेहरूनगर स्थित मकान का बैनामा अपने नाम करा लिया और उस मकान को धोखे से किसी ओर को बेच दिया. मकान बेचने के बाद सचिन नागर ने अपनी बहन के रुपये नहीं लौटाए हैं. इस मामले में आईएएस ने आयकर विभाग को पत्र लिखकर टैक्स न भरने पर कार्रवाई और एसएसपी से धोखाधड़ी करने और रुपये वापस ने देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

आईएएस रानी नागर हरियाणा कैडर की आईएएस अधिकारी हैं. वह वर्तमान में हरियाणा सरकार में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं. रानी नागर ने शिकायत की है कि लालकुआं के राज कंपाउंड निवासी उनके भाई सचिन नागर ने उनके साथ धोखाधड़ी की है. उसने 2013 में नेहरूनगर स्थित मकान की बैनामा अपने नाम करा लिया था. जिसके बाद सचिन ने रानी नगर से जल्दी ही रुपये देने का वादा किया था. आरोप है कि सचिन ने 2014 में उस मकान को 95 लाख रुपये में किसी और को बेच दिया और उन्हें रुपये नहीं दिए।

# संक्षिप्त समाचार

## थाना फजलगंज क्षेत्र में स्थित नगर निगम की दुकानों को गिराने नगर निगम दस्ता पहुंचा

कानपुर। थाना फजलगंज क्षेत्र में स्थित नगर निगम की दुकानों को गिराने नगर निगम दस्ता पहुंचा। दुकान में को गिराने का दुकानदार कर रहे हैं विरोध। दुकानदारों का कहना है कोर्ट का कोई आदेश नहीं। फिर भी बिना आदेश के हमारे दुकानों को गिराया जा रहा है। कोर्ट में लंबित मामले को दुकानदारों ने अपनी दीवारों में चस्पा कर रखा है। जिसमें साफ लिखा है न्यायालय में मामला विचाराधीन है। अगर नगर निगम हमारी दुकान गिराता है तो कन्टेम ऑफ कोर्ट होगा।

## बिजलेश्वर मंदिर परिसर में राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष शर्मा के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ हुआ हमन संग्रह का किया गया आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपू कानपुर। भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संगठन रजिं द्वारा बिल्हौर बिजलेश्वर मन्दिर परिषर में समस्त पदाधिकारियों द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ व हवन संग्रह का आयोजन महेश शर्मा जिला मंत्री कानपुर नगर की टीम द्वारा किया गया



सुन्दर काण्ड पाठ में उमड़े श्रद्धालु और भक्तों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सहयोग किया जिसमें भारतीय विशाल हिन्दू युवा सेवा संघठन के संस्थापक जयकुमार शर्मा व राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री कृष्ण कठेरिया के द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ का शुभारंभ किया जिसमें शामिल रहे नगर अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री नगर उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा नगर महामंत्री क्रतिक कुमार कटियार नगर महासचिव मधुरेन्द्र कटियार नगर संयोजक अनुप कुमार नगर सह संयोजक योगेश शुक्ला नगर सचिव अमित शुक्ला ब्लाक महामंत्री ब्रह्मु तिवारी नगर उपाध्यक्ष ब्रम्ह दत्त तिवारी अविनाश कुमार सदस्य प्रभु विश्वकर्मा सदस्य विद्यासागर कटियार सदस्य बब्लू कटियार सदस्य मनोज अवस्थी सदस्य आदि पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

### तहसील सदर की तरफ पान की दुकान की नीलामी तिथि दिनांक 5 अगस्त 2022 नियत की गई

कानपुर नगर। प्रभारी अधिकारी (नजारत) ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर कानपुर नगर में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए एक सुप्रीम कैंटीन, चाय, चाट की दुकान (मस्जिद के बगल में) एवं कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के पीछे तहसील सदर की तरफ पान की दुकान की नीलामी तिथि दिनांक 5 अगस्त 2022 नियत की गई है। उन्होंने बताया है कि उपरोक्त दुकानों की नीलामी दिनांक 5 अगस्त 2022 को शाम 3:00 बजे कलेक्ट्रेट नवीन सभा कक्ष में संपादित की जाएगी। उक्त नीलामी प्रक्रिया में जो भी बोलीदाता/व्यक्ति भाग लेना चाहता है तो नियत तिथि व समय पर उपस्थित हो तथा नीलामी के नियम व शर्तों की जानकारी के संबंध में नाजिर सदर से किसी भी कार्यालय दिवस में संपर्क स्थापित कर की जा सकती है। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रक्रिया के प्रारंभ में जमानत धनराशि के रूप में 10000 अग्रिम जमा करना होगा तथा अधिकतम बोलीदाता के हक में नीलामी प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के विशेष प्रयासों से जनपद कई क्षेत्रों में रहा अव्वल



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। बताते हुए बहुत ही हर्ष हो रहा है कि कल दिनांक 19 जुलाई 2022 को मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आहूत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात समूह गठन में सातवें स्थान पर, हर घर तिरंगा कार्यक्रम में राष्ट्रीय झंडा बनाया जाने में दूसरे स्थान पर एवं सीसीएल समूह (बैंक क्रेडिट लिंकेज) संबंधी प्रगति में जनपद प्रथम स्थान पर रहा। यह जनपद के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि जनपद की मुख्य विकास अधिकारी की विशेष पहल से यह सम्भव हो पाया, बताते चले कि कल दिनांक 19 जुलाई 2022 को आहूत विडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव महोदय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के विशेष प्रयासों को पुन सराहा गया एवं इसी तरह कार्य करते हुए जनपद को ऊंचाइयों में पहुंचना है। यह संभव प्रयास जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी जाता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को ज्यादा से ज्यादा वादों का किया जाये निस्तारण

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली निर्देशानुसार व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 13 अगस्त 2022 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेंगा। जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों कानिस्तारण कराया जाये, इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने आमजन से अपील की गयी कि वह अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये तथा आपसी सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण कराये। इस मौके पर अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाढ़ नियंत्रण कन्ट्रोल रूम संचालित, बाढ़/अन्य आपदा हेतु करें सम्पर्क

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता ने संभावित बाढ़ के दृष्टिगत स्थिति से निपटने हेतु जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित कोविड कमाण्ड सेन्टर में बाढ़ नियंत्रण कन्ट्रोल रूम संचालित किया गया है। जिसमें तीन सिफ्टों में कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। आमजन मानस हेतु आपदा की स्थिति में सूचनाओं हेतु बाढ़ नियंत्रण कन्ट्रोल रूम में दो फोन नम्बर 7388074008, 8543834008 व वाट्सप नम्बर 9044070030 जारी किया गया है जो 24 घण्टे सक्रिय रहेगा।

## समाजसेवी उत्तम शुक्ला ने कोविड 19 की तीसरी बूस्टर वैक्सीन लगवाई



कानपुर नगर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मनगर निवासी युवा जन सेवक पं० उत्तम शुक्ला पुत्र पं० श्री उदय शंकर शुक्ला ने आज चौबेपुर सी एच सी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कोविड 19 की तीसरी वैक्सीन बूस्टर लगवाई और प्रदेशवासियों से अपील की सभी वैक्सीन लगवाए जिन्होंने अभी तक किसी कारण से वैक्सीन नही लगवाई है तो वैक्सीन लगवा ले ताकि आप सुरक्षित रहे आपका परिवार सुरक्षित रहे और भारत के लोकप्रिय जन प्रिय यशस्वी नेता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद किया कि आपने भारत में कोरोना को हराया व अब तक भारत के हर वर्ग के लोगो ने दो सौ करोड़ से ज्यादा लोगो ने वैक्सीन लगवाई युवा जन सेवक पं० उत्तम शुक्ला ने बताया कि कुछ राजनीतिक पार्टी के लोगो ने भारत व उत्तर प्रदेश के लोगो को इस वैक्सीन न लगवाने के लिए गलत संदेश दिए लेकिन भारत व उत्तर प्रदेश की जनता समझदार हैं जनता ने दो सौ करोड़ वैक्सीन भारत में लगवा कर हमारे भारत के यशस्वी आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री जी का सम्मान किया व विरोधियों को मुँह तोड़ करारा जवाब दिया।

## जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने आज सरसौल ब्लाक के महुआ गांव का निरीक्षण किया



कानपुर नगर। जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने आज सरसौल ब्लाक के महुआ गांव का निरीक्षण किया जहां पर पायल स्वयं सहायता समूह द्वारा आजादी के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत झण्डे बनाने का काम किया जा रहा था। जिलाधिकारी ने पायल स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे झण्डे को देखा। उन्होंने उपस्थित उपायुक्त, एन0आर0 एल0एम0 एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन भी समूहों द्वारा झण्डे बनाए जा रहे है उन समूहों के झण्डे हर हाल में विक्रीत हो जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा झण्डे बनाए जा रहे है जिसके लिए निगरानी हेतु उपायुक्त, एन0आर0एल0एम0 एवं जिला विकास अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षण के दौरान महुआ गांव में काफी गन्दगी मिली जिस पर उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही करने तथा सफाई कर्मचारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी ग्रामों में उनके द्वारा निगरानी रखी जाए, ग्रामों में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहें और लगातार गावों में सफाई हो। इसका अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए।

## बैंक आफ बडौदा के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इनवर्टर बैटरी, चादर, खाने का पैकेट वितरित



कानपुर देहात। बैंक ऑफ बडौदा के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा कानपुर देहात अनिरुद्ध कुमार महतो द्वारा वृद्धाश्रम शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान , रनिया कानपुर देहात में वृद्धों की सुविधा के लिए इनवर्टर बैटरी , चादर , खाने का पैकेट वितरित किया गया । आयोजित कार्यक्रम आर0से0टी0 डायरेक्टर गोपाल कृषण द्वारा सभी वृद्धों को स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योगा करने के सुझाव दिए गए।

आयोजित कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह ,अग्रणी जिला प्रबंधक एस०के०चौधरी , अजय कुमार , दिलीप कुमार, , शैलेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का यमुनापार के भाजपाइयों ने केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

- जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्रम् भेंटकर कार्यकर्ताओं संग काटा केक



प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मृत्यूंज्जय तिवारी का यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती सहित भारी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय सिविल लाइंस पर 50वाँ जन्मदिवस धूमधाम से स्वागत अभिनंदन के साथ केक काटकर मनाया गया।

जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने मृत्यूंज्जय तिवारी को अंगवस्त्रम् भेंटकर स्वागत अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय, किसान मोर्चा जिला महामंत्री आदेश सिंह,शोशल मीडिया प्रभारी मिथिलेश पांडेय आदि भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर शुभकामनाएं दी। मृत्यूंजय तिवारी ने सभी शुभकामनाएं देने वालो का आभार जताया।

## युवा कल्याण प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन 2 अगस्त को

कानपुर नगर। जिला युवा कल्याणा एवं प्र0वि0द0 अधिकारी श्रीमती आरती जायसवाल ने बताया है कि युवा कल्याण प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन दिनाँक 02 अगस्त 2022 को स्थान लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी कानपुर नगर में किया जाना हैद्य जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से 15 से 29 वर्ष तक के युवकध्युवतियां प्रतिभाग कर सकेंगे। युवा उत्सव निम्न विधाओं में आयोजित की जानी है।

जिसमें लोक नृत्य, लोकगीत,एकांकी,क्लासिकल वोकल, कर्नाटक वोकल, सितार वादन,बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन हारमोनियम लाइट, मृदंगम, गिटार वादन,मणिपुरी नृत्य, ओडिसा नृत्य,भरत नाट्यम नृत्य,कत्थक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य, एक्सटेम्पोर आदि '( फिल्मी गानोंध्धुन का प्रयोग विधाओं में वर्जित है)'। उन्होंने बताया है कि जनपद के इच्छुक कलाकार/प्रतिभागी जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य है अपना पंजीकरण कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारी कानपुर नगर के कक्ष संख्या–4 विकास भवन द्वितीय तल में व्यक्तिगत रूप से एवं ई–मेल द्वारा dywokanpurnagar@gmail.com के माध्यम से दिनांक 31 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी के सम्पर्क सूत्र श्री यशस्वी रत्न मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 9369065167 एवं श्री प्रदीप कुमार चौरसिया सहायक कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 8218229023 हैं। इसके अतिरिक्त सभी विकास खण्डों के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता हैं। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में विजयी प्रतिभागी दिनाँक 03 अगस्त,2022 को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगेद्य इसके उपरांत मण्डल स्तर पर विजयी खिलाड़ी जोनलध्राज्य स्तर पर विजयी होने के उपरान्त राष्टीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कर सकते है।

## स्वयं सहायता समूहों को गौशालाओं से जोड़ते हुए यहां से निकलने वाले गोबर से विभिन्न बाई-प्रोडक्ट का निर्माण किया जाए:डीएम

कानपुर नगर। गौशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाए, इसके लिए स्वयं सहायता समूहों को गौशालाओं से जोड़ते हुए यहां से निकलने वाले गोबर से विभिन्न बाई–प्रोडक्ट का निर्माण किया जाए। गौशालाओं में वर्मी कम्पोस्ट बनाने की कार्यवाही की जाए। गोबर से पेन्ट बनाने की कार्यवाही हेतु स्वयं सहायता समूहों के ग्रुप की ट्रेनिंग कराई जाए। गौशाला में चारे पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी श्री विशाख जी ने सरसौल ब्लाक की बृहद गौशाला के निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए । जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालो को आर्थित रूप से मजबूत किया जाए,इसके लिए निकलने वाले गोबर से विभिन्न प्रोडेक्ट बनाने की कार्यवाही की जाए, इसके लिए स्वयं सहायता समूहों को गोशालों से जोड़ा जाए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में चारे पानी की कोई कमी नहीं होनी चाहिए, इस पर यहां उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी ने बताया की 45 दिनों का चारा स्टॉक में है, चारे की कोई कमी नहीं है। गौशाला में उपस्थित केयर टेकर ने बताया कि सोलर सिस्टम लगा है किंतु किसी कारणवश कार्य नहीं कर रहा है जिसकी जानकारी नेडा विभाग के अधिकारी व संबंधित कम्पनी को सूचना दी गई है। परंतु उनके द्वारा अभी तक नहीं बनाया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल सोलर सिस्टम ठीक कराया जाए। इसके लिए संबंधित कम्पनी को तत्काल अवगत कराया जाए। यदि तत्काल ठीक नहीं होता है तो संबंधित कम्पनी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए सूडा अधिकारी के खिलाफ भी लापरवाही बरतने के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला के चारों तरफ बाउण्ड्री कराने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान समाधान दिवस का आयोजन

- किसान समाधान दिवस पर कृषकों की समस्याओं का हुआ निस्तारण
- मानसून के बिलम्व से आने के कारण नहरों में टेल तक सिंचाई पानी न पहुँचने के कारण एवं लापरवाही बरतने पर किशरवल माइनर के अवर अभियन्ता दिनेश चन्द्र को मुख्य विकास अधिकारी ने दी चेतावनी , माँगा स्पष्टीकरण
- किसानों की समस्यों के समाधान पर दें विशेष ध्यान, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार : मुख्य विकास अधिकारी




संवाददता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। शासन के निर्देशानुसार कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर माह के त्रतीय बुधवार दिनांक 20 जुलाई 2022 को विकास भवन सभागार माती कानपुर देहात में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें सुन्दर सिंह कुन्दनपुर रनियॉ द्वारा सहजन की खेती को बढावा देने के लिए इसकी गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। गया सिंह ग्राम कुरारी सरवनखेडा ने धान की फसल में झाडू वाली घास द्वारा काफी अधिक नुकसान एवं रामसेवक राजपूत ग्राम बनार अलीपुर अकबरपुर ने धान की फसल में कण्डवा रोग एवं खरपतवारों के नियन्त्रण के लिए उचित सुझाव मागें जिसमें झाडू वाली घास के लिए फसल कटने के उपरान्त ग्लाइफोसेट एवं अन्य चौडी पत्ती वाले खरपतवारों के नियन्त्रण के लिए प्रेटिलाक्लोर /ब्यूटाक्लोर के छिडकाव की संस्तुति की गई।

शिवराम ग्राम दस्तमपुर ने मिर्च की खेती में उकठा जैसी बीमारी के विषय में काफी अधिक नुकसान होने की बात कही। जिसके सम्बन्ध में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर समस्या का निदान होगा। जनपद में मानसून के बिलम्व से आने के कारण नहरों में टेल तक सिंचाई पानी न पहॅुचने के कारण किशरवल माइनर के अवर अभियन्ता दिनेश चन्द्र का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चेतावनी देते हुए वेतन अवरूद्ध किये जाने की संस्तुति की है। अनुरूद्ध सिंह इन्द्रपुरा राजपुर ने बकरी पालन के लिए रूचि रखने हेतु इसका प्रशिक्षण बकरी अनुसंधान संस्थान फरहा मकदूम मथुरा में प्रशिक्षण कराया जायेगा। रशीद अहमद आजाद का खेत तालाब योजना के अन्तर्गत तालाब निर्माण का टोकन जनरेट किया गया। किसान दिवस में खेती से सम्बन्धित 08 कृषको द्वारा शिकायते की गई जिसमें 02 शिकायतों का त्वरित मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निस्तारित करा दिया गया। सिंचाई विभाग के जेई द्वारा लापरवाही पर मुख्य विकास अधिकारी में स्पष्टीकरण जारी करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं इस मौके पर उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव आदि विभागों के अधिकारीगण एवं कृषक भाई उपस्थित रहे।

## इन्वेस्ट यूपी के जरिए निवेशकों को व्यवसायिक भूखण्डों का आफर देगा एलडीए

- लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने प्राधिकरण की व्यवसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में की बैठक
- अनिस्तारित व्यवसायिक सम्पत्तियों को बिक्री के लिए नये सिरे से किया जाएगा लांच



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण अब अपनी बड़ी व्यवसायिक सम्पत्तियों को कॉरपोरेट कंपनियों की तर्ज पर बेचेगा। इसके लिए विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित व्यवसायिक सम्पत्तियों को पूरी ब्रॉडिंग के साथ नये सिरे से लांच किया जाएगा। प्राधिकरण की अध्यक्षध्मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब ने बुधवार को व्यवसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में हुई बैठक में इस बाबत निर्देश जारी किये।

उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से देश–विदेश के बड़े निवेशकों तक प्राधिकरण की महत्वपूर्ण व्यवसायिक सम्पत्तियों की जानकारी पहुंचाई जाए, साथ ही निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सम्पत्ति खरीदने का ऑफर दिया जाए। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार द्वारा उन्हें यह अवगत कराया गया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में कुल 607 व्यवसायिक सम्पत्तियां अनिस्तारित हैं। जिसमें भूखंड 97, दुकान/चबूतरा 510, सी०जी० सिटी में विभिन्न भू उपयोग के कुल सृजित भूखंड 62, लखनऊ मेट्रो को कुल प्रस्तावित भूखंड 28, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पास 34, इस तरह विभिन्न योजनाओं में आवासीय 4000 है। जिसमें, ग्रुप हाउसिंग, शॉपिंग मॉलध्मल्टीप्लेक्स, होटल, सिटी क्लब, पेट्रोल पम्प, स्कूल, टेक्निकल एजुकेशन भूखण्ड, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, कन्वीनिएंट शॉप व मिश्रित भू–उपयोग के बड़े भूखण्ड भी शामिल हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि बड़े व्यवसायिक भूखण्डों के निस्तारण के लिए इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से बड़े निवेशकों से संपर्क स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक भूखण्डों के विक्रय के लिए सम्बंधित स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक आयोजित की जाएं। जैसे होटल के लिए आरक्षित भूखण्ड के विक्रय के लिए होटल उद्योग से जुड़े निवेशकों के साथ बैठक की जाए और नर्सिंग होम के भूखण्ड के सम्बंध में मेडिकल संस्थाओं व डॉक्टरों से संपर्क कर समन्वय स्थापित किया जाए। इसके अलावा छोटे भूखण्डों को भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से विभाजित करते हुए नीलामी में लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को फील्ड विजिट कराया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आवासीय भूखण्डों के निस्तारण के सम्बंध में भी दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा उन्हें यह अवगत कराया गया कि सम्पत्तियों के शीघ्र निस्तारण के लिए बेहतर मार्केटिंग नीति अपनाते हुए कार्य किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ विचार–विमर्श किया जा रहा है। इस पर अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिये कि विक्रय की सम्पत्तियों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार कराया जाए। इसके लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स/बैनर लगाए जाएं, साथ ही सूचना विभाग की एलईडी वैन पर भी सम्पत्तियों का विज्ञापन प्रसारित कराया जाए। बैठक के अंत में उन्होंने प्रबंध नगर योजना व मोहान रोड योजना की भी जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य अभियंता अवधेश तिवारी, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, विशेष कार्याधिकारी अमित राठौर, अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता, के0के0 बंसला, अवनीन्द्र कुमार सिंह और सहायक लेखाधिकारी विनोद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# बिल्डर ने पेट्रोल डालकर ठेकेदार को जिंदा फूंका, इलाज के दौरान मौत

कानपुर। कानपुर के श्याम नगर में बुधवार दोपहर एक बिल्डर ने अपने घर के भीतर ही ठेकेदार को जिंदा फूंक दिया। चार घंटे तक वह जिंदगी के लिए जंग लड़ता रहा। आखिर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बिल्डर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि 18 लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से पुलिस पूछताछ कर घटना के संबंध में और अधिक जानकारी जुटा रही है। लाल बंगला एनटू रोड स्थित एमईएस कालोनी में राजेंद्र पाल(59) का परिवार रहता है। मिलेट्री इंजीनियरिंग सर्विसेस में कार्यरत उनके बेटे अरविंद व पत्नी मीना पाल ने बताया कि राजेंद्र ठेकेदारी का काम करते थे। काफी समय तक वह श्याम नगर डी ब्लॉक निवासी बिल्डर शैलेंद्र श्रीवास्तव के साथ काम किया। राजेंद्र को शैलेंद्र से 18 लाख रुपये लेने थे। शैलेंद्र पैसे नहीं दे रहा था। इसको लेकर करीब तीन साल से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसलिए राजेंद्र उसके पास काम करना भी बंद कर दिया था।

परिजनों के मुताबिक बुधवार सुबह करीब दस बजे राजेंद्र घर से निकले थे। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उनके परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचकर राजेंद्र को पहले कांशीराम और फिर उर्सला में भर्ती कराया। शाम करीब साढ़े चार बजे राजेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बिल्डर शैलेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में किसी और की भूमिका है या नहीं, इस पहलू की पुलिस तफ्तीश कर रही है।

# सेना ने अपनी जमीन पर कब्जा हटाने का शुरू किया काम, लोगों ने विरोध में लगाया जाम

कानपुर के चकेरी गंगागंज में बुधवार को सेना ने अपनी जमीन पर कब्जा हटाने का काम शुरू कराया। इस दौरान कई थानों का फोर्स मौजूद रहा। मकान खाली करने को लेकर लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि वे गरीब



परिवार से हैं। उन्होंने अपने रहने के लिए वैकल्पिक इंतजाम कराने की मांग की। लोगों का कहना है कि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सांसद सत्यदेव पचौरी से भी गुहार लगाई है। लेकिन सभी ने हाथ खड़े कर दिए हैं। कहा कि उन लोगों को सरकारी आवास तक नहीं मिले। इस दौरान लोगों ने जीटी रोड पर जाम लगाने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उन्हें हटा दिया। इस दौरान पीएसी बल भी तैनात रहा। वहीं कैंट, चकेरी, जाजमऊ का पुलिस बल भी मौजूद रहा। बताया गया कि सेना की ओर से इन लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

इसके साथ ही कई बार मौखिक रूप से कहा गया। लेकिन कुछ लोग नहीं हटे। उन्होंने इस दौरान विरोध करने का प्रयास किया।

# बच्चों की जान को खतरे में डालकर स्कूल की टंकी साफ कराते दिखे प्रिंसिपल

कानपुर देहात। कानपुर देहात में एक सरकारी स्कूल से शिक्षा की बदहाली की एक और तस्वीर सामने आई है. जहां बच्चों को पढ़ाने की बजाय उन्होंने स्कूल की टंकी साफ करने के काम में लगा दिया गया. छोटे–छोटे बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़कर हाथ में डंडा लेकर यहां टंकी (जमत ज्ंदा) को साफ करते हुए नजर आए. इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया है जिसमें बच्चों की जान को खतरे में डालकर इनसे टंकी की साफ–सफाई करवाई जा रही है. इस वीडियो के सामने आने के बाद सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया. बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इसकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं। ये वीडियो कानपुर देहात के डेरापुर ब्लाक के अकारू ग्राम में स्थित माध्यमिक विद्यालय का बताया जा रहा है. वायरल वीडियो में दिख रहे शख्स स्कूल के प्रिंसिपल बताए जा रहे हैं. इसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से प्रिसिंपल नीचे खड़े होकर बच्चों को निर्देश दे रहे हैं और बच्चे बेचारे अपनी जान को हथेली पर लेकर हाथ में डंडा लिए पानी की टंकी की साफ–सफाई में जुटे हुए हैं. जरा सी चूक इन बच्चों के लिए



बेहद खतरनाक हो सकती है. लेकिन प्रिंसिपल महोदय के ये बात शायद समझ नहीं आती। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बच्चों के अभिभावकों ने भी नाराजगी जताी है. इसके साथ ही अब स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई करने की मांग भी तेज हो गई है. वहीं इस मामले में कानपुर देहात की बीएसए रिद्धि पांडेय ने बताया, हमें मामले की जानकारी हुई है. बीओ के माध्यम से वायरल वीडियो की जांच करवाई जाएगी. जांच में अगर सच्चाई पाई गई तो जो भी लोग दोषी हैं उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

# गौ तस्कर पिकअप छोड़ हुए फरार तीन गौ एक बछड़ा मौके पर मिले

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। विकास खण्ड क्षेत्र के एसआर पेट्रोल पंप के पास लगभग सुबह साढ़े पांच बजे मुसाफिरों ने एक पिकअप



संदिग्ध अवस्था मे देखा तो इसकी सूचना तत्काल भटनी पुलिस को दिया भटनी पीआरवी पुलिस चन्द्रकान्त गौंड़,सुरेंद्र वर्मा,नितेश कुमार, सतेंदर कुमार,तत्काल सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर देखा तो एक पिकअप में प्लास्टिक के साथ पूरी तरह ढका हुआ था जिसमे तीन गाय एक बछड़ा था सभी को ठूंस ठूंस कर निर्दयता पूर्वक रसों से बांधे हुए थे। पुलिस ने बताया कि मुसाफिरों की सूचना पर जंगली जालपा माता मंदिर से एसआर पेट्रोल पंप के पास गौ से भरी पिकअप गाड़ी खड़ी है सूचना के आधार पर छोटी गंडक नदी पुल एसआर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो एक सरकारी वाहन को देखकर पिकअप को छोड़कर गौ तस्कर भाग गए। पुलिस के द्वारा पिकअप को मौके पर जाकर चेक किया तो पिकअप में तीन गौ एक बछड़ा निर्दयता पूर्वक रसों से बांधे हुए थे जिसके भटनी थाने पर पिकअप सहित लाया गया तस्कर छोड़ हुए रफूचक्र पिकअप गाड़ी संख्या यूपी 52 एफ 9434 मौके पर मौजूद मिली।

# सीएम योगी ने मंडलीय दौरों से लौटे मंत्रियों के साथ की बैठक बोले नोडल अधिकारियों को दें रिपोर्ट

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में मंत्रियों को सभी 18 मंडल का दौरा करने की जिम्मेदारी दी थी. मंत्री समूहों के मंडलीय भ्रमण के दो चरण पूर्ण हो चुके हैं. सभी मंत्रियों ने अपने सुझाव दिए हैं. यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई. मंत्रिमंडल के सदस्यों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के उपरांत श्सरकार आपके द्वारश की भावना के साथ गठित 18 मंत्री समूह मंडलीय भ्रमण के लिए गठित किये गए थे।

मंत्री समूहों के मंडलीय भ्रमण के दो चरण पूर्ण हो चुके हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी और उमस के माहौल में जबकि लोग ठंडे क्षेत्रों में पर्यटन की तैयारी करते हैं, उत्तर प्रदेश सरकार जनता के द्वार पर उपस्थित रही. राज्य के सभी मंत्रीगण गांवोंधजिलों में दौरे किए.जन चौपाल में जनता से भेंट की,विकास परियोजनाओं/व्यवस्थाओं की पड़ताल की. इसका सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है. यह क्रम आगे भी बना रहेगा. विगत 05 जुलाई को हमारी सरकार ने दूसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिन भी पूर्ण कर लिए हैं. प्रत्येक माननीय मंत्री द्वारा मीडिया के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों का ब्यौरा जनता के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि मंत्री समूह की रिपोर्ट सम्बंधित जिलों के नोडल अधिकारियों को दी जाए, ताकि जन अपेक्षाओं के अनुरुप विकास कार्यों को गति दी जा सके, साथ ही मंत्रीगणों ने जिन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत बताई है, उस पर अमल किया जाए. सीएम योगी ने कहा कि मंत्रिसमूह की रिपोर्ट जिलों के नोडल अधिकारियों को दी जाए.नोडल अधिकारी द्वारा मंत्री समूहों की अनुशंसा के आधार पर आवश्यक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय विकास के कार्यक्रम बनाये जा सकते हैं. अगला मंत्री समूह जब भ्रमण पर जाएगा तो पहले के रिपोर्ट के क्रियान्वयन की समीक्षा जरूर करेगा. मंडलीय भ्रमण के दौरान हमें विपक्षी दलों के जनप्रतिनिधियों से संवाद कर सुझाव लेना चाहिए। सीएम ने कहा कि थाना दिवस, तहसील दिवस, विकास खण्ड दिवस को अपने उद्देश्यों में सफल बनाने में मंत्रीगण भी अपनी भूमिका का निर्वहन करे. लैंड डिजिटाइजेशन के कार्य को तेज किया जाए. उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन प्रस्तावित है. इससे पूर्व मंत्री समूहों को विभिन्न देशों में भ्रमण के लिए जाकर वहां के औद्योगिक जगत में यूपी के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए अनुकूल माहौल तैयार करना होगा।

मेरठ मंडल के भ्रमण पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में गठित समूह ने नोएडा में स्वच्छता सैनिटाइजेशन और सॉलिड वेस्ट के बेहतर मैनेजमेंट पर और नियोजित प्रयास की आवश्यकता बताई. लखनऊ मण्डल के लिए गठित



समूह के अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही ने महमूदाबाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में और बेहतरी किए जाने की अनुशंसा की.साथ ही सीतापुर में एक परिषदीय विद्यालय की चर्चा करते हुए इसे कायाकल्प अभियान का अनुपम उदाहरण बताया।

मंत्री समूह ने लखनऊ बख्शी के तालाब क्षेत्र में श्अमृत सरोवरश निर्माण कार्य की सराहना की. साथ ही मुख्यमंत्री से भी इस सरोवर का निरीक्षण करने का आग्रह किया.लखनऊ और हरदोई में ट्रैफिक जाम की समस्या से अवगत कराया. देवीपाटन मंडल के प्रभारी मंत्री समूह के अध्यक्ष अनिल राजभर ने बताया कि मंत्री समूह के सकारात्मक से संदेश को उत्साहवर्धक बताया. गोरखपुर मण्डल के प्रभारी मंत्री समूह के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने जिलाधिकारी, सीडीओ और पुलिस अधीक्षक के बेहतर टीम स्पिरिट वर्क की सराहना की।

बस्ती मण्डल के भ्रमण पर गए मंत्री समूह की अध्यक्ष बेबी रानी मौर्या ने अस्पतालों में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाये जाने की अनुशंसा की. वाराणसी मंडल के भ्रमण से लौटे मंत्री समूह की ओर से जयवीर सिंह ने श्रीकाशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के उपरांत सृजित रोजगार के अनेक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अवसरों को उत्साहजनक बनाया. आगरा मंडल के भ्रमण से लौटे मंत्री समूह की ओर से चौधरी भूपेंद्र सिंह ने मलिन बस्तियों में स्वच्छता सैनिटाइजेशन बढ़ाने पर जोर दिया. साथ ही, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास से वंचित लोगों को यथाशीघ्र आवास दिलाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन की आवश्यकता बताई। मुरादाबाद मण्डल के प्रभारी मंत्री समूह के अध्यक्ष जितिन प्रसाद जी ने क्षेत्र में तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट कारोबार, नई कॉलोनियों के विकास को नियोजित स्वरूप देने की आवश्यकता बताई। आजमगढ़ मण्डल से लौटे मंत्री समूह की ओर से योगेंद्र उपाध्याय ने महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर स्थापित हो रहे आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों में तेजी की अपेक्षा जताई।

# यूपी पीडब्लूडी में ट्रांसफर विवाद के बाद योगी सरकार का बड़ा एक्शन, सस्पेंड हुए तीन अधिकारी

यूपी के लोक निर्माण विभाग में तबादलों के खेल में ओएसडी अनिल पांडेय को हटाए जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग अध्यक्ष मनोज गुप्ता और प्रमुख अभियंता नियोजन और प्रकल्प राकेश सक्सेना और वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर शैलेंद्र यादव निलंबित कर दिया है. इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारी पंकज दीक्षित और प्रधान सहायक संजय चौरसिया को निलंबित कर दिया गया है. दोनों जेई सेक्शन में तैनात थे. कई अन्य अफसरों की फाइलें मुख्यमंत्री को भेजी गई हैं। इससे पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा एक्शन लेते हुए लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी अनिल कुमार पांडेय को हटा दिया था. राज्य सरकार ने पांडेय को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए उन्हें केंद्र सरकार वापस भेज दिया है. उनके विरुद्ध सतर्कता जांच और अनुशासनिक कार्रवाई करने की संस्तुति भी की है. शासन ने मंगलवार को ही कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय को कहा है।

तबादलों में गड़बड़ियों की जांच के लिए बनाई गई उच्चस्तरीय जांच समिति ने पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख अभियंता राकेश सक्सेना और स्टाफ अफसर शैलेंद्र यादव को जिम्मेदार माना है। पिछले दिनों लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के तबादलों में गड़बड़ियों की शिकायतें हुई थीं. विभाग में बड़े पैमाने पर अभियंताओं के तबादले हुए थे. मामला तूल पकड़ने और मीडिया में उजागर होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभियंताओं के तबादलों में धांधली की जांच के लिए कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह और अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय भूसरेड्डी की दो सदस्यीय जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया था. समिति ने लोक निर्माण विभाग से अभियंताओं के तबादलों से जुड़ी फाइलें तलब कर प्रकरण की जांच की थी. जांच के बाद समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी थी।

समिति ने अभियंताओं के तबादलों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को सही पाया. जांच के दौरान तबादलों में लेन–देन भी उजागर हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित तीन आईएएस अधिकारियों की जांच कमेटी की सिफारिश के बाद से कार्रवाई हो रही है. जांच रिपोर्ट के बाद मंगलवार को जेई सेक्शन में तैनात प्रशासनिक अधिकारी पंकज दीक्षित और प्रधान सहायक संजय चौरसिया को निलंबित करने का आदेश जारी हुआ।

# 6.33 लाख को कृमि मुक्तिकी दवा खिलाने का अभियान शुरू

- आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों पर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस
- महिला आयोग की सदस्य ने दवा खाकर शुरू कराया कृमि मुक्ति अभियान
- नहीं खा पाएं कृमि मुक्ति की दवा तो मापअप राउंड में खा लें

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

औरैया। जिले में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर महिला आयोग की सदस्य रंजना शुक्ला ने नगला जयसिंह विद्यालय में कृमि मुक्ति की दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 6.33 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है। 1 से 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। बुधवार को लगभग 80 प्रतिशत बच्चों ने दवा का सेवन किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन चतुर्वेदी ने बताया कि हम लोगों को दवा खिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। हम सब कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दवा खिला रहे हैं। जो लोग दवा नहीं खा सके हैं, उनको मॉपअप राउंड में दवा खिलाने का प्रयास करेंगे। लाभार्थी किरण पांडेय ने बताया कि मेरे बच्चे को आज उसके स्कूल में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई है। दवा सेवन के दौरान और




उसके बाद भी कोई दिक्कत नहीं हुई है। डीसीपीएम अजय पांडेय ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। इसलिए एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं।

अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे–धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं।

जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना। इससे घबराना नहीं है। दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाती है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है।

# संक्षिप्त समाचार

## लखनऊऔर कानपुर में जमकर हुई बारिश, अब राज्य के सात जिलों में अश्रेंज अलर्ट जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई है. इस बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है. बीते कई दिनों से यहां लोग गर्मी से जहां लोग गर्मी से परेशान थे. बारिश को लेकर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही अलर्ट किया था। लखनऊ में बुधवार को जोरदार बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया. वहीं भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली तो वहीं दूसरी ओर शहर की कई सड़कों पर



जलभराव की स्थिति बन गई. इस जलभराव के कारण शहर में जगह–जगह गाड़ियों का जाम भी लग गया. कानपुर में भी मौसम ने करवट ली है. यहां तेज धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई. जिसके बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली. वहीं किसानों की आस पर इंद्र देवता मेहरबान होते दिखे. माना जा रहा है कि जिले में बुधवार को झमाझम बारिश होने के आसार हैं। इससे पहले बुधवार को मौसम विभाग ने राज्य के सात जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया था. विभाग ने ये अलर्ट गोंडा, बलरामपुर, बहराइच, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर और मथुरा में जारी किया था। वहीं मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय का कहना है कि टर्फ लाइन अभी तक मध्य भारत में थी. यह ऊपर की ओर बढ़ रहा है और ऐसे में बुधवार से बारिश की उम्मीद है. वहीं 21 और 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में मॉनसून सक्रिय होगा, जिससे भारी बारिश के आसार बन रहे हैं।

## काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी विवाद पर एससी में सुनवाई कल, शिवलिंग और तहखाने में मौजूद मूर्तियों की पूजा की अनुमति की भी है मांग

वाराणसी। काशी विश्वनाथ–ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में कल दोपहर 2 बजे सुनवाई होगी. यह मामला जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, सूर्य कांत और पी एस नरसिम्हा की विशेष बेंच के पास सुनवाई के लिए लगा है. मुख्य मामले के साथ मस्जिद परिसर में मिले शिवलिंग की पूजा की अनुमति मांगने वाली नई याचिकाओं को भी सुप्रीम कोर्ट सुनेगा। सुप्रीम कोर्ट में पूरे मामले की आखिरी सुनवाई 20 मई को हुई थी. उस दिन सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मामला वाराणसी के जिला जज को ट्रांसफर कर दिया था. जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच ने इसका आदेश देते हुए कहा कि मामले की जटिलता को देखते हुए इसे अधिक अनुभवी जज को भेजा जा रहा है. बेंच ने कहा था कि जिला जज मुस्लिम पक्ष के उस आवेदन को प्राथमिकता से सुनें, जिसमें हिंदू पक्ष के वाद को सुनवाई के अयोग्य कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने परिसर में यथस्थिति बनाए रखने का भी आदेश दिया था. कोर्ट ने कहा था कि 17 मई को जो अंतरिम आदेश दिया गया था, वह अभी लागू रहेगा. इसके तहत शिवलिंग वाली जगह सुरक्षित रखी जाएगी. यानी वहां वजू नहीं होगी. लेकिन परिसर में पहले की तरह नमाज पढ़ी जाती रहेगी. कोर्ट ने प्रशासन से कहा था कि वह वजू के लिए उचित इंतजाम करे।

ज्ञानवापी परिसर के कोर्ट सर्वे के दौरान वहां मिले शिवलिंग और उसके पास मौजूद तहखाने में पूजा की अनुमति मांगने वाली 3 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई हैं. पहली याचिका 7 महिलाओं की है. उनके नाम हैं– अमिता सचदेव, लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक, प्रियंका गोस्वामी और पारुल खेड़ा. ऐसी ही एक याचिका राजेश मणि त्रिपाठी नाम के याचिकाकर्ता ने भी दाखिल की है।

काशी विश्वनाथ मंदिर में सैकड़ों साल से पूजा करते आ रहे व्यास परिवार के शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने भी याचिका दाखिल की है. उन्होंने बताया है कि मस्जिद का एक तहखाना उनके परिवार के नियंत्रण में था. वहां नियमित अंतराल पर पूजा होती थी. साल में 2 बार रामायण पाठ भी होता था. 5 दिसंबर 1992 के बाद से उन्हें वहां जाने से रोक दिया गया. ऐसा करना 1991 के प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट का भी उल्लंघन है. उन्हें वहां पूजा करने का अधिकार वापस मिलना चाहिए। अमिता सचदेव समेत 7 महिलाओं की याचिका में शिवलिंग की प्राचीनता का पता लगाने के लिए उसकी कार्बन डेटिंग और उसके नीचे मौजूद रचना का पता लगाने के लिए ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किए जाने या वहां खुदाई करवाने की मांग की गई



है. याचिका में आग्रह किया गया है कि कोर्ट आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को इसका आदेश दे।

श्रद्धालु महिलाओं ने वैकल्पिक राहत के रूप में प्लाट नंबर 9130 (ज्ञानवापी मस्जिद परिसर) में मौजूद शिवलिंग के सामने कैमरा लगाने की मांग की है. याचिका में कहा गया है कि कोर्ट काशी विश्वनाथ ट्रस्ट को कैमरा लगाने और उसके फुटेज के लगातार लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति दे. इससे श्रद्धालु शिवलिंग के दर्शन कर पाएंगे और उससे 83.3 फीट की दूरी पर नंदी जी की मूर्ति के पास बैठ कर शिवलिंग की सांकेतिक पूजा कर लेंगे।

# सम्पादकीय....

## जलवायु परिवर्तन का तांडव!

सृष्टि के रचनाकर्ता ने मानवीय जीव की रचना करते समय ऐसा अनुमान भी नहीं लगाया होगा कि जिसकी रचना कर, बुद्धि की अपार क्षमताओं का खजाना जिस मानवीय जीव में डालने जा रहे हैं, वही कुदरत द्वारा रचित प्रकृति के विनाश की ओर बढ़ने का मुख्य कारण बनेगा! साथियों आज वैश्विक स्तरपर मानव जीव द्वारा बढ़ते हुए प्राकृतिक प्रकृति का दोहन आज भी विशाल स्तरपर कर संपूर्ण मानव जाति को खतरे में डालने के पीछे नहीं हट रहे हैं, जिसके कारण सर्दी में भी गर्मी, गर्मी में बरसात, बरसात में भयंकर आग उगलती गर्मी के परिणाम मानव जाति भुगत रही है! आज कई यूरोपियन देशों,मध्य अमेरिकी देशों में आग उगलती गर्मी का प्रकोप, भूस्खलन का दौरलगातार शुरू है और 2 दिन पूर्व ही नासा ने आग उगलती धरती की सेटेलाइट इमेज जारी की है जिससे दुनिया डरी हुई है? इसलिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से हम पेरिस समझौते और जलवायु परिवर्तन के बारे में चर्चा करेंगे। साथयों बात अगर हम पिछले कुछ दिनों से सबसे ठंडे रहने वाले यूरोप में भयंकर गर्मी के तांडव की करें तो, ब्रिटेन, फ्रांस समेत यूरोप के कई देशों में इन दिनों हीट वेव का कहर जारी है, आलम यह है कि यूरोप के कई देशों में प्रचंड गर्मी का माहौल बना हुआ है. जिसे देखते हुए नासा ने धरती की सेटेलाइट तस्वीर जारी की है, जिसमें दुनिया लाल दिखी है, जिससे देखने के बाद दुनिया के देशों में हडकंप मच गया है। वहीं इस बीच फ्रांस ने गर्मी का 100 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है, इस वजह से जंगलों में आग लग गई है। भयंकर गर्मी की चपेट में आने से यूरोप और उत्तरीअफ्रीका के कई देशों में तापमान इतना बढ़ गया है कि पुर्तगाल के जंगलों में भीषण आग लग गई। जिससे पुर्तगाल, स्पेन,फ्रांस और मोरक्को में हजारों लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा। फायर ब्रीगेड की टीम आग से निपटने में लगी हुई हैं। मीडिया के अनुसार पिछले हफ्ते पुर्तगाल के एक जंगल में आग लगने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कम से कम 135 लोग घायल हुए थे। देश के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के अनुसार,रविवार सेआकस्मिक स्थिति लागू हो गई है और लगभग 800 लोगों को उनके घरों से निकाल लिया गया है। दक्षिण–पश्चिम फ्रांस में शुक्रवार को जंगल की आग के बेकाबू होने के कारण सैकड़ों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। पिछले मंगलवार से हवाई जहाज से पानी डालकर जंगल की आग बुझाई जा रही है। 1,000 से अधिक फायर फाइटर्स चिलचिलाती गर्मी, टिंडर–बॉक्स की स्थिति और तेज हवाओं के कारण दो धमाकों से जूझ रहे हैं। यहां पर कई दिनों से आग लगी हुई है। जिससे 4200 हेकटेयर जंगल जलकर राख हो गए। लगभग एक हजार रहवासियों को वहां से निकाला गया। स्पेन के कई हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है, गुरुवार को पहली बार उत्तर–पश्चिमी शहर ओरेन्से में पारा 44.1 डिग्री पहुंचा। एक्स्ट्रीमादुरा के कुछ हिस्सों में तापमान 45 डिग्री पहुंच चुका है। यहां फायरफाइटर्स जंगल की आग से अभी भी जूझ रहे हैं। यहां लगी आग की वजह से जंगल के 4 हजार हेक्टेयर क्षेत्र जल कर राख हो चुके हैं। चीन भी भीषण गर्मी की चपेट में भीषण गर्मी ने चीन के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे 900 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को ऐसी स्थितियों के खतरे के बारे में चेतावनी दी है। देश के सबसे अधिक आबादी वाले शहर शंघाई ने इस गर्मी में तीसरी बार अपना हाई अलर्ट जारी किया है। इस बार गर्मी के उच्च तापमान ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिया। गुरुवार दोपहर को तापमान 40.6 डिग्री तक बढ़ गया। हालांकि, शुक्रवार को हुई बारिश ने शंघाई के निवासियों के लिए राहत की सांस ली। साथियों बात अगर हम जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते की करें तो यह जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी मुद्दों पर, देशों के लिये, कानूनी रूप से बाध्यकारी एक अन्तरराष्ट्रीय सन्धि है। ये समझौता वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक जलवायु सम्मेलन (कॉप–21) के दौरान, 196 पक्षों की ओर 12 दिसम्बर को पारित किया गया था। 4 नवम्बर 2016 को यह समझौता लागू हो गया था। पेरिस समझौते का लक्ष्य औद्योगिक काल के पूर्व के स्तरकी तुलना में वैश्विक तापमान में बढ़ोत्तरी को 2 डिग्री सेल्सियस से कम रखना है, और 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिये विशेष प्रयास किये जाने हैं। तापमान सम्बन्धी इस दीर्घकालीन लक्ष्य को पाने के लिये देशों का लक्ष्य, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के उच्चतम स्तर पर जल्द से जल्द पहुँचना है ताकि उसके बाद, वैश्विक स्तर उसमें कमी लाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके.इसके जरिये 21वीं सदी के मध्य तक कार्बन तटस्थता (नैट कार्बन उत्सर्जन शून्य) हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है. जलवायु कार्रवाई के लिये बहुपक्षीय प्रक्रिया में पेरिस समझौता एक अहम पड़ाव है,पहली बार कानूनी रूप से बाध्यकारी एक समझौते के तहत सभी देशों को, साझा उद्देश्य की पूर्ति हेतु साथ लाया गया है ताकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटा जा सके और अनुकूलन के प्रयास सुनिश्चित किये जा सकें, वैसे बता दें कि, अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन ने पेरिस जलवायु समझौते में, फिर से शामिल होने की घोषणा की है. पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने, वर्ष 2020 में, अमेरिका को पेरिस जलवायु समझौते से हटा लिया था. इस सन्दर्भ में, पेरिस जलवायु समझौता एक बार फिर से जोरदार चर्चा में आ गया है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि जलवायु परिवर्तन का तांडव मचा हैं!!दुनिया में आग उगलती गर्मी, भूस्खलन, नासा ने आग उगलती धरती की सेटेलाइट इमेज जारी की हैं प्रकृति के साथ तात्कालिक सामंजस्य बैठाना मानवीय जीव की अति प्राथमिकता कोरेखांकित करना जरूरी है।

—संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

# पीठासीन का तनाव

अभी–अभी चुनाव करा कर आए और पद मिला था पीठासीन जो अपने विद्यालय के साथियों को चुनाव के अनुभव , समस्या और प्रक्रिया के बारे में साथी शिक्षकों को बता रहे वह उनका अनुभव सुन रहे थे और हॅसते हुए चुनाव कराने के अनुभव का आनंद ले रहे थे और बातों ही बातों में पता ही नहीं चला कि कब 4रू30 बज गए और स्कूल की छुट्टी होने वाली ही थी कि तभी षदिल दिया है जान भी देंगेष राष्ट्रभक्ति टोन मोबाइल पर बजती है पीठासीन महोदय फोन को उठाते हैं और हेलो–हेलो कहते हैं तभी दूसरी ओर से आवाज आती है और पूछते हैं कि आप मोहनदास पीठासीन महोदय बोल रहे हैं ..हॉ बोल रहा हूॅ क्या आपकी ड्यूटी 00 मतदान केंद्र पर लगी थी, पीठासीन महोदय कहते हैं .. जी हॉ.. तब दूसरी ओर से सज्जन पुरुष कहते हैं कि मैं जिला निर्वाचन कार्यालय से बोल रहा हूॅ और आपने मतगणना पत्रक गलत भरा है , आपकी पूरी पार्टी अब सस्पेंड होने वाली है ... इतना कहना ही शायद पीठासीन महोदय के दिल की धड़कन को बढ़ाने के लिए पर्याप्त था.. पीठासीन महोदय कारण जानते हैं.. जिला निर्वाचन कार्यालय से बोला जाता है कि आपके गणना पत्रक में अंतर आ रहा है और इसके बाद एक व्हाट्सएप के माध्यम से कागज पीठासीन महोदय के सामने उपस्थित होता है । पीठासीन महोदय जिसको देखते ही दिल की धड़कन बढ़ाते हैं पर अब धीरे–धीरे उनकी घर जाने की गति में रुकावट आती है और तनाव चेहरे पर बढ़ जाता है जो कुछ पल पूर्व खुशी और अनुभव के साथ चुनाव के आनंद का एक दूसरे से वार्तालाप कर आनंद ले रहे थे, कुछ पल में ही अब चिंता के भाव के साथ पीठासीन महोदय स्कूल में रुक कर मतदान अधिकारी तीन को फोन लगाते हैं और पूरी घटना बताते हुए पार्टी को सस्पेंड करने की बात कहते हैं ..और अपना तनाव अधिकारी क्रमांक 3 पर परिवर्तित कर बात करते हैं । अधिकारी क्रमांक 3 समझदार, धैर्यवान और ज्यादा तनाव न लेते हुए वह अधिकारी क्रमांक एक को फोन लगाता है और पीठासीन महोदय की समस्या का ट्रांसफर करते हुए पूरी घटना पूरी घटना बताते हुए आगे क्या करना है इसकी जानकारी लेते हुए चर्चा करते हैं ...वहा पीठासीन महोदय की दिल की धड़कनें बढ़ रही थी जैसे की बहुत बड़ा अपराध हो गया हो जबकि चुनाव बहुत ही शानदार और बिना वाद–विवाद के सम्पन्न हुए सिर्फ आंकड़ों की गलती हो गई , वो भी अधिकारी क्रमांक दो के द्वारा कापी करनें में जिसे ठीक किया जा सकता है ..लेकिन यहां निर्वाचन कार्यालय जिला द्वारा जिस प्रकार का तनाव पीठासीन महोदय को दिया , इससे तो हार्टअटैक भी आ सकता है .. परंतु सरकारी नौकरी की सबसे पहली शर्त शायद यही है की कर्मचारी को डराना है, धमकाना है और ऐसे ऐसे नियम बताना है ताकि उस कर्मचारी का रक्तचाप आसमान की बिजली की तरह बढ़ जाए ..जबकि ऐसी स्थितियों में हमेशा सहयोग करने की आवश्यकता होती है परंतु अंग्रेजों के काल से ही शायद ऐसा ही नियम चला रहा है । खैर ...

थोड़ी देर पश्चात पीठासीन महोदय का अधिकारी क्रमांक 1 के पास भी फोन आता है और पूरी घटना बताई जाती है परंतु अधिकारी क्रमांक 1 पीठासीन महोदय को धीरज देते हुए उन्हें समझाइस देता है कि आप तनाव न लें ऐसी कोई बात नहीं है आंकड़ों की गलती हो सकती है इसे ठीक किया जा सकता है क्योंकि की चुनाव में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं हुआ है.. रही बात आंकड़ों की तो ठीक कर सकते हैं क्योंकि आंकड़े अधिकारी क्रमांक 2 और 4 के द्वारा कापी किये गये थे जो गलत हो सकते है ...लेकिन इसमें कोई पार्टी सस्पेंड नहीं होगी जितना आप ध्यान रखें ऐसा अधिकारी क्रमांक 1 ने पीठासीन महोदय को समझा कर उनका सहयोग किया ।

इसके साथ ही जितने दोषी हम हैं उससे कहीं अधिक दोषी वे कर्मचारी और अधिकारी भी है जिन्होंने हमारा सामान चेक करके जमा किया और हमें पावती दी है तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी उनकी भी बनती है कि उन्होंने चेक नहीं किया . ऐसा अधिकारी क्रमांक 1 ने पीठासीन को समझाते हुए कहॉ तो पीठासीन महोदय को थोड़ा आराम मिला और उनके रक्तचाप में थोड़ी कमी आई और साथ ही यह कहा कि हम चलेंगे और उसका सहयोग जरूर करेंगे ।

इधर अधिकारी क्रमांक तीन इस मंथन में लगे हुए थे कि आखिर त्रुटि हो कहॉ सकती है काफी मशक्कत करने के पश्चात अधिकारी क्रमांक 3 को समझ में आई कि कापी किये गये आंकड़ों में 81 की जगह 18 लिख दिए गए हैं जिसके कारण यह आंकड़ों का अंतर आ रहा है और जब अधिकारी क्रमांक 3 द्वारा यह मिलान हो गया तो करीब 3 घंटे के पश्चात फिर से अधिकारी क्रमांक 3 पीठासीन महोदय को यह जानकारी देते है कि चिंता नहीं करना है 81 की जगह 18 लिख दिए गए हैं जिसे हम ठीक कर देंगे अब पीठासीन महोदय का दर्द थोड़ा कम हुआ चेहरे पर मुस्कुराहट आई और जो एक चिंता ल तनाव का भाव था उसमें थोड़ी प्रसन्नता महसूस हुई ।

इसके बाद अधिकारी क्रमांक एक को भी सूचना दी गई कि किस प्रकार का आंकड़ा जिसे ठीक किया जा सकता है और कापी करने में गलती से ऐसा किया गया है खैर यह तो आंकड़ों का लेखा जोखा था जिसे ठीक भी किया जा सकता है परंतु क्या किसी कर्मचारी को इस प्रकार का मानसिक तनाव देते हुए उसके रक्तचाप को बढ़ाना जरूरी है । यदि चाहते तो हम उसको सहजता से भी यह कह सकते थे कि आप कल जिला मुख्यालय आ जाइए कुछ त्रुटि है जिसे ठीक करना है तो शायद ऐसी स्थिति में पीठासीन महोदय का दर्द बढ़ता नहीं और प्रसन्नता पूर्वक जाकर उसको समझ देते और ठीक तो करना ही था ..ठीक भी हो जाता .. लेकिन हमारे देश में सबसे पहले हर कर्मचारी को पुरस्कार के रूप में दिया जाने वाला पारितोषिक यही है कि सबसे पहले उस कर्मचारियों को हतोत्साहित करना है, उन्हें डराना है, नियमों का पुलिंदा बांध कर काम कराना है क्या इसको बदला नहीं जा सकता है ...शायद हॉ.. पर कब.....?

पर अब पीठासीन महोदय खुश थे आखिर उनके सस्पेंड होने बाला दिल का दर्द दूर तो हो गया था पर इससे एक सीख जरुर मिली की चुनाव जैसे काम में लेखा–जोखा बाले दास्तावेजें की कभी कापी मत कराओ वल्कि आप स्वयं ही करें ..यदि पीठासीन के दर्द से बचना चाहतें है तो....

पूर्व सैनिक
प्रमोद कुमार चौहान
कुरवाई विदिशा मध्यप्रदेश

# एक-एक रक्तकी बूंद बेशकिमती होती जरूरत मंद के लिए

आज चलिए बात करते हैं , एक–एक रक्त की बूंद के लिए जो कि किसी जरूरतमंद के लिए बहुत ही बेशकीमती होती है , जी हां आज इस विषय पर जज्बातों ने मुझे आकर गिरा वह जज्बात रक्तदान से संबंधित है , आज हमारे भारत देश में लाखों लोग विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों से जूंझ रहे हैं।

इन गंभीर बीमारियों के चलते बहुत से लोगों की जान खतरे में आ जाती है , या तो बीमारियों के चलते इनके शरीर के खून में धीरे धीरे वायरस अपना घर बनाते जाते हैं जिसके कारण इनके शरीर में पनप रहा हूं जहरीला होता जाता है और वह एक विकराल बीमारी को जन्म देने लगता है , यह गंभीर बीमारियां जैसे कैंसर , लिवर में इन्फेक्शन, हार्ट बायपास सर्जरी या बहुत से केस में एक्सीडेंट का केस भी सम्मिलित रहता है जिसके अंतर्गत कभी–कभी तत्काल में ब्लड की जरूरत होती है तो कुछ केस में एक या दो दिन का समय मिल ही जाता है बंदोबस्त करने के लिए , कभी–कभी किसी मरीज को रक्त के लिए किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जो उसी समय आ कर अपने शरीर का रक्त मरीज के शरीर को देखकर उसकी जान बचा सके , तो कभी–कभी रक्त दान दाता को रक्त देने के लिए स्वयं के रक्त की पहले जांच करवानी पड़ती है , रक्तदान करने वाले को रक्तदान करने के लिए खुद के शरीर का स्वस्थ पन देखना जरूरी है , रक्तदान करने से पहले वैसे भी अस्पताल के द्वारा पहले रक्त दान दाता की जांच की जाती है ताकि उसे किसी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो ऐसा ना हो किस गलती से किसी बीमार व्यक्ति का ब्लड किसी मरीज को देखकर उसे और ज्यादा गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर दिया जाए इसलिए हर तरह की सावधानी को ध्यान में रखते हुए रक्त दान दाता के रक्त की जांच होने के बाद ही पूर्णता संतुष्ट होने पर मरीज को चढ़ाया जाता है । रक्तदान करने वाले को रक्तदान करने से स्वयं का ही एक लाभ होता है रक्तदान करने से पहले जो जांचे की जाती है जैसे की बीपी का चेक अप , शुगर की जांच , वजन आदि का फ्री में चेकअप हो जाता है , साथ ही रक्त दान के बाद विटामिन से भरे खाद्य पदार्थ भी दिये जाते हैं । हम जब कभी किसी मरीज के अटेंडर को फोन करते हैं तो हम मरीज की समस्त जानकारी उपलब्ध करते हैं।

साथ ही हम सर मरीज के परिवार वालों को अपने परिवार से रक्तदान करने के लिए मार्गदर्शन कर प्रेरित करते हैं यदि परिवार वालों का कोई भी परिचित उस शहर में नहीं है तो हम सभी ब्लड कोऑर्डिनेटर सहयोग के लिए तत्पर आ जाते हैं परंतु यदि मरीज जहां भर्ती है और उसी शहर का रहने वाला है , तो सर्वप्रथम हम उन्हें अपने ही दम पर कोशिश करने के लिए प्रेरित करते हैं कई बार बहुत से अटेंडर हमसे यह कहते हैं कि कोई भी हमारा सहयोग नहीं कर रहा है हम उन्हें मार्गदर्शन देकर यही कहते हैं कि जिस प्रकार हमारे घर के तीज त्योहारों पर या शादी ब्याह पर हम हजारों की भीड़ को इकट्ठा कर लेते हैं ठीक उसी तरह हमें मुसीबत के वक्त भी अपने ही लोगों को बुलाना चाहिए यदि कोई वाकई में बहुत ही परेशानी में रहता है तो सहयोग के लिए सदैव दानदाता आगे आते हैं और यही हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक मानव सेवा देते हुए किसी मरीज की मदद की जाए किसी की जान बचाई जा सके शेष तो भगवान के हाथ में है रक्तदान दाता उसी भगवान के भेजे हुए देवदूत है जो देवदूत के रूप में काम करते हुए भगवान के दिए हुए आज्ञा का पालन करते हैं । रक्तदान महादान है हमारे रक्त की एक एक बूंद से नन्हे फरिश्ते जो थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित है हमारे ही आश्रित रहते हैं क्योंकि जब तक उन्हें हम सभी मिलकर रक्तदान नहीं करेंगे तो उनका बचना संभव नहीं है हम सभी को इंसानियत के नाते ही सही रक्तदान के लिए सभी को प्रेरित करना चाहिए और स्वयं भी आगे बढ़कर रक्तदान यदा–कदा समय पर करना चाहिए ।

वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र


# संपूर्ण रूप से अहिंसा वादी बने!

जी, बहुत से घर में हम देखते हैं, जहां किसी का बहुत ज्यादा अपमान होता है, खास तौर पर एक औरत का, जब आप उसे बार–बार यह कहते हैं, तुम्हें कुछ नहीं आता, तुम्हें आता ही क्या है, तुम कुछ नहीं कर सकती, जब बहुत सारे अपशब्द को उपयोग में लाते हैं, उसके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाते हैं या पराए लोगो से संबंध बनाते हैं! मानसिक दर्द, अपमान, धोखा कभी भुलाया नहीं जा सकता, चाहे इंसान कितना ही आगे बढ़ जाए! याद रखिए, कभी–कभी आप जाने अनजाने में, अपने अभिमान में, अपने शौक को जीने मैं इतने मग्न हो जाते कि किसी को जिंदगी भर की पीड़ा दे जाते हैं और इसके बाद में दो–चार आंसू बहा देने से या माफी मांगने से वह पीड़ा कम नहीं होती और कुछ लोग तो अभिमान में इतने चूर होते हैं कि जब उनकी मृत्यु नजदीक होती है तब ही उन्हें समझ में आता है, की हमसे कोई गलती यह गुनाह भी हुआ! स्वयं के साथ वक्त बिताए और जानिए ऐसे कौन–कौन से कर्म है जो हम किसी के साथ कर रहे हैं और हमें खुद के लिए मंजूर नहीं! जो हमें स्वयं के लिए मंजूर नहीं उसे आज से ही त्याग दीजिए, भूलिए मत पृथ्वी गोल है, कर्म अच्छे हो या बुरे दोबारा लौट के जरूर आते हैं। आपको आज नहीं तो कल, इस बात का जरूर एहसास होता है, कि आपने किसी के साथ कितना गलत किया! खुदा की मर्जी, जो जिसके लायक है उसे वही मिलेगा, इसे सोच कर अपने गलत कर्मों से बचने की कोशिश ना करे। अगर जाने अनजाने में हमने किसी के साथ बुरा कर भी दीया, तो उनसे माफी मांगने के साथ–साथ, उनके साथ बहुत ज्यादा अच्छा करने की कोशिश कीजिए, कि शायद वो आपकी गलती को भूल जाएं, शायद उनके कुछ जख्म भर जाए। आपको लगता है कि हमारी की गई गलती, किसी को दिया हुआ दर्द माफ हो सकता है, पर सोचिए अगर वह इंसान दुनिया के दिलों को जीत लेता है और सभी का पसंदीदा बन जाता है, कल को हर जगह या युगो युगो तक उसकी चर्चा होती है, तो भूलेगा नहीं की युगो युगो तक जिसने गलत कार्य किया है, उसका दिल दुखाया है, उसे तकलीफ पहुंचाई है, ऐसे अत्याचारी को कोई भी माफ नहीं करेगा, सभी के मुख से उसके लिए अच्छा नहीं निकलेगा, तो सोचिए उसकी आत्मा को शांति कब मिलेगी! उदाहरण के तौर पर आज भी कंस, रावण , दुर्योधन, हिटलर और भी कहीं ऐसे उदाहरण है जिन्हें कोई आशीर्वाद के साथ याद नहीं करता, करता है तो बद्दुआ देते हुए। हम में से कोई यह नहीं चाहता है, पर चाहने और प्रयत्न करने में बहुत फर्क है, कोई भी इंसान कमजोर नहीं, कोई भी व्यक्ति डरपोक नहीं, बस बात इतनी सी है, की कुछ लोग छोटी–छोटी बातों को बड़ी नहीं बनाना चाहते और इसी कारण उनके लिए बड़ी बड़ी बातें छोटी हो जाती है, अगर एक औरत यह नहीं चाहती की उसके मां–बाप को या बच्चों को तकलीफ हो तो वह आपकी हर बात को नजरअंदाज करती रहती है, इसका मतलब यह नहीं कि आप कुछ भी बोलते रहें, आप उसके साथ कुछ भी करते रहे, खुदा सब देख रहा है और वह कर्मों का हिसाब शत प्रतिशत रखता है, दिखावा करना बंद करें, अगरबत्ती लगाने या उस खुदा के गुणगान गाने से पहले कुछ गुणों को अपने अंदर भी लाएं! किसी का हौसला तोड़ना, किसी के स्वाभिमान को चोट पहुंचाना, किसी को आगे बढ़ने से रोकना, रोज रोज ताने मारना, बेइज्जत करना, किसी को मानसिक पीड़ा देना, घुट घुट के जीने पर मजबूर कर देना, अपने पति या पत्नी के होते हुए किसी गैर के साथ संबंध बनाना, किसी की आत्मा और मन पर चोट पहुंचाना, किसी के चरित्र पर उंगली उठाना, किसी के आत्मविश्वास को तोड़कर चकनाचूर कर देना, किसी के अस्तित्व पर वार करना, किसी को नीचा दिखाना यह सब भी हिंसा है। हिंसा करने वाला हो या सहने वाला हो दोनों के अंदर ही एक कसक सी रह जाती है, दोनों ही दर्द में होते हैं! इसीलिए आज से और अभी से हमें नजरअंदाज ना करते हुए , इन सारी बातों को समझें और जाने और अपने जीवन में उतारे।

चलो रहते हैं सब से प्रेम से, करते
हैं पूरा विश्वास,
ना तोड़े अपनों का भरोसा, इतना हो
हम मै सहास,
क्यों करें स्वयं को और किसी को
उदास,
बस इतनी सी ही हे इस माध्वी की
दरखास्त!!

डॉ. माध्वी बोरसे




अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

## संक्षिप्त समाचार

### बालिकाओं एवं महिलाओं के उत्थान हेतु सरकार है प्रतिबद्ध : मा0 सदस्या

• बिना भेदभाव के हर बहन–बेटी को समाजिक सुरक्षा प्रत्येक दशा में हो मुहैया–मा0 सदस्या

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। समस्याओं से पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए सम्बन्धित अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे महिलाओंध्बालिकाओं छोटी–बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्यवाही कर उन्हे न्याय शुलभ करायें, ताकि समस्याओं से ग्रसित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर–उधर भटकना न पड़े और उनका मान–सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे। उक्त विचार कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं /शिकायतों से रूबरू होते हुए तथा उनका निराकरण करने एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा करने के दौरान प्रदेश की राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या कुमुद श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। उन्होने जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं/महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से न लेने वाले अधिकारियों /कर्मचारियों को बख्शा नही जायेगा उनकी शिकायत मिली तो उनके खिलाफ भी कार्यवायी होगी। मा0 सदस्या ने कहा कि



महिलाएं एवं बालिकाएं हर घर की लक्ष्मी है, इसलिए हम लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि बिना भेद–भाव के हर बहन बेटी को समाजिक सुरक्षा प्रत्येक दशा में मुहैया कराने के साथ ही उनका सुरक्षा कवच भी बने ताकि सभी बहन बेटिया बने ताकि कोई भी बहन बेटी का मान सम्मान धूमिल न होने पावे। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा हेतु 1090, 181 का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी बहन बेटी के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बेझिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर सम्बन्धित व्यक्ति को जेल भिजवा सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर निश्चित ही महिला आयोग समस्या से पीड़ित महिलाओंध्बालिकाओं को न्याय मिलेगा। मा0 सदस्या ने महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा, दिव्यांगजन, पुलिस विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी गहन समीक्षा की तथा महिलाओं एवं उनके कल्याण के लिए निरन्तर कार्य करते रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नगर से रेलवे लाइन निकाले जाने को लेकर विधायक ने रेल मंत्री को दिया मांग पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। राठ नगर से रेलवे लाइन निकाले जाने को लेकर वर्षो से चली आ रही मांग को क्षेत्रीय विधायक ने अमलीजामा पहनाने के लिये केंद्रीय रेल मंत्री से मिलकर उन्हें मांग पत्र दिया। विधायक के मांग पत्र पर रेल मंत्री ने उन्हें जल्द ही बजट बना उक्त कार्य कराने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि नगर से रेलवे लाइन निकाले जाने को लेकर विगत कई वर्षों क्षेत्रीय जनता द्वारा मांग होती चली आ रही है।जो विधानसभा व लोकसभा चुनाव में और भी तेज हो जाती है।ऐसे में चुनाव के समय अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिये कई जनप्रतिनिधियों ने लोगों को झूठे आश्वासन भी दिये।लेकिन इस बार क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने जनता की इस मांग को गंभीरता से लेते हुये अभी से ही इस ओर पहल शुरू कर दी है। क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि वह पिछला विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से नगर व क्षेत्र के समग्र विकास के लिये रेलवे लाइन निकाले जाने की ओर प्रयासरत हो गयी थी।लेकिन भाजपा की केंद्रीय सरकार ने



बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की सौगात देकर उनकी मांग पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया।अब जब उक्त एक्सप्रेस–वे बनकर तैयार हो चुका है तो वे पुनः रेलवे लाइन की मांग को लेकर सक्रिय हो गयी है।उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को मांग पत्र देकर महोबा से चरखारी व राठ होते हुये उरई तक रेलवे लाइन बिछाई जाने की मांग की है।जिसपर रेल मंत्री ने विधायक के मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुये तत्काल रेलवे के डीआरएम को उक्त मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करने का आदेश दिया व जल्द से जल्द बजट बना इस पिछड़े क्षेत्र को रेलवे की सौगात देने का आश्वासन दिया है।विधायक की इस पहल पहल से नगर क्षेत्र के लोग उनकी भूरी–भूरी प्रसंशा कर रहे हैं।

### नाबालिग की हत्या के लिए जिम्मेदार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

• युवक के बिरुद्ध नाबालिग से छेड़छाड़ व आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा पंजीकृत

एरवाकटरा,औरैया। एरवाकटरा थानाक्षेत्र के नगला नया निवासी प्रदीप उर्फ शनि पुत्र राम प्रकाश को जोकि एक नाबालिग युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने तथा पास्को एक्ट में बांछित चल रहा था, को मंगलवार को बरौना कला चौकी क्षेत्र के दिलीपपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार करके जेल भेजा। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि नाबालिग को हत्या



के लिए उकसाने के मामले में बांछित तीन आरोपियों में एक आरोपी प्रदीप उर्फ शनि पुत्र राम प्रकाश निवासी नगला नया थाना एरवाकटरा को उपनिरीक्षक राजेश कुमार द्वारा बरौना कला चौकी क्षेत्र के गाँव दिलीपपुर चौराहे के समीप से गिरफ्तार करके जेल भेजा है।


### कार्यालय- नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज

पत्रांक: मीमो/न0पं0ति0/2021–22 दिनांक :18.07.2022

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0एक्ट 1916 सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रर्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है। 1.आवेदक प्रार्थी का नाम–श्रीमती संध्या 2.पति का नाम– महिपाल सिंह 3.भवन सं0/सम्पत्ति सं0–आवासीय प्लाट, 4. नि0– राजारामपुर,बहादुरपुर,मझगवा सौरिख छिबरामऊ,फर्रुखाबाद। 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त भवन पर अंकित अध्याशी का नाम– श्री सौरभ गुप्ता पिता का नाम प्रमोद कुमार गुप्ता 6. मोहल्ला– आजाद नगर,तिर्वा,कन्नौज। 7. नामान्तरण का आधार– क्रय विक्रय प्त्र– बैनामा की छायाप्रति सलंग्न, विरासतन.......,आदेश न्यायालय.......,पंजीकृत वसीयत....., अन्य......, एदद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य संहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत होने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेख में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर पंचायत के प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

### कार्यालय- नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज

पत्रांक :मीमो/न0पं0ति0/2021–22 दिनांक: 11.07.2022

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0एक्ट 1916 सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रर्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है। 1.आवेदक प्रार्थी का नाम–श्री भैय्या लाल 2.पिता का नाम– राजाराम 3.भवन सं0/सम्पत्ति सं0–आवासीय प्लाट, 4. नि0–अन्नपूर्णा नगर, तिर्वा कन्नौज। तिर्वा, 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त भवन पर अंकित अध्याशी का नाम– पैत्रिक 6. मोहल्ला– अन्नपूर्णा नगर तिर्वा,कन्नौज 7. नामान्तरण का आधार– क्रय विक्रय प्त्र– बैनामा की छायाप्रति सलंग्न, विरासतन.......,आदेश न्यायालय.......,पंजीकृत वसीयत....., अन्य...... , एदद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य संहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत होने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेख में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर पंचायत के प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

### कार्यालय- नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज

पत्रांक :मीमो/न0पं0ति0/2021–22 दिनांक: 14.07.2022

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0एक्ट 1916 सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रर्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है। 1.आवेदक प्रार्थी का नाम–1–श्री बाल किशन 2.पिता का नाम– पुत्तू लाल 3.भवन सं0/सम्पत्ति सं0–आवासीय प्लाट, 4. मोहल्ला– अयूबपुर,तालग्राम,छिबरामऊ,कन्नौज। 2. रमा सिंधु पिता का नाम–रामवक्स निवास– सुताह तिलकसराय,छिबरामऊ,कन्नौज। तिर्वा, 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त भवन पर अंकित अध्याशी का नाम– श्रीमती पूजा राजपूत पिता का नाम–विश्वनाथ सिंह पति का नाम–मनोज कुमार 6. मोहल्ला– छेदीपुर्वा, तिर्वा,कन्नौज 7. नामान्तरण का आधार– क्रय विक्रय पत्र– बैनामा की छायाप्रति सलंग्न, विरासतन.......,आदेश न्यायालय.......,पंजीकृत वसीयत..... , अन्य......, एदद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य संहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत होने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेख में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर पंचायत के प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज


## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में श्रमिक पंजीकरण, अधिष्ठान पंजीयन, उपकर वसूली, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि समस्त कार्यो के सापेक्ष निर्माण लागत का 1 प्रतिशत लेबर सेस बोर्ड के खातें में जमा करना सुनिश्चित करें तथा बोर्ड की आई0डी0 नचइवबू.पद पर उक्त की आनलाइन फीडिग सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा आई0डी0ध्पासवर्ड बनाकर समन्वय किया जाये। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उनकी साइट पर कार्यरत सभी निर्माण श्रमिकों का जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से शत–प्रतिशत पंजीयन कराया जाये। श्रम विभाग द्वारा अधिक से अधिक श्रमिक पंजीयन तथा आयुष्मान कार्ड बनावायें। उन्होने बताया कि बोर्ड द्वारा जारी आयुष्मान कार्ड की सूची के अनुसार श्रमिक अपने निकट के जनसेवा केन्द्रध्सी0एस0सी0 से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक अभियन्ता जल निगम, लोक निर्माण विभाग, सिचाई विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी, अध्यक्ष सदभावना संस्था योगेन्द्रमणि त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता/समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें सम्बन्धित अधिकारीगण : मुख्य विकास अधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का विभागवार समीक्षा कर तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। इस के साथ ही फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण शासन के मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रत्येक दशा में करने हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होनें कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच भी होगी। यदि जॉच के दौरान निस्तारण में कमी मिली तो निश्चित ही सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध इस लापरवाही के लिए कार्यवाही भी सुनिश्चित होगी। उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने–अपने कार्यालयों में समय से बैठकर फरियादियों की समस्याओं को भी सुने और उनका समयबद्ध ढंग से निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का निराकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में एक है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं की जायेगी। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारी समयानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देश दिया है कि शिकायती पोर्टल आई0जी0आर0एस0, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आनलाइन प्राप्त सन्दर्भ का निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा शिकायतों के निस्तारण को अपने दैनिक कार्यों में सम्मिलित करें, कोई भी लम्बित सन्दर्भ न रखें जिससे शिकायतकर्ता को बार–बार जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। जनशिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही निर्धारित तिथि तक गुणवतायुक्त कर आख्या अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि अस्पष्ट आख्या स्वीकार्य नही की जाएगी। बैठक में ज्ञात हुआ कि क्रमशः नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद भिनगा 01, अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) 04, अधिशासी अभियंता सिंचाई जल निगम 01, अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड 01, विद्युत विभाग 03, जिला पंचातय से 01, उपजिलाधिकारी भिनगा राजस्व एवं आपदा विभाग 05, एल0डी0एम0 06, बेसिक शिक्षा विभाग 03, समाज कल्याण विभाग 02, तहसीलदार इकौना राजस्व एवं आपदा विभाग 31, तहसीलदार जमुनहा राजस्व एवं आपदा विभाग 03, तहसीलदार भिनगा राजस्व एवं आपदा विभाग 11, परियोजना अधिकारी डूडा 01, पशुपालन विभाग 03, खाद्य एवं रसद विभाग 02, बाल विकास पुष्टाहार विभाग 15, सहकारिता विभाग 01 एवं पंचायती राज विभाग 01 शिकायतें समय सीमा के बाद भी निस्तारण हेतु लम्बित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल लम्बित शिकायतों का निस्तारण दो दिवस के अन्दर सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रेषित की जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने असन्तुष्ट फीडबैक प्रतिशत अधिक पाये



जाने वाले विभागों को निर्देश दिया कि इनका निस्तारण समयावधि के अन्दर कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। असन्तुष्ट फीडबैक प्रकरण में शिकायतों का परीक्षण कराकर शिकायतों का समय पर समाधान कराया जाए तथा शिकायतकर्ता को फोन करके अवगत भी कराया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, डी0सी0एन0आर0 एल0एम0, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, ई–डिस्ट्रिक मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के जनपद, तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मा0 सदस्या ने संयुक्तजिला चिकित्सालय एवं वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण



• मा0 सदस्या ने मरीजों से बात कर जाना उनका कुशलक्षेम

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या कुमुद श्रीवास्तव ने संयुक्त जिला चिकित्सालय, भिनगा का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान मा0 सदस्या ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा इलाज के लिए आये मरीजों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम भी जाना। मा0 सदस्या ने जच्चा–बच्चा वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम सहित अन्य वार्डों का गहनता से निरीक्षण किया तथा साफ–सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधीक्षक को निर्देशित किया की अस्पताल में भर्ती मरीजों को कोविड–19 नियमों का पालन अवश्य करायें एवं गर्भवती महिलाओं को खान–पान, दवा–इलाज, टीकाकरण आदि में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

उन्होने जोर देते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार जन–जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है। इसलिए सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं उन्हें समय से मुहैया करायी जाएं। संस्थागत प्रसव वाली महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत समय से लाभान्वित भी किया जाए, ताकि उन्हें बार–बार अस्पताल का चक्कर न लगाना पड़े। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जेता सिंह, डा0 एन0एन0 पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

तदोपरान्त मा0 सदस्या ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भिनगा स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वरिष्ठजनों का कुशलक्षेम जाना तथा फूलमाला पहनाकर उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर मा0 सदस्या ने अपने सम्बोधन में कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में छुपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए एवं बुजुर्गों के प्रति चिंतन की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का अवतार होते हैं, जिनके आशीर्वाद से हमारा पालन पोषण होता है, उनके प्रति मन में सम्मान और अटूट प्रेम होना स्वभाविक सी बात है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण होता है, उस अवस्था में उनके साथ होना, जब वे असहाय और अक्षम होते हैं। यही उनके प्रति हमारे प्रेम और सच्ची श्रद्धा होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि आज हमारे समाज में बुजुर्गों को दोयम दर्जे के व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों के सामने स्वास्थ्य के अतिरिक्त मुख्य समस्या अकेलेपन की है। बड़े होने पर बच्चे अलग रहने लगते हैं और केवल विशेष अवसरों पर ही वे उनसे मिलने आते हैं। कभी–कभी उनसे मिले महीने या वर्ष भी गुजर जाते हैं। इसलिये हम सबका दायित्व बनता है कि अपने–अपने माता–पिता को अपने पास रखें और उनके अकेले पन को दूर रखें। आश्रम में जो भी वृद्धजन आवासित है यदि उनको कोई समस्या है तो वे हमे कभी भी बता सकते हैं मैं उनकी सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहूंगी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि वृद्धाश्रम में कई वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल पा रही है। जिस पर मा0 सदस्या ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि उन्हें चिन्हित करते हुए पेंशन की अग्रिम कार्यवाही करायी जाए। मा0 सदस्या ने यह भी कहा कि यदि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो वे बेझिझक उनसे सम्पर्क कर उनके नम्बर–9044252520 पर अपनी समस्या बता सकते है, निश्चित ही उन समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

## सावधान : सरिया विक्रेता घटतौली कर ग्राहकों संग कर रहे ठगी तो कच्चे पर्चे से बिक्री कर राजस्व को भी लगा रहे बड़े पैमाने पर चुना

• जिला बांट माप अधिकारी ने दिया जांच उपरांत कार्यवाही का आश्वासन तो सहायक मंडलायुक्त आयुक्त बोले, स्टॉक और बिक्री रजिस्टर सहित कच्चे व पक्के पर्चों की जांच उपरांत करेंगे सम्बंधित दोषियों दण्डनात्मक कार्यवाही

दैनिक अयोध्या टाइम्स

मौदहा हमीरपुर । गेहूं चावल आटा जैसे खाद्य सामग्री में टैक्स लगाकर सरकार जनता का खून चूसते हुए भी देश के विकास हेतू राजस्व बढ़ाने के प्रयास कर रही है। वही सरकारी मशीनरी मोटी सुविधा शुल्क में बदले व्यापारियों को टैक्स चोरी के रास्ते बता कर सरकारी राजस्व को चूना लगा रही हैं। जिसके चलते महंगाई का सारा बोझ सिर्फ आम जनमानस को ही झेलना पल रहा है । टैक्स चोरी के मामले में हम फिलहाल बात करते हैं बिल्डिंग मटेरियल में बिक्री होने वाली सरिया की। जिसमें लगने वाला 18: जीएसटी बड़े पैमाने पर चोरी किया जा रहा है । अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े व्यापारी सरिया को कच्चे परचो पर बेचकर टैक्स चोरी कर रहे हैं तो लगभग 65 रुपये किलो बिकने वाली सरिया में व्यापारी नापतोल में भी जमकर घटतौली कर जनता को खुलेआम लूटने का काम कर रहे हैं ।ताजा मामला कोतवाली मौदहा अंतर्गत कस्बे का है कस्बे में बड़े चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक सरिया सीमेंट की दर्जनों दुकानो से सम्बंधित है। घटतौली व टैक्स चोरी का ताजा और जीता जागता उदाहरण देखने को तब मिला जब कस्बा निवासी सद्दाम हुसैन ने बड़े चौराहे के पास स्थित पालीवाल ट्रेडर्स से लगभग 10 कुंटल सरिया 6 जुलाई को खरीदी । लगभग 6 कुंटल सरिया उसने मकान की नीव में खपा दी। किंतु दूसरे राउंड में आई 4 कुंटल सरिया पर उसे घटतौली का कुछ शक हुआ । जिसके चलते उसने 4 कुंटल सरिया की दोबारा तौल करवा दी। दोबारा तौल कराने के दौरान 4 कुंटल सरिया में 20 किलो सरिया कम निकली। उक्त मामले में दुकानदार कैलाश चंद्र पालीवाल द्वारा बताया गया की चार्जिंग प्रॉब्लम होने से तौल गड़बड़ हो गई है व महंगाई के चलते कच्चे पर्चे पर सरिया बिक्री अन्य दुकानदार भी करते है।

वही पालीवाल ट्रेडर्स की तौल कम होने से नाराज फत्तेपुर निवासी सद्दाम हुसैन बंस नाले के पास स्थित किसान आयरन स्टोर पहुंचे और उन्होंने पालीवाल ट्रेडर्स की घटतौली वाली बात बताते हुए उनसे निवेदन किया कि आप सरिया चाहे तो महंगी दें पर तौल कम नहीं होनी चाहिए । जिसके बाद किसान आयरन स्टोर से सद्दाम ने 2 कुंटल सरिया खरीदी व इसका ऑनलाइन पेमेंट दुकानदार के खाते में कर दिया और घर लाकर सरिया उन्होंने चेक करने के लिए दोबारा तौली तो इनकी भी लगभग 9 किलो सरिया कम निकली। इससे नाराज सद्दाम ने दुकानदार को मामले से अवगत कराया तो दुकानदार ने आनन–फानन



दुकान के कर्मचारी अर्जुन को भेजकर एक बार फिर तौल करवाई और सरिया उसके सामने भी 2 कुंटल के बजाय 1 कुंटल 91 किलो निकली । जिस पर किसान आयरन के दुकानदार का कहना है की ग्राहक को देते समय उनके पास सरिया नहीं थी ।उन्होंने अपनी दुकान के सामने स्थित द्विवेदी एंड ब्रदर्स से सरिया खरीद कर उन्ही के कांटे से तौल करवाई थी अतः जो भी कांटे में कमी है वह द्विवेदी एंड ब्रदर्स की है और सरिया उन्होंने 1 कुंटल 95 किलो ही विक्रय की है। हालांकि ग्राहक सद्दाम के अनुसार उसने बिल पेमेंट 2 कुंटल का किया है । इसी क्रम में बंश नाले के पास स्थित प्रदीप आयरन की दुकान में सरिया घटतौली का मामला भी प्रकाश में आया है। जिसपर फत्तेपुर के ही एक अन्य ग्राहक से मंडवाली होना बताया गया है।

गौरतलब है कि उक्त दुकानदारों ने सरिया का विक्रय कच्चे पर्चो पर किया है जिस पर नाही दुकानदार का जीएसटी नंबर अंकित है और ना ही दुकानदार का नाम । घटतौली व जीएसटी चोरी का मामला प्रकाश में आने के बाद कस्बे के तमाम दुकानदारों की सरिया विक्रय शैली को खंगालने पर पता टीम प्रगतिशील प्रेस को पता चला कि कस्बे में सरिया की बिक्री बिना जीएसटी पेड पर्चे से की जा रही है और ग्राहक कच्चे पर्चो पर माल खरीद कर भुगतान दुकानदारों को पूरा करने के साथ घटतौली का भी शिकार हो रहा है ।जिससे जहां दुकानदार जीएसटी चोरी कर मालामाल होते हुए इसका एक मोटा हिस्सा संबंधित जांच अधिकारियों को भी पहुंचा रहे हैं , वहीं ग्राहक सरकारी सिस्टम को कोष कर खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है उक्त मामले में बिक्री कर सहायक आयुक्त रविंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है यदि कच्चे पर्चे पर सरिया विक्रय की जा रही है तो यह कर चोरी का बड़ा मामला है जिसपर वह गंभीरता से जांच कराकर दोषियों को दण्डित करने की प्रक्रिया अपनाएंगे।

वही जिला बांट माप अधिकारी जगदीश मौर्य का कहना है कि वह उक्त सहित अन्य दुकानदारो के भी तराजू और इलेक्ट्रॉनिक कांटो की जांच कर सम्बन्धित दोषियों पर दण्डनात्मक कार्यवाही करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शासन के निर्देशन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो माधौगढ़ जालौन। आज सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने ब्लॉक माधौगढ़ का निरीक्षण किया जिसमें साफ सफाई और एमडीएम एवं कायाकल्प के बारे में विस्तार से जानकारी ली जिसमें कन्या प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय कैलोर में बारीकी से निरीक्षण किया जिसमें बीईओ नेत्रपाल सिंह ने दिशा – निर्देश देते हुए साफ सफाई पर जोर देते हुए कड़ा निर्देश भी दिया और विद्यालय को दुरुस्त बनाए रखने को कहा। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी नेत्रपाल सिंह मुक्तेश गुप्ता , खंड शिक्षा अधिकारी डकोर ,अध्यापक आयुषी मिश्रा कुलदीप सविता सहित स्टाफ मौजूद रहा।



### ट्रक चालकों के लिए चल रहे नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर एवं चशमा वितरण का चौथा दिन

लखनऊ। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान आजाद वेलफेयर एन्ड एजुकेशनल सोसाइटी लखनऊ द्वारा आयोजित ट्रक चालकों के लिए निरूशुल्क आंखो की जांच एवं चश्मा वितरण का सात दिवसीय शिविर शेर ए पंजाब ढावा एन. एच.24 पर चल रहा है जिसका आज 5 दिन है लगातार चारो दिनों से ट्रक चालकों की नेत्र परीक्षण करके निशुल्क चश्मा वितरित किया जा रहा है। ट्रक चालकों न बताया कि माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी की योजना निश्चित ही हम लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी तथा आने वाले दिनों में चश्मा मिल जाने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा क्योंकि ट्रक चालकों को रात्रि में बगैर चश्मे के साफ नहीं दिखाई पड़ता है चश्मा मिलने से रात में भी उनको साफ दिखाई देगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। संस्था कोऑर्डिनेटर नूर आलम ने बताया कि यह शिविर 7 दिनों तक चलेगा। साथ ही बताया कि ट्रक ड्राइवर अपना लाइसेंस साथ लेकर आएं और कुशल नेत्र चिकित्सक के द्वारा अपना नेत्र परीक्षण करवाये एवं जिनको चश्मे की जरूरत है वो चश्मा भी निरूशुल्क लेकर जाये। इस मौके पर कंचन लता , डॉ रजा पंकज वर्मा ,अमित वर्मा, शोभित मिश्रा, विपिन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### ड्राइवरों की आंखों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर


सीतापुर। जनपद सीतापुर के खैराबाद टोल प्लाजा एन0 एच024 पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम निशुल्क ट्रक ड्राइवर हेतु आंख की जांच एवं चश्मा वितरण सात दिवसीय शिविर का चौथा दिन भी डॉ आफताब रजा द्वारा ड्रावर की नि0 शुल्क आँख की जांच की गई संस्था के डॉक्टर आफताब राजा वह कर्मचारी कंचन



असलम मोनू ने ड्राइवरों को कैम्प पर बुलाकर आंख की जांच निशुल्क कर उनको उनके नंबर द्वारा चश्मा उपलब्ध कराया गया ड्राइवर मनोज धर्म सिंह पवन यादव योगेंद्र कुमार विनय कुमार ने अपनी आंख जांच करा कर संस्था एकेडमी ऑफ मास्स कम्युनिकेशन लखनऊ के भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ट्रक चालकों को मिल रहा है ट्रक चालक मनोज ने संस्था द्वारा चयनित जगह की तारीफ की संस्था ने जनता ढावा पर एन0एच0 24 पर पूरे उत्तर प्रदेश की गाड़ी का आना जाना रहता है जिसे अधिक से अधिक ट्रक चालक को लाभ मिल रहा है सराहनीय उसे हुए धन्यवाद प्रकट किया सरकार द्वारा चलाई गई इस योजना का लाभ उन ड्रावरो को मिल रहा है जो समय के अभव के कारण अपनी आंख की जांच नही कर पाते और हादसो का कारण बनते है संस्था द्वारा कार्यक्रम 7 दिवसीय तक खैराबाद के टोल प्लाजा जनता ढावा जनपद सीतापुर में संचालित रहेगा।

### लम्भुआ तहसील में तहसीदार के द्वारा निर्वाचन कार्ड वा मतदात सूची में सुधार की दी ट्रेनिंग

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर अशोक वर्मा (लम्भुआ) सुल्तानपुर। तहसील में आज(बी ल ओ) वा सुपरवाइजर को



निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर दिया गया प्रशिक्षण।यह प्रशिक्षण 2 शिफ्ट में दिया गया काफी लोगों ने खड़े होकर भी प्रशिक्षण प्राप्त किया।तहसीलदार ने निर्वाचन कार्ड के लिए यह बताया कि अपने मोबाइल से ही आधार कार्ड का12 अंक लिखकर सम्मिट करना है ।

जिसकी अन्तिम तिथि 31 जुलाई है इस प्रक्रिया के लिये लाभार्थी को फार्म 6 भी भरना होगा। 1अगस्त के बाद प्रारूप 8 भरना होगा।और साथ ही समस्त(बी ल ओ)वा सुपरवाइजर को भी दिशा निर्देश दिया कि अपने बूथ का काम गुणवत्ता पूर्ण रूप से ही सुनिश्चित करें जिससे आम जनता को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े।और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने से दुबारा आपका संसोधन का भी कार्य आसान होगा बाद का कार्य पहले ही सम्पन्न कराने से बाद की नींद नहीं खराब होगी।

## डीएम व एसपी ने बीती रात मध्यप्रदेश बार्डर एवं थाने का किया निरीक्षण एसडीएम व थाना प्रभारी को हटाते हुए मांगा स्पष्टीकरण



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। माधौगढ़ में पिछले कई दिनों से मध्य प्रदेश से अवैध तरीके से मौरंग और गिट्टी का परिवहन की शिकायतें मिलने पर जिसमें प्राइवेट कर्मचारियों के माध्यम से सरकारी कर्मचारी द्वारा अवैध वसूली की जा रही थी। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने देर रात मध्य प्रदेश बॉर्डर व थाना का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने माधौंगढ़ उप जिलाधिकारी थाना इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए स्पष्टीकरण भी मांगा है।

साथ ही एक समिति बनाकर इस मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी संबंधित क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जाएगा जिससे यह पता चल सके कि किस प्रकार की गतिविधियां पिछले कई दिनों से हो रही है जिला प्रशासन द्वारा प्रकरण को गंभीरता लिया जा रहा है जांच में किसी भी अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। उसके बाद माधौंगढ़ थाना का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, एससी एसटी रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर सहित अन्य का बारीकी से निरीक्षण किया साथ ही अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पास्को एवं महिला उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने थाना परिसर में साफ–सफाई एवं आगंतुकों के लिए बैठने की कुर्सी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## दबंगों ने नष्ट कर डाले खेत में रखे कीमती पाइप पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर उठाई कार्यवाही की मांग



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वीरपुरा में किसान के खेत पर रखे हजारों रुपये कीमत के सिंचाई के पाइपों को गांव दबंगों ने तोड़कर नष्ट कर डाला। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठाई है।

जालौन कोतवाली के ग्राम वीरपुरा निवासी उमेश पुत्र श्याम नारायण ने आज पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके खेत पर सिंचाई हेतु 54 पाइप पड़े थे। बताया कि 11जुलाई को खेतों में 15 पाइपों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।पीड़ित किसान ने बताया कि उक्त पाइपों को गांव के ही दबंग सुमित पुत्र चेतराम, शोभित पुत्र संतोष ने प्रार्थी को आर्थिक हानि पहुंचाने का काम किया है। पाइपों को क्षतिग्रस्त करते हुए सुनीता पत्नी श्रीकृष्ण ने देखा है जो घटना की गवाह है।पीड़ित ने बताया कि उक्त दबंगों ने 25 हजार रुपये के पाइपों को नष्ट कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।पीड़ित ने उक्त मामले की लिखित तहरीर दबंगों के खिलाफ कोतवाली जालौन को 14 जुलाई को दी गयी थी इसके बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा दबंगों के खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में नहीं लायी गयी। पीड़ित किसान उमेश ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है।

## विजिलेंस विभाग व विद्युत विभाग की टीम ने की छापेमारी दर्ज हुआ दर्जनों भर पर मुकदमा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भटमाई पावर हाउस से जुड़ा हुआ मामला आया बड़ा सामने विद्युत उप केंद्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव जैसे रामचंद्रपुर ,मुंगर ,अलावलपुर सहित दर्जनों गांव में विजिलेंस विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी जिसके दौरान कुल लगभग 15 लोगों के ऊपर विद्युत चोरी से मोटर चलाने के संदर्भ में मुकदमा दर्ज किया गया जिसके पश्चात वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा अफरा–तफरी का माहौल बना रहा और यह छापेमारी विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर की जा रही है और छापेमारी के दौरान विद्युत विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में कई स्थानों पर लगातार सक्रिय से जांच पड़ताल भी की और अवैध चल रहे विद्युत मोटर को जप्त किया यह जानकारी अवर अभियंता भट्ट मई पावर हाउस रविंद्र तिवारी ने दी उपभोक्ताओं द्वारा काफी दिनों से विद्युत चोरी करके अपने खेतों में मोटर लगाकर कार्य किया जा रहा था जिसके पश्चात बहुत सक्रियता से लेते हुए विजिलेंस विभाग की टीम ने बहुत सुबह ही व रात में ही भ्रमण करके छापेमारी कर ली जिससे चोरी करने वालों का खुलासा आखिरकार हो ही गया और दर्जनों से ज्यादा



लोगों के ऊपर मुकदमा पंजीकृत हो गए इसके कारण इस अभियान के तहत उच्च अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि इस पर कार्यवाही करते हुए लोगों को लगातार चिन्हित किया जा रहा है बिजली विभाग की टीम द्वारा बात करने पर यदि जानकारियां प्राप्त हुई थी उच्च अधिकारियों की दिशा निर्देशन पर अधिकार छापेमारी का चलता रहेगा इस मौके पर विजिलेंस विभाग की टीम व विद्युत विभाग की टीम द्वारा लगभग दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बागपत ताइक्वांडो टूर्नामेंट में उत्सव और सिमोन ने सुल्तानपुर की झोली में डाला स्वर्ण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में बागपत ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 38 वी सब जूनियर 6 वीं कैडेट 40 वीं जूनियर 39 वीं सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 जुलाई 2022 तक बागपत जिले के जीवन फार्म हाउस बड़ागांव त्रिलोक नगर में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले की तरफ से विभिन्न भार वर्गो में 17 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें से सुल्तानपुर जिले के प्रतिभागियों की तरफ से दो स्वर्ण, दो रजत और 6 कांस्य पदक प्राप्त किए गए। पदक



विजेताओं में उत्सव पांडे जूनियर बॉयज अंडर 63 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वही कैडेट गर्ल्स की तरफ से सिमोन शुक्ला अंडर 49 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। इसी क्रम में शुभ कौशल, सौरभ सिंह सब जूनियर बॉयज रजत पदक प्राप्त किए। अन्य पदक विजेताओं में अंजलि तिवारी कांस्य पदक, मोहम्मद अली खान कांस्य पदक, शाश्वत शुक्ला कांस्य पदक, ध्रुव मिश्रा कांस्य, शिवनाथ कांस्य, राजसुदरसन कांस्य और विकास वर्मा कांस्य पदक प्राप्त किए। यह जानकारी सुल्तानपुर ताइक्वांडो संघ के सचिव प्रणय चंद्र शुक्ला ने दी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और अभ्यास से ही सुल्तानपुर के प्रतिभागियों को यह मेडल प्राप्त हुए हैं। टीम कोच रहे प्रसून चंद्र शुक्ला ने बताया कि उत्सव पांडे एवं सिमोन शुक्ला का चयन आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उत्सव पांडे एवं सिमोन शुक्ला के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन पर सुल्तानपुर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप दुबे, जिला क्रीड़ा अधिकारी शीला भट्टाचार्य एवं सीनियर खिलाड़ियों अरविंद गौर ,शिवांगी,अवधेश मौर्य आदि ने बधाई एवं आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता और मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स ने मेधावी प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में भाकपा माले ने कदौरा में किया प्रर्दशन

- मांगों को लेकर विकास खंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। आज कदौरा ब्लाक की ईदगाह मैदान के पास से कामरेड नगर से भाकपा माले के बैनर तले केंद्र और प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में प्रर्दशन कर विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन भेंट किया। इस दौरान भाकपा माले के जिला सचिव कामरेड राजीव कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार उद्घाटन ओं के नाम पर करोड़ों करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है जबकि पूरे बुंदेलखंड में किसानों ने हजारों की तादाद में फांसी लगाई नरेंद्र मोदी 2 शब्द भी किसानों पर नहीं बोले इसी तरीके से बुंदेलखंड का मजदूर आज मनरेगा में काम नहीं मिल पाने के कारण हजारों लाखों की तादाद में पलायन कर रहा है हजारों की तादाद में राशन कार्ड काट दिए गए हैं गरीबों मजदूरों को राशन तक मुहैया नहीं किया जा रहा है।

एक्टू के प्रांतीय उपाध्यक्ष कामरेड राम सिंह चौधरी ने कहा कि मोदी योगी की सरकार पूरे प्रदेश में देश में नफरत का माहौल बना कर हिंदुत्व की वकालत कर रही है लेकिन दूसरी तरफ वही करो ना कॉल में लाखों लाख मजदूरों ने इस देश में जान दी और उनकी लाशें गंगा जमुना में बहती नहीं जिनको चील कौवे नोच कर खाते रहे मोदी चाहे जितना भी वकालत कर लें उनका यह बेहूदा विकास एक्सप्रेसवे का विकास से जनता के विकास का कोई मतलब नहीं है इसका सबूत कोरोना काल में लाखों लाशें हैं जिसको इस देश की गंगा जमुना में तैरती हुई लाशों कोचील कौऐ और कुत्ते बिल्लियों ने नोच नोच कर खाया है मोदी आज तक इसका जवाब नहीं दे पाए उसके नाम पर तमाम पीएम केयर्स फंड का भी नरेंद्र मोदी ने आज तक जवाब नहीं दिया योगी आदित्यनाथ काल में थर्मामीटर घोटाला भी एक नजीर है। प्रर्दशन सभा के बाद 10 सूत्री ज्ञापन विकास खंड अधिकारी का कदौरा के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा। सभा को कामरेड आसाराम कुशवाहा, हरिशंकर, रामेश्वर इत्यादि लोगों ने भी संबोधित किया। सभा में प्रमुख रूप से



चंद्रप्रकाश, लाखन, रामजीवन, भोला शंकर, रामेश्वर, छोटी, मंगल सिंह, सलामत, रामकुमार, रामरतन, श्रीपाल, कल्लू, गज्जू, विक्रम पाल, राजा भैया, लोकेंद्र, संतोष, गोविंद, प्रदीप ,मोहनलाल, रामशंकर, बल्लू, रामवीर, सुनील, सुरेश, राजकुमार, मंगल, धर्मेंद्र, रामकिशन, संतोष, रामबाबू, जमुनादास, लाला, चंद्रमोहन, राजा भाई, विनीता, रज्जू, रामा, अंकिता, जगरानी, लक्ष्मी, मुरी, अनीता इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अपर जिला सूचना अधिकारी बने कई अधिकारी व कर्मचारियों के लिए ढाल सच को उजागर करने वाली खबरों पर क्यों नहीं होती कार्यवाही

- विभागों के कारनामे उजागर करने वाली खबरें नहीं पहुंचती अधिकारियों तक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। आज के समय में जहां सरकार हर उस खबर का संज्ञान लेती है जिससे किसी विभाग के काले कारनामे उजागर हो रहे हो। और उस पर शत प्रतिशत कार्यवाही भी की जाती है। चाहे वह खबर सोशल मीडिया पर ही वायरल क्यों ना हो रही हो क्योंकि खबरों के जरिए ही प्रशासन ऐसे लोगों तक पहुंचता है जो भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं। इसी प्रकार जनपद जालौन के उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार पत्रकारों की खबरों का संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए देखा गया है। और यहां तक कि अगर सोशल मीडिया पर भी किसी की खबर या ऑडियो वायरल होता पाया जाता है तो उसको संज्ञान में लेकर कार्यवाही की जाती है ।और आज भी की जा रही है। लेकिन जनपद जालौन के अपर जिला सूचना अधिकारी इसके बिल्कुल विपरीत कार्य कर रहे हैं और अगर किसी के द्वारा कोई तथ्यात्मक खबर भी प्रकाशित की जाती है तो उसको भी धमकाने से पीछे नहीं हटते। और कहते हैं कि अगर किसी के खिलाफ में खबरें प्रकाशित करोगे तो आप पर कार्रवाई कर दूंगा। इसको लेकर अपर सूचना अधिकारी द्वारा कई बार पत्रकारों को धमकाते हुए देखा गया है । और अपर सूचना अधिकारी द्वारा एक पत्रकार पर मुकदमा भी दर्ज करवाया गया। लेकिन अपर सूचना अधिकारी द्वारा उस भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की बात करते नहीं देखा गया जिसकी खबर प्रकाशित हुई है। क्योंकि अगर कोई खबर प्रकाशित हुई है तो उसका संज्ञान लेकर उसकी जांच करवाई जाए क्योंकि यह दायित्व जिला सूचना अधिकारी का होता है। और उस खबर को जिले के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाकर उस पर जांच करवाई जाए फिर चाहे वह खबर सोशल मीडिया पर ही क्यों ना वायरल हुई हो । क्योंकि अभिव्यक्ति की आजादी देश के हर नागरिक को होती है और सत्य को कोई भी कहीं भी उजागर कर सकता है। लेकिन शायद यह बात अपर जिला सूचना अधिकारी को नहीं मालूम । तभी तो समाचार पत्र में छपी खबर को अगर कोई सोशल मीडिया पर वायरल करता है तो यह महाशय उसको फोन पर ही धमकाने में लग जाते हैं । वही अगर विभागीय गोपनीय सूत्रों की माने तो अपर जिला सूचना अधिकारी द्वारा जिला प्रशासन को भ्रमित किया जाता है। और सच्चाई को प्रशासन से छुपाया जाता है । क्योंकि जिले के कई विभागों के कर्मचारियों से अपर जिला सूचना अधिकारी सांठगांठ कर उनके खिलाफ प्रकाशित होने वाली खबरों को दवा लेते हैं और उच्चाधिकारियों तक नहीं पहुंचने देते बल्कि इनका काम होता है कि खबर की कटिंग लगाकर अधिकारियों को प्रेषित करें जिस पर उच्च अधिकारी संज्ञान लेकर कार्रवाई कर सकें । क्योंकि शासन और प्रशासन का सूचना तंत्र सूचना विभाग होता है ।जिससे शासन प्रशासन को सूचनाएं प्राप्त होते हैं। और सूचना विभाग का सूचना तंत्र पत्रकार होते हैं । जिसके जरिए सूचना विभाग को जिले की सूचनाएं मिलती है। जिनको सूचना विभाग द्वारा जिला प्रशासन तक पहुंचाया जाता है । इसलिए सूचना विभाग में ऐसे अधिकारी को बिठाया जाता है जो की पत्रकारों से तालमेल बनाए रखें। क्योंकि पत्रकारों के अलावा सूचना विभाग को ही अधिकारियों का आंख और कान माना जाता है। क्योंकि हर जगह उच्च अधिकारी का पहुंचना संभव नहीं हो पाता लेकिन जब सूचना विभाग द्वारा किसी खबर को दवा लिया जाता है और उस पर कार्यवाही नहीं हो पाती तो लोग प्रशासन पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं । जबकि गलती अपर सूचना अधिकारी की होती है। क्योंकि जिले का प्रशासन निष्पक्ष है और जिला प्रशासन के कानों तक अगर कोई खबर पहुंचती है तो उस पर संज्ञान लेकर शत–प्रतिशत कार्यवाही की जाती है। लेकिन देखा जाए तो ऐसे ही कई मामले अपर जिला सूचना अधिकारी के हैं जो उच्चाधिकारियों के संज्ञान में नहीं है । और वह जल्द ही उच्चाधिकारियों तक पहुंच सकेंगे।

## सात सीटों पर 20 बच्चे, तीन स्कूली वैनों का चालान, पांच दिनों में 32 वैनों के चालान



कानपुर। कानपुर में बच्चों को वैन में ठूंसकर स्कूल छोड़ने और लाने वाली वैनों पर आरटीओ विभाग शिकंजा नहीं कस पा रहा है। लगातार चालान किए जा रहे हैं, फिर भी ये वाहन सड़क पर दौड़ रहे हैं। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे नौबस्ता बाईपास पर 17, 18 और 20 बच्चों को भरकर ले जा रही तीन वैनों पर दो–दो हजार का चालान ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने किया। वहीं, आरटीओ के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को बिना फिटनेस के बच्चों को ढो रहे 15 स्कूली वाहनों के चालान किए। एक बस और तीन वैनों को चौबेपुर और अर्मापुर थाने में बंद किया गया। इसमें दो स्कूली बसों (यूपी 78–सीएन–7979 और यूपी 78 सीटी 7514) की फिटनेस खत्म होने पर एआरटीओ प्रशासन सुधीर कुमार ने नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी स्कूल की बस सड़क पर बिना फिटनेस के सड़क पर दौड़ रही थी। बता दें कि वैन आठ सीटर होती है। एक सीट ड्राइवर के लिए होती है। बीते पांच दिनों में आरटीओ के प्रवर्तन दस्ते ने 32 वैनों के चालान किए। इसमें 12 बिना परमिट, छह बिना फिटनेस और बाकी बिना पंजीकरण और बिना मानकों के चलती मिली थीं। प्रवर्तन दस्ता शहर के नामीगिरामी स्कूलों में बच्चे ढोने वाली वैनों और बसों के खिलाफ कार्रवाई न कर चौबेपुर, शिवराजपुर, शिवली रोड जैसे आउटर के क्षेत्रों में कार्रवाई कर रहा है। परिवहन विभाग ऐसे वाहनों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वह बिना परमिट और अनफिट वैन व अन्य वाहनों से स्कूल न आने दें। अभिभावकों को भी कम किराये के चक्कर में बच्चों की जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। स्कूली वाहन या स्कूल से संबद्ध वाहनों से ही बच्चों को आने–जाने दें।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा जीविका एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में जीविका की भूमिका के संबंध में बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा जीविका एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में जीविका की भूमिका के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीपीएम जीविका के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 49 सीएलएफ कार्यरत है। लगभग 38000 समूह का



निर्माण किया गया है। जिसके 45000 मेंबर है जिनके द्वारा लगभग 35 हजार स्वंय सहायता समूह हैं जिसमे से 3500 सदस्यों द्वारा जीविको पार्जन हेतु विभिन्न तरह के दुकानों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही डीपीएम जीविका को निर्देश दिया गया कि जीविका के द्वारा उत्पादित सामग्रियों के मार्केटिंग हेतु जिला स्तर पर एक दुकान का संचालन करें ताकि लोगों को जीविका द्वारा उत्पादित सामग्रियों की जानकारी हो सके। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में डीपीएम जीविका को निर्देश दिया गया कि आवास योजना के ऐसे लाभुक हो जो जीविका के सदस्य हैं एवं आवास पूर्ण करने में कठिनाई हो रही है उनको लोन देकर आवास पूर्ण करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, डीपीएम जीविका इंदु शेखर,आलोक कुमार एपीओ,एआईएमस ऋतुराज उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के मद्देनजर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक आहूत

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) श्रावणी मेला– 2022 से संबंधित की गई तैयारियों एवं श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के मद्देनजर जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता राजस्व के साथ अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी,डीएसपी टाउन एवं सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। श्रावणी मेला में आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण करने, ट्रैफिक व्यवस्था, विद्युत की उपलब्धता, बैरी बैरिकेडिंग, नियंत्रण कक्ष एवं विधि व्यवस्था संधारण के मद्देनजर उपस्थित सभी वरीय पदाधिकारियों का फीडबैक लिया गया। प्रथम सोमवारी को जाम की स्थिति को देखते हुए आने वाले दिनों में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। मोतिहारी ,शिवहर सीतामढ़ी से आने वाले बड़े वाहनों को भगवानपुर ओवर ब्रिज के सर्विस लेन के माध्यम से रेवा रोड डायवर्ट किया गया था सर्विस लेन दोनों तरफ संकरा होने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी। इस पर विचार मंथन किया गया। निर्णय लिया गया कि उक्त जिलों से आने वाले बड़े वाहनों को रामदयालु ओवर ब्रिज से काजीइंडा के तरफ रुख किया जाएगा। जहां से वाहन सीधे समस्तीपुर जा सकेंगे एवं महुआ रोड से पटना की ओर वाहन जा सकेंगे। इस संबंध में शीघ्र ही आदेश निकालने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। पहली सोमवारी एवं रविवार को कतिपय स्थानों



यथा प्रभात सिनेमा चौक से हरिसभा चौक तक प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि इन सभी जगहों पर हैलोजन लाइट लगाने की व्यवस्था करें। वाच टावर की ऊंचाई थोड़ी कम करने का भी निर्देश दिया गया। मुख्य नियंत्रण कक्ष में प्रकाश की व्यवस्था और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। प्रजापति ब्रह्मा कुमारी के बगल की गली जो रिलायंस पंप के पास निकलती है वहां इंट्री पॉइंट पर बैरिकेडिंग की जाएगी और रविवार की शाम से सोमवार के 2:00 पर आवागमन बंद रहेगा। इसका भी आदेश शीघ्र निर्गत किया जाएगा। बैठक में सभी वरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के बीच परस्पर समन्वय बना रहे। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें। बैठक में केपी पप्पू, संजय केजरीवाल और विनय पाठक भी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक द्वारा चिन्हित 04 किन्नरो को प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वीचम्पारण। पहचान



पत्र प्राप्त करने वालों में गंगा,पूजा,पायल, एवं गुड़िया किन्नर का नाम शामिल हैं। ये सभी लोग प्रमाण– पत्र एवं पहचान– पत्र पाकर काफी प्रसन्न थे इसके पूर्व भी जिले में तीन किन्नारों को पहचान– पत्र वितरित किया जा चुका हैद्य जिलाधिकारी महोदय , ने इन किन्नारों के उत्थान एवं पुनर्वास हेतु सहायक निदेशक, बाल संरक्षण को आवश्यक निदेश दिये। किन्नारों को जीविका समूह के माध्यम से मत्स्य पालन एवं सुधा मिल्क पार्लर आवंटित करते हुये रोजगार से जोड़ने का काम शीघ्र पूरा करने का उन्होंने निदेश दिया। इसके अतिरिक्त किन्नारों के अनुरोध पर उन्हे छन्स्ड योजना के अंतर्गत आवास योजना से आच्छादित करने का निदेश दिया गया।

किन्नारों के द्वारा बताया गया कि इस जिले में कुछ फर्जी किन्नर भी है, जो उनकी रोजी रोटी को प्रभावित करते हैं।

इस पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्जी किन्नारों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई का निदेश भी दिया गया।

# जिले में कोविड का मेगा वैक्सीन कैंप आज



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग जिले में टीकाकरण की रफ्तार बढ़ा रहा है। टीकाकरण के लक्ष्य को शत–प्रतिशत हासिल करने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। टीकाकरण की गति को रफ्तार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार (21 जुलाई) को भी जिले भर में कोविड–19 टीकाकरण को लेकर मेगा वैक्सीन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टीकाकरण से वंचित लोगों को वैक्सीन देकर लाभान्वित किया जाएगा।

खासकर 12–14 साल के आयु वर्ग के किशोरधकिशोरी व अन्य योग्य लाभुकों को प्रीकॉशन डोज व वंचित बच्चों के टीकाकरण पर विशेष जोर रहेगा। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि जिले में अभी तक 39 लाख 78 हजार 227 लोगों को कोविड का टीका लगाया गया है। इसमें 20 लाख 54 हजार 876 लाभार्थियों को पहला, 17 लाख 61 हजार 581 को दूसरा, जबकि 1 लाख 61 हजार 770 को टीके का प्रिकॉशन डोज दिया गया है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि अभियान के तहत बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में टीकाकरण सत्र आयोजित किये जायेंगे। ड्यू लिस्ट के आधार पर अधिक से अधिक लाभुकों का टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सत्र संचालन की जानकारी पूर्व में ही संबंधित आशा व एएनएम को उपलब्ध कराई गई है। प्रखंड व अंचल कार्यालय के आसपास विशेष रूप से सत्र संचालित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एके झा ने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। सभी आशा व एएनएम को अपने पोषक क्षेत्र में टीका के निर्धारित डोज से वंचित लोगों को चिह्नित करते हुए विशेष अभियान के तहत उनका टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अपील की कि जिन्होंने टीका की कोई भी डोज नहीं ली है, वे अपना पहला डोज जरूर लें।

पहला डोज प्राप्त कर चुके लोग समय पर दूसरी डोज लें और दूसरी डोज ले चुके लोग छह माह बाद ससमय प्रीकॉशनरी डोज अवश्य ले लें। कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए टीकाकरण लेने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें।

## गोपालगंज में विक्षिप्त ने जमकर मचाया उत्पात इमरजेंसी वार्ड में किया हाईवोल्टेज ड्रामा, सुरक्षाकर्मियों ने दिखाई सख्ती तब जाकर काबू में आया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। गोपालगंज सदर अस्पताल में एक विक्षिप्त को सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां उसने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान मौके पर अफरा–तफरी का माहौल कायम हो गया। सुरक्षाकर्मियों ने मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति पर सख्ती दिखाते हुए उसे जबरन वार्ड से बाहर निकाला। लेकिन वह वार्ड के बाहर आकर भी हंगामा करता रहा। वहीं कुछ ही देर बाद वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के सासामुसा गांव निवासी राम कुमार गुप्ता के बेटा निरंजन गुप्ता के रूप में की गई। निरंजन की मां गायत्री देवी ने बताया कि वह पिछले 2 वर्षो से मिर्गी बीमारी से ग्रसित है पिछले 1 वर्षों से वह अजीब हरकत करता है अक्सर घर से भाग जाना मारपीट करना इसकी आदत हो गई है।

कल रात से ही बेहोश था जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लेकर आए होश में आते ही मारपीट करना शुरू कर दिया। निरंजन के दो बेटा और दो बेटियां हैं। 2 साल पहले निरंजन सही था अपने परिवार के भरण पोषण करता था लेकिन अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई और



मिर्गी बीमारी से ग्रसित हो गया।

## सरकार द्वारा क्रियान्वित कल्याणकारी योजनाओं कार्यक्रमों के पर्यविक्षण एवं अनुश्रवण हेतु चिरैया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज, मीरपुर का जायजा लेने पहुचे डीएम

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक , भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा क्रियान्वित कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु चिरैया प्रखंड के ग्राम पंचायत



राज, मीरपुर का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर उनके समस्याओं को उन्होंने सुना एवं संबंधित पदाधिकारी को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने मीरपुर पंचायत के आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण के क्रम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना, नल–जल एवं पक्की–गली नली योजना के शत प्रतिशत कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने का उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का प्रस्ताव शीघ्र भेजना सुनिश्चित करें।प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रखंड अनुश्रवण समिति के साथ बैठक कर पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत कार्य करना सुनिश्चित करें। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिकायत के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शिकायत की जांच कर दोषियों पर करवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, आवास सहायक ,आवास पर्यवेक्षक, संबंधित माननीय मुखिया, स्थानीय गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अनुमंडल ब्यूरो चीफ एवं प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स बेतिया ने राज्य कार्यालय भार्गव भवन सिरहा कोठी में रवि कुमार भार्गव राज्य को ऑर्डिनेटर से मुलाकात की



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जागरण टाइम्स बेतिया के अनुमंडल ब्यूरो चीफ श्री रवि रंजन कुमार एवं प्रखंड संवाददाता श्री उज्जवल कुमार अयोध्या टाइम्स बेतिया ने आज राज्य कार्यालय भार्गव भवन सिरहाकोठी में राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार के राज्य को–ऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान हुई बैठक में श्री रवि रंजन कुमार अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स बेतिया एवं उज्जवल कुमार प्रखंड संवादाता अयोध्या टाइम्स बेतिया ने बिहार में अयोध्या टाइम्स को मंजिल तक पहुंचाने के लिए श्री रवि कुमार भार्गव को धन्यवाद दिया।

हुई बैठक में रवि कुमार भार्गव ने रवि रंजन कुमार अनुमंडल ब्यूरो चीफ को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने कर्तव्य के प्रति सचेत होकर अपने अनुमंडल के सभी प्रखंडों में तीन से चार दिनों में प्रखंड संवाददाताओं की नियुक्ति कर लिया जाए, श्री भार्गव ने अनुमंडल ब्यूरो चीफ एवं प्रखंड संवाददाता बेतिया को पत्रकारिता का गूढ़ रहस्य बताते हुए सक्षम मार्ग अपनाकर पत्रकारिता को बदनामी से ऊपर उठाने का आग्रह किया। श्री भार्गव ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता का चादर ओढ़ कर कुछ ऐसे व्यक्तित्व द्वारा धन उगाही का कार्य किया जा रहा है यहां तक की पत्रकारिता की चादर में कुछ अपराधी तत्व के व्यक्ति भी शामिल होकर पत्रकारिता जगत को धूमिल करने पर तुले हुए हैं।

हम सभी को वैसे लोगों के मन सुबा को चकनाचूर करते हुए पत्रकारिता जगत को एक नई पहचान देना है। अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार में बात बनाने वालों की या चापलूसी करने वालों की कोई जगह न थी और ना है और ना रहेगी। आज इसी का परिणाम है कि बिहार के 20 जिलों में अयोध्या टाइम्स अपने पांव पसार ते हुए घर घर तक पहुंचने की प्रयास में सफलता प्राप्त की है। श्री भार्गव ने कहा कि हम सब कुछ सह सकते हैं किंतु अयोध्या टाइम्स परिवार में नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तित्व के साथ कोई समझौता नहीं कर सकते हैं। अयोध्या टाइम्स में रहना है तो अनुशासित होकर के हमें अपने कदम को पत्रकारिता जगत को चमकाने के दिशा में राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स अखबार को बिहार के हर घर के द्वार पर पहुंचाने की दिशा में निष्ठा पूर्वक कार्य करनी होगी।

तभी जाकर हम सभी अयोध्या टाइम्स के सच्चे सिपाही बनकर जनता की आवाज बन सकते हैं।

मुलाकात के दौरान राज्य कार्यालय भार्गव पवन सिरहाकोठी में कार्यालय बोर्ड एवं अखबार के साथ–साथ मोटरसाइकिल वाहन पर चिपकाने के लिए यह स्टिकर देखकर अनुमंडल ब्यूरो चीफ रवि रंजन कुमार को एवं प्रखंड संवाददाता उज्जवल कुमार को श्री भार्गव द्वारा सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## दैनिक उपभोग के वस्तुओं पर जीएसटी अविलंब वापस ले सरकार : मिश्र

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। दैनिक वस्तुओं पर जीएसटी लगाना जन विरोधी है इसे सरकार को अविलंब वापस लेना चाहिए। उक्त बातें भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला मंत्री कामरेड सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने जारी प्रेस बयान में कहीं ।श्री मिश्र ने कहा कि एक तरफ जनता अन्य भौतिक सामग्रियों पर बेतहाशा जीएसटी अन्य टैक्स का भुगतान कर कठिनाई महसूस कर रही है ।साथ ही जीवन पर दैनिक उपभोग के सामग्रियों पर सरकार द्वारा जीएसटी का बोझ लादकर



जनता को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है जो बिल्कुल जनविरोधी है।श्री मिश्र ने केंद्र सरकार से तत्काल सभी उपभोग की वस्तुओं पर से जीएसटी घटाने एवं महंगाई पर रोक लगाने की मांग की।श्री मिश्र ने आगामी 7 अगस्त को जिला मुख्यालय में आयोजित प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से की।

## गोपालगंज के फुलवरिया थाना क्षेत्र के रघुनंदनपुर गांव में करंट की चपेट में आने से महिला हुई अचेत,इलाज के लिए सदर अस्पताल में करवाया गया भर्ती

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) गोपालगंज। परिजनों के अनुसार महिला आज सुबह अपने घर में पंखा बंद करने गई।उसी दौरान वह करंट कि चपेट में आ गई और अचेत हो गई।अचेत महिला का नाम प्रभावती देवी बताई जा रही है।

गोपालगंज। पेड़ से लटकता मिला युवती का शव। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस। शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुटी पुलिस। युवती के पिता ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का लगाया आरोप। भोरे थाना क्षेत्र के रामनगर चंवर का मामला।

गोपालगंज। भारी मात्रा में टेट्रा पैक विदेशी शराब बरामद साथ ही एक टेम्पू जब्त और दो तस्कर गिरफ्तारद्य वाहन जांच के दौरान कटेया पुलिस ने पंचदेवरी प्रखंड के मंझरिया पम्प के समीप की कार्रवाई।

गोपालगंज। बच्चों के विवाद को लेकर दो दिन पूर्व हुई चाकूबाजी मामले में एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तारद्यजादोपुर थाना के हरिहरपुर गांव में हुई थी घटनाद्य थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने दी जानकारी।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक, भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चिरैया प्रखंड अंतर्गत मीरपुर पार्क परिसर में अवस्थित अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने पहुचे

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वीचम्पारण। जिला आज जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक, भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चिरैया प्रखंड अंतर्गत मीरपुर पार्क परिसर में अवस्थित अमृत सरोवर जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे । गार्डियन ऑफ चंपारण



अंतर्गत पुराने वृक्ष को उन्होंने स्वयं देखा एवं पुराने वृक्ष के संरक्षण हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय माननीय मुखिया एवं गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्री प्रवीण कुमार (भा.प्र.से) बिहार संवर्ग,को पूर्वी चंपारण, मोतिहारी में जिला कार्यपालक दंडाधिकारी नियुक्तकिया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वीचम्पारण। सामान्य प्रशासन विभाग ,बिहार सरकार के निर्देशानुसार लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में व्यवसायिक पाठ्यक्रम चरण 1 का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बैच वर्ष 2021 के श्री प्रवीण कुमार ( भा . प्र . से ) बिहार संवर्ग , को पूर्वी चंपारण ,मोतिहारी में जिला कार्यपालक दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है।

## बारिश नहीं होने से खेतों में पड़ रही है दरारें धान हो रहे पिले किसानो को भारी नुक्सान का सता रहा है भय

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड संवाददाता दरौली आनंद सुमन सिवान जिले के दरौली प्रखंड में बारिश नहीं होने से किसान हो रहे परेशान किसान धान की खेती अधिक मात्रा में करते हैं लेकिन बारिश नहीं होने से आधी किसान बुआई तो कर दिया लेकिन आधी किसान अभी बारिश का इंतजार कर रहे हैं लेकिन धान कि खेती के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है लेकिन बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गया है बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें भी पड़ने लगी है यह धान की खेती के लिए परेशानी का कारण है किसानो ने बताया



कि किसी तरह से बीज तैयार तो कर लिया लेकिन रोपाई होना मुश्किल हो गया है बोरिंग मशिन से रोपाई नहीं हो सकती हैं क्योंकि पानी का लेयर बहुत नीचे चला गया है उन्होंने बताया कि ज्यादा गैर रैयत किसान की संख्या रहने से आर्थिक मार झेलनी पड़ती हैं बारिश की कमी के कारण खेतों में किसानो के द्वारा लगाए गए धान का बीज सूखने के कगार पर पहुंच चुका है।

## जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय सहित वरीय अधिकारियों एवम तकनीकी विभाग के अधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार सीतामढ़ी। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय सहित



वरीय अधिकारियों एवम तकनीकी विभाग के अधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक कर सीतामढ़ी शहर को जाम की समस्या से स्थायी निदान को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया एवम कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गये। उन्होंने शहर के सड़क को मोटरेबल करने,नये टेम्पू स्टैंड,अतिक्रमण,रिंग बाँध रोड,शहर के लिए नए बाईपास रोड आदि को लेकर सबंधित अधिकारियों से व्यापक विचार विमर्श किया। नगर आयुक्त को विश्वनाथपुर चौक पर बने सड़क किनारे गड्ढे को मोटरेबल करने का निर्देश दिया गया। शहर में पार्किंग की व्यवस्था करने को लेकर निदेश, पब्लिक के असुविधा को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निदेश।जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण शहर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को अविलंब चालू करें एवम उससे ट्रैफिक पर निगाह रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अतिक्रमण को पूरी गंभीरता से ले एवम पूरी सख्ती के साथ करवाई करे। शहर स्थित सभी सड़कों के गड्ढे सहित रिंग बांध रोड को मोटरेबल करें। कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया गया कि बिजली पोल को चिन्हित कर हटाने का काम करें। उक्त बैठक में नगर आयुक्त मुमुक्षु कुमार चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर राकेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी रविंद्र नाथ गुप्ता, ओएसडी प्रशांत कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत उपस्थित थे।

## पूर्व मुखिया के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग 15 दिन पहले बदमाशों ने पति को मारी थी गोली

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। शिवहर के बाद अब नालंदा जिले में पूर्व मुखिया के घर पर गोलीबारी की गई है। घटना हिलसा प्रखंड के अरपा पंचायत की है, जहां अपराधियों ने बीती रात पूर्व मुखिया के घर पर फायरिंग



शुरू कर दी। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मौके से आठ खोखा बरामद किया। दरअसल, इस बार बदमाशों ने अरपा पंचायत के पूर्व मुखिया सुनीता साही के घर को अपना निशाना बना लिया और कई राउंड फायरिंग की। लोगों के बीच दहशत फैल गया है। पूरे इलाके में इसी घटना की चर्चा हो रही है कि आखिरकार अपराधियों की मंशा क्या है। हैरानी की बात इसलिए भी है क्योंकि पिछले 4 जुलाई को ही पूर्व मुखिया सुनीता साही के पति अजित सिंह को बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मार दी थी। घटना को 15 दिन हो गए, लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। वहीं, इस घटना को लेकर हिलसा थानाध्यक्ष गुलाम सरवर ने बताया कि फिलहाल इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना को किसने अंजाम दिया और आखिर किस मकसद से फायरिंग की गई। पूर्व मुखिया के द्वारा भी अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है। हालांकि पुलिस ने मौके से 8 खोखा बरामद किया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## फर्जी डीएसपी बनकर आम लोगों को झांसा दे रहे एक ठग को पटना पुलिस ने किया गिरफ्तार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पटना। फर्जी डीएसपी बनकर आम लोगों को झांसा दे रहे एक ठग को पटना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पकड़ में आए शातिर की पहचान विजय कुमार भारती के रूप में हुई है. उसे बुधवार को पटना पुलिस ने शहर के कारगिल चौक के पास से पकड़ा। पुलिस के अनुसार कारगिल चौक के पास एक टैम्पू चालक और एक व्यक्ति के बीच झगड़ा हो रहा था. हंगामा होता देख जब गांधी मैदान थाना की गश्ती पार्टी वहां पहुंची तो टैम्पू चालक से झगड़ा कर रहे पदाधिकारी का कोई हस्ताक्षर नहीं था. इससे पुलिस वाले को संदेह हुआ कि यह आईडी कार्डफर्जी है. तत्काल पुलिस वाले ने इससे अपने वरीय अधिकारी को अवगत कराया. वरीय अधिकारी के निर्देश पर जब उस व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम विजय कुमार भारती बताया। मधुबनी जिले के आंधामठ थाना क्षेत्र के डॉ विन्देश्वर मंडल के बेटे विजय ने कहा कि वह माता–पिता के दबाव में उन्हें भरोसा दिलाने के लिए डीएसपी की वर्दी, मुहर एवं अन्य सामान खरीदकर उपयोग कर रहा था। पुलिस



व्यक्ति ने खुद को कैच बताया. इस पर गांधी मैदान थाने की पुलिस ने उस व्यक्ति से परिचय पत्र मांगा और तो उसने एक आईडी कार्ड दिखाया। हालांकि आईडी कार्ड पर पुलिस महानिदेशक पटना या किसी अन्य वरीय को फर्जी डीएसपी के पास से खाकी वर्दी का दो शर्ट मिला है. साथ ही दो खाकी पेंट के अलावा पुलिस की वर्दी से जुड़े कई कपड़े, टोपी, बैच, डीजीपी बिहार के नाम का मुहर सहित कई अन्य सामान जब्त हुआ है।

## रेडलाइट एरिया की हजार कहानियों पर भारी यह अकेली तस्वीर, मुजफ्फरपुर उद्योग विभाग ने कहा- WOW

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। शहर का रेडलाइट एरिया अब तक खराब चीजों के लिए चर्चाओं में रहता रहा है, लेकिन अब छवि बदलने की दिशा में वहां की महिलाओं ने काम शुरू कर दिया है। उनके इस अच्छे काम को उद्योग विभाग ने भी सराहा है। इस वोकल फार लोकल अभियान को उद्योग विभाग गति देगा। यहां महिलाएं एक समूह में दुकान से बचे कपड़े लाकर लेडिज रेडीमेड वस्त्र तैयार कर रही हैं। अब उद्योग विभाग रेडिमेड क्लस्टर बनाकर उनको समाज की मुख्यधारा से जोड़ेगा। इससे उन्हें रोजगार का अवसर मिलेगा। उद्योग विभाग के जिला महाप्रबंधक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने जौहरा गली में जाकर वहां संचालित महिलाओं के समूह से संवाद किया। उनके काम को देखा। जोहरा संर्वद्धन स्वयं सहायता समूह में 12 महिलाएं शामिल हैं। समूह की अध्यक्ष अमरूल निशां, सचिव शमीमा खातून व कोषाध्यक्ष शमीमा खातून है। शमीमा ने बताया कि बचे कपड़े को जमा करने के बाद जोहरा सिलाई सेंटर में महिलाएं वस्त्र तैयार करती हैं। थान से बचा कपड़ा सस्ता में मिल जाता है। उद्योग विभाग से समन्वय बनाने वाली परचम संगठन की सचिव नसीमा खातून ने बताया कि इस समूह को पूर्ण रूप से सक्रिय करने के लिए जिला उद्योग केंद्र व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व जीविका के अधिकारी से मिलकर पहल की गई है।




उद्योग महाप्रबंधक ने कहा कि महिलाएं बेहतर कर रही हैं। उनको तकनीकी व बैंक से जोड़कर सहयोग किया जाएगा।
वहां पर रेडीमेड क्लस्टर का निर्माण हो, इस दिशा में पहल शुरू कर दी गई है। बताया कि यह जिले का एक माडल समूह बन जाएगा। एक विशेष समुदाय के लोगों का यह समूह जो उत्पादन करेगा, उसको बाजार दिलाने का काम विभाग करेगा। महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए कई योजना चल रही। वह बैंक से समूह को जोडेंगे, ताकि उनको आर्थिक सहायता मिले। महाप्रबंधक के साथ उद्योग प्रसार पदाधिकारी आरएस उपाध्याय, हरिश कुमार शामिल रहे।

## तीन महीने के भीतर एमसीएच के नए बिल्डिंग को वेल इक्विप्ड कर सौपे बीएमएसआईसीएल : के सेंथिल कुमार



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) वैशाली। स्वास्थ्य विभाग के सचिव के सेंथिल कुमार बुधवार को हाजीपुर दौरे पर थे। जहां परिसदन में उन्होंने जिलाधिकारी यशपाल मीणा एवं स्वास्थ्य विभाग से जिले के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान श्री कुमार ने जिले में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों, कोविड एवं नियमित टीकाकरण,टीबी व परिवार नियोजन सहित अन्य पहलुओं का हाल जाना। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि उन्होंने प्रीकॉशन डोज को बढ़ाने को लेकर प्रयास तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि पंचायत स्तर पर कोविड टीकाकरण के सत्र आयोजित कर प्रीकॉशन डोज वालों को टीके लगाए जाएं। सिविल सर्जन डॉ एएन साही ने बताया कि पूरे जिले में गुरुवार को कोविड टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें पीकॉशनरी डोज पर जोर दिया जाएगा।
स्वास्थ्य विभाग के सचिव के सेंथिल कुमार ने परिसदन में बैठक के बाद हाजीपुर स्थित सदर अस्पताल का दौरा किया जहां उन्होंने ओपीडी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व एसएनसीयू का मुआयना किया। उन्होंने ओपीडी के सिस्टम में और सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि ओपीडी में लगने वाले लाइन के सिस्टम को और सुधारा जाय। वहीं उन्होंने अस्पताल की अन्य सुविधाओं पर संतोष जताया। सदर अस्पताल के मुआयने के दौरान सचिव ने नवनिर्मित एमसीएच बिल्डिंग का भी हाल जाना। भवन निर्माण की प्रगति पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने इस दौरान बीएमएस आईसीएल के अधिकारियों से इक्विपमेंट के साथ तीन महीने के भीतर भवन को जिलेवासियों को सौंपने को कहा। जिसमें नए फर्निचर और सभी चिकित्सकीय उपकरण भी शामिल हैं। सचिव के सेंथिल कुमार ने सिविल सर्जन को सलाह दी की प्रत्येक 15 दिन पर वह इस भवन का मुआयना करते रहें। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ एके साही, सुपरिटेंडेंट डॉ एसके वर्मा, डीपीएम मणिभूषण झा, डीसीएम निभा कुमारी सिन्हा, केयर डीटीएल सुमित कुमार सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे।

## किशनगंज के बेलवा पंचायत में क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

☒ प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वरीय पदाधिकारियों ने भी क्षेत्र भ्रम कर योजनाओं का किया निरीक्षण,निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर होगी समीक्षा।
(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार किशनगंज। प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने स्वयं बेलवा पंचायत में भ्रमण कर विभिन्न क्रियान्वित योजनाओं का जायजा लिया।साथ ही, जिलाधिकारी किशनगंज के निर्देशानुसार अपर समाहर्त्ता, उप विकास आयुक्त,वरीय उप समाहर्त्ता समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया और विहित प्रपत्र में निरीक्षण प्रतिवेदन डीएम को समर्पित किया है।मालूम हो कि किशनगंज डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री बेलवा पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्वप्रथम निरीक्षण हेतु पहुंचे और अस्पताल में संचालित ओपीडी,चिकित्सको की उपस्थिति, दवा आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परिसर में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बेलवा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11 का निरीक्षण कर सेविका और सहायिका से बच्चो की उपस्थिति ,पोषाहार वितरण आदि की जानकारी लिया। तत्पश्चात उच्च विद्यालय, बेलवा का गहन निरीक्षण किया। विद्यालय में पठन पाठन की व्यवस्था,कक्षा संचालन,बेंच डेस्क उपलब्धता,कक्षा में पर्याप्त रोशनी, एमडीएम की गुणवत्ता को देखा।विद्यालय में बच्चो की सुविधाओ में कमी को देखकर जिलाधिकारी महोदय ने नाराजगी प्रकट कर प्रधानाध्यापक को विकास मद से व्यय कर बेच डेस्क पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।शिक्षण कार्य को लेकर गंभीर दिखे। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय,छगलिया का भी निरीक्षण किया,मौके पर पठन पाठन संतोषप्रद रहा।
इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मनरेगा योजनाओं, पीएम ग्रामीण आवास योजनाओं, पीडीएस, पैक्स केंद्र का भी निरीक्षण किया। वार्ड नं 8 स्थित जन वितरण प्रणाली दुकानकर के स्टॉक की नियमित जांच के बिंदु पर पणन पदाधिकारी (एमओ) को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद की कालाबाजारी के बिंदु पर पैक्स और पीडीएस दुकान पर सघन



जांच किया गया। वार्ड नं 7 के पैक्स अध्यक्ष से निरीक्षण के क्रम में डीएम ने जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार, जिला के सभी प्रखंड में पंचायत में पूर्व प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। निर्देशानुसार निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई अपेक्षित है।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, के अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेडियम प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, के अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टेडियम प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में स्टेडियम का रखरखाव एवं उससे संबंधित सभी विषयों पर समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिले में खेल एवं अवसंरचना के विकास हेतु कई निर्णय लिये गये। इण्डोर स्टेडियम डुमरा में खिलाड़ियों की सुविधा हेतु टेबुल टेनिस , स्कुनर खेल की व्यवस्था के साथ–साथ एग्जास्ट फैन ( Exhaust fan) लगाने का निर्णय लिया गया। ओपेन जिम का अधिष्ठापन माँ जानकी आउटडोर स्टेडियम के कॉर्नर में बने जगह पर यथाशीघ्र करने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया । आउटडोर स्टेडियम में हाई मास्क लाइट लगाने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्णय लिया गया । जिले में खेल को बढ़ावा देने हेतु सभी खेलों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता लगातार कराये जाने हेतु निर्णय लिया गया । सर्वप्रथम बैडमिंटन बालक/बालिका U – 14/ एवं ᵘ– 17 आयुवर्ग में संकुल स्तर से प्रखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त से पूर्व किये जाने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेशित किया गया।
जिसका पर्यवेक्षण उप विकास आयुक्त सीतामढ़ी के द्वारा किया जायेगा । बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले माह सभी खेल प्रेमी , राष्ट्रीय खिलाड़ियों , खेल संघों के साथ खेल के विकास हेतु बैठक किया जायेगा। जीविका के माध्यम से इंडोर स्टेडियम में कैंटीन की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। इंडोर स्टेडियम में लगे उपस्करों को ठीक करने निदेश दिया गया। एक फिटनेस चौनल की प्रतिनियुक्ति हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय , उप विकास आयुक्त विनय कुमार , अनुमण्डल पदाधिकारी सदर राकेश कुमार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर सुबोध कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सीतामढ़ी अवधेश प्रसाद, जिला उद्यान पदाधिकारी नीरज झा जिला नजारत उप समाहर्त्ता, आयुक्त नगर निगम मुमुक्षु कुमार चौधरी जिला योजना पदाधिकारी , कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के नोडल पदाधिकारी इती चतुर्वेदी, जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार , स्पोर्टस प्रमोटर श्याम किशोर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों ने दवा व्यवसायी को बनाया निशाना दुकान से घर जाने के दौरान मारी गोलियां

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चंपारण में इन दिनों अपराधी बेलगाम हो गए हैं। अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। बता दें कि आए दिन जिले में लूट और गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही है। इस बार बेखौफ अपराधियों ने दवा व्यवसायी को अपना निशाना बनाया है। देर रात्रि दुकान बंद कर घर जाने के क्रम में बाइक सवार अपराधियों ने बाइक रोककर दवा व्यवसायी मनीष कुमार को गोली मार



दी। मोतिहारी छतौनी थाना क्षेत्र के पायल टॉकीज के पास दवा व्यवसायी का दुकान है। जहां से वे दुकान बंद कर अपने घर ढाका मोतिहारी पथ जा रहे थे। जहां पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उनको नजदीक से गोली मार दी। गोली लगने के बाद दवा व्यवसाई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें आनन–फानन में मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। बता दें कि दवा व्यवसायी को अभी तक होश नहीं आया है। वहीं परिजनों का कहना है कि आपसी रंजिश में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है।

### कैमूर के रामगढ़ में फुटपाथ पर दुकान लगवाने का किराया ले रहे दुकानदार राहगीर परेशान

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। रामगढ़ बाजार के दुर्गा चौक से दक्षिण के फुटपाथ को सामने वाले दुकानदारों द्वारा बेच दिया गया है। इसके बदले उनसे किराए के रुप में राशि की वसूली करते हैं। अंदर अपनी दुकान बाहर फुटपाथ पर दो लेयर में अन्य दुकान चलती है। फुटपाथ कहीं



नहीं दिखता। जिस कारण राहगीर पैदल पथ नहीं होने का दंश झेलने को मजबूर हैं और लोग तो बस व अन्य वाहनों में सटकर व जान जोखिम में डाल बीच सड़क से होकर गुजरते हैं। लेकिन सीनियर सिटीजन को बड़ी परेशानी होती है। उन्हें सबसे अधिक कष्ट फुटपाथ नहीं होने के कारण उठाना पड़ता। दुर्गा चौक से गोड़सरा गेट तक सड़क में फुटपाथ है कि फुटपाथ पर सड़क कहना मुश्किल है। बावजूद प्रशासन इन फुटपाथों को खाली कराने की पहल करना मुनासिब नहीं समझता। यहां फुटपाथ का बहुत ही बुरा हाल है। किसी समय यहां आने पर यह पता नहीं चलेगा कि यहां सड़क किनारे फुटपाथ भी है। जबकि सड़क के निर्माण के साथ ही दोनों तरफ फुटपाथ का निर्माण होता है। लेकिन वह फुटपाथ पैदल पथ की जगह दुकान के रुप में इस्तेमाल हो रहा है। इसको खाली कराने में प्रशासन के द्वारा कभी दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है। जिससे फुटपाथ का कहीं नामोनिशान ही नहीं रह गया है। गुजरे जमाने की बात अब फुटपाथ हो गया है। जिसपर कभी कभार लोग सुबह शाम टहलते दिखते थे वह फुटपाथ अब नहीं दिखते। अब मुख्य सड़क ही फुटपाथ बन रही है। जिसके चलते आए दिन दुर्घटना हो रही है।

### फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को मिलेगी नि:शुल्क इलाज व दवा

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। फाइलेरिया यमुक्त बनाने को लेकर लगातार एमडीए प्रोग्राम चलाकर फलेरिया को रोकने के लिए दवा खिलाई जाती है। ताकि फाइलेरिया जैसी बीमारी को रोका जा सके। इसके साथ ही फाइलेरिया पीड़ित मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने एवं क्लीनिकल ट्रीटमेंट उपलब्ध कराने को लेकर राज्य सरकार विभिन्न जिल में एमएमडीपी ( मार्डीबिलिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी ) प्रीवेंशन किलनिक खोल रही है। यह क्लीनिक लेपरा सोसायटी सदर अस्पताल में स्थापित किया जा रहा है। कैमूर जिला स्थित भभुआ सदर अस्पताल में भी एमएमडीपी यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसको लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी एएलएफ डॉ विपिन कुमार सिन्हा ने जिला वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल ऑफिसर कैमूर को एमएमडीपी यूनिट के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए लिखित दिशा निर्देश भी जारी कर दिए है। वही एमएमडीपी क्लीनिक को लेकर राज्य सलाहकार, फाइलेरिया डॉ. अनुज सिंह रावत ने मंगलवार को कैमूर जिला का दौरा किया। शीघ्र ही जिला अस्पताल में एमएमडीपी क्लिनिक खुलेगा।

### बंगाल के नदिया जिला के पांच लोग शराब के साथ मोहनिया में गिरफ्तार

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। मोहनिया समेकित चेकपोस्ट पर पुलिस, एंटी लिकर टास्क फोर्स व उत्पाद विभाग के संयुक्त वाहन चेकिंग के दौरान एक कार से 69 पीस अंग्रेजी शराब जब्त कि गई। इस दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार समेत सभी शराबों को जप्त कर कार सवार पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को मोहनिया समेकित चेकपोस्ट पर मोहनिया पुलिस, एंटी लिकर टास्क फोर्स व उत्पाद विभाग द्वारा यूपी की तरफ से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरमियान यूपी की तरफ से आ रही एक टाटा सफारी कार जैसे ही समेकित चेकपोस्ट पर पहुंची वाहनों की जांच कर रहे पुलिस ने उक्त कार को रुकवाया पुलिस द्वारा इशारा होते



देख कार चालक कार को रोक दिया। कार के रुकते ही जांच कर रहे पुलिस टीम ने कार की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच के दौरान कार की सीट के नीचे रखे गए काफी संख्या में शराब पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने कार समेत सभी शराबों को जब्त कर ली। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कार सवार पश्चिम बंगाल के नदिया जिला अंतर्गत शांतिपुर ग्राम व थाना क्षेत्र के निवासी अमित पाल, खोकन दास, उत्पल घोष, प्रीतम साह, जय विश्वास को गिरफ्तार कर लिया।

## किसानों के लगे दो भूसा कूप से अज्ञात चोर कर ले गए भूसा चोरी

रसूलाबाद। क्षेत्र के अंतर्गत बुझवा पहाड़ीपुर में स्कूल के नजदीक किसानों के लगे दो भूसा कूप से अज्ञात चोर भूसा चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने डायल 112 पर शिकायत की है।



पहाड़ीपुर में स्थित ला कालेज के नजदीक गढेवा निवासी फूलसिंह ने खेतों पर ही अपना भूसा जमा करके कूप लगा दिया था। फूल सिंह ने बताया की वही उनके नजदीक ही नरेश सविता का भी भूसा कूप लगा था। मंगलवार रात्रि को अज्ञात चोरों ने फूल सिंह का पूरे कूप का भूसा लगभग बीस कुंतल तथा पड़ोसी नरेश के भी खेत के पास लगे कूप से लगभग दस कुंतल भूसा लादकर रफूचक्कर हो गए। बुधवार सुबह ग्रामीण खेतों पर गए तो घटना की जानकारी हुई पीड़ितों में डायल 112 पर सूचना की तो पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित फूलसिंह ने बताया उनके पास कई जानवर है और पूरे कूप का भूसा चोर ले गए जिससे उनके सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। उन्होंने बताया कि कूपके नजदीक तक लोडर के पहियों के निशान भी हैं।

## बैंक आफ बड़ौदा के 115वें स्थपना दिवस पर बच्चों को वितरित किए गए उपहार



अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव जगदीशपुर/अमेठी। विकाश खण्ड क्षेत्र के अंन्त्रगत आज दिनाँक 21जून 2022 को शाखा प्रबंन्धक ने गरीब की सेवा करना समाज का सबसे पुनीत कार्य है। जिससे तन व मन को प्रसन्नता मिलती है यह बातें बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक अर्चित सिंह गौड़ ने बैंक के एक सौ इक्यानवे स्थापना अवसर पर गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरण के दौरान कही। बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक ने आजादी के अमृत महोत्सव व बैंक ऑफ बड़ौदा का 115वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां बैंक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों मे अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।वहीँ इसी क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा जगदीशपुर शाखा प्रबंन्धक द्वारा प्राथमिक विद्यालय आलमपुर में बच्चों को अमृत महोत्सव पर शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए टिफिन एवम पेन्सिल बाक्स वितरित की गई। बच्चों को जमेटिरी बॉक्स बांट कर प्रबन्धक महोदय ने विधार्थियों के हौसलों को आफजाई किया। जिसको लेकर बच्चे मंग्नमुग्ध होकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर लिपिक, आशय त्रिपाठी, बैंक मित्र राकेश मौर्य एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

## कानूनी राय पर निर्भर डिविनिटी होम्स के बाशिंदों का भविष्य, खतौनी में दर्ज हो चुका है केडीए का नाम

कानपुर। कानपुर के इंदिरा नगर में करीब 11 बीघा जमीन पर बने डिविनिटी होम्स के 350 फ्लैट मालिकों के भविष्य पर कानपुर विकास प्राधिकरण कानूनी राय के बाद फैसला लेगा। एक हजार करोड़ का यह प्रोजेक्ट पिछले लंबे समय से विवादों में चल रहा था।

सोमवार को प्रमुख सचिव आवास ने केडीए और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में पूर्व एडीएम भूध्अध्याप्ति के आदेश को खारिज करते हुए इस अपार्टमेंट की जमीन को केडीए के नाम दाखिल करने के आदेश दिए थे। आदेश के बाद जिला प्रशासन ने जमीन की खतौनी से अर्जुन देव की जगह केडीए का नाम दर्ज कर दिया है।

केडीए के सचिव शत्रोहन वैश्य ने कहा कि जांचा जा रहा है कि कैसे बिल्डर के नाम सरकारी जमीन चढ़ा दी गई। चूंकि अर्जुन देव ने अवैध तरीके से जमीन अपने नाम कर बिल्डर एग्रीमेंट के जरिये अपार्टमेंट खड़ा कर दिया। ऐसे में अर्जुन देव के अलावा केडीए की जमीन होने के बावजूद डिविनिटी होम्स के नाम पर परवाना जारी करने वाले तत्कालीन एडीएम भूध्अध्याप्ति से लेकर केडीए के भी तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

इन दस आराजियों पर अब केडीए बना मालिक

डिविनिटी होम्स जिस 11 बीघा जमीन पर बना है वह आराजी संख्या 1104, 1105, 1107, 1110, 1111, 1112, 1113, 1115, 1116, 1280 में स्थित है। यहां 110 फ्लैट वाले दो ब्लॉक के अलावा 20 डुप्लेक्स बंगले हैं। इनमें से 200 से ज्यादा फ्लैट और डुप्लेक्स बिक भी चुके हैं और 110 से ज्यादा परिवार रह रहे हैं। इन सभी आराजियों में प्रमुख सचिव के आदेश के बाद अब केडीए का नाम दर्ज हो गया है।

## एसडीएम ने खामियां मिलने पर प्रधानाध्यापकों को लगाई फटकार

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ

फिरो./टूंडला– एसडीएम टूंडला द्वारा पचोखरा व श्रीनगर के प्राथमिक विद्यालय में बनने वाले मिड डे मील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनको खामियों मिली इसको लेकर उन्होंने स्कूल के प्रधानाध्यापकों को फटकार लगाते हुए दस दिन में सुधार लाने की चेतावनी दी।



एसडीएम आदेश कुमार सागर ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय पचोखरा पहुंचे। जहां पर उन्होंने मिड डे मील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें खाना गुणवत्तापूर्वक नहीं लगा। इसके साथ ही उन्होंने देखा कि कई बच्चे अपने घरो से रोटी व पराठे लेकर आये हैं इस पर उन्होंने इसकी जानकारी ली। यही हाल प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर में मिला। दोनों ही विद्यालयों में खाने के बर्तन गंदे मिले।

उक्त खामियों के चलते एसडीएम ने दोनों ही प्रधानाध्यापकों को फटकारा लगायी और उनको आदेश दिया कि बच्चों को बर्तनों में ही खाना परोसें। कोई बच्चा घर से बर्तन लेकर नही आयेगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि आगामी आठ दिनों में उन्होंने स्कूलों में सुधार नहीं किया तो उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

## अधिक से अधिक वाहन स्वामियों को कर जमा करने में व शत प्रतिशत शास्ति की छूट प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती,सम्भागीय परिवहन अधिकारी देवीपाटन मण्डल, गोण्डा उमाशंकर यादव एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देवीपाटन मण्डल, गोण्डा अजय यादव द्वारा उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय में एकमुश्त शास्ति समाधान योजना के सम्बन्ध में बैठक की गयी।

बैठक में योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी व अधिक से अधिक वाहन स्वामियों को कर जमा करने में व शत–प्रतिशत शास्ति की छूट प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। यह भी बताया गया कि जो वाहन स्वामी उक्त योजना का लाभ उठाना चाहते है वे 26 जुलाई, 2022 तक ही अपना आवेदन सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय, श्रावस्ती में प्रस्तुत कर सकते है।

बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) विनीत कुमार मिश्र,यात्री /मालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) भीमसेन, दि बस यूनियन एसोसिएशन भिनगा अध्यक्ष हनीफ अहमद, दि यस आपरेटर्स एसोसिएशन मल्हीपुर अध्यक्ष रामराज शुक्ला व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं त्वरित न्याय दिलाने हेतु गेस्ट हाउस अमेठी में जनसुनवाई का किया गया आयोजन

### मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक





अयोध्या टाईम्स एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी। 20 जुलाई 2022, महिलाओं को उनके अधिकार, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को जागरूक करने व शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को जानकारी देने के उद्देश्य से आज जनपद अमेठी के गेस्ट हाउस में पूर्वान्ह् 11.00 बजे मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अनीता सचान की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उक्त जनसुनवाई में मा0 सदस्या के समक्ष 13 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिनमें से मंजू निवासी जगदीशपुर द्वारा घरेलू हिंसा, नसीबुननिशा निवासी नरेनी द्वारा घरेलू हिंसा, खुशबू वर्मा निवासी अम्मरपुर द्वारा प्रेम प्रसंग, राजकुमार निवासी कोरारी मुंशीगंज द्वारा घरेलू हिंसा, संजू देवी निवासी सूरजगढ़ द्वारा मारपीट, आंचल वर्मा निवासी पूरेदेवीदास, गायत्री निवासी सहजीपुर भिठारी, पियारी निवासी रसूलपुर लिलहा थाना कुमारगंज अयोध्या द्वारा पति की हत्या, सोनाली निवासी पूरेरामदीन द्वारा मुआवजा, राम प्यारी निवासी महेशपुर मोचवा द्वारा मेडिकल प्रशिक्षण, ऊषा त्रिपाठी निवासी कलन्दरपुर मजरे हरिहरपुर द्वारा जमीनी विवाद, नीलम निवासी रामगढ़ महका अमेठी द्वारा जमीनी विवाद, ऊषा देवी निवासी सी0एच0सी0 संग्रामपुर द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए प्राप्त शिकायती प्रकरणों पर न्यायोचित समाधान दिलाये जाने का आश्वासन देते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके साथ ही मा0 आयोग की सदस्या ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार, यौन उत्पीडन, दहेज उत्पीडन, मानव तस्करी, भारत में महिलाओं की सम्पत्ति और भरण–पोषण अधिकार व घरेलू हिंसा तथा कन्या भ्रूण हत्या आदि जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टरमीडिएट कालेज केशव नगर अमेठी में अपरान्ह् 01.00 बजे मिशन शक्ति फेज–4 के अन्तर्गत मुख्य अतिथि अनीता सचान द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसके उपरान्त छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या ने उपस्थित बालिकाओं को स्वावलम्बन, उनके अधिकार, योजनाओं व शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा उक्त समस्त प्रकार की हिंसा को रोकने व उनकी समस्याओं के समाधान व उन्हें न्याय दिलाने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर व थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गयी है जहां पर महिलाओं द्वारा शिकायत की जा सकती है तथा महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 आदि पर किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि समाज में हो रही महिलाओं पर हिंसा, अत्याचार, घरेलू हिंसा आदि की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही की जाती है जिससे महिलाओं को डरने व घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मा0 आयोग की सदस्या ने कहा कि यदि महिलाओं पर किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो उसकी सूचना महिला थाना अथवा हेल्पलाइन नंबर व उन्हें भी बिना डरे अवगत कराये जिससे कि त्वरित कार्यवाही के साथ–साथ सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में जनपद स्तर पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं कौमुदी सिंह, साक्षी, अंजली अग्रहरि, जान्हवी सिंह, लालिता पाण्डेय, सेजल मिश्रा, तान्वी सिंह, कीर्ति तिवारी, खुशी मौर्या, वर्षा तिवारी, भूमि सिंह, अर्पिता तिवारी, श्रेया व शिवांशु साहू को प्रशास्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनको सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन संजय सोनी तथा प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया उक्त जनसुनवाई व मिशन शक्ति अभियान के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादव, महिला थानाध्यक्ष ममता रावत सहित अन्य सम्बन्धित गणमान्य उपस्थित रहे।

## आसरा बायोटेक प्रोडयूसर कम्पनी का कार्य दूसरे एफपीओ के लिए प्रेरणादायक

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बाराबंकी में को नाबार्ड के सहयोग से शरणम् संस्थान द्वारा संचालित एफपीओ आसरा बायोटेक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड में नाबार्ड के डीडीएम श्री रबिचन्द्र यादव के नेतृत्व में बर्ड लखनऊ से प्रशिक्षणरत बैंकर्स, बर्ड अधिकारियों द्वारा विजिट किया गया। इस अवसर पर शरणम् संस्थान के सचिव आदेश कुमार सक्सेना ने एफपीओ की कार्य प्रगति व कम्पनी की शुरुआत, संचालन, सदस्यों को जोड़ना, बिजनेश प्लान, बैंक फाईनेंस मे आने वाली समस्याओं पर चर्चा किया गया। आटा प्लान्ट लगाने से पहले किये गए सर्वे अन्य प्लांट का भ्रमण करने के बाद ही विचार किया गया है। इसके साथ ही आने वाले समय में आसरा बायोटेक द्वारा प्योर डाईट ब्राण्ड नाम से सूजी, हल्दी, मैदा की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग कर रिटेल मार्केटिंग किया जायेगा। नाबार्ड के डीडीएम रविचंद्र जी द्वारा प्रशिक्षणार्थीयों को नाबार्ड द्वारा आसरा बायोटेक को किये जा रहे सहयोग, बीडीए, मार्केटिंग सहयोग, रूरल मोबाईल मार्ट, आदि के बारे में बताया साथ ही उन्होंने यह भी बताया आसरा द्वारा किसानों की आय बढाने के लिए आटोमेटिक चक्की आटा प्लान्ट लगाया गया है। एफपीओ द्वारा किसानों से गेहूँ की खरीद करके उसकी प्रोसेसिंग, ग्रेडिग, पैकेजिंग कर 5 किलो, 10 किलो आटा पैकिंग कर अपने स्वयं के ब्राण्ड प्योर डाईट के नाम से रिटेल मार्केटिग किया जा रहा है! बर्ड के अधिकारियों ने शरणम् संस्थान व आसरा बायोटेक कम्पनी के द्वारा किये गए कार्यों की सराहना किया। आये हुए बैंकर्स अधिकारियों को एफपीओ की कार्य प्रणाली को फील्ड मे जाकर देखने और उनको लोन उनकी आवश्यकतानुसार बिना कोलट्रल के दिया जाए। तत्पश्चात आसरा बायोटेक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के चेयरमैन धीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि यह कम्पनी मई 2016 मे 10 सदस्यों के साथ बनाई गई थी और आज इसमे छोटे व लघु सिमान्त वाले 786 शेयरहाल्डर के रूप में जुडें हुए है, कम्पनी मे 10 डायरेक्टर जिसमें आठ पुरूष व दो महिलाएं भी शामिल हैं। कम्पनी के कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए छ प्रकार के प्रबंधन, प्रोसेसिंग, खरीद, मार्केटिंग, प्रशिक्षण, शिकायत, समितियों का गठन किया गया है जिससे एफ.पी.ओ. चलाने मे आसानी होती है। नाबार्ड के डीडीएम श्री रबिचन्द्र यादव, शरणम् संस्थान के सचिव आदेश कुमार सक्सेना आसरा बायोटेक प्रोड्यूसर कम्पनी के चेयरमैन धीरेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक धीरज कुमार, कुंदन सिंह, इन्द्रराम तथा हरिओम यादव, राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।







## राज्य महिला आयोग सदस्या ने सुनी महिलाओं की समस्याऐं

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ

फिरोजाबाद– राज्य महिला आयोग सदस्या उ.प्र. सुमन चतुर्वेदी द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं से जागरूक करने तथा महिलाओं पर होनें वाली हिसा, उत्पीड़न की रोकथाम एवं त्वरित न्याय दिलाये जानें हेतु जागरूकता चौपाल एवं महिला जन सुनवाई का आयोजन निरीक्षण भवन सिविल लाइन दबरई में किया गया। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों का निस्तारण के निर्देश दिए।





महिला जन सुनवाई के दौरान कुल छह शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें पांच प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही हेतु सदस्या द्वारा सम्बन्धित थानाध्यक्ष से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया गया, साथ ही जन सुनवाई में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक को निर्देशित किया गया कि इन प्रकरणों की मॉनीटरिंग करें तथा दो दिवस के अन्दर की गयी कार्यवाही से अवगत करायें।

जन सुनवाई के दौरान एक पीड़िता की शिकायत थी कि उसके ससुरालीजनों नें उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है। जिस पर तत्काल महिला थाना के माध्यम से ससुरालीजनों को बुलाकर दोनों पक्षों को समझाया गया, जिस पर पति–पत्नी आपस में साथ रहनें पर सहमत हो गये। लिखित रूप में समझौता कराकर पीड़ित महिला को उसके ससुराल भेजा गया।

वहीं सदस्या द्वारा महिलाओं के लिये चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वह परिजनों को कन्या सुमंगला योजना के बारे में जागरूक करते हुए आवेदन भरवायें।

इस दौरान डा. अशोक कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, मिथलेश कुमार सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, हीरालाल कनौजिया पुलिस उपाधीक्षक, अशोक शुक्ला निरीक्षक, सोनी यादव उप निरीक्षक, सुशीला बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्रामीण, विजय शर्मा कांस्टेबल उपस्थित रहें।

## डीएम-एसएसपी ने चार जुलाई को नो हेलमेट नो पैट्रोल अभियान का किया था शुभारम्भ, 14 दिन में बिना हेलमेट हुए 5325 चालान

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ

फिरोजाबाद– नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान को लेकर पुलिस सख्ती दिखा रही है। जिले भर में 14 दिन के अंदर यातायात के नियमों की अनदेखी करने वाले 7211 वाहन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इनमें से 5325 चालान बिना हेलमेट पर किए गए हैं।

जिले भर में सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम रवि रंजन और एसएसपी आशीष तिवारी के नेतृत्व में नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चार जुलाई को शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत दो पहिया वाहन स्वामियों से अपील की गई थी कि वह बिना हेलमेट घरों से न निकलें। उन्होंने पेट्रोल पंप स्वामियों व संचालकों के साथ बैठक कर बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल न देने की नसीहत दी थी।

पुलिस के मुताबिक नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के तहत 18 जुलाई तक 14 दिन के अंदर सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों को जीवनदान मिला है।

एसएसपी के मुताबिक अभियान के अन्तर्गत अब तक हेलमेट व यातायात नियमों का पालन न करने पर 7211 वाहनों पर कार्रवाई की गयी है जबकि बिना हेलमेट को लेकर 5325 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। सभी पेट्रोल पम्पों पर सम्बंधित थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, बीट कांस्टेबल के मोबाइल नम्बर चस्पा कराये गये हैं।

जिससे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस की मदद ली जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य दुपहिया वाहन चालकों यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करना तथा सड़क दुर्घटना से उनके जीवन को बचाना है।



छह लोगों की हुई मौत

पुलिस के मुताबिक बिना हेलमेट चलने वाले छह लोगों की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। इसलिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं और यह भी ध्यान रखें कि हेलमेट ठीक से बंधा है या नही, क्योंकि कई बार दुर्घटना में हेलमेट खुल जाता है और व्यक्ति को गम्भीर चोट पहुंचने की संभावना बनी रहती है। हेलमेट पुलिस के डर से नहीं बल्कि अपनी स्वयं की सुरक्षा के लिए लगाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ने किया श्रीनगर गोशाला का निरीक्षण

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरो./टूंडला– एसडीएम टूंडला ने बुधवार को गोशाला श्रीनगर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनको सब कुछ ठीक मिला।



एसडीएम टूंडला आदेश कुमार सागर बुधवार को श्रीनगर गोशाला पहुंचे और वहां पहुंचकर उन्होंने गोवंश के लिये भूसा, हरा चारा व पानी आदि की व्यवस्थाओं को देखा। वहां पर उनको सब कुछ ठीक मिला। फिर भी उन्होंने गोशाला संचालकों को वेहतर व्यवस्थायें करने के लिये कहा। उन्होंने बताया कि गोशाला में भूसा पर्याप्त था हरे चारे की व्यवस्था भी देखी गयी। साथ ही वहां पर पानी की समुचित व्यवस्था थी।

### एसएससी ने थाना टूंडला का किया औचक निरीक्षण

फिरो./टूंडला– एसएसपी ने थाना टूंडला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के समस्त विवेचको को पेन्डिंग विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिये निर्देश। साथ ही अपराध एवं अपराधियो पर कडी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गये।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने मंगलवार देर रात टूंडला थाने का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाने के समस्त रजिस्टरों, आईजीआरएस की स्थिति, कम्प्यूटर रूम, बैरक, भोजनालय, बंदी हवालात आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए थाना परिसर में साफ–सफाई एवं अभिलेखों का उचित रखरखाव करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये। साथ ही थाने के भू–माफिया, टॉप–10, गैंगस्टर, गुण्डा, हिस्ट्रीशीटर, अपराध रजिस्टर न.–4, रजिस्टर न.–8 एवं महिला अपराध से सम्बन्धित रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुत अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा थाने पर पेन्डिंग विवेचनाओं की समीक्षा कर समस्त विवेचको को विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु उचित दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में महिला हेल्प डेस्क, सीएम हेल्पलाइन, जनशिकायत से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निरीक्षण करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने तथा जनसुनवाई को प्रभावी बनाने व छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए मौके पर पहुँचकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

### नहीं रुक रही हर्ष फायरिंग, शादी समारोह में फायरिंग करते वीडियो आया सामने

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद– सुहागनगरी में हर्ष फायरिंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। काफी सख्ती के बाद भी शादी समारोह में फायरिंग नहीं रुक पा रही है जबकि अभी तक पुलिस ऐसे आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। एक बार फिर हर्ष फायरिंग का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें युवक हर्ष फायरिंग करता नजर आ रहा है।

वायरल हो रहा वीडियो शहर के थाना दक्षिण क्षेत्र के सुहाग नगर में संपन्न हुई एक शादी समारोह का बताया जा रहा है। बारात चढ़ने के दौरान एक युवक हाथ में बंदूक पकड़े हुए है जो हर्ष फायरिंग करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो में उसका एक साथी भी उसके साथ फोटो खिंचाता नजर आ रहा है। आरोपी के मन में पुलिस को लेकर युवक के मन में खौफ नहीं है।

हर्ष फायरिंग में हुई है कार्रवाई

जनपद में हर्ष फायरिंग को लेकर पहले भी पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। पुलिस जनवरी से लेकर अभी तक करीब छह लोगों के विरुद्ध हर्ष फायरिंग के तहत मामलों में कार्रवाई कर चुकी है। हर्ष फायरिंग को लेकर लगातार पुलिस लोगों को जागरूक करती आ रही है। सीओ सिटी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मेरे संज्ञान में इस प्रकार का कोई वीडियो नहीं आया है। वीडियो सामने आने पर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हर्ष फायरिंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। पहले भी पुलिस हर्ष फायरिंग के मामलों में कार्रवाई कर चुकी है।

### विद्यालय जाने की राह हुई आसान

अयोध्या टाईप्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी



बुधवार को अमेठी विधायक महरराजी देवी की बहू सुधा प्रजापति ने महिला सशक्तिकरण और शिक्षा स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए। है। अमेठी की बेटी मुस्कान कश्यप पुत्री श्री वंशराज कश्यप ग्राम दूबेपुर की निवासी है इनको विद्यालय जाने में 7से 8 किमी० की दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी, जब यह बात विधायक की बहू के संज्ञान में आई उन्होंने तत्काल एक साइकिल मुस्कान बहन को उपहार में दिया जिससे वो अपनी शिक्षा सुचारू रूप से ग्रहण कर सके। विधायक की बहू का ये सार्थक पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और इस सराहनीय कार्य से समाज में सकारात्मक बदलाव की कड़ी साबित होगा।

### गर्भ से निकलकर दूर जा गिरा बच्चा, पति को आई मामूली चोट, ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गर्भवती महिला की मौत

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरोजाबाद– थाना नारखी क्षेत्र के बत्रा गांव के पास बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। पति के साथ मायके जा रही गर्भवती महिला को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि उसके गर्भ से बच्ची निकलकर दूर जा गिरी जो अब स्वस्थ है। हादसे में पति को मामूली चोट आई है।



आगरा के धनोली निवासी कामिनी अपने पति रामू के साथ बुधवार को मायके थाना नारखी के कोटला फरिहा जा रही थी। वह दोनों बाइक पर सवार थे। नारखी थाना क्षेत्र के गांव बत्रा के समीप तेज गति से आते ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई और पीछे बैठी महिला सड़क पर जा गिरी जबकि उसका पति दूसरी ओर गिर गया। ट्रक का पहिया महिला के ऊपर से निकल गया। महिला की बच्ची गर्भ से निकलकर काफी दूर जा गिरी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बच्ची स्वस्थ है।

सूचना पर पहुंच नारखी पुलिस ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। सीओ टूंडला हरिमोहन सिंह का कहना है कि सड़क हादेस में गर्भवती महिला की मौत हुइ है, उसके गर्भ में पल रही बच्ची जो बाहर निकल आई थी उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

### टूंडला-स्कूलों में चलाया गया राष्ट्रीय ×मि मुक्तिअभियाना

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ फिरोजाबाद

फिरो./टूंडला– नगर व देहात के क्षेत्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को कीड़ा मारने की दवा पिलवायी गयी।

नगर में जीजीआईसी, परिषदीय विद्यालय, गांधी विद्यालय जूनियर हाईस्कूल आदि सरकारी स्कूलों के साथ ही प्राइवेट स्कूलों में भी यह अभियान चलाया गया। इस मौकें पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. कृति गुप्ता ने बताया कि छोटे बच्चों के पेट में कीड़े हो जाते हैं जिससे बच्चों के पेट मेंदर्द की शिकायत हो जाती है। इसके साथ ही बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं इससे निजात पाने के लिये दवाओं का वितरण किया गया है। यह अभियान लगातार चलेगा स्वास्थ्य विभाग सभी स्कूली बच्चों को दवा का वितरण कराकर ही इस कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

जिससे बच्चे स्वस्थ रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधक अर्जुन सिंह, शिवनाथ सिंह, केदार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## हबीबवाला साईं मंदिर के निकट स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर तीन घायल



दैनिक अयोध्या टाइम्स सैय्यद मासूम राजा। धामपुर हबीबवाला नगीना मार्ग पर साईं मंदिर के निकट स्कूटी सवार दंपत्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर जिससे स्कूटी पर सवार पिता पत्नी और बिटिया गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को आनन–फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में लाकर भर्ती कराया डॉक्टरों ने नजराना 18 वर्षीय और उसकी मां 50 वर्षीय सायरा पत्नी इस्लामुद्दीन को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। इस्लामुद्दीन ने बताया कि पखनपुर गंग वाली से धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हकीमपुर शकरगंज उर्फ मधौरा आए थे इस्लामुद्दीन के अनुसार उन्होंने बताया कि हाईवे से मधौरे के लिए जैसे ही स्कूटी मोड़ी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त लगी इस्लामुद्दीन उनकी पत्नी उनकी बिटिया तीनों दूर दूर जाकर पड़े जिससे मेरी बिटिया नजराना और मेरी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि इस्लामुद्दीन को भी काफी चोट आई है लेकिन फिर भी होश हवास में है। ग्राम पखनपुर गंग वाली के मूल निवासी हैं इस्लामुद्दीन की पत्नी सायरा 50 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हैं उनकी बेटी नजराना 18 वर्षीय को भी जिला अस्पताल के लिए दोनों को रेफर कर दिया गया है बताया जाता है कि स्कूटी एक्टिवा नजराना ड्राइवरी कर रही थी इनके मम्मी और पापा दोनों बैठे हुए थे अचानक अज्ञात वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मारी अज्ञात वाहन टक्कर मारने के बाद में रुका नहीं। इस हादसे की खबर इस्लामुद्दीन के रिश्तेदारों को पता चली तो अस्पताल पहुंचे कर घायलों से मिले।

## उत्तर प्रदेश ताईक्वांडो एसोसिएशन द्वारा बागपत में हुई स्टेट लेवल प्रतियोगिता में ओव्या पाराशर ने जिला बिजनौर का नाम रोशन किया

दैनिक आयुधा टाइम्स संवाददाता शरीफ मलिक। किरतपुर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा बागपत में हुए स्टेट लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाजपा नगर महामंत्री गौरव पाराशर की सुपुत्री ओव्या पाराशर ने गोल्ड मेडल जीतकर किरतपुर एवं जिला बिजनौर का मान बढ़ाया, इस प्रतियोगिता में 40 जिलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था, ओव्या पाराशर डीपीएस स्कूल बिजनौर में सेकंड क्लास की छात्रा है नन्ही बेटी ने दिखा दिया की बेटियां किसी से कम नहीं उसकी इस जीत पर ललित राजपूत, आलोक अग्रवाल, हेमेंद्र राजपूत, विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया अनुज अग्रवाल, क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख रजनी कालरा, भाजपा नगर अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, जिला संयोजक शिक्षण संस्थान संजय चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष






चंद शर्मा, संजीव वर्मा सोनू, कन्हैया राणा एवं नगर वासियों ने ओव्या पाराशर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बिटिया को आशीर्वाद और उनके माता–पिता एवं कोच हिमांशु भारती को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## प्रिया सिंह ने एसीसीए यूनाइटेड किंगडम की परीक्षा उत्तीर्ण की



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोहम्मद शाहरुख। कोतवाली देहात। क्षेत्र के ग्राम शादीपुर निवासी प्रिया सिंह ने एसीसीए यूनाइटेड किंगडम की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रिया सिंह की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। ग्राम शादीपुर निवासी इंजीनियर युवराज सिंह की पत्नी प्रिया सिंह ने सन 2017 में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद वह एसीसीए यूनाइटेड किंगडम की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। प्रिया सिंह ने बताया कि यह ऑनलाइन परीक्षा संपन्न हुई जिसमें देश भर के चुनिंदा सीए ही इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर पाए हैं। यह परीक्षा चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दी जाती है। प्रिया सिंह की उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।प्रिया सिंह जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन रहे स्वर्गीय राजेंद्र पाल सिंह की पुत्रवधू है। प्रिया सिंह की परीक्षा उत्तीर्ण होने की खबर सुनते ही क्षेत्र वासियों एवं ग्रामवासियों का उनके निवास स्थान शादीपुर पर बधाई देने वालों का आवागमन रहा। वहीं प्रिया सिंह के पैतृक गांव नारायणपुर में भी उनके पिता श्री बिजेंद्र सिंह को भी उनकी पुत्री की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने बधाई दी। प्रिया सिंह की इस उपलब्धि पर बिजनौर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ बीरबल सिंह ने भी उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस उपलब्धि पर श्रीमती वीरबाला देवी पत्नी स्वं श्री राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि प्रिया सिंह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने घर पर बधाई देने आए सभी मेहमानों का स्वागत किया और सभी को मिठाई वितरित की।

## मोहम्मद साहब के बारे में गलत शब्द बोलने वाले व्यक्तियों के टुकड़े-टुकड़े करने के बारे में धमकी भरे पोस्ट किये

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। सपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल ने एसपी को पत्र भेज कर सपा विधायक आजम खां यूथ ब्रिगेड नाम से फेक अकाउंट बनाकर 6 जून को मोहम्मद साहब के बारे में गलत शब्द बोलने वाले व्यक्तियों को टुकड़े–टुकड़े करने के बारे में धमकी भरे पोस्ट किये हैं जो समाज में अराजकता व भय व्याप्त कर सकते हैं इस मामले में उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की हैं।
वीरेन्द्र गोयल ने एसपी को दिये पत्र में कहा कि सपा विधायक आजम खां के नाम से कोईभी यूथ ब्रिगेड अर्थात आजम खान यूथ ब्रिगेड अस्त्वि में नहीं हैं और न ही कभी अस्त्वि में रही हैं। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आजम खां के नाम से एक फेक पेज अकाउंट टविटर हैंडल पर बना रखा हैं जिसकी जानकारी उन्हे आज हुई तथा असामाजिक तत्वों द्वारा 6 जून को उपरोक्त फेक अकाउंट से एक पोस्ट टविटर पर शेयर की जो हमारे प्यारे नबी को गलत शब्द कहेगा उसके टुकडे–टुकडे कर दिये जायेगे। उक्त पोस्ट जानबूझ कर कुछ शरारती व असामाजिक तत्वों द्वारा समाज में अशांति फैलाने व दो धर्मो के लोगों के बीच दंगा करवाने तथा देश व प्रदेश का माहौल खराब कराने के उद्देश्य से पोस्ट किया गया हैं जिसकी जांच कराना जरूरी हैं। एसपी से उक्त मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई हैं।

## कांवर यात्रा, मोहर्रम व जनता की शिकायतों के निस्तारण को लेकर जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने कांवर यात्रा, मोहर्रम व जनता की शिकायतों के निस्तारण को लेकर जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिशा–निर्देश दिये।
एसपी अशोक कुमार शुक्ला ने बताया रामपुर के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये हैं कि कांवड जत्थेदारों के साथ बैठक कर उनको अवगत करा दें कि कोई भी वाहन की छत पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा न करें। पुलिस प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग पर ही अपने वाहन से अथवा पैदल यात्रा करें। कांवड यात्रा के दौरान डीजे की आवाज मानक के अनुसार रखी जाये व केवल धार्मिक गीत ही बजाये जाये। श्रावण मास में कांवड यात्रा के दृष्टिगत मार्ग एवं मंदिरों पर उचित पुलिस प्रबंध कराना सुनिश्चित करें तथा मंदिरों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करें। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत ट्रेफिक डायवर्जन प्लान की पुनः समीक्षा कर लें तथा उसका कडाई से पालन करायें इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। गौकशी की घटनाओं पर पूर्णत अंकुश लगाये। पिछले दस सालों में गौकशी की घटनाओं में प्रकाश में आये अभियुक्तों का सत्यापन जरूर करें। थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानों, व्यापारियों एवं मीडिया से साथ लगातार संवाद स्थापित बनाये रखें जिससे जरूरत पडने पर उनकी मदद ली जा सकें। सभी मंदिरों, धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए देर रात्रि में थाना क्षेत्र की पोस्टर पार्टी द्वारा सभी धार्मिक स्थलों की चौकिंग करें। जनता की शिकायतों का निस्तारण समय रहते करें। मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत सभी आयोजनकर्ता से वार्ता कर लें तथा जुलूस परंपरागत मार्गो से निकलें। ताजियों की ऊचाई आदि के संबंध में अभी से डयूटी लगा दी जाये।



## शिव महापुराण से मिलती है मन की शांति : कथा वाचक पंडित अमित कौशिक महाकाल भक्तमंडल ने अंग वस्त्र भेंट कर कथावाचक को किया सम्मानित



दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी अल्ताफ रजा। नजीबाबाद नगर की अग्रवाल धर्मशाला में सुचारू और निर्बाध रूप से चल रही है शिव महा पुराण कथा मे प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित अमित कौशिक जी ने बताया कि सावन मास में भगवान शिव का सुमिरन करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। सबके जीवन में सत्यम, शिवम, सुंदरम का भाव होना चाहिए। अर्थात जो सत्य है वही श्रेष्ठ है और श्रेष्ठ ही शिव है। जो शिव है वही सुंदर है और जो सुंदर है वही कल्याणकारी है। हमारा शरीर भी चंद्रमा की तरह कभी घटता और कभी बढ़ता है, इसलिए जीवन में हमेशा शिव की आराधना और उपासना नियमित रूप से करते रहें। शिव की आराधना से ही जीवन आनंदमयी होगा।
कथा के दौरान जय शिव शंकर, हर हर महादेव के जयघोष लगाने से वातावरण पूरी तरह से शिवमय हो गया। इस अवसर पर महाकाल भक्त मंडल द्वारा कथा व्यास पंडित अमित कौशिक जी को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। महाकाल भक्त मंडल द्वारा उनकी सराहना की गई। मध्यान्ह काल 2 बजे से कथा प्रारम्भ होकर सायंकाल 7 बजे तक चली। भगवान भोलेनाथ की आरती के साथ कथा विश्राम हुआ। संगीतमयी कथा में भक्तों ने भगवान के भजनों में आनन्दरस प्राप्त करते हुवे कथा श्रवण किया एवं प्रसाद ग्रहण किया। पंडित हर्षवर्धन जी के सानिध्य में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा मे पंडित चेतन शर्मा, सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, सागर कुमार, रोहित अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापति, शानू, ऋषभ, प्रदीप कुमार, आयुष्मान चंद्रा, रजत महिंद्रा, पुलकित विश्नोई, राजा माहेश्वरी, अक्षय अग्रवाल, यश विश्वकर्मा, गिरीश सिंघल, संजीव माहेश्वरी आदि श्रद्धालु रहे। महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा गर्मी से निजात के लिए मंगलवार की सुबह की गई थी पूजा अर्चना, रात से रुक–रुक कर हो रही झमाझम बारिश।
पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही थी। बारिश पड़ने से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की युवा शाखा के तत्वाधान में ब्राह्मण गौरव स्वाधीनता संग्राम के अग्रदूत मंगल पाडे जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की युवा शाखा के तत्वाधान में ब्राह्मण गौरव स्वाधीनता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।
श्रीराम भवन में आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ राम कुमार शर्मा, मुनीश चंद्र शर्मा और अनुभव वशिष्ठ ने दीप जलाकर किया। देश के विकास में युवाओं की भूमिका पर विचार गोष्ठी में बोलते हुए मुख्य अतिथि मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश हैं यहां 65 प्रतिशत युवा निवास करते हैं। उनकी शक्ति का सदुपयोग देश के विकास में होना चाहिए। नई सोच और जोश के साथ युवा ही देश को एक नई दिशा दे सकते हैं। मंगल पांडे ने भी यही किया। भारत को आजाद कराने के यज्ञ में उन्होंने अपने प्राणों की प्रथम आहुति दी। अनुभव वशिष्ठ ने कहा कि आजादी से पूर्व देश के बलिदान देने की जरूरत थी किंतु आजाद भारत में देश सेवा का जज्बा लेकर जीने की जरूरत हैं। पवन पाठक ने कहा योग्यता होने के बाद भी उचित स्थान न मिलना युवाओं की सबसे बड़ी समस्या हैं। चाहें वह नौकरी ही या राजनीति। दोनो में ही उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। श्यामबाबू शर्मा ने कहा कि भौतिकता की चकाचौंध में हम भारतीय मूल्यों को न भूलें। चंद्रमौली शरण शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण की पहचान हैं शिखा जनेऊ और संस्कार। इसका हम सबको पालन करना चाहिए। हम अपने कर्म और पहनावे से ब्राह्मण दिखाई दें। रामकुमार शर्मा ने कहा कि बदलते परिवेश में युवाओं की सामने चुनौतियां अधिक हैं। उन्हे इनका मुकाबला करने के लिए अपने आपको तैयार करना चाहिए।
इस मौके पर पुनीत शर्मा, प्रिंस शर्मा, प्रमोद रिख, नीरज शर्मा, दीपक शर्मा, अभय गौड़, संदीप शर्मा, राहुल शर्मा, कपिल शर्मा, रामौतार शर्मा, सौरभ शर्मा, अमन वशिष्ठ, मोनिका शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।



## शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में खुलेआम बिक रहे पेट्रोल से जहां इंसानी जिन्दगी को बड़े पैमाने पर खतरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। शहर व ग्रामीण क्षेत्रो में खुलेआम बिक रहे पेट्रोल से जहां इंसानी जिन्दगी को बड़े पैमाने पर खतरा बना हुआ हैं वहीं कुछ रूपयों की लालच में पेट्रोल बेचने वाले भी हर समय बारूद के ढेर पर बैठे हुए नजर आते हैं। पूर्ति विभाग की इस ओर कोई नजर न होने के कारण लोगों में रोष व्याप्त हैं।
वैसे तो केन्द्र व प्रदेश सरकार की सख्त गाइड लाइन हैं कि कोई भी पेट्रोल पंप किसी भी व्यक्ति को कैन या ड्रम में पेट्रोल नहीं बेचेगा सिर्फ वाहनों में पेट्रोल भरा जा सकता हैं लेकिन रामपुर के कुछ पेट्रोल पंप लगातार सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं जिसके नतीजे में शहर व ग्रामीण क्षेत्र में परचून की दुकान या फिर साईकिल मरम्मी की दुकान पर खुलेआम पेट्रोल बिकता हुआ नजर आ सकता हैं। अब तो पान की दुकान पर भी आपको आसानी से पेट्रोल मिल सकता हैं। उक्त दुकानदार पेट्रोल पंपों से कैनों या ड्रमों में पेट्रोल भरवा कर दुकानों पर रख लेते हैं जो कभी भी एक भीषण हादसे का सबब बन सकता हैं। मालूम होना चाहिए कि यदि पेट्रोल में किसी कारणवंश आग लग गई तो वह आग तब तक नही बुझ सकती जबतक पेट्रोल जल नहीं जाता। पेट्रोल में आग भी बड़ी जल्दी लगती हैं और यह भीषण रूप धारण करने से भी नहीं चूकती जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान के अलावा कभी–कभी जान का नुकसान भी उठाना पड़ता हैं। वैसे तो पूर्ति विभाग की जिम्मेदारी बनती हैं कि वह पेट्रोल पंपों पर लगातार छापामार कार्यवाही कर खुले में पेट्रोल बेचने पर अंकुश लगाये लेकिन रामपुर का पूर्ति विभाग को डिपो होल्डरों पर कार्यवाही के नाम जमकर उगाही में ही लगा रहता हैं इसलिए उसे आम जनता की जिन्दगी की कोई परवाह नहीं होती।

## कांवड़ चोरी होने पर हंगामा, दूसरी कांवड़ देकर किया रवाना

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पानीपत मुख्य खटीमा मार्ग पर स्थित रॉयल ब्रेक प्वाइंट पर अपनी कांवड़ रखकर आराम कर रहे भोले की कांवड़ चोरी हो गई, जिसके बाद हंगामा हो गया। मौके पहुँची पुलिस ने शिवभक्त को दूसरी कांवड़ उपलब्ध कराई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। कांवड़ चोरी का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया बुधवार को पानीपत मुख्य खटीमा मार्ग पर स्थित रॉयल ब्रेक प्वाइंट पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक कांवड़िए की कांवड़ ही चोरी कर ली गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुँची और घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद आनन–फानन में प्रशासन ने दूसरी कांवड़ का प्रबंध कराकर मामले को शांत किया,जिसके बाद भोला आपने गणतव्य की ओर रवाना हो गया। कोतवाली प्रभारी निरिक्षक अनिल कपरवान ने बताया कि कांवड़ चोरी का मामला सीसीटीवी कैमरे कैद हो गया था। पंजीठ निवासी युवक उठाकर ले गया था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

## भीषण गर्मी से बिगड़ी कांवड़िए की हालत, भर्ती

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौट रहे कांवड़िए की भीषण गर्मी के चलते हालत बिगड़ गई। तुरन्त उसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया है,जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है।बुधवार को धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे हरियाणा के चरखी दादरी निवासी राजेश शर्मा जैसे ही कैराना पहुँचे तो अचानक भीषण गर्मी के चलते उसकी हालत बिगड़ गई।
पहले कांवड़ शिविर सेवा में शिवभक्त को प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में उसी सीएचसी कैराना पर भर्ती कराया गया, जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है। साथी सज्जन शर्मा ने बताया कि उल्टी– दस्त होने के कारण भोले की हालत बिगड़ी है। देर रात्रि भी झझर निवासी अमित नामक कांवड़िया उल्टी–दस्त होने के कारण निढाल हो गया था, जिसे पुलिस के सहयोग से सीएचसी पर भर्ती कराया गया था।

## अज्ञात चोरों ने हजारों की नकदी व मोबाइल चुराया

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दीवार फांदकर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखी हजारों की नकदी व मोबाइल चुराया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी इस्लाम पुत्र जिंदा ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह परिवार सहित मकान की छत पर सो रहा था कि इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोर दीवार फांदकर मकान में घुस गए और अलमारी में रखी 29 हजार रुपये की नकदी एक मोबाइल व आर्टीफिशियल झुमकी सहित अन्य सामान चुरा ले गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अग्रिम।कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विकासखंड अजीतमल के सभागार में आज भूजल सप्ताह मनाया गया






गुरदीपसिंह अयोध्या टाइम्स औरैया औरैया,अजीतमल विकासखंड अजीतमल के सभागार में भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाता है आज दिनांक 19 साथ 2022 को विकासखंड अजीतमल के सभागार में भूजल सप्ताह का आयोजन सहायक विकास अधिकारी पंचायत अतुल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें विकासखंड के समस्त कार्यकर्ताओं को जल संचयन और जल बचाओ अभियान के लिए सजक किया गया, एडीओ पंचायत अतुल मिश्रा ने समस्त ग्राम प्रधानों को इंडिया मार्का हैंड पंप के पास एक सोख्ता गड्ढा ब्लॉक से आवंटित करने का लक्ष्य दिया,इस मौके पर अतुल कुमार मिश्रा, एडीओ पंचायत, राज बहादर एडीओ आईएसबी, विवेक कुमार, सतपाल यादव, श्याम सिंह भारती लघु सिंचाई विभाग अजीतमल ,शैलेंद्र सिंह प्रधान अमावता, लल्ला सेंगर अमावता समाजसेवी, टंडन ,अनामिका दीक्षित महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी , आंगनबाड़ी कार्यकत्री ,रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान,समस्त स्टाफ, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## परिजनों ने पड़ोस के ही लोगों पर लगाया हत्या का आरोप, बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की सिर पर बजनदार वस्तु से प्रहार कर हत्या

रिपोर्ट– राज पलिया ब्यूरो चीफ
फिरोजाबाद। मंगलवार रात्रि एक 55 वर्षीय बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की भारी प्रहार से हत्या कर दी। दुकान पर ही उनका शव पड़ा मिला है। प्रथम दृष्टया मामला रंजिश का प्रतीत हो रहा है। घटना स्थल पर एसएसपी ने पहुंचकर मौका मुआयना करते हुए पूछताछ की है। फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए हैं।
थाना दक्षिण क्षेत्र के गांव बरगदपुर निवासी करीब 55 वर्षीय बुद्धसेन फतेहाबाद रोड बरी के पास बिल्डिंग मेटेरियल का कारोबार करते थे। मंगलवार देर रात वह अपने प्रतिष्ठान पर बैठे थे। तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने उनकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। जब वह काफी देर तक घर नही पहुंचे तो उनका बेटा श्यामवीर पिता को बुलाने के लिए दुकान पर पहुंचा तो वहां रक्तरंजित शव पड़ा देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी।
मौके पर एसएसपी आशीष तिवारी समेत थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसएसपी के निर्देश पर फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए हैं। घटना को लेकर एसएसपी ने बताया कि फिलहाल जांच में सामने आया है कि कुछ लोग बुद्धसेन के पास बैठे थे। उनकी भूमिका संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं मृतक के बेटे ने पड़ोस के ही कुछ लोगों पर व्यापार को लेकर मनमुटाव होने के चलते हत्या करने की आशंका व्यक्त की है।




# संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता ने मंत्रियों से मिलकर नगीना विधान सभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी ।नगीना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता रोहित रवि ने उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी से सचिवालय उत्तर प्रदेश में औपचारिक मुलाकात करते हुए उन्हें नगीना क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रवासियों का धन्यवाद कर विकास का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर रोहित रवि, सुशील चौधरी, शुभम चौहान, सचिन समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

### मुफ्ती जलील के परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने मौलाना सैयद अरशद मदनी साहब से मुलाकात की



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी प नगीना। दिवंगत पूर्व विधायक मौलाना मुफ्ती जलील अहमद कासमी के परिवार के एक प्रतिनिधिमंडल ने देवबंद स्थित उनके आवास पर उनके उत्तराधिकारी शेखुल इस्लाम, भारत के अमीर, जमीयत उलेमा हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद अरशद मदनी साहिब से मुलाकात की। मुफ्ती नबील अहमद रशीदी सदस्य जमीयत उलमा जिला बिजनौर ने जानकारी देते हुए कहा कि मौलाना मदनी ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर खुशी जाहिर की और हजरत शेख–उल–हिंद मौलाना महमूद–उल–हसन देवबंदी की सेवाओं का जिक्र किया कि उन्होंने कितने प्रतिभाशाली और जिम्मेदार लोगों को तैयार किया, मौलाना मदनी ने मुजाहिदीन–ए–आजादी की सेवाओं को भी याद किया। इस समय मुफ्ती नबील ने मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्हें मौलाना सैयद अरशद मदनी से मिलकर बहुत खुशी हुई. और जमीयत उलेमा हिंद का इतिहास बताते हुए उन्होंने कहा कि जमीयत उलेमा हिंद ही एकमात्र ऐसी पार्टी थी जिसने भारत के विभाजन का कड़ा विरोध किया, जमीयत उलेमा हिंद ने हमेशा प्यार और स्नेह का संदेश दिया,जमीयत उलेमा हिंद हमेशा शांति की राह पर चलता है इस मौके पर मौलाना वकील अहमद रशीदी, मौलाना तल्हा रशीदी, मुफ्ती कफील अहमद मजाहिरी, मुफ्ती हुजैफा रशीदी, मौलाना गफरान कासमी, मौलाना तैयबा, कारी मुहम्मद अकदास बैठक में मौजूद थे।

### नगीना मे ए आई एम आई आई पार्टी का हाजी माईनुद्दीन का जिला सचिव बनने पर फूल मालाओ से स्वागत किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स सलाउद्दीन सिद्दीकी ।नगीना मे ए आई एम आई आई की मोहल्ला लुहारी सराय नगीना में विधान सभा अध्यक्ष शैख इरशाद अहमद के निवास स्थान पर हाजी माईनुद्दीन का जिला सचिव बनने पर बड़ी गर्म जोशी के साथ फूल मालाओ से स्वागत किया ओर उन्हे ढेर सारी मुबारकबाद पेश है स्वागत समारोह मे मध्ये प्रदेश में मिली जीत का जशन एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया इंशाअल्लाह यह जीत का सिलसिला आगामी निकाए चुनाव उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जाएगा शैख् इरशाद अहमद ने सभी कारयकर्ताओ से अपील ओर की सारे मनमुटाओ भूलकर सारी ताकत से आगामी निकाए चुनाव में जुट जाए ताकि उतर प्रदेश में भी जीत का परचम फेरासके हमारी भूख प्यास सिर्फ जीत हो स्वागत करने वालो में सर्व प्रथम अतीक अंसारी,रईस अमीन साहब,रिजवान खासाब,अफसार डेंटर,इकबाल अहमद, नफीस अहमद,शमशाद आलम,नईम अहमद,रईस मेसन,सलाहुद्दीन छोटा,इरशाद ,निसार अहमद,मोहद रईस,शरीफ सैफी,नईम बायर,आदि।

### जिला पंचायत सदस्य इरफान जमाल का इंतकाल, नगर मे शोक की लहर



नूरपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा प नूरपुर।नगर क्षेत्र के करीबी गाँव ग्राम धूंधली निवासी राष्ट्रीय लोकदल नेता डॉक्टर इरफान जमाल का लंबी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया।इंतकाल की खबर सुनते ही नगर क्षेत्र मे शोक की लहर दोङ गई।गौरतलब है की डॉक्टर इरफान जमाल नूरपुर ब्लॉक वार्ड नंबर 3 से मौजूदा जिला पंचायत सदस्य के पद पर कार्यरत थे।व वर्षो से राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के झुझारू नेता थे।पार्टी के लिए तन मन धन से लगे रहते थे।वह काफी समय से गंभीर बीमारी से ग्रस्त चल रहे थे।तथा दिल्ली के नीची अस्पताल मे जिनका उपचार चल रहा था।रविवार को उन्होने उपचार के दौरान आखरी सांस ली।उनके इंतकाल की खबर सुनते ही नगर क्षेत्र मे शोक की लहर दोङ गई।व राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने अपना एक नेता खो दिया।जिनकी भरपाई करने नामुमकिन है।रवीवार को देर शाम उनका शव उनके गांव पहुचने पर देखने वालो का तांता लग गया।देर रात ही उनको सुपुर्द खाक कर दिया गया।उनके जनाजे मे सामाजिक राजनीतिक व्यापारीगण व उनके समर्थको सहित हजारो की संख्या मे लोगो ने जनाजे की नमाज मे शिरकत की।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना गर्मी से मिली राहत



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता हैदर राजा नूरपुर।कई दिनों से लगातार चढ़ते पारे के बाद बुधवार की सुबह से झमाझम बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। कई जगह जलभराव भी हो गया। वहीं, दूसरी ओर किसानों की फसलों को भी लाभ पहुंचा।जुलाई माह के दूसरे सप्ताह से ही पारा हर दिन चढ़ता जा रहा था। बढ़ती गर्मी ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया था। धूप के कारण लोग परेशान थे। लेकिन बुधवार की सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली। इससे नूरपुर,ताजपुर,हंसुपुरा,और आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने लगी।सुबह आधे घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। उसके बाद दिन भर हल्की बूंदाबांदी से मौसम बिल्कुल सुहावना हो गया। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। बारिश से किसानों के भी चेहरे खिल उठे। धान की रोपाई के लिए बारिश बेहद आवश्यकता थी। बारिश के चलते अधिकतम तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 29 डिग्री पर आ गया। लोगों ने बारिश का आनंद लिया।

### तेज बारिश में बिजनौर डीएम व एसपी निकले शिव भक्तों की सुध लेने के लिए



नजीबाबाद दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता नसीम उस्मानी ।नजीबाबाद मंडावली। जानकारी के अनुसार आज बिजनौर के डीएम उमेश मिश्रा और एसपी दिनेश सिंह तेज बारिश में भी कावड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोटा महादेव मंदिर में पहुंचकर कावड़ियों के हालचाल जाना। और कानून सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।दरअसल आपको बता दें जनपद बिजनौर के डीएम उमेश मिश्रा और एसपी दिनेश सिंह ने थाना मंडावली क्षेत्रान्तर्गत मोटा महादेव पुलिस चौकी व मोटा महादेव मंदिर पर तेज बारिश में पहुंचने ओर कावड़ यात्रा व कांवडियों की सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लिया उनका हालचाल जाना।सावन के महीने में कावड़ यात्रा की शुरुआत में ही डीएम उमेश मिश्रा और एसपी दिनेश सिंह ने सड़कों पर उतर कर कावड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।और कांवरियों का हालचाल जाना और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर एसपी सिटी प्रवीण रंजन सिंह, व नजीबाबाद उप जिलाधिकारी ,विजय वर्धन तोमर, क्षेत्रीय अधिकारी गजेंद्र पाल सिंह, मंडावली थाना प्रभारी नरेंद्र गौड व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## रेड क्रास सोसाइटी बलरामपुर के समाजसेवी डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु बने संरक्षक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता



बलरामपुर । कलेक्ट्रेट सभागार बलरामपुर में जिलाधिकारी श्रुति के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू को रेड क्रास सोसाइटी का संरक्षक चुना गया, साथ ही दस सदस्यीय संचालन समिति,वित्त समिति, उपाध्यक्ष, सदस्य सचिव, कोषाध्यक्ष, का चुनाव किया गया । रेड क्रास सोसाइटी का जिलाधिकारी पदेन अध्यक्ष है उक्त अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्या,सीएमओ डा. सुशील कुमार,डा. तारिक अफजल सिद्दीकी,डा प्रमोद श्रीवास्तव, डा अजय प्रकाश श्रीवास्तव,डीपी सिंह बैस,रघुनाथ अग्रवाल,प्रीत पाल सिंह,अजय मिश्र,सरदार अमरजीत सिंह,सरकारी अस्पताल के सभी डाक्टर आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी के द्वारा फीता काटकर पीजा खालो रेस्टोरेंट का उद्घाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)
उतरौला नगर में पिज्जा खा लो रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन,उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के भाई व ब्लॉक प्रमुख गैंडास बुजुर्ग राकेश तिवारी,उतरौला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी के द्वारा फीता काटकर पीजा खालो रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया इस मौके पर सभी लोगों ने पिज्जा खा लो रेस्टोरेंट के सीईओ वंश अग्रवाल को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी आपको बता दें कि पिज्जा खा लो रेस्टोरेंट के सीईओ वंश अग्रवाल ने बताया कि यह उनका 12वा आउटलेट है जहां पर कई प्रकार के खाने वाली चीजें मिलती हैं हमारी सभी रेस्टोरेंट पूरी तरीके से वेजिटेरियन है जहां पर कई तरीके के खाने वाली सामान मिलती हैं इस



मौके पर भाजपा नेता देवनंद गुप्ता,हर्षित जायसवाल,राम सिंह,आनंद विक्रम सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राष्ट्रीय हिंदू परिषद, सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

## कलक्ट्रेट परिसर में कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाने के लिए आयोजित हुआ विशेष कैम्प

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स

- आयोजित कैम्प में वैक्सीनेशन के साथ साथ बनाये जा रहे है आयुष्मान कार्ड

देवरिया(सू0वि0) 20 जुलाई। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आज कलक्ट्रेट परिसर में कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाने के लिये विशेष कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में 18 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ता, कर्मचारी व आम नागरिकों ने बूस्टर डोज लगवाया।

जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड 19 संक्रमण के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए अब 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को भी निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में लगे कैम्प में लोग स्लॉट बुक कराने के साथ ही आधार कार्ड लेकर सीधे आ सकते हैं। उपलब्धता के आधार पर उन्हें वैक्सीन की बूस्टर डोज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परिसर में ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी कैम्प का आयोजन किया गया है। निर्धारित योग्यता पूरी करने वाले नागरिक अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनवा सकते हैं।

डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार 30 सितंबर तक समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन कर रही है। कोविन पोर्टल पर अपना स्लॉट बुक कर निकटवर्ती स्वास्थ्यकेंद्रों पर अपनी सुविधानुसार निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगवा सकते हैं। उन्होने बताया है कि वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त होने के छह माह अथवा 26 सप्ताह पूर्ण होने के पश्चात ही प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। कोविड–19 वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज के लिए पहली एवं दूसरी खुराक में प्रदान की गई वैक्सीन का ही उपयोग किया जाएगा। किसी अन्य वैक्सीन को लगवाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से कोविड टीकाकरण कराने की अपील की।

## भजनानंद आदर्श गौशाला पहुचे वन राज्यमंत्री, किया निरीक्षण, वाटिका में लगाए पौधे

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी 20 जुलाई, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पयार्वरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डा. अरूण कुमार सक्सेना ने भजनानंद आदर्श गौशाला में विकसित नक्षत्र वाटिका, अमन इण्टरनेशनल स्कूल में वृक्ष रोपित करते हुये कहा कि वृक्षों के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुष्टि मिलती है, वनों से हमे औषधीय जड़ी बूटियां, गोंद, घास तथा जानवरों का चारा भी प्राप्त होता है, वन तापमान को सामान्य बनाने में सहायक एवं भूमि को बंजर होने से रोकने में महती भूमिका निभातें है, वृक्ष दूषित वायु को ग्रहण करके हमें शुद्ध एवं जीवनदायक वायु प्रदान करते है, हवा और पानी जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक वृक्ष हैं इसलिए वनों की सुरक्षा के साथ अधिक से अधिक वृक्ष रोपित करने होंगे, हमारी सभ्यता वनों की गोद मे ही विकसित हुई है।



श्री सक्सेना ने कहा कि देश की समृद्धि में वृक्षों का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए राष्ट्र के हर नागरिक को स्वयं और राष्ट्र के हित के लिए वृक्षारोपण करना बहुत आवश्यक है। उन्होने कहा कि वृक्ष हमारे लिए काफी लाभदायक हैं, वातावरण में फैली कार्बन डाइ–ऑक्साइड को वृक्ष जीवनदायिनी ऑक्सीजन में बदल कर हमें पूरी जिन्दगी ऑक्सीजन प्रदान करने का काम करते हैं, वृक्षों की पत्तियों, छालों एवं जड़ों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती है, वृक्षों से रसदार एवं स्वादिष्ट फल प्राप्त होते हैं साथ ही वृक्ष हमें छाया प्रदान करते हैं इनके छाया में पशु–पक्षी ही नहीं बल्कि मनुष्य को भी चौन की सांस मिलती है, जहां वृक्ष पयार्प्त मात्रा में होते है, वहां वर्षा भी अधिक होती है, वृक्षों से पयार्वरण की खूबसूरती में निखार आता है। उन्होने कहा कि वन महोत्सव के अन्तगर्त जनपद में जितने भी पौधे रोपित किये गये हैं, वह विकसित भी हों, सुनिश्चित किया जायेगा यदि गर्मी के कारण कुछ स्थानों पर रोपित किये गये पौधे खराब हो गये हों तो उन्हें वन विभाग के अधिकारी तत्काल बदलवाना सुनिश्चित करें, रोपित किये गये पौधों में से कम से कम 95 प्रतिशत से अधिक पौधे विकसित होकर जन–सामान्य को प्राणदायी ऑक्सीजन प्रदान करने का कार्य करेंगे।

विधायक भोगांव, पूर्व मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री ने वृक्ष रोपित करते हुये कहा कि हमारे देश में कई वृक्षों को पूजा भी जाता है, नीम ,पीपल ,आंवला, बरगद आदि वृक्षों में ईश्वर का निवास स्थान माना जाता है, जिन वृक्ष की हम पूजा करते है उनमें औषधीय गुणों का भंडार भी होता हैं जो हमारी सेहत को बनाये रखाने में मददगार होते है। उन्होने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण के कारण पूरे भू–मंडल की स्थिति चिंताजनक हो गयी है, जाडे में अधिक जाड़ा, गर्मी में अधिक गर्मी, बरसात में अधिक बरसात इसी का परिणाम है वायु प्रदूषण से आस्थमा, केंसर जैसी गम्भीर बीमारियों फैल रहीं है, परिस्थिति संतुलन के लिए वृक्षारोपण ही महत्वपूण है, हमें वृक्षारोपण को जन आन्दोलन के रूप में अपनाना होगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस.एन.मौर्य, उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, ब्लॉक प्रमुख जागीर, घिरोर, मनेष चौहान, सत्यपाल यादव, सौरभ उपाध्याय, सुभाष मिश्रा, ज्ञाप्रसाद दुबे, आशीष पाण्डेय, रोहित कुमार, रणवीर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## द्वितीय किसान दिवस का हुआ आयोजन, अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर करें किसानों की समस्या का समाधानः सीडीओ

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स
देवरिया, 20 जुलाई। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आज मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में द्वितीय किसान दिवस का आयोजन हुआ। बैठक में जिला प्रशासन तथा किसान प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मंथन किया।

किसानों ने नहरों में पानी न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि बारिश न होने से धान की फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। कई किसानों ने ट्यूबवेल से पर्याप्त जल न मिलने की शिकायत भी की। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को नहरों में पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं किसी नहर से कटान होने की सूचना मिले तो तत्काल उसकी मरम्मत की जाए तथा नहर को क्षति पहुंचाने के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए

किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि बारिश कम होने की वजह से किसान निजी साधनों से सिंचाई करा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विद्युत विभाग से कनेक्शन कटौती अभियान रोकने के साथ ही मौके पर विद्युत कनेक्शन देने की मांग रखी, जिसपर सीडीओ ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। किसानों द्वारा गत खरीफ सीजन के 31 किसानों के धान क्रय का भुगतान न होने का मुद्दा उठाया गया। सीडीओ ने सात दिन के भीतर भुगतान करने के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया। जिला गन्ना अधिकारी ने किसान प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद में कुल 31 करोड़ दस लाख रुपए मूल्य के गन्ने की पेराई हुई थी, जिसके सापेक्ष 18 करोड़ 48 लाख रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

सीडीओ ने एलडीएम अरुणेश कुमार को निर्देशित किया कि केसीसी से जुड़े प्रकरणों में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुज्जमिल ने किसान प्रतिनिधियों को बताया कि जिन किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से गैरलाभार्थी श्रेणी में आना है उन्हें 24 जुलाई तक लिखित में सूचना देनी होगी। अन्यथा की स्थिति में उनका प्रीमियम कट जाएगा।

कृषि विज्ञान केंद्र के रजनीश श्रीवास्तव ने जनपद की मृदा की गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट के विषय में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवाश्म की कमी की वजह से मृदा की जल धारण क्षमता कम होती जा रही है। उन्होंने किसानों से गो–आधारित प्राकृतिक कृषि करने का अनुरोध किया तथा रासायनिक खाद की जगह की जैविक खाद का प्रयोग करने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को अंतर–विभागीय समन्वय स्थापित कर किसानों की समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया।

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद, उप निदेशक कृषि विकेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पीएन सिंह, डीडीएम नाबार्ड संचित सिंह समेत विभिन्न अधिकारी एवं किसान प्रतिनिधि मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों के बाजार उपलब्धता हेतु विकास खंडवार दिवस व तिथि निर्धारित

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स
देवरिया (सू0वि0) 20 जुलाई। उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवरिया के तत्वाधान में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देशन में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों यथा साजावटी सामान, गाय के गोबर के दीये, क्ले पेन्टिंग, क्रोसिया, मूंज उत्पाद, राखी, मास्क तिरंगा, खिलौने, खाद्य सामग्री जैम, जैली, आचार, पापड़, मुरब्बा, बड़ी, चाकलेट, केक, लकड़ी के खिलौने, जूट बैग, टेडी बियर, नेम प्लेट, एल०ई०डी० उत्पाद, झालर झूमर आदि के बाजार उपलब्धता हेतु जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर सप्ताहिक हाट–बाजार का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी की प्रेरणा से इस कार्य को प्रारम्भ किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के इस पहल से जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामानों का प्रचार–प्रसार होने के साथ–साथ उनके आजीविका संवर्धन का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कार्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं सभी विकास खण्ड के लिए सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी को नोडल नामित किया है। जनपद स्तर पर इस सप्ताहिक हाट–बाजार का आयोजन प्रत्येक सोमवार को विकास भवन परिसर के मुख्य गेट पर ( प्रेरणा सभागार के सामने) आयोजित किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंडवार साप्ताहिक हांट बाजार के निर्धारित दिवस तथा स्थलों के विवरण में बताया है कि सोमवार के दिन ब्लॉक रामपुर कारखाना हेतु बड़ी बाजार रामपुर कारखाना स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। मंगलवार के दिन ब्लॉक बनकटा व भलुअनी के विकास खंड परिसर तथा देसही देवरिया हेतु पंचायत नौतन हथियागढ स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार बुधवार को ब्लॉक भागलपुर हेतु मईल चौराहा, भटनी हेतु नूरीगंज बाजार, भाटपाररानी हेतु पकड़ी बाजार तथा रुद्रपुर हेतु बेलवा दुबौली हांट बाजार के लिए स्थल निर्धारित किया गया है।बृहस्पतिवार के दिन ब्लॉक बैतालपुर के गेट पर हाट–बाजार हेतु स्थल निर्धारित किया गया है। शुक्रवार को ब्लॉक बरहज हेतु ग्राम पंचायत लवरछी, गौरी बाजार हेतु सांडा तथा पथरदेवा हेतु रामपुर महुआबारी स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। शनिवार के दिन ब्लॉक सदर हेतु पैकौली बाजार, लार हेतु विकास खंड परिसर, सलेमपुर हेतु पड़री बाजार तथा तरकुलवा हेतु तरकुलवा बाजार थाने के बगल में स्थल निर्धारित किया गया है।

इस हाट–बाजार के माध्यम से जनपद के आम जनमानस को अपने विकास खण्ड स्तर पर घरेलू उपयोग के सामग्री उपलब्ध हो पायगी। साथ ही साथ समूह सदस्यों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य एवं स्थानीय बाजार उपलब्ध होगा। नजदीकी बाजार की उपलब्धता के कारण स्वयं सहायता समूह के मनोबल में वृद्धि होगी और समूह सदस्य अन्य विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य उत्पाद बनाकर विक्रय करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने आम जनमानस को अवगत कराया है कि अपने जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा निर्मित उत्पादों को अपने नजदीकी हाट–बाजार में भ्रमण कर अपनी इच्छा से कोई भी एक उत्पाद खरीद कर ग्रामीण महिलाओं के हुनर को प्रोत्साहित करे, जिससे उनके स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान में वृद्धि हो सके, इस पुण्य और नेक कार्य का भागीदार बने।

## देश आजादी के 75 वर्षो बाद भी नेपाल से सटे ककरदरी गांव में अबतक नहीं जल सका बल्ब

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकासखंड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरदरी जो आज भी देश आजादी के 75 वर्षो बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यह गांव जंगल से उस पार नेपाल बॉर्डर से सटा भारतीय सीमा में बसा हुआ है। इस गांव में करीब 400 घर जिसकी कुल जनसंख्या ढाई हजार के करीब है। वर्षो पूर्व गांव में पुलिस चौकी बनाई गई परंतु इस चौकी में थाने की पुलिस एक रात भी नही ठहरी। इंडो नेपाल बार्डर सुरक्षा के दृष्टि गत गांव के पूरब सशस्त्र सीमा बल की चौकी बनी हुई है जहां पर हर वक्त जवान अपनी ड्यूटी में मुस्तैद रहते हैं। विकासखंड हरिहरपुर रानी का ग्राम पंचायत ककरदरी जो इकलौता गांव होने के बावजूद लोगों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विकास का ढिढोरा पीटने वाली केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार 11 वर्षो बाद भी गांव में एक बल्ब भी नही जलवा पाई जिससे यहां के लोग आज भी ढेबरी,मोमबत्ती के सहारे रहने को मजबूर है। गांव में विद्युत सप्लाई के लिए विभाग ने 11 वर्ष पूर्व करीब 50 खम्भों के ऊपर केविल तार व 10 ट्रांसफार्मर लगवाए थे परंतु वन विभाग के हस्तक्षेप के चलते गांव में सप्लाई नहीं दी गई। प्रधान प्रतिनिधि राजीव यादव, धनश्याम शुक्ला, रामचंद्र, सकटू, बृज लाल, गिरधारी लाल, कमलेश कुमार, पवन कुमार गुप्ता, मोहित गुप्ता, राजे यादव का कहना है कि 11 वर्ष पूर्व गांव में लगाए गए खंभों पर सप्लाई के तार व ट्रांसफार्मर सड़ कर गिर रहे है। कई बार शासन से लेकर सांसद व विधायक सहित जिले के आलाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है परंतु इस भीषण समस्या से जूझ रहे हम ग्राम वासियों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।



## जिला पंचायत क्षेत्र चुनाव, क्षेत्र के विकास की प्रथम सीढ़ी है-राहुल राज रस्तोगी





नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती द्वारा जिला पंचायत वार्ड संख्या 8 हेतु भाजपा समर्थित प्रत्याशी का नामांकन कराया। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी की अध्यक्षता में जिले के जनप्रतिनिधियों, सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी तथा कार्यकर्ता भारी संख्या में नामांकन में शामिल रहे।

बुधवार। भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती के भाजपा समर्थित प्रत्याशी अवधेश वर्मा ने अपने समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला पंचायत क्षेत्र हरिहरपुर रानी चतुर्थ वार्ड संख्या 8 के उप चुनाव हेतु अवधेश वर्मा को भाजपा समर्थित प्रत्याशी बनाया गया। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी द्वारा भाजपा जिला कार्यालय पर नामांकन से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, सदस्य विधान परिषद डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि अवधेश पाण्डेय सहित जिले के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कहाकि पंचायत चुनाव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि पंचायत चुनाव क्षेत्र के विकास की प्रथम सीढ़ी है। क्योंकि यह वह पायदान है जिससे उस क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों का समुचित विकास किया जा सकता है। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर अवधेश वर्मा को विजय श्री दिलाकर सरकार की जन कल्याणकारी व विकास योजनाओंको हर ग्राम पंचायत व पुरवे तक पहुंचने के लिए अपना पूरा योगदान देना है। नामांकन कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला, जिला मंत्री अरुण पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, नेकराम पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, विन्नु तिवारी, मण्डल अध्यक्ष अनिल निषाद, मण्डल अध्यक्ष विनोद साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मा0 सदस्या ने संयुक्तजिला चिकित्सालय एवं वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या कुमुद श्रीवास्तव ने संयुक्त जिला चिकित्सालय, भिनगा का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान सदस्या ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा इलाज के लिए आये मरीजों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम भी जाना तथा जच्चा–बच्चा वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम सहित अन्य वार्डों का गहनता से निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधीक्षक को निर्देशित किया की अस्पताल में भर्ती मरीजों को कोविड–19 नियमों का पालन अवश्य करायें एवं गर्भवती महिलाओं को खान–पान, दवा–इलाज, टीकाकरण आदि में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने जोर देते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार जन–जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है।



इसलिए सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं उन्हें समय से मुहैया करायी जाएं। संस्थागत प्रसव वाली महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत समय से लाभान्वित भी किया जाए, ताकि उन्हें बार–बार अस्पताल का चक्कर न लगाना पड़े।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जेता सिंह, डा0 एन0एन0 पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

तदोपरान्त मा0 सदस्या ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भिनगा स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर वरिष्ठजनों का कुशलक्षेम जाना तथा फूलमाला पहनाकर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर सदस्या ने अपने सम्बोधन में कहा कि वरिष्ठजनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में छुपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए एवं बुजुर्गों के प्रति चिंतन की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का अवतार होते हैं, जिनके आशीर्वाद से हमारा पालन पोषण होता है, उनके प्रति मन में सम्मान और अटूट प्रेम होना स्वभाविक सी बात है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण होता है, उस अवस्था में उनके साथ होना, जब वे असहाय और अक्षम होते हैं। यही उनके प्रति हमारे प्रेम और सच्ची श्रद्धा होती है। आज हमारे समाज में बुजुर्गों को दोयम दर्जे के व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों के सामने स्वास्थ्य के अतिरिक्त मुख्य समस्या अकेलेपन की है। बड़े होने पर बच्चे अलग रहने लगते हैं और केवल विशेष अवसरों पर ही वे उनसे मिलने आते हैं। कभी–कभी उनसे मिले महीने या वर्ष भी गुजर जाते हैं। इसलिये हम सबका दायित्व बनता है कि अपने–अपने माता–पिता को अपने पास रखें और उनके अकेले पन को दूर रखें। आश्रम में जो भी वृद्धजन आवासित है यदि उनको कोई समस्या है तो वे हमे कभी भी बता सकते हैं मैं उनकी सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहूंगी।

इस दौरान ज्ञात हुआ कि वृद्धाश्रम में कई वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल पा रही है। जिस पर सदस्या ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि उन्हें चिन्हित करते हुए पेंशन की अग्रिम कार्यवाही करायी जाए। वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो वे बेझिझक उनसे सम्पर्क कर उनके नम्बर–9044252520 पर अपनी समस्या बता सकते है, निश्चित ही उन समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### पीड़ित की मृतक पत्नी के बचत खाते से रुपए निकालने वाले षड्यंत्रकारीयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग

ब्यूरो रिपोर्ट बलरामपुर/उतरौला (बलरामपुर)
कोतवाली उतरौला के ग्राम रानीपुर निवासी फारुक ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित की मृतक पत्नी के बचत खाते से रुपए निकालने वाले षड्यंत्रकारीयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

आरोप है कि पीड़ित फारुक की पत्नी स्वर्गीय मेहरून्निसा के नाम से उतरौला डाकखाना में बचत खाता संचालित था। जिसमें लगभग डेढ़ लाख रुपए जमा था। विगत वर्ष एक मई को मेहरून्निसा की मृत्यु हो गई थी। पीड़ित की पत्नी के मृत्यु के बाद से ही मृतिका के मायके वाले पीड़ित के संपत्ति पर बुरी नजर रखने लगे, और हमेशा इसी फिराक में रहते कि कब मौका मिले कि पीड़ित की पत्नी के नाम की संपत्ति पर अपना कब्जा जमा लें। मायका पक्ष के लोगों ने साजिश के तहत पीड़ित के बच्चों को गुमराह कर के स्थानीय भूमाफियाओं की मदद से पीड़ित को फर्जी तरीके से संगीन धाराओं में निरुद्ध करवा दिया। पीड़ित जब जेल से छूटने के बाद अपने घर पहुंचा तो ताला लगा हुआ पाया। पीड़ित कुछ दिन तक इधर–उधर नाते रिश्तेदारों में रहने लगा जब रुपयों की आवश्यकता पड़ी तो, मृतक पत्नी का पासबुक तलाश कर पोस्ट ऑफिस उतरौला पहुंचा। पोस्ट ऑफिस में पता चला कि मृतक पत्नी के खाते में रुपया नहीं है। मृतक पत्नी के खाते से मोहल्ला सुभाष नगर निवासी बिलाल अहमद एवं ग्राम उपरौहुला निवासी शहजाद, महजाद, नूरजहां, रहमतुल्लाह, शफी ने पीड़ित का जेल में निरुद्ध रहने का फायदा उठाकर, पीड़ित का फर्जी तरीके से पैन कार्ड, आधार कार्ड बनवा कर पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों की मदद व सहयोग से षड्यंत्र करते हुए मृतक पत्नी के नाम पोस्ट ऑफिस में जमा रुपया निकालकर बंदरबांट कर लिया।

### स्वतन्त्रता सेनानी की पत्नी को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र के साथ सम्मनित किया गया

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स । देवरिया। दिन बुधवार को 75 वाँ आजादी का अमृत महोत्सव के मध्य नजर आज रेसुब./पो. ध्देवरिया सदर पर स्वतन्त्रता सेनानी स्व. रंगलाल शिवानन्द ब्रहमचारी निवासी–मझवां,पोस्ट–समोगर ,जिला–देवरिया की पत्नी श्रीमती शान्ति देवी, स्व.हरि प्रसाद निवासी –मोहर, पोस्ट–समोगर, जिला– देवरिया की पत्नी श्रीमती राम विलासी देवी जो स्वतन्त्रता सेनानी की पत्नी को सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र के साथ सम्मनित किया गया तथा आरपीएफ से सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस पदक से सम्मानित सत्तन प्रसाद चौधरी पुत्र स्व.सरजू प्रसाद चौधरी निवासी–महादेवा जंगल,पोस्ट– चौरीचौरा, थाना–चौरीचौरा,जिला– गोरखपुर को ससम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह एवम अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।




### जुआ खेलते समय 3 अभियुक्त गिरफ्तार, 4 मोटरसाइकिल सीज

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद में अपराधों की रोकथाम व मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्तो, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व मे थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर जयता जानकीनगर गांव के निकट बाबादीन की आम के बाग मे जुआ खेलते हुए 03 अभियुक्तगण बाबूदीन पुत्र नन्हे. सलाउद्दीन पुत्र मौलहे, छोटकऊ पुत्र मुकद्दर निवासीगण चनैनी थाना नवाबगंज जनपद बहराइच को 6460/–रुपये नगद माल फड़, 52 अदद ताश के पत्ते के साथ गिरफ्तार किया गया साथ ही साथ 4 अदद मोटर साईकिल सीज की गई।
गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मु0अ0सं0 1314/2021 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

### जिले में मूसलाधार हुई बारिश से सूख रही फसलों को मिला जीवन,आम जन मानस सहित पशु पंछियों,पेड़ पौधों की बुझी प्यास

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) उमस भरी गर्मी से त्रस्त आम जन मानस को उस समय राहत मिली जब सुबह सबेरे आसमान में काले काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के झाकोरों के साथ मूसलाधार बारिश होने लगी जो देर रात तक जारी रही।



मूसलाधार बारिश होने से जहां एक तरफ उमस भरी गर्मी से राहत मिली तो वही खेतों में रोपाई की गई धान की फसलों में पानी के लग जाने से किसानों में खुशी का माहौल देखने को मिला। जिले में तमाम किसान ऐसे भी है जिनके पास सिंचाई का कोई साधन नहीं है पैसों के अभाव में वह बादलों को निहार रहे थे कि जब बारिश होगी तो अपने खेतों में धान की रोपाई कर लेंगे जिसके चलते धीरे धीरे रोपाई करने का समय भी निकल रहा था कि अचानक बारिश होते ही किसान अपने अपने खेतों में जाकर पानी पाते ही धान की रोपाई शुरू कर दी। सावन मास के प्रथम सप्ताह में शुरू हुई बारिश का असर कही कम तो कही अधिक देखने को मिला। जिले के तहसील क्षेत्र सिरसिया व तहसील क्षेत्र जमुनहा तथा भिनगा क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई तो वही तहसील क्षेत्र इकौना व गिलौला में बारिश का असर कुछ कम देखने को मिला।

### 4 शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर के तहत हुई कार्यवाही

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)जनपद श्रावस्ती के अंतर्गत थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण चूबे खां उर्फ मोहम्मद उमर पुत्र अलाउद्दीन निवासी खानसाहब पुरवा थाना मल्हीपुर, अब्दुल हकीम पुत्र सहरे, हुसैन उर्फ अली हुसैन पुत्र ताहिर अली निवासीगण महुली बनकटवा थाना मल्हीपुर, शाकिर पुत्र आशिक अली निवासी भाटन देवरा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर चूबे खां है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिकध्भौतिक लाभ लेने के लिए क्षेत्र से गोवंश की चोरी कर उनका वध करके उनकी खाल व मांस बेचने की घटनाए कारित की जाती रही है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, बालिका सहित दो की मौत

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,कुरावली में तेरहवीं कार्यक्रम में भाग लेकर एटा लौट रहे बाइक सवारों की बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिससे सात वर्षीय बालिका सहित दो लोगों की मौत हो गई। एक बाइक पर चार लोग सवार थे। दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की खबर पाकर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### युवक ने घर के कमरे में लगाई फांसी, परिजनों में मचा कोहराम

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भरतवाल में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की खबर पाकर पहुंची पुलिस में परिजनों से जानकारी जुटाई। मौत का कारण जानने के लिए शव कब्जे में लिया गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। घटना के संबंध में कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

### मशीनरी पार्टस की दुकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किए ढाई लाख रुपए, सनसनी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी,कुरावली कोतवाली गेट के सामने मशीनरी पार्टस की दुकान से मंगलवार रात चोरों ने गोलक से नगदी चोरी कर ली। दुकान स्वामी ने चोरी की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने दुकान का निरीक्षण कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## जिलाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को ऐल्बेण्डाजाल टेबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्तिदिवस कार्यक्रम किया गया शुभारम्भ



पीलीभीत जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तखान में किया गया।
जिलाधिकारी द्वारा कीड़े की गोलियों से बच्चों के स्वास्थ्य पर होने वाले लाभ भी बताये गये। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा



स्कूली बच्चों को स्वयं ऐल्बेण्डाजॉल टेबलेट खिलाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया कि इस गोली को खाली पेट चबाकर भी खाया जा सकता है। कर शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति के लिए 01 से 02 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पिसकर खिलाई जाये तथा मुख्य चिकित्साधिकारी ऐल्बेण्डाजॉल गोली के अन्य फायदें भी बच्चों को समझाये गये। जिले का एन0डी0डी0 कार्यक्रम का लक्ष्य 992940 है जिले में 4633 स्कूल, मदरसा व ऑगनबाडी केन्द्रों पर कृमि नाशक दवा का सेवन कराया गया। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, भोजनालय, शौचालय व्यवस्था देखी गई। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिये गये। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी श्री हरिदत्त नेमी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक मोहम्मद नाजिर, जिला सलाहकार आर0के0एस0के0 अबसार अहमद सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम का किया घेराव अभद्रता का लगाया आरोप

पीलीभीत पूरनपुर तहसील परिसर में आज कौशलेंद्र भदौरिया प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री पद पर रह चुके हैं किसी काम से एसडीएम के ऑफिस में गए थे इस दौरान उन्होंने कुर्सी को खींचा और उस पर बैठ गए आरोप है कि तभी एसडीएम ने उनको कुर्सी से उठाकर खड़े होकर खड़े होकर बात करने को कहा जिससे नाराज अधिवक्ता ने इसकी जानकारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सक्सेना से की इसी दौरान अधिवक्ता एसडीएम के ऑफिस में पहुंचे और कहां लकीरों की बेज्जती बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नाराजगी व्यक्त की पूरनपुर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा कोई भी अभ्रदता नहीं की गई है बल्कि उनसे कुर्ती ना खींच कर आगे की कुर्सी पर बैठने की बात कही थी फिलहाल



अधिवक्ता संघ और एसडीएम के बीच काफी देर तक बातचीत चलती रही जिसके बाद दोनों लोगों में आपसी समझौता होकर सहमति बन गई कि आगे किसी भी अधिवक्ता को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

## पुलिस ने लूट की घटना को ठगी में किया दर्ज चाकू की नोक पर लूट लिए थे महिला के आभूषण

पूरनपुर।घर से निकली महिला को दो अज्ञात लोगों ने रोक कर बातों में उलझाने के बाद चाकू की नोक पर सोने के आभूषण लूट लिए थे।पुलिस ने इस मामले में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।
नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी शकुंतला देवी 19 जुलाई की सुवह घर से टहलने निकली थी।नगर के अशोका ट्रांसपोर्ट के पास उसको दो अज्ञात युवक मिल गए।पहले दोनों ने बातें करते हुए महिला को उलझा लिया था।
उसके बाद सड़क के किनारे ले जाकर चाकू दिखाकर महिला से सोने की चौन,कान की झुमकी,सोने की तीन अंगूठियां लूट ली थी।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।उसके बावजूद पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने इस घटना में लूट के बजाय ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया महिला ठगी का शिकार हुई है।जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।दोनों अज्ञात की बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। घटना का खुलासा होगा।

## 140 लीटर कच्ची शराब बरामद, महिला सहित तीन को भेजा जेल

• सेहरामऊ–पूरनपुर पुलिस का अलग–अलग घरों पर छापा

पीलीभीत पूरनपुर।सेहरामऊ व पूरनपुर पुलिस ने अलग–अलग घरों में निकाली जा रही अवैध कच्ची शराब को लेकर आबकारी टीम के साथ छापामारी की।इस दौरान पुलिस ने महिला सहित तीन को शराब भट्टी सहित दबोच लिया। रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया।
पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत के चलते अवैध कच्ची शराब का धंधा जमकर फल–फूल रहा है। एसपी के आदेश पर बुधवार को सेहरामऊ पुलिस ने मुखविर की सूचना पर एक घर में छापा मारा।पुलिस को देखकर कई मौके से फरार हो गए।एक आरोपी को मौके से ही पुलिस ने दबोच लिया।जिसके पास से 80 लीटर अवैध कच्ची शराब शराब,बनाने के उपकरण बरामद किए गए।पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नितिन कुमार निवासी चतीपुर वताया।वंही पूरनपुर पुलिस ने आबकारी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर बड़े पैमाने पर निकाली जा रही कच्ची शराब को लेकर घर में छापा मारा।
इस दौरान महिला सहित दो को दबोच लिया।पुलिस ने मौके से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण बरामद किए।पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मुकेश कुमार व शांति देवी निवासी चांट फिरोजपुर बताया है।दोनों मामलों में पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### डीएम/एसपी पीलीभीत ने कांवड़ यात्रा के सम्बन्ध में पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा गोष्ठी

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा गाँधी सभागार पीलीभीत में कांवड़ यात्रा के सम्बन्ध में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के पुलिसध्प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी।





गोष्ठी के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान मंदिर परिसर व आवागमन के मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश, प्राथमिक उपचार, पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने, यातायात मार्ग पर सीसीटीवी, बैरिकेडिंग कराने, कांवड़ यात्रा एवं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था एवं कांवड़ हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार–प्रसार व कांवड़ कंट्रोल रूम को सुचारू रूप से संचालित कराने आदि दिशा निर्देश दिए।

## उपभोक्तसंरक्षण अधिनियम 219 की धारा 18(2)(1) के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं और संरक्षण को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी, होटल या रेस्तरां भोजन बिल में स्वचलित रूप से या डिफाल्ट रूप से सेवा शुल्क नही जोडेंगे

पीलीभीत। जनपद के सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने हाल ही में उपभोक्त संरक्षण अधिनियम 219 की धारा 18(2)(1) के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं और संरक्षण को रोकने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। होटल और रेस्तरां में सेवा शुल्क लगाने के सम्बन्ध में उपभोक्ता हित में सम्बन्ध में दिशा निर्देश 04.07.2022 से लागू हुए, जो इस प्रकार हैः– होटल या रेस्तरां भोजन बिल में स्वचलित रूप से या डिफॉल्ट रूप से सेवा शुल्क नही जोडेंगे। सेवा शुल्क की वसूली किसी अन्य नाम से नही की जाएगी। कोई भी होटल या रेस्तरां किसी उपभोक्ता को सेवा शुल्क का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं करेगा और उपभोक्ता को स्पष्ट रूप से सूचित करेगा कि सेवा शुल्क स्वैच्छिक, वैकल्पिक और उपभोक्ता के विवेक पर है। सेवा शुल्क के संग्रह के आधार पर सेवाओं के प्रवेश या प्रावधान पर कोई प्रतिबंध उपभोक्ताओं पर नही लगाया जाएगा। खाद्य बिल के साथ जोड़कर और कुल राशि पर जीएसटी लगाकर सेवा शुल्क नही लिया जाएगा।
दिशानिर्देशों में वे कार्रवाइयां शामिल है जो उपभोक्ता होटलध्रेस्तरां द्वारा दिशा निर्देश उल्लघंन के मामले में कर सकते हैं, जिसमें सम्बन्धित जिले के जिला कलेक्टर को जांच के लिए शिकायत जमा करना और बाद में CCPA द्वारा कार्यवाही करना शामिल है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 17 के तहत, उपभोक्ता अधिकारों के उल्लघंन या अनुचित व्यापार प्रथाओं से सम्बन्धित एक शिकायत जो एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के हितों के लिए हानिकारक है, लिखित रूप में या इलेक्ट्रॉनिक मोड में जिला कलेक्टर को अग्रेषित की जा सकती है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 16 के तहत, शिकायत पर या केन्द्रीय प्राधिकरण द्वारा उसे दिए गए एक सन्दर्भ पर, जिला कलेक्टर अपने अधिकार क्षेत्र में एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के अधिकारों के उल्लघंन के सम्बन्ध में शिकायतों की जांच कर सकता है और अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता है। केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लघंन करते हुए सेवा शुल्क लगाना अनुचित व्यापार व्यवहार है ओर एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के अधिकारों को प्रभावित करता है, ऐसी शिकायत का संज्ञान प्राथमिकता पर लिया जाना चाहिए। जिला कलेक्टर ऐसी शिकायत के आधार पर दिशा निर्देशों के उल्लघंन पर जांच कर सकते हैं और शिकायत प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट CCPA को प्रस्तुत कर सकते है।

## पीलीभीत थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा चोरी गये सामान व अवैध शस्त्र सहित 02 अभियुक्तों को मात्र 36 घटे में किया गिरफ्तार

पीलीभीत पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत क्षेत्राधिकारी सदर पीलीभीत के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान, गिरफ्तारी वांछित अभियुक्त, अवैध शराब व अवैध शस्त्र, जुआ नियंत्रण, विवेचना निस्तारण तथा वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.07.2022 को थाना जहानाबाद पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना जहानाबाद (पीलीभीत) के कुशल नेतृत्व में 02 नफर अभियुक्त 1.विष्णु शर्मा पुत्र मोहनस्वरुप शर्मा नि0 मो0 शारदा कालोनी थाना कोतवाली जिला पीलीभीत व 2. रजत पुत्र नत्थूलाल निवासी मो0 विश्वनाथ पुरम शारदा कालोनी थाना कोतवाली जिला पीलीभीत जिन्होंने थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम जतीपुर स्थित वैदिक कन्या इण्टर कालेज से स्कूल का सामान (कम्प्यूटर, फायर सिलेण्डर, लेमीनेशन मशीन) आदि को चुरा लिया था, जिसके सम्बन्ध में दिनांक 18.07.2022 को थाना जहानाबाद पर मु0अ0सं0 284/22 धारा 380 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था, को उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में अभियान चलाकर शिवपुरिया तिराहा के पास से 36 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया है, जिनके पास से वैदिक कन्या इण्टर कालेज से चोरी किया गया सामान एक एल0ई0डी0 स्क्रीन, एक सी0पी0यू0/डी0बी0आर,एक डिश का सेट टॉप बाक्स, दो सिलेण्डर अग्निशमन वाले दो बडी एल0ई0डी0 लाईट बरामद हुई। अभियुक्तगण 01– विष्णु शर्मा पुत्र मोहन स्वरूप शर्मा उपरोक्त से एक अदद तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस व 02– रजत पुत्र नत्थूलाल उपरोक्त के



पास से एक अदद चाकू नाजायज भी बरामद हुआ है। थाना जहानाबाद पर क्रमशः मु0अ0सं0 288/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम अभियुक्त विष्णु शर्मा पुत्र मोहनस्वरुप उपरोक्त व मु0अ0सं0 289/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट सम्बन्धित अभियुक्त रजत पुत्र नत्थूलाल उपरोक्त के पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणो को वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए एल्बेंडाजोल की टेबलेट सभी बच्चों को खिलाया जाना आवश्यक, जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी 20 जुलाई, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर नगर के कुं. आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को अपने कर कमलों से एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाते हुए कहा कि कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए एल्बेंडाजोल की टेबलेट सभी बच्चों को खिलाया जाना आवश्यक है, क्योंकि बच्चों में कृमि संक्रमण के लक्षण कभी–कभी तुरंत दिखाई नहीं देते, परन्तु कृमि बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्पूर्ण विकास को लम्बे समय तक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होने कहा कि बच्चों के अनियमित खानपान, नंगे पैर घूमने, मिट्टी आदि में खेलने के कारण कृमि पैदा होते हैं जो शरीर में रहने पर बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं, कृमि संक्रमण से बच्चों में खून की कमी, भूख न लगना, बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी व दस्त के साथ–साथ वजन में कमी आती है, वहीं दूसरी ओर उनके पोषण एवं हीमोग्लोबिन स्तर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होने कहा कि कृमि संकमण की एल्बेंडाजोल टेबलेट से बच्चों का सम्पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है, कीड़ो की गोली एल्बेण्डाजोल खिलाने से बच्चो में एनीमिया की कमी दूर होगी साथ ही पोषण स्तर में भी वृद्धि होगी, बच्चो का शारीरिक एवं मानसिक विकास होगा, उनका वजन भी बढ़ेगा, प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होगी, बच्चों के शारीरिक विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

श्री सिंह ने बताया कि 01 से 02 वर्ष के बच्चो को आधी गोली पीसकर पानी के साथ, 02 से 06 वर्ष के बच्चो को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ तथा स्कूल न जाने वाले 06 से 19 वर्ष के बच्चो को पूरी एक गोली चबाकर पानी के साथ आंगनवाड़ी कायर्कत्रियो द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र पर खिलायी जायेंगी, यह दवाई 01 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को आगंवाडी केन्द्रों के माध्यम से, 06 से 19 वर्ष के बच्चों को समस्त विद्यालयों, मदरसों में निःशुल्क खिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि एल्बेंण्डाजोल बच्चों के लिये सुरक्षित दवा है, जिससे बेहतर पोषण स्तर के साथ–साथ वातावरण में कृमि की संख्या कम होने पर समुदाय को लाभ मिलेगा। उन्होने विद्यालय की छात्राओं से सीधे संवाद करते हुये कहा कि आप सब साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दें, अपने नाखून न बढ़ने दें, प्रतिदिन नहायें, बालों को सही ढंग से साफ करें, खाने से पहले साबुन से हाथों को साफ करके धोएं, विद्यालय आने पर अपने साथ पेपर सोप लेकर आयें और मध्यान्ह भोजन के समय पेपर सोप से हाथ धोकर ही खाना खाएं। उन्होने छात्राओं



से कहा कि मोबाइल का कम से कम प्रयोग करें, प्रतिदिन कम से कम घर पर 01 से 04 घंटे अवश्य पढ़ें, कुछ समय खेल में भी व्यतीत करें, जीवन में सच्चाई का मार्ग अपनाकर आगे बढ़ें, लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए अभी से कठिन परिश्रम करें, आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि एल्बेंडाजोल गोली शरीर के बर्म को मारकर ही दम लेती है, यह दवा किसी भी टिश्यू, सिस्टम को नहीं छोड़ती सिर्फ शरीर में छुपे कीड़ों को ही ढूंढ कर नष्ट करने का काम करती है। उन्होने कहा कि पेट के कीड़ों की दवा न लेने के कारण बच्चों में गम्भीर बिमारियों की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होने जनपदवासियों को आहवान करते हुये कहा कि वह अपने सभी बच्चों को कीडों की गोली अवश्य खिलवायें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी.पी. सिंह ने जन–सामान्य का आव्हान करते हुये कहा कि घरों में हमेशा साफ पानी रखें, आस–पास सफाई रखें, खाने को ढक कर रखें, अपने हाथ साबुन से धोयें (विशेषकर खाने से पहले एवं शौच के बाद) तथा खुले में शौच न जायें। उन्होने कहा कि कृमि मुक्ति दिवस को अपने सभी बच्चों को स्कूल भेजें और कृमि मुक्ति दवा एल्बेंडाजोल खिलायें जिससे कि उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर जिला कायर्कम अधिकारी ज्योति शाक्य, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव राय, डा. संजीव राव बहादुर, प्राचार्या डा. शैफाली यादव, प्रधानाध्यापिका शशिप्रभा, रजनी कुशवाह, ईशू, संध्या, सुषमा रानी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रविन्द्र गौर, डीपीएम संजीव पाण्डेय सहित विद्यालय, स्वास्थ्य का अन्य स्टाफ आदि उपस्थित रहे, कायर्कम का संचालन उवर्शी ने किया।

## राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा जी के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज शर्मा जी द्वारा श्रीमती प्रतिभा दीक्षित को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा नियुक्तकिया गया!

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ,मैनपुरी
मंगलवार दिनांक 19 जुलाई राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा जी के आदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज शर्मा जी द्वारा श्रीमती प्रतिभा दिक्षित जी को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा नियुक्त किया गया! जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट करते हुए प्रतिभा दीक्षित जी को बहुत–बहुत बधाई दी!
श्रीमती प्रतिभा दीक्षित जी ने संगठन की महिला बहनों का राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश वा मंडल के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया! और राष्ट्रीय हिंदू महासभा भारत के सभी जिला अध्यक्ष व जिले के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए सोशल मीडिया द्वारा सभी मंडल व जिले के पदाधिकारियों को संगठन में अपनी जिम्मेदारी समझकर पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते हुए संगठन को और गति प्रदान करने का निर्देश दिए!
बधाई देने वालों में मुख्य रूप से–
श्री विवेक शर्मा जी राष्ट्रीय अध्यक्ष, ममता शुक्ला जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,श्री मनोज शर्मा जी प्रदेश अध्यक्ष, श्री राजेश गुप्ता जी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री अभिनव त्रिपाठी जी प्रदेश महासचिव, क्षमा द्विवेदी जी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा कानपुर, श्री कौशल किशोर पांडे जी प्रदेश मीडिया प्रभारी, ऋषि दीक्षित प्रदेश मीडिया प्रभारीध प्रभारी कानपुर मंडल विनय सोनी महासचिव कानपुर मंडल अजय, कुमार निखिल सचिव कानपुर मंडल, विपिन कुमार संगठन मंत्री कानपुर मंडल, अनुज कुमार जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा कानपुर नगर, रवि गुप्ता जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा कानपुर नगर, आदित्य खरे जिला अध्यक्ष लखनऊ, अनुज कुमार मंडल उपाध्यक्ष गोविंद नगर आदि!



## खाली पड़े तालाब का होगा उद्धार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी
बिछवा विकास खंड सुल्तानगंज के गांव औरन्ध मैं स्थित बड़े तालाब पर जिला पंचायत के तहत तीन करोड पच्चास लाख रुपए लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कराया जाएगा साथ ही तालाब के चारों तरफ तारकशी के साथ व टहलने के लिए इंटरलॉकिंग फुटपाथ वह गांव के युवाओं का बड़े बुजुर्गों के लिए व्यायाम स्थल के साथ चारों तरफ पौधारोपण वह घाट के रूप में तालाब तक उतरने के लिए सीढ़ियां का निर्माण कराया जाएगा साथ ही तालाब की खुदाई व सफाई का कार्य संपन्न कराया जाएगा जिसका आज दिनांक 20 जुलाई दिन बुधवार को शाम 5रू00 बजे शिलान्यास होगा जिसमें क्षेत्रीय विधायक, प्रतिनिधि मंत्री गण व जिला पंचायत सदस्य के अलावा क्षेत्र के लोग मौजूद रहेंगे।
क्षेत्र के लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष गोविंद भदौरिया के साथ शिव प्रताप चौहान अखंड चौहान अछय सिह को तालाब के जीर्णोद्धार की पहल करने के लिए काफी सराहना की है.
औरंध की भव्यता में तालाब का जीर्णोद्धार होना एक और औरन्ध के लिए मिसाल
एक तरफ गांव अपने आप में एक अनोखी पहल के लिए जाना जाता है यहां महतारी महल से लेकर भव्य मंदिर वह एक ही परिवार में गांव ही नहीं अपितु दूसरे राज्य में भी नाम रोशन करने का अपने आप में खिताब दर्ज है।
आलीशान महल कोठी के पीछे सुंदर झील नुमा तालाब का जीर्णोद्धार होना क्षेत्र के लिए एक गौरव की बात है।



## भाजपा सरकार में अपराधों पर लगा अंकुश, सरकार की योजनाओं का गरीबों को मिल रहा लाभ - वन पर्यावरण मंत्री

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी
एलाऊ – विकासखंड जागीर क्षेत्र के गांव पढ़ोरा मे अनुसूचित मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बादाम संखवार के यहां प्रवास कार्यक्रम के दौरान बुधवार को शाम 4रू00 बजे वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना पहुंचे। भाजपाइयों ने फूल माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा त्रिपाठी कवित्री ने की संचालन जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण मंत्री ने कहा भाजपा सरकार में अपराधों पर अंकुश लगा है। गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के मिल रहा है। कोरोना काल से गरीबों को प्रतिमाह दो बार निशुल्क राशन दिया गया। शादी अनुदान के लिए सरकार द्वारा गरीब की बेटी के लिए 1 लाख रूपये की धनराशि दी जाती है। वायुमंडल को दूषित होने से बचाने के लिए सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, एक पौधा जरूर लगाएं। जिससे वातावरण शुद्ध होगा एवं भीषण गर्मी से निजात मिलेगी। सपा शासनकाल मे पुलिस बेबस थी, भाजपा सरकार में पुलिस निष्पक्षता से काम कर रही है। इस मौके पर मनेश चौहान ब्लाक प्रमुख, सुभाष राजपूत, छविराम सिंह चौहान, कमलकांत मिश्रा, महिपाल सिंह चौहान, मोहित दुबे, रॉकी चौहान, सहदेव सिंह ग्राम प्रधान, प्रवीन यादव, देशराज राजपूत, सोमेंद्र राजपूत सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद थे। कार्यक्रम समापन के उपरांत बादाम सिंह शंखवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षण हेतु निर्धारित ट्रेडों इलैक्ट्रशियन एवं दर्जी का प्रशिक्षण दिया जायेगा

पीलीभीत सहायक प्रबन्धक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र पीलीभीत द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु अनुसूचित जाति–जनजाति स्वप्लान योजनान्तर्गत हेतु चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र पीलीभीत के माध्यम से चलाया जाना है। प्रशिक्षण हेतु निर्धारित ट्रेडों इलैक्ट्रशियन एवं दर्जी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षार्थियों के चयन के सम्बन्ध में 33 प्रतिशत महिलाओं एवं 04 प्रतिशत दिव्यांगजनों का चयन किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल एवं उनकी आयु 18 से 45 के मध्य होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी आधार कार्ड, पासबुक, दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, एक फोटो, जाति प्रमाण व मोवाइल नम्बर आदि होना चाहिए। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक युवक एवं युवतियां ऑनलाईन आवेदन पत्र्.कपनचउेउम.नचेकब.हवअ.पद पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदक जनपद का स्थाई निवासी हो। आवेदक का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की अन्तिम तिथि 20.08.2022 है।

### साइबर अपराध जागरूकता अभियान के अन्तर्गत थाना सेहरामऊउत्तरी पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

पीलीभीत थाना सेहरामऊ उत्तरी पर साइबर अपराध की रोकथाम हेतु गठित साइबर हेल्प डेस्क टीम के सदस्य व0उ0नि0 राजीव सिंह चौहान, कम्प्यूटर ऑपरेटर अक्षय कुमार, म0का0 सोनी, म0का0 नेहा थाना सेहरामऊ उत्तरी के द्वारा अकाल अकादमी स्कूल, सेहरामऊ उत्तरी जनपद पीलीभीत में "साइबर अपराध जागरूकता अभियान" के अन्तर्गत गोष्ठी आयोजित कर साइबर अपराधों से बचाव हेतु बरती जाने वाली सावधानियों तथा साइबर अपराध की शिकायत के सम्बंध मे सरकार द्वारा जारी किये गये।



### पीलीभीत पुलिस मिशन शक्तिजागरुकता अभियान

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी. के निर्देशन में "मिशन–शक्ति" अभियान के क्रम में जनपद पीलीभीत के समस्त थानों पर गठित एन्टी रोमियो टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रोंध्बस अड्डाध्सार्वजनिक स्थानोंध्प्रमुख चौराहोंध्कस्बोंध्प्रमुख बाजारोंध्धार्मिक स्थलध्स्कूलध्कॉलेज आदि के आस–पास गश्तध चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंवन के प्रति जागरुक किया गया तथा उनकी सुरक्षा आदि के सम्बंध में वार्ता कर आवश्यक हिदायत दी गयी साथ ही समस्त एण्टीरोमियों टीमों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर उपस्थित बालिकाओंध महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षाधमिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेलपलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। मिशन शक्ति जागरुकता अभियान से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट वितरण किए गये।



### वटवारे को लेकर महिला सहित चार को पीटा

पूरनपुर।माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष निवासी मोइन खान ने बताया कि उसकी बहन के घर उनके बहनोई के भाइयों में बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था।जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी।आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने से आक्रोशित होकर छोटे,इबराम,इकराम आदि ने महिला को जमकर पीटा।बचाने आए मोइन,शरीफ,याशीन को भी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।धारदार हथियार मार देने से मोईन गंभीर रूप से घायल हो गया।उपचार के लिए सभी को पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां मोइन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है।

### गर्भवती विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

पूरनपुर।थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कला निवासी श्वेता देवी ने बताया कि उसकी शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रमपुरा ता.महाराजपुर निवासी एक युवक के साथ कुछ साल पहले हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग आए दिन मारपीट करते हैं। घर में किसी से भी विवाद हो लेकिन मारपीट उसी के साथ करते हैं। उसने बताया कि वह गर्भवती है।उसके बावजूद ससुराली उसके साथ मारपीट कर रहे हैं।कई बार उसे जान से भी मारने का प्रयास किया।बुधवार को बेवजह ससुरालियों ने उसको मारा पीटा और घर से निकाल दिया।वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।कोतवाली पहुंचकर विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी है।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच की जा रही है।मामला सही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सर्पदंश से श्रमिक की हालत गंभीर,रेफर

पूरनपुर।क्षेत्र के गांव नारायणपुर बुजुर्ग निवासी सोवरन लाल एक सिख फार्मर के यहां काम करता है।वुद्धवार को वह फार्मर पर काम कर रहा था।इसी दौरान जहरीले सांप ने डस लिया।जिससे वह बेहोश होकर खेत पर ही गिर गया।खेत स्वामी उसको आनन–फानन में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचा।लेकिन हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां ग्रामीण की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### काउंसलरो ने तीन परिवारों को टूटने से बचाया

पूरनपुर।बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र पर तीन दंपतियों के बीच सुल्ह समझौता कराया गया।जिसमें रीना का अपने पति आमिर खां,कासिफा पत्नी इस्लाम, सोनी देवी पत्नी वीरू सिंह के बीच गलतफहमी को लेकर विवाद चल रहा था।तीनों मामलों में सुलह समझौता करा कर सभी को मिठाई खिलाकर हसी खुशी से विदा किया गया।इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने अध्यक्षता की इस मौके पर काउंसलर महेंद्र मिश्रा, मुरारी श्रीवास्तव,सुनील वर्मा,फकरुल मंजरी,पवन यादव, रितु राज शर्मा,आरक्षी कंचन सहित कई मौजूद रहे।

### आगरा-लखनऊएक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने रोडवेज बस में मारी टक्कर, एक यात्री की मौत, एक दर्जन घायल

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ
मैनपुरी,आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर माइलस्टोन 90 के निकट अज्ञात ट्रक ने आंबेडकर नगर डिपो की बस में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई तथा अन्य यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही करहल पुलिस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।
आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर यह हादसा सोमवार की रात 11.30 बजे के करीब हुआ। आंबेडकर नगर डिपो की रोडवेज बस (यूपी 78–एफबी 1916) दिल्ली से यात्रियों को लेकर आजमगढ़ जा रही थी। करहल थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस–वे के माइलस्टोन 90 के निकट बस में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बस में सवार 13 यात्री घायल हो गए तथा 25 वर्षीय शिवम नाम के एक यात्री की मौत हो गई। इस यात्री के पते की जानकारी नहीं हो पाई है। करहल पुलिस का कहना है कि जो भी यात्री घायल हुए हैं, उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है।
मृतक की पहचान कराई जा रही है।



## फरीदपुर कोतवाल ने पैरामिलिट्री के साथ किया फ्लैग मार्च

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। हिंदुओं के पावन महा सावन की कावड़ यात्रा और मोहर्रम के मद्देनजर फरीदपुर कोतवाल ने आर ए एफ के साथ संवेदनशील इलाके का पैदल मार्च कर असामाजिक तत्वों को प्रशासन की ताकत का एहसास दिलाया!
सावन के दूसरे सोमवार के चलते फरीदपुर कोतवाल राजेश कुमार ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ मेन रोड स्टेशन रोड बीसलपुर रोड नगर का मोहल्ला मिर्धान जो पूर्व में अति संवेदनशील रहा है उसके बाद मोहल्ला परा गली गन्ना दफ्तर एवं अन्य इलाका निशाने पर रहा पुलिस के साथ भारी पैरामिलिट्री फोर्स देखकर असामाजिक तत्वों के होश उड़ गए वही कोतवाल ने दो टूक कहा त्योहार किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर सलाखों में पहुंचाया जाएगा !
इस दौरान कस्बा इंचार्ज एवं उप निरीक्षक राज कुमार, नवीन कुमार, संजीव त्यागी ,सुरेंद्र शर्मा ,मनोज के अलावा कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा!

## भुता कोतवाल ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के मद्देनजर बैठक कर दिए दिशा निर्देश

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
भुता। हिंदुओं के पवित्र महा सावन में कावड़ियों तथा मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर सभी धर्म के धर्म गुरुओं, व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, के साथ थाना प्रांगण में कार्य वाहक थाना प्रभारी की




मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। जिसमें शांति ,सौहार्द्र ,और भाई चारे, के साथ रहने की अपील की गई साथ ही साथ खुराफात करने वाले, व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।
थाना प्रांगण में आज मंगलवार अपराहन सावन मास व मोहर्रम के त्योहार को लेकर आयोजित सभी धर्म के धर्मगुरु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व कावड़ियों व डीजे वालों की संपन्न बैठक में कार्य वाहक थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने कहा की सावन मास में कांवड़ यात्रा में जाने वाले व आगामी मोहर्रम त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी भाईचारा, बनाए रहना होगा । तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करने की नसीहत भी दी। कावड़ यात्रा में व धार्मिक स्थलों पर तीव्र आवाज से लाउडस्पीकर, न बजाया जाए तथा शोभायात्रा के लिए कोई नया मार्ग नहीं अपनाने का आग्रह किया। अगर कोई खुराफाती अशांति फैलाने की कोशिश करें तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। अगर कोई समस्या है तो तुरंत निराकरण कराया जाएगा। इसलिए सभी लोगों से अपील की शांति व्यवस्था बनाए रखें। इस बैठक में कावड़ यात्रा ले जाने बाले निशांत सिन्हा , परमात्मा स्वरुप, प्रधान संजीव कुमार, सूरजपाल डीजे वाले धर्मगुरु मोहम्मद राशिद ,गुलशन फोजी, वीरेंद्र कुमार, अहमद रजा कुंवर पाल राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार दर्जनों गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## फरीदपुर में अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी, अज्ञात चोर नगदी जेवर लेकर हुए फरार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अधिवक्ता के मकान में विगत रात्रि अज्ञात चोर घुस गए और घर के अंदर अलमारी में रखे आभूषण व नगदी चोरी कर फरार हो गए सुबह जब परिजन सो कर उठे तो सामान बिखरा देख पैरों तले जमीन खिसक गई अधिवक्ता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जांच पड़ताल शुरू की है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की है। नगर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी अधिवक्ता अश्विनी कुमार सक्सेना मंगलवार की रात्रि अपने मकान के अंदर परिजनों के साथ सोए हुए थे रात्रि में किसी समय अज्ञात चोर किसी प्रकार घर के अंदर घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर जिसमें रखे आभूषण 2 तोले सोने की चौन, सोने के कुंडल, पांच चांदी के





सिक्के, तथा 50 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए परिजन जब सुबह 6रू00 बजे सो कर उठे तो देखा घर का सामान बिखरा पड़ा है और कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ है जब उसमें रखे आभूषण व नगदी को देखा तो सभी चीजें गायब थी। घटना की तहरीर परिजनों ने तत्काल थाना पुलिस को दी पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर धनिपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद बरेली के ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण 20 जुलाई को डायट प्राचार्य मुन्ने अली के संरक्षण में डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह (वरिष्ठ प्रवक्ता) के मार्गदर्शन में एवं मनोज कुमार (वरिष्ठ प्रवक्ता) के दिशा निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदपुर बरेली में प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती प्रतिमा पर डाइट प्राचार्य मुन्ने अली एवं वरिष्ठ प्रवक्ता द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने उन्हें निपुण भारत मिशन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शिक्षकों का समाज में महत्वपूर्ण स्थान के विषय में बताकर उनके कार्यों को रेखांकित किया। वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज कुमार प्रशिक्षण प्रभारी ने अपने उद्बोधन में निपुण भारत मिशन कार्यक्रम को मिशन मोड पर रखकर जन–जन का कार्यक्रम बनाने के लिए आह्वान किया।
उक्त प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय संदर्भ दाता के रूप में एस आर जी धर्मवीर ,डॉ अनिल चौबे ,डॉ लक्ष्मी शुक्ला एवं डेंटल डॉक्टर कृष्ण कुमार आदि ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु कार्य योजना से संबंधित प्रशिक्षण विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रदान किए प्रशिक्षण के दौरान संस्था के प्रवक्ता श्रीमती अर्चना, विनोद कुमार, राजेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।



# व्यापारी लूट कांड में पुलिस के हाथ खाली, टिसुआ अड्डे पर डंडा मारकर वारदात को दिया अंजाम

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। फतेहगंज पूर्वीइ किराना और पेस्टिसाइड दुकान बंद कर घर जा रहे व्यापारी को हाईवे पर बदमाश ने सिर में डंडा मारकर नोटों से भरा थैला छीन लिया और फरार हो गया एसएसपी ने कोतवाल को मामले का जल्द पर्दाफाश करने का निर्देश दिया लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है जिससे व्यापारियों में दहशत का माहौल है!
बता दें मंगलवार की देर शाम 7.00 बजे के लगभग टिसुआ निवासी बशीर अहमद उर्फ बाबू पुत्र नसीर अहमद की टिसुआ मैं शिवपुरी रोड पर किराना और पेस्टिसाइड की दुकान है ।
बह शाम को दुकान बंद करने के बाद अपने नौकर के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे उनके हाथ में नोटों से भरा थैला था जिसमें चार लाख 90 हजार की रकम बताई गई थी इसी दौरान नकाबपोश बदमाश पैदल व्यापारी के पास आया और सिर में डंडा मारकर नोटों का भरा थैला छीनकर जंगल के रास्ते फरार हो गया व्यापारी के शोर शराबा मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे और बदमाश का पीछा किया ।
लेकिन वह फरार हो चुका था घटनास्थल के करीब 1 किलोमीटर दूर निकसुआ रोड पर बदमाशों ने पेस्टिसाइड एजेंट से तमंचे की नोक पर दिनदहाड़े लाखों की लूट कर ली थी यह मामला अभी खुला नहीं तब तक बदमाशों ने दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया सूचना पर कोतवाल धर्मेंद्र सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आला अधिकारियों को घटना की जानकारी दी आनन–फानन में क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के अलावा एसएसपी बरेली सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज भी मौके पर पहुंच गए फोर्स ने इलाके में कमिंग की लेकिन बदमाश हाथ नहीं एसएसपी ने कोतवाल को मामले का पर्दाफाश करने का निर्देश दिया था लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली रहे आए मजे की बात है शायद बदमाशों को हाईवे पर टिसुआ का अड्डा मन को भा गया है इसीलिए पुलिस को चुनौती देकर बदमाश ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने में जुटे हैं!
फरीदपुर में भी हो चुकी है कई वारदातें लेकिन खुलासा नहींइ फरीदपुर का इलाका भी चोरों बदमाशों के हवाले हैं हाइवे से गुजरने वाले राहगीरों और बाशिंदों को निशाने पर ले रहे जिससे लोगों में दहशत का माहौल है!
1 जुलाईइ बीसलपुर रोड पर दिनदहाड़े बैंक से रुपए निकाल कर जा रहे अनिल कुमार सिंह से 30000 की लूट!
11 जुलाईइ बंधन बैंक के कलेक्शन एजेंट इन से दिनदहाड़े नहर की पटरी पर तमंचे की नोक पर एक लाख नगद लैपटॉप मोबाइल बाइक लूटी!
6 जून इदूध कारोबारी बदन सिंह से 25000 की लूट!
13 जूनइ स्टेट बैंक की केबिन से व्यापारी डब्लू भारद्वाज का छह लाख की रकम से भरा बैग चोरी!
विगत सप्ताह हाईवे पर बदमाशों ने ट्रक चालक से 2000 और मोबाइल लूटा!
19 जुलाई इरात अधिवक्ता के घर 50,000 नगदी सोने चांदी के जेवर चोरी!

## दबंग कोटेदार ने अधिवक्ता के साथ की मारपीट, पुलिस को तहरीर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। दबंग कोटेदार की शिकायत करना अधिवक्ता को महंगा पड़ गया कोटेदार ने साथियों के साथ कोर्ट जा रहे अधिवक्ता पर मारपीट करके हमलावर हो गया अधिवक्ता ने दबंग कोटेदार के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है !
क्षेत्र के गांव रसूलपुर वाहनपुर निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने अपने गांव के कोटेदार द्वारा घटतौली की शिकायत कोटेदार से की थी जिस पर कोटेदार ने अधिवक्ता के साथ गाली गलौज व मारपीट की थी। जिसकी शिकायत अधिवक्ता ने लिखित रूप से थाना भुता पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की थी।
जिससे रंजिश मानते हुए कोटेदार ने 20 जुलाई को सुबह 10रू00 बजे गांव से तहसील जाते समय साठा वाली पुलिया पर अपने चार साथियों के साथ कार से आकर घेर लिया और उनके साथ मारपीट करने लगे मौके पर गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो वो रुक गए तभी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अधिवक्ता के साथ दबंगों द्वारा की गई मारपीट बा जान से मारने की धमकी देने की सूचना पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक शिष्टमंडल पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिला और घटना के बाबत प्रार्थना पत्र दिया है और शीघ्री दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने दबंगों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।
ग्राम रसूलपुर वाहनपुर निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मौर्य मुंसिफ कोर्ट फरीदपुर में वकालत का कार्य करते हैं 12 जून को अधिवक्ता ने अपने गांव के कोटेदार द्वारा राशन वितरण में घंटतौली किए जाने की शिकायत कोटेदार से की थी जिस पर कोटेदार ने अधिवक्ता के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी शिकायत अधिवक्ता ने थाना भुता पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की थी। अधिवक्ता द्वारा कोटेदार की शिकायत पुलिस से करने पर कोटेदार बौखला गया और दिनांक 20 जुलाई को अधिवक्ता अपनी कार से अपने विधिकार्य से तहसील फरीदपुर आ रहे थे तभी कोटेदार बगैर नंबर प्लेट लगी कार से आया और साटा वाली पुलिया पर अधिवक्ता की कार को रोक लिया और अपने चार साथियों की मदद से अधिवक्ता के साथ मारपीट करने लगा झगड़ा होते देख रास्ते से गुजर रहे राहगीर पहुंच गए तभी दबंग कोटेदार व उसके साथी अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अधिवक्ता ने तहसील पहुंचकर सिविल न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मिश्रा को घटना के बाबत जानकारी दी।
बार अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने अधिवक्ताओं के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह से मिले और घटना के बाबत प्रार्थना पत्र दिया। और हमलावरों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई किए जाने की मांग की।



क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह ने अधिवक्ता गणों को शीघ्र ही हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि यदि अधिवक्ता के हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने शीघ्र ही कोई कार्यवाही नहीं की तो समस्त अधिवक्ता गण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार कर भेजे जेल

सिकंदराराऊ। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट के आरोपी दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एक अभियुक्त को पुलिस पहले ही इस मामले में गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।
प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 8 जुलाई 2022 को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने रिपोर्ट लिखाई थी कि पीड़ित की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष को बहला फुसलाकर सुग्रीव पुत्र संजू व यागवेंद्र पुत्र अजय पाल निवासी नगला महारी थाना सिकंदराराऊ अपने साथ ले गए हैं। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने तलाश शुरू कर दी 17 जुलाई को अपर्ता



किशोरी को कस्बा आवागढ़ से बरामद किया गया। अपहर्ता के धारा 161 के तहत बयान दर्ज किए गए। अपहर्ता के बयानों के आधार पर मुकदमे में धारा 376 एवं पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई तथा अभियुक्त काले उर्फ निर्देश पुत्र किशन लाल निवासी बिचपुरी थाना निधौली कला जिला एटा ललित उर्फ मोहित पुत्र इंद्रपाल निवासी नगला महारी थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस के नाम प्रकाश में आए।18 जुलाई को पुलिस ने वांछित अभियुक्त सुग्रीव पुत्र संजू निवासी गांव नगला महारी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया । बुधवार को उप निरीक्षक योगेंद्र कुमार धामा ने प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए रतिभानपुर फ्लाईओवर के नीचे पोरा जाने वाले मार्ग पर उक्त मुकदमे में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त काले उर्फ निर्देश पुत्र किशन लाल निवासी बिचपुरी थाना निधौली कला जनपद एटा एवं ललित उर्फ मोहित पुत्र इंद्रपाल निवासी नगला महारी थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस को गिरफ्तार कर लिया और गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया ।अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक योगेंद्र धामा, एवं पुलिसकर्मी विशाल यादव और सौरव शर्मा शामिल थे।

# तृणमूल कार्यकर्ता 21 जुलाई से एक दिन पहले कोलकाता जाने के लिए हुए रवाना

कुल्टी ।कुल्टी ब्लॉक युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाशीष मुखर्जी के नेतृत्व में युवा तृणमूल कार्यकर्ता ऐतिहासिक 21 जुलाई से एक दिन पहले बुधवार को कुल्टी क्षेत्र में एक जुलूस के माध्यम से कोलकाता के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के नेतृत्व में नो एपिक नो वोट आंदोलन के दौरान कोलकाता में पुलिस फायरिंग में 13 लोग शहीद हो गए थे। तभी से 21 जुलाई को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बाद के मामले में तृणमूल दल की स्थापना ने 21 जुलाई को कार्यकर्ता समर्थकों में उत्साह बढ़ा दिया।
हालांकि पिछले दो साल में कोरोना महामारी के चलते 21 जुलाई की बैठक वर्चुअली आयोजित की गई थी।
महामारी की स्थिति के बाद कोलकाता में 21 जुलाई को 2022 की बैठक होने जा रही है राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी बोलेंगी बुधवार को



कुल्टी से युवा तृणमूल के समर्थक 21 जुलाई की स्मृति सभा में शामिल होने के लिए कोलकाता के लिए रवाना हुए।

# कुल्टी थाना के झारखंड बंगाल क्षेत्र से एक कार से मिली 39 लाख नकद, कोई दस्तावेज नही

बराकर । सोमवार की रात बंगाल झारखंड सीमा पर कुल्टी थाना के चौरांगी फांडी की पुलिस तलाशी के दौरान झारखंड धनबाद से आ रही बिहार संख्या बीआर 01 डीएक्स 8762 कार की डिक्की से 39 लाख रुपये नकद बरामद हुआ।
पुलिस सूत्रों के अनुसार नाका चेकिंग के दौरान जब कार को रोका गया तो कार के अंदर दो सूटकेस और एक बोरी का थैला दिखाई दिया। जब उन्हें खोला गया तो अंदर नोटों के बंडल दिखाई दे रहे थे। कार में सवार लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि कुल 39 लाख रुपये थे। वे व्यापार के लिए पैसे लेकर आसनसोल सृष्टिनगर जा रहे थे। इनका बालू का कारोबार है। उस



वक्त पुलिस ने उनसे सही दस्तावेज मांगे तो वे नहीं दिखा सके।
अंततः पुलिस ने इनके पास से 39 लाख रुपये जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्होंने पुलिस को बताया कि वे मंगलवार सुबह तक 39 लाख रुपये के सही दस्तावेज जमा करेंगे, लेकिन इतनी नकदी की कोई सही दस्तावेज नहीं दिखा सके। बुधवार को गिरफ्तार तीनों को जिला अदालत ले जाया गया और गिरफ्तार तीनों को पुलिस जांच तक 3 दिन के लिए पुलिस हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने घटना की गहन जांच शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

### भारतीय किसान मजदूर यूनियन की कार्यकारिणी घोषित, करन सिंह बने प्रदेश उपाध्यक्ष

अयोध्या टाइम्स संवाददाता
फरीदपुर। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर बैठक के तहत भारतीय किसान मजदूर यूनियन की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें करण सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष का तमगा मिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर यूनियन की गतिविधियों की जानकारी दी!



भारतीय किसान मजदूर यूनियन की बैठक शाहजहांपुर जिले की तहसील तिलहर में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुई जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें फरीदपुर के लाइन पार मठिया निवासी करन सिंह यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष का तमगा मिला कल्याण सिंह मंडल महासचिव बरेली, राजीव सिंह जिला उपाध्यक्ष, कप्तान सिंह यादव जिला कोषाध्यक्ष, हरिचरण यादव जिला सचिव और अहिबरन सिंह को ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया है राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवीन पदाधिकारियों को यूनियन की गतिविधियां समझा कर बधाई देकर प्रमाण पत्रों का तमगा दिया!

### विश्व शांति के लिए सभी का एकजुट होना बहुत जरूरी- केएम भाई

सिकंदराराऊ। आज पूरे विश्व में महात्मा गांधी के संदेशों के प्रचार प्रसार की बहुत जरूरत है। जब हर तरफ नफरत, हिंसा का माहौल बन रहा है। साम्राज्यवादी ताकतें अपने विस्तार के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। तो ऐसे समय में सिर्फ महात्मा गांधी और बुद्ध के विचार और संदेश ही हमें और हमारे समाज को जीवित रख सकते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर हम सभी साथी शांति सदभाव साइकिल यात्रा कर रहे हैं। विगत 16 जुलाई को कानपुर स्थित आई आई टी गेट से हमने अपनी यात्रा शुरू की थी, जो बिल्हौर, मकनपुर, कन्नौज, सौरिख, कुसमरा, मैनपुरी, कुरावली, मलावन, एटा होकर बुधवार को सिकंदराराऊ पहुंची है। पंत चौराहे पर यात्रा का स्वागत स्थानीय सदस्यों द्वारा किया गया । इस दौरान यात्रा के साथियों द्वारा विश्व शांति के लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें काफी लोगों ने हिस्सा लिया और यात्रा का समर्थन करते हुए अपने संदेश एवं हस्ताक्षर किए।



यात्रा रात में कान्हा गेस्ट हाउस में रुकेगी और गुरुवार को सुबह अलीगढ़ के लिए प्रस्थान करेगी। जो खुर्जा, गाजियाबाद होते हुए 25 जुलाई को राजघाट दिल्ली पहुंचेगी।
यात्रा का नेतृत्व स्फूर्ति अवार्ड से सम्मानित गांधीवादी कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी यादव उर्फ केएम भाई द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अंकित शर्मा, सरदार नरेश चंद्र सिंह, अजीत कुमार, अशोक चौरसिया, मोनू सिंह , अरविंद कुमार आदि शामिल हैं।

### आचार्य राम वल्लभ महाराज अध्यात्म भूषण उपाधि से अलंकृत

सिकंदराराऊ। भागवत प्रवक्ता आचार्य राम वल्लभ महाराज को आध्यात्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए व्यास पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मथुरा में कृष्ण द्वैपायन महर्षि वेद व्यास प्रादुर्भाव समारोह के अंतर्गत वेद व्यास की पौराणिक तपस्थली पर श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा संत राजा बाबा की अध्यक्षता व समिति संस्थापक पंडित अमित भारद्वाज के निर्देशन में व सुदामा कुटी वृंदावन के श्रीमहंत अमर दास महाराज के आतिथ्य में आयोजित परंपरागत समारोह में अध्यात्म भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया । अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर समिति के मंत्री हर्षवर्धन शास्त्री, सदस्य शिवोम गौर शास्त्री, योगेश आवा, बब्बू पंडित ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आचार्य पीठ के यदुनंदनाचार्य महाराज, महंत दीपक शास्त्री,आचार्य रमाकांत गोस्वामी, आचार्य सतीश चंद्र पराशर, राहुल पराशर, आचार्य आलोक बेंकर, पं. मुरारी लाल उपाध्याय, सहित अनेक विद्वतजन , पांडित्यजन, विप्र बंधु व वैष्णव उपस्थित रहे।



### अमोल चंद पब्लिक स्कूल में किया गया दंत परीक्षण शिविर का आयोजन

सिकंदराराऊ। अमोल चंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर दंत चिकित्सकों की टीम द्वारा विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई और उन्हें दातों की महती उपयोगिता के बारे में समझाया गया। स्वास्थ्य सही रखने में दातों का महत्व अत्यावश्यक है । दांतों का परीक्षण विशेष प्रकार के उपकरणों द्वारा किया गया तथा व्यक्तिगत एक एक विद्यार्थी के दांतों को देखकर जो कमी देखी गई, उसके लिए आवश्यक सुझाव स्वरूप प्रिसक्राइब किया गया।



डॉ वरुण गुप्ता एवं डॉ सुप्रिया गुप्ता का इस अवसर पर विशेष सहयोग रहा। कैंप का शुभारंभ स्कूल के एमडी विपिन वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने दांतों की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दांतों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैल जाती हैं। जिनसे शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
इस अवसर पर डायरेक्टर सागर वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य सुबोध कुमार, अनूप गुप्ता , राजेश भारद्वाज , कुमारी मिताली वार्ष्णेय, नीतू तोमर , कुमारी खुशी शर्मा का सहयोग रहा।

### सिविल बार एसोसिएशन की बैठक में व्यक्तकी गई शोक संवेदना

सिकंदराराऊ ।सिविल बार एसोसिएशन के बार कक्ष में एक बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें दीवानी न्यायालय हाथरस के लिपिक योगेश पाठक के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई तथा 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर 1 दिन का सर्वसम्मति से शोकावकाश घोषित किया गया। जिसके चलते सभी अधिवक्ता पूर्ण कार्य दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहे।
शोक सभा में अध्यक्ष अजय पुंडीर, सचिव मोहम्मद सलीम कुरेशी , बनी सिंह बघेल, जितेंद्र कुमार यादव, चंद्रभान सिंह, अनिल कुमार, रंजीत रंजन श्रोती, देवव्रत यादव, अभय चौहान, आनंद पालीवाल, सुरेंद्र वशिष्ठ, नीरज यादव, महेश पुंडीर , वीरू सिंह, सीपी शर्मा, हिमांशु , संजय यादव, बनारसी दास गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, मनोज सिसोदिया, पार्थ शर्मा, कुलदीप पुंडीर, सत्य प्रकाश यादव , जय नारायण माहोर, अरुण दीक्षित, ओमशिव उपाध्याय , अंकित यादव , धर्मेंद्र शर्मा, बृजभान सिंह चौहान , अजीता, बिंबसार, हरी प्रताप सिंह , जगदीश प्रसाद सैनी, विकास यादव , नरेंद्र बघेल, प्रबल प्रताप सिंह, धर्मवीर सिंह यादव, ठाकुर हरी प्रताप देश दीपक आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बूस्टर डोज वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

सिकंदराराऊ। बुधवार को भाई जी की धर्मशाला नौरंगाबाद पश्चिमी सिकंदराराऊ में कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन वार्ड के सभासद मुकुल गुप्ता ने कराया । जिसमें लोगों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया और अपने आप को सुरक्षित रखते हुए कोरोना वैक्सीन की तीसरी डोज 141 लोगों के लगवाई गई। अभी कुछ दिन पहले ही केंद्र सरकार के आदेश के तहत 18 साल के बाद के सभी लोगों को बूस्टर डोज लगवाई जा रही है जो निशुल्क है। पहले यह प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटर पर शुल्क देकर लग रही थी। अब फ्री है। वार्ड के सभासद मुकुल गुप्ता ने बताया की कोरोना वैक्सीनेशन कैंप 21–07–2022 को भाई जी की धर्मशाला नौरंगाबाद पश्चिमी सिकंदराराऊ में फिर से आयोजित हो रहा है। अतः जो लोग रह गए हैं वह कल फिर आकर लगवा सकते हैं।



## मथुरा नगर निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक/पालिथीन बनाने वाली फैक्ट्री सौख रोड मथुरा मे छापा मारा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।नगर आयुक्त महोदय के आदेश के अनुपालन में दिनांक 20.07.2022 को श्री डी0के0 सिंह सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में निम्नानुसार प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलीथिन जब्त किये जाने की कार्यवाही की गयी सौंख रोड स्थित एक फैक्ट्री पर छापे के दौरान लगभग 1.5 क्विंटल प्रतिबन्धित प्लास्टिक से बने हुए गिलास, दौना आदि जब्त करते हुए 2 लाख रूपये की जुर्माने की कार्यवाही की गई ।मौके पर स्वच्छता निरीक्षक श्री विपिन कुमार व श्री मुकेश शर्मा, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के श्री हर्ष वर्मा, प्रवर्तन दल के सूबेदार राजेश कुमार, नायब सूबेदार पदम सिंह, नायब सूबेदार राजेश कुमार, पी0पी0 सिंह, दिगम्बर सिंह, योगेश कुमार, धर्मवीर, नरेन्द्र सिंह, पंकज उपस्थित रहे।



## मथुरा में मेट्रो हास्पिटल फरीदाबाद की टीम को किया गया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा

• **डा. नीरज जैन ने मथुरा के हार्ड के हजारों मरीजों की जान बचा चुके है**

मथुरा ।मथुरा ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के नेतृत्व में फरीदाबाद मेट्रो हार्ट इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ इंटरवेसनल कार्डियोलॉस्टिक नीरज जैन और उनकी टीम के मथुरा आने पर भारती हॉस्पिटल सोंख रोड़ मथुरा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया द्य इस सम्मान समारोह में फरीदाबाद मेट्रो हार्ड डायरेक्टर नीरज जैन के द्वारा मथुरा को अपनी चिकित्सा सेवाओं के द्वारा अभी तक हार्ड के हजारों मरीजों की सेवा करने पर ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने मेट्रो हॉस्पिटल डायरेक्टर नीरज जैन, डॉ अमित सरोया, जनरल मैनेजर मार्केटिंग बांके बिहारी शर्मा, विष्णु शर्मा, राहुल गुर्जर को चिकित्सक सेवा 2022 का प्रशस्ति पत्र के साथ मथुरा की प्रसिद्ध मिठाई पेड़ा ीज खिलाते हुए दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया । समारोह में नरेंद्र दीक्षित , मनोज कुमार लोकेंद्र चौधरी जब गई तो मैं मनीष शर्मा के द्वारा पूरी टीम मथुरा की सेवा के लिए सम्मानित किया।





## मथुरा नगर निगम ने ग्राम बालकपुर मथुरा मे पोखर पर अवेध कब्जा कर बना रखे मकान उनसे पोखर का कब्जा खाली कराया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।ग्राम बाकलपुर में पोखर पर मकान बनाकर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त हुयी, जिस पर नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुये स्थल का निरीक्षण एवं अभिलेखीय परीक्षण किये जाने हेतु श्री राज कुमार मित्तल सहायक नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। श्री राज कुमार मित्तल सहायक नगर आयुक्त द्वारा अभिलेखीय परीक्षण एवं स्थलीय निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि ग्राम बाकलपुर स्थित खसरा संख्या 237, जो राजस्व अभिलेखों में पोखर दर्ज कागजात है, की भूमि पर कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा अनाधिकृत रूप से पक्के मकान बनाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था जिसे नगर निगम द्वारा प्रवर्तन दल एवं पुलिस बल के सहयोग से आज दिनांक 20.07.2022 को मौके पर जाकर, स्थानीय निवासियों द्वारा पोखर की भूमि पर मकान बनाकर किए गये अवैध कब्जों को ध्वस्त कराते हुए पोखर की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।





अतिक्रमण अभियान श्री राज कुमार मित्तल सहायक नगर आयुक्त के निर्देशन में चलाया गया। अभियान के दौरान श्री राधे बिहारी उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक, श्री लक्ष्मण प्रसाद लेखपाल, सूबेदार राजेश सिंह, सूबेदार पदम सिंह, आदि अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बल्केश्वर में मेले को लेकर महापौर व अपर नगर आयुक्त अन्य के साथ किया निरीक्षण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। इस सोमवार 25 जुलाई को बल्केश्वर में सावन का मेला लगेगा। बलकेश्वर मेले में आने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई समस्या का सामना ना करना पड़े इसे देखते हुए महापौर नवीन जैन ने बुधवार शाम को अपर नगर आयुक्त एस के यादव और नगर निगम के अन्य अधिकारियों के साथ मेला मार्ग का निरीक्षण किया। महापौर नवीन जैन ने चांदनी चौक चौराहा से अपना दौरा शुरू करते हुए बलकेश्वर पार्क तक और शनि देव मंदिर तिराहा से वाटर वर्क्स की ओर जाने वाले रोड पर सड़क, लाइट और जलभराव की समस्याओं को देखा। निरीक्षण के दौरान महापौर नवीन जैन ने देखा कि जगह–जगह सड़कों में गड्ढे थे। आधी लाइटें सही थी तो आधी लाइटें खराब पड़ी हुई थी। कई जगह सफाई की जरूरत थी। महापौर नवीन जैन ने मौके पर ही मौजूद संबंधित अधिकारियों को मेला मार्ग में हो रहे गड्ढों में पेच वर्क कराने, साफ सफाई और सभी लाइटों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। तिराहा पर बने समुद्र मंथन कृति की धुलाई कर सफाई करने को निर्देशित किया। महापौर नवीन जैन ने देखा कि अग्रसेन प्रतिमा के पास यूनीपोल के खंभे से कई बड़ी–बड़ी कीलें बाहर की ओर निकल रहीं थी। ये कीलें किसी को न लग जाएं इसलिए इन्हें कटवाने के निर्देश दिये।



महापौर नवीन जैन ने अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में जगह–जगह मोबाइल टॉयलेट रखे जाएं। पार्वती घाट एवं लक्ष्मी घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग की जाए। पानी की व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था की जाए, साथ ही बलकेश्वर मंदिर के आसपास एवं घाटों पर उच्च कोटि की सफाई करवा कर चूने का छिड़काव किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अतुल भारती, जेडएसओ महेंद्र सिंह, जेडएसओ रचना गुप्ता, जेई इंद्रजीत, एई अग्रहरि, भाजपा बल्केश्वर मंडल अध्यक्ष बृजकिशोर अग्रवाल, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पार्षद अमित अग्रवाल, पार्षद हरिओम गोयल, पार्षद विमल गुप्ता, ममता शर्मा, पंकज अग्रवाल, चंद्रेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ ने दवा खिलाकर शुरू कराया कृमि मुक्ति अभियान 11.8 लाख को कृमि मुक्तिकी दवा खिलाने का अभियान शुरू

दैनिक अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ मथुरा

• आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों पर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस नहीं खा पाएं कृमि मुक्ति की दवा तो मापअप राउंड में खा लें

मथुरा ।जिले में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एनडीडी पर जर्नालगंज आंगनवाड़ी केंद्र पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा में ने कृमि मुक्ति की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ मुनीश पौरुष , डॉ भूदेव सिंह , एन यू एच एम नोडल डॉ अनुज चौधरी, मंडलीय अर्बन कंसलटेंट, उपस्थित रहेद्य यह दवा एक वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है।





मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में 11.8 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। नोडल अधिकारी डॉ मुनीश पौरुष ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। उन्होंने बताया कि पेट से कीड़े निकलने की दवा एल्बेन्डाजॉल बहुत ही स्वादिष्ट बनाने की कोशिश की जाती है। इससे बच्चे आसानी से खा लेते हैं। पहले यह दवा वनीला और मैंगो फ्लेवर में उपलब्ध थी जबकि इस बार यह स्ट्राबेरी फ्लेवर में मिल रही है।क्यों खाएं दवा डीएचईआईओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। इसलिए एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे–धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना। इससे घबराना नहीं है। दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाती है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है।

## उद्योग सखा अभियान की शुरुआत कर, पहली बैठक नगर निगम के कार्यकारिणी कक्ष में संपन्न

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। नगर निगम सीमा में आने वाले औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों की नगर निगम से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए महापौर नवीन जैन के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा श्उद्योग सखाश अभियान की शुरुआत की गई है जिसकी पहली बैठक बुधवार को नगर निगम के कार्यकारिणी कक्ष में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर नवीन जैन ने बैठक में मौजूद सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्उद्योग सखाश अभियान के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र और नगर निगम के बीच जो दूरी बनी हुई है उसे कम करने का प्रयास करेंगे। नए परिसीमन में नगर निगम सीमा में कई औद्योगिक क्षेत्र भी जुड़े हैं, उनके विकास पर भी बैठक में चर्चा की जाएगी। महापौर के आग्रह पर बैठक में विभिन्न उद्योगों से जुड़े व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याएं और सुझाव रखें। प्रमुख व्यापारी विष्णु भगवान अग्रवाल ने टैक्स से जुड़ी समस्याएं सामने रखते हुए कहा कि प्रॉपर्टी के सामने बनी सड़क और जमीन के आधार पर टैक्स का कैलकुलेशन किया जाता है ।



जबकि नगर निगम के प्रावधान में उपयोग विहीन जमीन पर टैक्स ना लेने की बात कही गई है। नगर निगम की नियमावली और टैक्स चुकाने की प्रक्रिया दोनों में विरोधाभास है। इस असमंजस की स्थिति को दूर किया जाए। हरीश अग्रवाल ने शहर में घूम रहे आवारा पशुओं एवं भैसों से होने वाली गंदगी और सड़क पर चलने की समस्या का मुद्दा उठाया। महापौर नवीन जैन ने व्यापारियों से कहा कि आपकी सभी समस्याओं को नगर निगम के सभी अधिकारी दूर करने का प्रयास करेंगे। वहीं हमारी भी आपसे यह अपेक्षा है कि औद्योगिक क्षेत्र में आप अपनी प्रॉपर्टी के आगे आसपास क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास करें। ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरा–भरा बनाएं। साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शहर घर तिरंगाश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, उसमें भी बढ़ चढ़कर भाग लेकर अपने अपने उद्योग एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा जरूर फहराएं। व्यापारियों द्वारा फाउंड्री नगर और नुनिहाई औद्योगिक क्षेत्र में पानी की समस्या का भी मुद्दा उठाया गया जिसका जवाब देते हुए नगर आयुक्त निखिल टीकाराम ने व्यापारियों को बताया कि सरकार द्वारा यमुना पार समूचे क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 800 करोड रुपए की बड़ी योजना स्वीकृत हो चुकी है। यमुनापार क्षेत्र में नया वाटर वर्क्स भी बनाया जाएगा जिसके बाद पानी की समस्या दूर हो जाएगी। नगर आयुक्त ने भी व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आपने जो भी समस्या बताई हैं उन सभी का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। हमारे टैक्स के अधिकारी स्वयं आपसे संपर्क कर ट्रैक से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान कराएंगे। बैठक में दोनों अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र कुमार यादव और विनोद कुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, मुख्य अभियंता निर्माण बी एल गुप्ता, पर्यावरण अभियंता पंकज भूषण, व्यापारियों में भूपेंद्र सिंह सोबती, हरेश अग्रवाल, सचिन सारस्वत, विजय गुप्ता, शांति स्वरूप, अवनीश शिरोमणि, अमरजीत सिंह, सिद्धार्थ अरोरा, सुनील सिंघल, अमर मित्तल, मृदुल पालीवाल, राजीव अग्रवाल, जितेंद्र बंसल आदि मौजूद रहे।

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी/नगर आयुक्त, नगर निगम/कानपुर स्मार्ट सिटी और कार्यदायी संस्था और टीम के साथ "रीडेवलेपमेंट एवं मार्डेनाइजेशन आफ स्वीमिंग पूल" स्थित नानाराव पार्क का दौरा किया तथा कार्य प्रगति की समीक्षा

कानपुर नगर। आज आयुक्त/अध्यक्ष, कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी/नगर आयुक्त, नगर निगमध्कानपुर स्मार्ट सिटी और कार्यदायी संस्था और टीम के साथ "रीडेवलेपमेंट एवं मॉर्डेनाइजेशन ऑफ स्वीमिंग पूल" स्थित नानाराव पार्क का दौरा किया तथा कार्य प्रगति की समीक्षा की।

इस तरण ताल का निर्माण वर्ष 1968 में उस समय की नगर महापालिका द्वारा कराया गया था, जिसका तत्कालीन मा.मुख्यमंत्री श्री चन्द्र भानु गुप्ता द्वारा शिलान्यस किया गया था।

यह कानपुर की एक पहचान के रूप में अपनी तरह का पहला तरण ताल था। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग व स्वीमर्स स्वीमिंग प्रैक्टिस करते थे।

विगत कई वर्षों से इसका सुचारू संचालन एवं रख–रखाव नहीं हो पा रहा है और इसका वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट भी अत्यधिक पुराना हो गया है।

वर्तमान में आम–जनमास की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए कानपुर स्मार्ट सिटी द्वारा आम जनमानस एवं स्वीमिंग से जुड़े खिलाड़ियों तक इसका लाभ पहुंचाने हेतु धनराशि रु 13.71 करोड़ की लागत से इस तरण ताल का जीर्णोधार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

'इस परियोजना की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं–'

1) यह तरणताल को पूर्णतयाः कवर्ड होगा तथा साल के 8 माह इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

2) अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग फेडरेशन "फिना" के नॉम्स के अनुसार इसे हर आयु वर्ग के लिए एक सुरक्षित स्वीमिंग पूल की तरह उपयोग में लाया जायेगा।

3) यह तरण ताल 50X18 मी0 का होगा, जोकि ओलम्पिक के मानकों के अनुसार होगा।

4) इस तरण ताल में राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजना किया जा सकेगा एवं खिलाड़ियों द्वारा इसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु प्रैक्टिस का लाभ भी प्राप्त किया जा सकेगा।

5) इस तरण ताल में प्रतियोगिता स्तर के सभी अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के उपकरण लगाये जायेंगे।

6) इस तरण ताल की ह्यूमिडिटी कन्ट्रोल के लिए रूफ वेन्टिलेटर का उपयोग किया जायेगा।

7) इस ताल में पर्याप्त एनर्जी एफिशिन्ट लाइटिंग की व्यवस्था होगी, जिससे लाभार्थी देर शाम तक इसका लाभ उठा सकेंगे।

8) इस परियोजना में छोटे आयु के बच्चों के आकर्षण एवं मनोरंजन के लिए एक अतिरिक्त "स्प्लैश पूल एवं रेन फारेस्ट शॉवर" की भी सुविधा होगी।

9) इसमें एक ओपन कैफे की भी व्यवस्था होगी।

10) यह परिसर सी0सी0टी0वी0 एवं वाई0फाई0 से लेस होगा।

11) इसमें लॉन्ज म्यूजिक की भी व्यवस्था होगी।

12) इस तरण ताल में पुरूषों एवं महिलाओं के लिए अलग–अलग चेंजिंग रूम होगा, जो अत्याधुनिक एवं लेटेस्ट सामग्री से निर्मित होगा।

13) इस तरण ताल के मानकों के कन्सलटेंसी के लिए स्पोटर्स अथारिटी ऑफ इण्डिया से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर ही इसे निर्मित किया जा रहा है।



'निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण एवं विशेष निर्देश निम्न हैः–'

अ–इस परियोजना को स्पेशल कैटिगिरी प्रोजेक्ट में रखा गया है।

ब– अनुबन्ध के अनुसार इस परियोजना को दिनांक 01–01–2023 तक पूर्ण किये जाने हेतु तिथि निर्धारित है। इस पर आयुक्त ने नगर आयुक्तध्मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कार्यदायी संस्था के द्वारा इसे 01 जनवरी, 2023 तक पूर्ण कराकर स्मार्ट सिटी को हैण्ड ओवर किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

स– नगर आयुक्तध्मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी को इस बिल्डिंग के ROI एवं आपरेशन एवं मेन्टीनेंस बनवाने को कहा। इसके साथ ही इस ताल में लाभार्थियों के लिए कम से कम शुल्क रखे जाने के भी निर्देश दिये गये, ताकि ज्यादा संख्या में जनमानस इसका लाभ उठा सके।

द– इस परियोजना की मासिक प्रगति एवं गुणवत्ता की जांच हेतु एच0 बी0 टी0 यू0 को नामित की गयी है, जो समय–समय पर इस परियोजना का परीक्षण भी कर रही है।

य– नगर आयुक्तध्मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी लि0 को परियोजना के पूर्ण होने के पहले इस तरणताल की छत पर सोलर पैनल स्थापित कराये जाने हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इससे बिल्डिंग की आम लाइटिंग सुविधाओं को संचालित किया जा सके और इस काम्पलेक्स को एनर्जी एफिशिएन्ट बनाया जा सके।

र– इसके साथ ही परिसर/बिल्डिंग में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने को कहा, ताकि वर्षा के पानी को संकलित कर रिसाइकल कर उसका समुचित उपयोग किया जा सके।

आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को इस तरण ताल को पार्क के अन्दर के सम्पर्क मार्ग से जोड़ने, लैण्ड स्केपिंग करने एवं तरण ताल के लिए टिकट घर बनाये जाने हेतु नगर आयुक्त को आगामी एक सप्ताह में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए।

व– इस दौरान आयुक्त ने नगर आयुक्त को पार्क में पड़े वेस्ट आइटम्स (रद्दी माल) यथा– लोहे के बड़े पाइप एवं इस प्रकार की अन्य सामग्रियों की वैल्युएशन कराकर उसे बेचने तथा प्राप्त धनराशि को स्मार्ट सिटी के हेड में जमा करने के निर्देश दिए।

## सड़क में खड़ी मारुती वेगानार गाड़ी को पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने वाले आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे में किया गिरफ्तार

जिला जांजगीर चाम्पा। थाना डभरा प्रकरण के उक्त आरोपी घटना दिनांक 16.07.2022 को रात्रि करीबन 02य39 बजे घटना स्थल के पास मोटर सायकल से पहुंचकर सड़क पर पड़ी खाली प्लास्टिक की बाटल को उठाकर बाटल में मोटर सायकल से पेट्रोल निकालकर रेनकोट पहनकर चेहरे में गमछा बांध कर अपनी पहचान छुपाते हुये घटना स्थल के पास आरोपी अगनदीप उर्फ पिन्टू साकिन चुराघाठा द्वारा मोटर सायकल से पहुंचकर घटना को आरोपी रितेश बरेठ उर्फ विक्की बरेठ साकिन चुराघाठा से घटिक कराया तथा घटना स्थल से पुनः मोटर सायकल में बैठाकर ग्राम ठाकुरपाली आरोपी रितेश बरेठ को पहुंचाया स्वतः अपने घर चला गया प्रार्थी रेखराज अग्रवाल ग्राम खरसिया रोड ठनगन में घर के सामने खड़ी मारूती वेगानार गाड़ी क्रमांक सीजी 11 ए एक्स 8163 में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाकर भाग गये घटना कि सूचना प्रार्थी द्वारा दिनांक 16/07/2022 के 10.00 बजे दर्ज करायी गयी रिपोर्ट पर आगजनी क्रमांक 08/2022 कायम कर जांच कि गयी जांच पर अपराध क्रमांक 267/2022 धारा 435 भा, द, वि, सदर का कायम कर विवेचना में लिया गया घटना स्थल से जले हुये विघुत मिटर एवं प्रार्थी के घर के अंदर के सामान के अवशेष जप्त किये गये हैं मामले में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विजय अग्रवाल ( भा , पू , से , ) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान अनिल सोनी एवं श्रीमान एसडीओपी चन्द्रपुर ( डभरा ) श्री बी, एस , खुण्टिया के मार्गदर्शन पर शीशी टीव्ही फुरेज एवं मुखबिर के सूचना के आधार से आरोपियों को पहचान कर ग्राम चुराघाठा से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अजाम देने संसाधन मोटर सायकल सोल्ड को आरोपी से जप्त कर अपराध धारा 435 , 436 , 120 ,427 भा , द , वि , एवं 04 लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम का अपराध घटित करना स्वीकार करने पर दिनांक 19.07.2022 को गिरफ्तार किया गया है उक्त घटना को दोनों आरोपियों द्वारा षड़यंत्र पूर्वक घटित किये गये हैं कि उक्त कार्यवाही में



थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक अमित सिंह, उप निरीक्षक वीरेन्द्र मनहर , सह उपनिरीक्षक एस, एन , मिश्रा प्रधान आरक्षक 260 लालाराम खुटे , आरक्षक 420 वेशकुमार जाटवर , 800 दीपेन्द्र मधुकर , 477 मार्शल कुर्रे , 484 देवनारायण चन्द्रा , 778 राधेश्याम बरेठ, 697 लक्ष्मी नारायण पटेल का विशेष योगदान रहा ।

पुलकित दास महंत रिपोर्ट ब्लाक डभरा जांजगीर

# संक्षिप्त समाचार

## श्रीमद् भागवत के ज्ञान यज्ञ में तृतीय दिवस पर, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र,का वर्णन किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। बीएस फार्म हाउस सेमरी का ताल देवरी रोड आगरा पर चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर व्यास पीठ पर



विराजमान पूज्य भागवत किंकर परम श्रद्धेय पंडित श्री सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री ष्वत्सल जी महाराजष श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से कपिल देव, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, आदि कथाओं का वर्णन किया महाराज जी ने बताया छोटी सी उम्र में ध्रुव जी जी महाराज ने ईश्वर की प्राप्ति की उसी प्रकार अगर मनुष्य सच्चे हृदय से ईश्वर की भक्ति करें निश्चिती प्रभु की प्राप्ति होती है, कथा पंडाल श्रद्धालुओं द्वारा खचाखच भरा बांके बिहारी की जय जयकार राधा रानी की जय जय कार वातावरण अद्भुत धरती पर स्वर्ग का नजारा कथा में सुंदर चौपाई।

कलयुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर नर उतरहि पारा कथा के दौरान सभी भक्तों ने सुंदर–सुंदर भजनों का आनंद लिया और झूमते नाचते अपनी उपस्थिति दी मुख्य रूप से मनोज नोतनानी, पवन, मुकेश, प्रवीन, विश्वजीत, मनीष , पुष्पेंद्र, प्रशांत , कमल भोजवानी आदि।

## चलती कार पर गिरा यूकेलिप्टस का पेड, एक गंभीर

• **हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम, लगने से अफरा-तफरी का बना माहौल।**

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो । आगरा। जयपुर हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ती कार बुधवार शाम को मलपुरा क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ होटल के पास





कार के ऊपर यूकेलिप्टस का पेड़ धर धर आकर गिर गया पेड़ के गिरने से कार में बैठे लोग हादसे का शिकार हो गए । ब्रीजा विटारा कार के ऊपर यूकेलिप्टस का पेड गिर गया। इससे गाडी चकना चूर हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। आगरा जयपुर हाईवे पर थाना मलपुरा क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ होटल के नजदीक बुधवार शाम चार बजे फतेहपुर सीकरी की तरफ से आ रही ब्रीजा कार संख्या यू पी 80 एफ ई 2309 के ऊपर यूकेलिप्टस का पेड गिर गया। इससे कार चकनाचूर हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम की इस्थिती बन गई राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। सूचना मिलते ही मौके पर मलपुरा पुलिस के पहुँचने पर घायलों को कार से निकालकर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद हाईवे पर लगे जाम को खुलवाया। थानाध्यक्ष मलपुरा तेजवीर सिंह ने बताया है कि कार में तीन लोग सवार थे। जिसमें एक पुरूष तथा एक महिला व एक बच्चा शामिल है, चालक की हालत ज्यादा गंभीर है। वहीं बच्चे को ज्यादा चोट नहीं आई है।

**मंकी पौक्स पशु जननी वायरल बीमारी है**

## मंकी पोक्स के दो केस केरल राज्य में मिले है, मंकी पोक्स से बचाव के लिए सावधानियां बरतें

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंकी पौक्स हमारे देश में दस्तक दे चुका है जिसकी शुरुआत भारत में दो केस केरल में मिलने से हो चुकी है। इससे बचने के लिए सावधानियां बरतनी पड़ेगी तभी इस बीमारी से बचा जा सकता है। मंकी पोक्स पशु जनित वायरल रोंग है जो कोरोना वायरस जैसा खतरनाक तो नहीं, लेकिन इसका फैलाव कोविड से कई गुना तेज है। खांसी और सर्दी ही नहीं, यह संक्रमित के कपड़ों से भी हो सकता है। कोरोना का संक्रमण होने के बाद लक्षण 3 दिनों में दिखाई देता है। लेकिन मंकी पॉक्स में संक्रमण के 21 दिन बाद लक्षण दिखाई देता है। ऐसे में अधिक संख्या में लोगों के संक्रमित होने का खतरा होता है। मंकी पोक्स बीमारी से घबराना नहीं चाहिए क्योंकि यह 2 से 4 सप्ताह में स्वतरू ठीक हो जाता है। कोविड की तरह यह जानलेवा या खतरनाक नहीं है। इसकी रोकथाम 100 प्रतिशत इफेक्टिव है द्य संक्रमित व्यक्ति से हमेशा दूर रहना चाहिए। ऐसे संक्रमण से बचने के लिए सबसे जरुरी साफ सफाई है, क्योंकि संक्रमित व्यक्ति से कोई सम्पर्क या फिर उसकी लार या शरीर के अन्य पदार्थ टच होना खतरा है। कटी त्वचा, आंख, नाक, मुंह से भी हो सकता है। शारीरिक संबंध बनाने से भी मंकी पॉक्स हो सकता है। इतना ही नहीं संक्रमित रोगी का इस्तेमाल किया हुआ कपड़ा, तौलिया से भी मंकी पॉक्स का संक्रमण हो सकता है। इसमें लाल निशान, लाल कलर के धब्बे चेहरे पर हाथ पांव पर होता है द्य दाग धब्बे आगे चलकर छाले जैसे हो जाते हैं। बाद में यह काली परत की तरह हो जाते हैं। इसमें बुखार थकान, मांस पेशी और सर दर्द के साथ कमर में दर्द होता है। बुखार के लिए पैरासिटामोल और एंटी वायरल दवा लेनी होती है। यदि आपने मंकी पोक्स प्रभावित देशो की यात्रा पिछले 21 दिनों में की है और आप ऊपर दिए लक्षणों से पीड़ित है तो अपने नजदीकी चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें एवं इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को अवश्य दें ।

इसके बचाव के लिए ये सावधानियां बरतनी चाहिए. मंकी पोक्स से संक्रमित होने पर – संक्रमित व्यक्ति को ट्रिपल लेयर मास्क का उपयोग करना चाहिए। समय– समय पर हाथो को पानी और साबुन से साफ करते रहना चाहिए द्य पोष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। मरीज को अपने शारीर के घावों को ढक कर रखना चाहिए । बुखार आने पर पेरासिटामोल टेबलेट ले सकते है ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आगरा की जनता से अपील करते हुए कहा है चूंकि मंकी पौक्स जानवरों से होने वाली बीमारी है अतः अपने पालतू पशुओं की देखभाल ठीक से करें कि वे किसी ऐसे संक्रमण से पीड़ित तो नहीं हैं यदि हैं तो सर्व प्रथम अपने सम्पर्क में लाने बचना चाहिए , मंकी पौक्स शरीर से निकले तरल पदार्थों और घावों से फैलता है। यदि मंकी पौक्स के लक्षण किसी भी व्यक्ति में नजर आते हैं तो शीघ्र ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नियन्त्रण केंद्र से सम्पर्क करें ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके और शीघ्र ही मरीज का इलाज किया जा सके। मंकी पौक्स से सम्बन्धित किसी भी आवश्यक जानकारी एवं सहायता के लिए आप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नियन्त्रण केंद्र के फौन नंम्बर 0562 – 2600412 एवं मोबाइल नं 9458569043 पर 24 घन्टे सम्पर्क कर सकते हैं, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग जनता की सेवा में 24 घन्टे तैयार रहता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीकरी में तीन ग्राम पंचायत सदस्यो के लिये हुये तीन नामाकंन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो फतेहपुर सीकरी। विकास खण्ड के तीन ग्रामों में रिक्त तीन ग्राम पंचायत सदस्यो के लिये तीन लोगो द्वारा ही नामाकंन किया गया। इससे तीनो ग्राम पंचायत सदस्यो का निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया।बतादें विकास खण्ड के ग्राम जाजउ के वार्ड संख्या 11 के लिये महेश चन्द पुत्र त्रिलोकी, ग्राम तेहरारावत के वार्ड संख्या 09 के लिये गजेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह एंव ग्राम पाली किरावली के वार्ड संख्या 03 के लिये दशरथ सिंह पुत्र लाखन सिंह द्वारा नामाकंन दाखिल किये गये। नामाकंन के अन्तिम दिन तीन ग्राम पंचायत सदस्यो के लिये एक–एक नामाकंन किये जाने से तीनो में निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया हैं।

### अस्पताल की लापरवाही से प्रसूता की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली,अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रुदौली के समीप स्थित स्वाति मेडिकल सेंटर ने बुधवार को 10 दिन से भर्ती प्रसूति महिला मुस्कान पत्नी निर्मल कुमार निवासी भिटौरा की मृत्यु हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा देखकर अस्पताल कर्मचारी और चिकित्सक ऑपरेशन थीयटर में चल रहे ऑपरेशन के दौरान घुस कर अंदर से बंद कर लिया व एक और महिला की जान जोखिम में डाल दी। मृतक पति निर्मल कुमार ने बताया कि 11 जुलाई को भिटौरा की आशाबहु निशां के साथ सीएचसी. रुदौली में प्रसूति के लिए आयी थी। सीएचसी. की डॉ प्रियंका यादव ने जाँच उपरांत बताया कि जुड़वा बच्चे है इनको बगल के स्वाति मेडिकल सेंटर में इलाज करवाए। उसी दिन अस्पताल में 50 हजार रुपए जमा करने के बाद ऑपरेशन से 2 जुड़वा पुत्र पैदा हुए। और उसी दिन के बाद से माता की तबियत बिगड़ती दिखी। जिसके बाद तथाकथित डॉ संजय कुमार यादव पैसों की निरंतर माँग करते हुए महिला को जल्द स्वास्थ होने का आश्वासन देते रहे। आज बुधवार शाम 5 बजे महिला की मृत्यु हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि घंटों तक चले हंगामे के बाद अस्पताल प्रबंधन को ऑपरेशन थीयटर से निकला गया। परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी है। कोतवाली इंचार्ज लल्लन सिंह राठौर ने बताया शव को पीएम. के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली रुदौली में शिकायत दर्ज करा दी गयी है।



## फतेहाबाद में ग्राम पंचायत सदस्यों की 13 सीटों के लिए कुल 13 नामांकन, सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद विकासखंड के 2 ग्राम पंचायतों में रिक्त पड़े 13 वार्ड सदस्यों के लिए बुधवार को नामांकन दाखिल किए गए इस दौरान कुल 13 सीटों के लिए 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किए इस प्रकार सभी का निर्वाचन निर्विरोध तय माना जा रहा है खंड विकास अधिकारी फतेहाबाद सुमंत यादव ने बताया कि फतेहाबाद विकासखंड की नगला मावई एवं हिमायुपुर गुर्जर में वार्ड सदस्यों के पद रिक्त पड़े हुए थे। जिनमें हिमायुपुर गुर्जर में 12 सदस्य, नगला मावई में एक पद रिक्त था। नगला मावई में वार्ड संख्या 6 तथा हिमायुपुर गुर्जर में वार्ड संख्या 1,2,3,4,5,6,8,9, 10 ,11 ,12 ,13 रिक्त पड़ा हुआ था जिसके लिए निर्वाचन किया जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने बताया निर्वाचन पत्रों की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी, अगर सही पाए जाते हैं। तो सभी नामांकन करने वालों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। इस दौरान हिमाहुपुर गुर्जर के पूर्व प्रधान पति श्री भगवान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर उन्हें नामांकन पत्र न दिए जाने की शिकायत की है ।श्री भगवान ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग सदस्य पद के निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र लेने गए परंतु ने नामांकन पत्र नहीं दिए गए ।इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ–साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को भी भेज दी गई है।

## राशन डीलर की मनमानी से ग्रामीण परेशान, राशन में कटौती कर बांटने का आरोप, पूर्ति निरीक्षक बोले - जांच कर होगी कार्यवाही

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। सरकार की मंशा है कि राशन योजना के तहत लाभार्थियों को पूरा राशन वितरित किया जाए। लेकिन सरकार की मंशा पर राशन डीलर बट्टा लगाते नजर आ रहे हैं। लाभार्थियों को प्रति यूनिट के हिसाब से पूरा राशन नहीं दिया जा रहा। किसी को 1 किलो कम तो किसी को 2 किलो राशन की कटौती कर राशन डीलर वितरित कर रहा है। ग्रामीणों ने राशन डीलर पर मनमानी का आरोप लगाया है। पूरा मामला फतेहाबाद तहसील के के गांव हुसेनपुरा का है।

दरअसल गांव हुसेनपुर में राशनकी दुकान संचालित है। दुकान पर हर माह लाभार्थियों को गेहूं चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन तो हर माह मिलता है लेकिन डीलर की मनमानी के चलते पर यूनिट पूरा राशन कभी नहीं मिला। राशन लेने पहुंची महिला इंदिरा देवी ने आरोप लगाया है कि 5 किलो गेहूं प्रति यूनिट पर 1 किलो की कटौती कर 4 किलो दिया जा रहा है। तो वही चावल वितरण में भी राशन डीलर कटौती कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रति यूनिट पूरा राशन देने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप था कि बायोमेट्रिक मशीनों द्वारा राशन वितरण के समय लाभार्थी का अंगूठा लगवाया जाता है, बावजूद इसके राशन डीलर मनमानी पर उतारू हैं। मामले में पूर्ति निरीक्षक फतेहाबाद रमाकांत सिंह ने बताया कि राशन कम देने की शिकायत प्राप्त हुई है गांव हुसैन पूरा जाकर लाभार्थियों की मौजूदगी में मामले की जांच की जाएगी। जांच उपरांत डीलर पर कार्यवाही की जाएगी।

## रक्तदान शिविर के लिए मंडलीय परिषद की बैठक संपन्न, निकाली जाएगी जागरूकता रैली

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद में आगामी 24 जुलाई को कस्बे के कान्हा वन ग्रीन में माथुर वैश्य महासभा द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिस को सफल बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन कार्यक्रम स्थल पर किया गया । इस दौरान बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता द्वारा की गई। इस दौरान बैठक में जागरूकता रैली निकाले जाने पर चर्चा की गई। फतेहाबाद माथुर वैश्य मंडल के तत्वाधान में युवा दल मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की गई है। अभी तक करीब 120 लोगों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने की मंशा जताई है। रक्तदान के संदर्भ में तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रक्तदान करने वालों की संख्या दो सो से अधिक की जाए, जिसके लिए लगातार जागरूकता जरूरी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि संख्या बढ़ाने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन शनिवार को किया जाएगा ।जो कस्बे के मुख्य मार्ग से निकाली जाएगी। इस दौरान रैली में शाखा सभा, महिला मंडल एवं युवा दल के सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से राजेंद्र प्रसाद गुप्ता मुनीम, आलोक अनिवारिया, आकाश में, गौरव गुप्ता ,आकांक्षा पायल गुप्ता, अनीता मनोज गुप्ता, सनी शल्या ,अबकेस गोलस, राधाचरण गुप्ता, पीयूष गुप्ता ,कपिल गुप्ता ,संजय अनिवारिया, रेनू गुप्ता समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## फतेहाबाद में हजारों बच्चों ने खायी कृमि नाशक दवा

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को कृमि दिवस मनाया इसके तहत बच्चों को पेट के कीड़े मारने वाली एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई। ब्लॉक स्तर से सभी स्थानों पर दवाइयां मुहैया करायी गई। अभियान के तहत एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को पेट के कीड़े मारने की दवा का सेवन कराया गया। इस अभियान में सभी सरकारी स्कूल, आंगनबाडी केंद्र शामिल रहे। सुबह से ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें व्यवस्थाओं में जुटी रही। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद डा.वीके सोनी ने बताया कि 67000 बच्चों को दवा खिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है इसके अंतर्गत स्कूल तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में बुधवार को दवा खिलाई गई है छूटे हुए बच्चों को 26–27 जुलाई को दवा खलाई जाएगी साथ ही इसकी पूरी रिपोर्ट अगस्त माह में शासन को भेज दी जाएगी। साथ ही किसी भी स्थान से दवाई खिलाये जाने के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं मिली है तथा इस अभियान में छूटे बच्चों को 26,27 जुलाई को दवा खिलाई जायेगी।

## तहशील अध्यक्ष पर लगे एससीएसटी के मुकदमे पर किसान महापंचायत आयोजित

- किसानो की समस्या,तहशील अध्यक्ष पर एससीएसटी का मुकदमा रहा मुख्य मुद्दा
- प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य रहै मौजूद



पिनाहट। भारतीय किसान यूनियन के तहशील अध्यक्ष पर लगे एससीएसटी के मुकदमे के विरोध मे बुधवार को पिनाहट के गांव करकोली स्थित तहशील मुख्यालय पर किसान महापंचायत आयोजित हूई ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहै।

करकोली स्थित भारतीय किसान यूनियन के तहशील मुख्यालय पर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की महा पंचायत आयोजित हुई ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचे प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा का किसानो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया ।बैठक मे किसानो को हो रही विद्युत समस्या,बेसहारा गोवंश की समस्या जैसे कई मुद्दो पर चर्चा होने के बाद पंचायत अपने मुख्य उद्देश्य भाकियू के तहशील अध्यक्ष विनोद परिहार व मीडिया प्रभारी रामवकील परिहार के विरुध्द थाना मनसूखपुरा मे एससीएसटी की धाराओ मे दर्ज मुकदमा के विरोध मे सभी पदाधिकारियो ने जोर शोर से कहा कि यह मुकदमा राजनीतिक षड्यंत्र है। फर्जी तरीके से फंसाया गया है ।पुलिस द्वारा मामले की जांच कर इसे जल्द समाप्त नही किया गया ।तो 31जुलाई को बमरोली कटारा स्थित एस पी पूर्वी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा ।इस दौरान पंचायत मे प्रदेश उपाध्यक्ष बुध्दासिह प्रधान,मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिह परिहार,युवा मण्डल अध्यक्ष विपिन यादव,जिलाध्यक्ष राजवीर लवानियां,तहशील अध्यक्ष विनोद परिहार जिला सचिव रामकेश कसाना,अजयराज शास्त्री समेत अन्य किसान यूनियन के पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहै।

## सीडीओ ने दवा खिलाकर शुरू कराया कृमि मुक्तिअभियान

- 20.97 लाख को कृमि मुक्ति की दवा खिलाने का अभियान शुरू आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों पर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, नहीं खा पाएं कृमि मुक्ति की दवा तो मापअप राउंड में खा लें

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। जिले में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर न्यू आगरा स्थित संयुक्त विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी ए मणिकंडन ने कृमि मुक्ति की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजीव वर्मन मौजूद रहे। यह दवा एक वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में 20.97 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। डॉ संजीव वर्मन ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। उन्होंने बताया कि पेट से कीड़े निकलने की दवा एल्बेन्डाजॉल बहुत ही स्वादिष्ट बनाने की कोशिश की जाती है। इससे बच्चे आसानी से खा लेते हैं। पहले यह दवा वनीला और मैंगो फ्लेवर में उपलब्ध थी जबकि इस बार यह स्ट्राबेरी फ्लेवर में मिल रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता ने बताया कि हम लोगों को दवा खिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। हम सब कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दवा खिला रहे हैं। जो लोग दवा नहीं खा सके हैं, उनको मॉपअप राउंड में दवा खिलाने का प्रयास करेंगे। लाभार्थी राहुल ने बताया कि मेरे बच्चे को आज उसके स्कूल में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई है।




दवा सेवन के दौरान और उसके बाद भी कोई दिक्कत नहीं हुई है।

क्यों खाएं दवा : डीसीपीएम डॉ विजय सिंह ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। इसलिए एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे–धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना। इससे घबराना नहीं है। दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाती है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है। कार्यक्रम में वर्ल्ड विजन संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 11 से 17 अगस्त तक घर घर में तिरंगा फहराया जायेगा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक बैठक आगरा कॉलेज, आगरा के प्रतिष्ठित गंगाधर शास्त्री सभागार में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ आगरा कॉलेज, आगरा के प्राचार्य प्रो अनुराग शुक्ल द्वारा मांगलिक मंत्रोचार एवं स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ रेखा रानी तिवारी ने आजादी के अमृत महोत्सव को बेहद भव्यता के साथ मनाने की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी रूपरेखा के विषय में बताया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो अजय तनेजा ने उपस्थित प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर यह हम सबका दायित्व बनता है कि हम अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अपने अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करें। आगरा कॉलेज, आगरा के प्राचार्य प्रो अनुराग शुक्ल ने कहा कि 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा फहराने का कार्यक्रम जनपद घर घर में भव्यता से मनाया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के



विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक प्रो अरशद मोहम्मद ने बोलते हुए कहा कि इसको और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महाविद्यालयों के एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवकों का सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर आगरा, मथुरा, हाथरस, फिरोजाबाद, एटा जनपदों के राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने जुए फड़ पर की छापेमारी, आधा दर्जन गिरफ्तार

पिनाहट। थाना बसई अरेला क्षेत्र के गांव सबोरा में निर्माणाधीन मकान में सजी जुए की महफिल पर पुलिस ने छापेमारा जहां सेआधा दर्जन जुआरियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मंगलवार रात बसई अरेला पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रहे थी ।तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव सबोरा के एक निर्माणाधीन मकान में छापा मारा जहां जुए की महफिल सजी मिली। पुलिस ने मौके से आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से नगद 3840 रुपए व तांश की गड्डी बरामद की। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम अखिलेश निवासी झोरियन थाना पिनाहट, नत्थाराम निवासी खिलावली फतेहाबाद, अरविंद्र उर्फ धारी, मुरारी, कन्हैया, यदुवीर निवासीगण गांव सवोरा थाना बसई अरेला, बताया पुलिस ने सभी गिरफ्तार जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिये। थानाध्यक्ष बसई अरेला विवेक कुमार ने बताया कि जुए के फड़ पर छापेमारी कर आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। टीम में चौकी प्रभारी रोहित आर्य, जितेंद्र,राजू शिवकुमार मौजूद रहे।

## ताजनगरी के व्यवसाय को सुनहरे पंख देगा बीएनआई का बिजनेस एक्सपो

- 17–18 सितम्बर को एसएनजे गोल्ड में होगा आयोजन, आगरा मंडल के 56 से अधिक व्यवसायी लेंगे भाग

आगरा। ताजनगरी के विभिन्न व्यवसाय को एक प्लेटफार्म पर लाने के साथ सुनहरे पंख भी मिलेंगे। बीएनआई ताज चौप्टर (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) द्वारा 17–18 सितम्बर को एसएनजे गोल्ड (जेपी होटल के पास) में बिजनेस एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगरा मंडल के लगभग 56 से अधिक व्यवसायी के साथ देश विदेश की कम्पनियां भी भाग लेंगे। फतेहाबाद रोड स्थित होटल क्रिस्टल सरोवर में आज कर्टन रेजर (कार्यक्रम का ब्यौरा) कार्यक्रम का आयोजन कर सम्पूर्ण जानकारी दी गई। बीएनआई की अध्यक्ष मैंडी रल्लन व उपाध्यक्ष रमन सेतिया ने कर्टन रेजर करते हुए बताया कि बीएनआई ग्लोबल बिजनेस प्लेटफार्म है। विजनेस एक्सपो में मार्बल, जूता, कपड़े, ग्लास आयरन, हैंडीक्राफ, भारतीय व विदेशी खाद्य पदार्थ, होटल, सर्राफ, डेकोरेशन, बेकरी आदि विभिन्न व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियां भी हिस्सा लेंगी। उद्देश्य ताजनगरी के व्यवसाय को वैश्विक स्तर पर प्रमोट करना है। वह भी बिना किसी कमीशन के। विजनेस एक्सपो में ताजनगरी के एएमैक, नेशनल चौम्बर, टयूरिज्म गल्ड जैसे व्यवसायिक संगठनों को भी जोड़ा जाएगा। विश्व के विभिन्न देशों में बीएनआई के 10600 चौप्टर हैं। हर



चौप्टर में अलग–अलग व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों का ग्रुप है। जिसके 74 देशों में लगभग तीन लाख मैम्बर हैं। ताज चौप्टर के माध्यम से आगरा के व्यवयायी अब तक (मात्र चार महीने में) 8 करोड़ का विजनेस कर चुके हैं। कार्यक्रम में 25 विजिटर (ने व्यवसायी) ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमन सेतिया, मैंडी रल्लन, प्रवीन कुमार जैन, निकिता मगन, अनुज खंडेलवाल, धीरज मीरचंदानी, रोहित डंग, शिवम चावला, दिवाकर पंजवानी, शिखा जैन, शिवानी गोयल, मान्या शर्मा, पराग गुप्ता, पूजा भार्गव, संचिता अग्रवाल आदि उपस्तिथ थे।

## चित्राहाट में रंजिशन हमला, पुलिस के सामने पथराव, बलवे में 16 नामजद, 11 गिरफ्तार

जैतपुर । मंगलवार की शाम चित्राहाट के प्रेमनगर में पुरानी जमीनी रंजिश में सूवेदार सिंह और भारत सिंह पक्ष आपस में भिड गये। सूचना पर पहुंची चित्राहाट पुलिस के सामने दोनों पक्ष लाठी, डंडे, सरिया, फरसा, कुल्हाडी आदि के साथ हमलावर थे। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, फिर भी नहीं माने। एक दूसरे पर ईंट, पत्थर फेंकने शुरू कर दिये।

पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से सूवेदार सिंह, गम्भीर सिंह, प्रमोद कुमार, अंकेश, भारत सिंह, अभिलाख, मोनू, जसवंत, बबलू निवासी गण प्रेमनगर, अश्वनी निवासी लाखी (बकेवर) इटावा, आलोक निवासी हिंगोटखेडा (बाह) को पकड लिया। जबकि 5 लोग मौके से भागने में कामयाब हो गये। एसओ चित्राहाट महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पुलिस ने अपनी ओर से दोनों पक्षों के 16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। 11 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस टीम में सुधेश कुमार, योगेश कुमार, विपन कुमार, प्रवेश कटियार, साजिद, निर्दोष, राजीव कुमार, एकता तोमर आदि शामिल रहे।

## अछनेरा पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी



अछनेरा। थाना अछनेरा के गांव अरदाया में 13 जुलाई को हुए अधेड़ महिला हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले हत्यारोपी को गिरफ्तार कर आरोपी का टूटा हुआ ईयर फोन भी बरामद कर लिया है। आपको बता दें कि थाना अछनेरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरदाया में चारा लेने गई अधेड़ महिला की हत्या कर दी गई थी पुलिस ने 15 जुलाई को पास ही के खेत से महिला का क्षत–विक्षत शव बरामद किया था और उसे पंचनामा भार पोस्टमार्टमग्रह भिजवाया गया था इस हत्याकांड के खुलासे के लिए एसपी ग्रामीण सत्यजीत गुप्ता ने टीमों का गठन किया था पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई को अंजाम देते हुए सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर गांव के ही रहने वाले 20 वर्षीय हत्यारोपी दीवान पुत्र चन्द्रपाल निवासी गांव अरदाया को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस पूछताछ में हत्यारोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। एसपी ग्रामीण सत्यजीत गुप्ता ने बताया थाना अछनेरा पुलिस को 13 जुलाई को महिला के लापता होने की सूचना दी गई थी और 15 जुलाई को पुलिस ने महिला का शव खेत से बरामद किया था साथ ही शव के पास से हत्यारोपी युवक का टूटा हुआ ईयर फोन भी पुलिस को मिला था अछनेरा पुलिस ने कड़ी पूछताछ के दौरान इस हत्याकांड का सफलता पूर्वक खुलासा कर दिया है इस दौरान–थाना प्रभारी अनुरागशर्मा, सोवरन सिंह,रजत कटियार,अभय प्रताप और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## खेडा राठौर में तमचे की नोंक पर जीजा-साले से नगदी और मोबाइल लूटा

जैतपुर। खेडा राठौर में शांति नगर की पुलिया के पास पल्सर सवार तीन बदमाशो ने सीने पर तमंचा अडा कर जीजा–साले से 8 हजार रुपये और मोबाइल लूटा लूट की सूचना पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी पुराताल केंजरा (बासोनी) के सोनू सिंह पुत्र मलखान सिंह अपने साले नगला भरी (बसई अरेला) के राघवेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह के साथ दहेज हत्या के मामले में दीवानी आगरा में तारीख कर बाइक से घर लौट रहे थे उन्होंने पुलिस को बताया कि रात 8.30 बजे शांति नगर की पुलिया पर काली पल्सर पर सवार तीन बदमाशो ने तमंचा दिखाकर रोक लिया सीने पर तमंचा अडा कर उनके पास से 8 हजार रुपये मोबाइल लूट लिए बाइक की चाबी खींच कर ले गए।

इस घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल प्रभाव से पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है इस संबंध में थाना खेड़ा राठौर एसओ राजीव कुमार शोलंकी ने बताया है कि जांच के बाद ही कुछ साफ होगा।

## अछनेरा बस स्टैंड का शीघ्र होगा कायाकल्प

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी



अछनेरा। कस्बा अछनेरा में भरतपुर मार्ग पर स्थापित बदहाल बस स्टैंड के दिन शीघ्र ही सुधरने वाले हैं। विधायक चौधरी बाबूलाल द्वारा इसके कायाकल्प हेतु लगातार किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप, शासन ने इसके जीर्णोद्धार हेतु हरी झंडी देते हुए धनराशि स्वीकृत कर दी है। बताया जाता है कि, विधायक द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठायी गयी मांग के बाद, परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को, इस मामले में प्रगति के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद परिवहन विभाग को प्राप्त 20 करोड़ के बजट में से 1 करोड़ 20 लाख की धनराशि, अछनेरा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार हेतु स्वीकृत की गयी है। विधायक प्रतिनिधि डॉ रामेश्वर चौधरी ने बताया कि, स्वीकृत धनराशि से अछनेरा बस स्टैंड आधुनिक और उच्चस्तरीय बस स्टैंड बनेगा। संपूर्ण परिसर का सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवाल, अतिथिगृह, सीसी इंटरलॉकिंग एवं फर्श समेत पेयजल और यात्रियों के बैठने हेतु बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण होगा। विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण इकाई द्वारा शीघ्र ही कार्य शुरू कराया जाएगा बस स्टैंड का कायाकल्प होने से क्षेत्रीय लोगों को भी राहत मिलेगी उल्लेखनीय है कि, वर्तमान में अछनेरा बस स्टैंड बदहाल स्थिति में होने के कारण, यहां पर बसों का ठहराव नहीं होता। यात्रियों को मजबूरन डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता था अछनेरा से प्रतिदिन मथुरा, भरतपुर, कागारौल, आगरा आदि स्थानों के लिए हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। बस स्टैंड के सुचारू होने के बाद उन्हें काफी राहत मिलेगी इस दौरान–जितेंद्र फौजदार,वीके ठाकुर, लवकुशपहलवान, मुकेश चौधरी,और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पुलिस ने स्कूलों में छात्र-छात्राओं सहित अध्यापकों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट के सर्वोदय विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज एवं अंकुर अकैडमी परिसर में पुलिस ने साइबर अपराध को लेकर बैठक कर छात्र छात्राओं सहित अध्यापकों को जागरूक किया। बुधवार को थानाध्यक्ष पिनाहट कुलदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बीट प्रभारी महिला कांस्टेबल सुमन यादव ने कॉन्स्टेबल ईशा तोमर के साथ कस्बा पिनाहट के सर्वोदय विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज एवं अंकुर अकैडमी परिसर में साइबर अपराध को लेकर स्कूली अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं के साथ एक बैठक की। जिसमें महिला कांस्टेबल के साथ पुलिस कर्मियों





द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम के लिए स्कूली छात्र छात्राओं सहित स्कूली अध्यापकों को जानकारी दी गई। जिसमें सभी को साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया संबंधी अपराध से बचने के लिए बताया गया। कि किसी भी प्रकार की कोई भी फर्जी फोन कॉल आए तो उसे रिसीव नहीं करना है। अगर आप सायबर अपराध की चपेट में आ रहे हैं। साइबर अपराध हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। अपराध से संबंधित मामले को लेकर तत्काल पुलिस को संपर्क करें। वहीं पुलिसकर्मियों ने छात्र–छात्राओं एवं अध्यापकों को सोशल मीडिया संबंधी अपराध एवं हेल्पलाइन नंबर के बारे में पूरी तरह से समझा कर जानकारी दी गई। और किसी भी परिस्थिति में पुलिस को तत्काल अवगत कराने के लिए जानकारी दी गई।

## विवाहित महिला को आशनाई के चक्कर मे भगाने वाले युवक व सहयोगी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

दैनिक अयोध्या टाइम्स परसपुर गोंडा परसपुर, गोण्डा । स्थानीय थाना क्षेत्र परसपुर अन्तर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बहन की शादी थाना टिकैतनगर बाराबंकी में हुई थी। तकरीबन पाँच वर्ष पूर्व पीड़ित के बहनोई की मृत्यु हो गयी थी। तबसे उसकी बहन अपने बेटे के साथ अपने मायके में रह रही थी।

विगत 25 मई 2022 की रात तकरीबन 11 बजे पीड़ित की शादीशुदा बहन को महावतन पुरवा पसका निवासी कृष्णकुमार यादव आशनाई के चक्कर मे कहीं भगा ले गये। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बहन को भगाने में ग्राम बलमत्थर निवासी गोरेलाल का पूरा सहयोग रहा है। गोरेलाल दयाल चौराहा पसका में प्राइवेट अस्पताल चलाता है। वहीं उलाहना देने पर पीड़ित को गाली गलौज भी दिया। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर कृष्णकुमार यादव एवं गोरेलाल मिश्र के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।




## मदरसे का स्थान हुवा चेंज संबंधित कर्मचारियों को नहीं कोई भनक

• मदरसे में मौजूद अध्यापकों की मिलीभगत से लाखों रुपए का बंदरबांट कर डकार जाते मदरसा के अध्यापक

दैनिक अयोध्या टाइम्स महसी बहराइच। जनपद बहराइच के विकासखंड महसी के जोत चांदपारा के कस्बा महराजगंज में लगभग 25 वर्ष पहले बना मदरसा दारुल उलूम अशरफिया हस्मतुर्रजा मदरसा को अब्दुल करीम ,अनवार जैसे अध्यापक पुराने मदरसे को कब्जा कर अन्यत्र दूसरी जगह पट्टे की जमीन पर मदरसा बनवा रहे हैं जबकि जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को कोई जानकारी नहीं है अध्यापकों के माध्यम से कहीं अन्य जगह पर आपस में सलाह कर बगैर विभाग को सूचना दिए अन्यांत्र बनाई जा रही बिल्डिंग व मदरसा के शिक्षक अपनी दूकान पर बैठ कर दूकान चला रहे हैं मदरसा अध्यापक साइन करने के लिए मदरसे तक जाते हैं ज्यादा अध्यापक बच्चे कम लगभग दस लाख रूपए प्रति माह सरकार खर्च कर एक तरफ बच्चों को शिक्षा के बढ़ावा दे रही है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को पढ़ाने के लिए मदरसों में अध्यापकों की नियुक्ति की जाती है अस्थाई रहने वाले अध्यापक रोड पर अपनी दुकानें चला रहे हैं ।

एक मदरसे में कम से कम 5क्लर्क व 3 फोर्स क्लास के व 15 अध्यापक काम करते हैं उनका वेतन 60 से 70 हजार तक है यह लोग 700 का काम नहीं करते हैं गांव के लोगों से मालूम हुआ कि यह लोग मदरसा में फॉर्मेलिटी के लिए जाते हैं उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में सरकार के द्वारा चाहे सरकारी विद्यालय हो या फिर मदरसा योगी सरकार चार चांद लगाने में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रही लेकिन जमीनी हकीकत पर उसका उल्टा नजर आ रहा है मामला क्यों किया स्थानीय अध्यापकों के द्वारा आपसी मिलीभगत के कारण सरकारी धन का बंदरबांट कर दुरुपयोग किया जा रहा है लेकिन संबंधित कर्मचारियों को को इसकी भनक तक नहीं यहां पर तो मदरसे का लोकेशन ही पूरा चेंज कर दिया गया लेकिन किसी संबंधित कर्मचारियों को कानो कान खबर भी ना हुई जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ योगी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करती है वहीं पर कुछ ऐसे कर्मचारी हैं ।

जो आपने कारनामों से योगी सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य करें जनपद बहराइच में कई सारे मदरसे चल रहे हैं जिसमें कुछ रजिस्टर्ड और कुछ अवैध तरीके से भी चल रहे हैं बिना रजिस्टर्ड लेकिन इन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है ना ही किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया देखने को मिलती है स्थानीय कुछ ग्रामीणों के द्वारा जानकारी प्रदान की गई जिसके बाद संवादाता द्वारा संबंधित अधिकारी को कॉल कर इस पर विशेष चर्चा कर जानकारी प्राप्त की जिसमें जानकारी ना होने की बात कही गई अब देखना यह है कि क्या कुछ जिला प्रशासन ने कड़े रुख अपनाती है या फिर इसी प्रकार से भ्रष्ट कर्मचारियों द्वारा सरकारी धन का बंदरबांट होता रहेगा पूरा मामला आपको बता दें कि तहसील महसी क्षेत्र का है सूत्रों के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पता चला है की बच्चों की संख्या काफी कम है और अध्यापकों की संख्या लगभग दर्जन के आसपास है जिससे सरकारी धन काफी मात्रा में आवंटित किया जाता है जिसका यह सब आपस में मिलकर बंदरबांट करते है।

## नवविवाहितों को वितरण करने हेतु सीएचसी कर्नलगंज को दिए गए शगुन किट के वितरण में हुआ बड़ा खेल

• विभागीय अफसरों और ठेकेदारों की सांठ गांठ से हुए खेल का मामला आया सामने

• एक किट की खरीद पर करीब तीन सौ रुपए का बताया जा रहा है खर्च

• कर्नलगंज सीएचसी प्रशासन शगुन किट के वितरण का विवरण उपलब्ध कराने में आनाकानी करते हुए मामले में लीपापोती कर लाखों रुपए के घपले को हजम करने में जुटा

• स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक से बीते दिनों इस मामले की हुई शिकायत के बाद किट वितरण में खेल हुआ उजागर

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन के लिए नवविवाहितों को वितरण करने हेतु सीएचसी कर्नलगंज को दिए गए शगुन किट के वितरण में बड़ा खेल सामने आया है। बता दें कि मामला परिवार नियोजन के लिए नवविवाहितों को मिलने वाली नई पहल किट शगुन किट के वितरण में हुए बड़े पैमाने पर हुई धांधली से जुड़ा है। जिसके वितरण में हुई भारी गड़बड़ी का मामला गरमा गया है। वहीं कर्नलगंज सीएचसी प्रशासन उक्त शगुन किट के वितरण का विवरण उपलब्ध कराने में आनाकानी करते हुए मामले में लीपापोती कर लाखों रुपए के घपले को हजम करने में जुटा है।

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों को नवविवाहितों को देने के लिए नई पहल किट शगुन किट दी गई थी। स्वास्थ्य केंद्रों से इन शगुन किट को आशा के माध्यम से गांवों के नव विवाहित दंपत्तियों को वितरण किया जाना था। एक किट की खरीद पर करीब तीन सौ रुपए का खर्च बताया जा रहा है।सीएमओ गोंडा की ओर से सामुदायिक केन्द्रों पर मई माह में किट भेजने का निर्देश दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक से बीते दिनों इस मामले की शिकायत होने के बाद विभागीय अफसरों और ठेकेदारों की सांठ गांठ से हुए इस किट वितरण का खेल उजागर हुआ।बीते सोमवार को संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्रों को शगुन किट कम दिये जाने का मामला सामने आया था। इसी क्रम में कर्नलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त निदेशक ने जब ब्लॉक कम्युनिटी प्रोग्रेस मैनेजर (बीसीपीएम) से किट के संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने परिवार नियोजन के लिए दी जाने वाली शगुन किट कम संख्या में मिलने की बात कही। बीसीपीएम ने बताया कि उन्हें 648 किट के बजाय 286 किट देकर हस्ताक्षर करवा लिया गया। कुछ दिन के बाद जब बीसीपीएम ने चीफ फॉर्मासिस्ट अशोक वर्मा तथा परिवार नियोजन के




लाजिस्टिक मैनेजर से किट कम मिलने की शिकायत भी की। संयुक्त निदेशक के स्तर से हुई इस जाँच पड़ताल में अन्य ब्लॉक में भी शगुन किट कम दिये जाने का मामला प्रकाश में आया। बताते चलें कि विभागीय जानकारी के मुताबिक इस शगुन किट में एक जूट के बैग के साथ विवाह पंजीकरण फॉर्म,स्वच्छता बैग, पम्पलेट, तौलिया, बिंदी, कंघी,नेल कटर, दो रुमाल, एक छोटा शीशा शामिल है। साथ ही दो पैकेट कण्डोम, दो गर्भ निरोधक गोलियां, एक पैकेट साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोलियां, तीन आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां और दो प्रेग्नेंसी जांच किट रहती है। मामले में बीते 13 जुलाई को ष्आखिर कौन हजम कर गया सात हजार शगुन किट शीर्षक से एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच करवाकर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवविवाहितों को वितरित की जाने वाली नई पहल किट (शगुन किट) में गोलमाल का मामला सामने आने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मचा है।वहीं खबर को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी डॉ० उज्जवल कुमार ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया है कि टीम गठित कर किट वितरण में गड़बड़ी मामले की जांच करवाकर दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। प्रभारी अपर निदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण डॉ० अनिल मिश्र ने किट वितरण में गोलमाल की सूचना महानिदेशक परिवार कल्याण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को दी है। ऐसे में शगुन किट वितरण में हुई भारी गड़बड़ी का मामला गरमा गया है। वहीं विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक कर्नलगंज सीएचसी प्रशासन उक्त शगुन किट के वितरण का विवरण उपलब्ध कराने में आनाकानी करते हुए मामले में लीपापोती कर लाखों रुपए के घपले को हजम करने में जुटा है।

## आरटीओ विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से बुलेट गाड़ी को दूसरे के नाम कराने का लगा आरोप

• (दबंगों द्वारा पीड़ित को जेल भिजवाने के बाद जिम्मेदार लोगों की मिलीभगत से हुआ हैरत अंगेज कारनामा)

दैनिक अयोध्या टाइम्स परसपुर गोंडा। जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जहाँ दबंगों द्वारा पीड़ित को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेजवाने के बाद पीड़ित के बुलेट मोटरसाइकिल गाड़ी को आरटीओ विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के चलते फर्जी तरीके से अपने नाम कराने का आरोप लगाया गया है।

आपको बता दें कि पीड़ित विपिन शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी साकीपुर शुक्ल पुरवा ने जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है । पीड़ित परसपुर थाना के द्वारा दर्ज मुकदमे में जेल में बंद था। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पूर्व में रहे थाना परसपुर प्रभारी संदीप सिंह के द्वारा पीड़ित को मारा–पीटा और कई सादे पेपर पर व दस रुपए के स्टाम्प पर और सेल लेटर पर जबरन हस्ताक्षर कराया गया और पीड़ित के नाम रजिस्टर्ड बुलेट मोटरसाइकिल को UP43 ए एस 4147 नंबर को दिनांक 20/02/ 2022 को जबरन बेंचीनामा लिख लिया और पीड़ित को फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया। पीड़ित ने जब यह खबर अपने घर वालों को बताई तो घर वाले हैरान हो गए और मोटर साइकिल छुड़ाने के लिए ऑनलाइन आईजीआरएस प्रार्थना पत्र दिया। जिसकी पैरवी करने घर वाले थाना परसपुर गए तो थाना प्रभारी ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल को मनोज पांडे पुत्र आत्माराम पांडे निवासी चरौंहा को मोटरसाइकिल बुलेट को उसे दे दिया है। पीड़ित के घर वालों ने पीड़ित के नाम रजिस्टर्ड गाड़ी के पेपर को थाना प्रभारी को दिया और कहा कि साहब हमारी बुलेट मोटरसाइकिल को मेरे बिना बेचें ही दूसरे के नाम कैसे हो गई तो थाना प्रभारी ने कहा कि भाग जाओ यहां से नहीं तो तुम सबको पकड़ कर अभी उसी तरह मुकदमे में अंदर कर देंगें। पीड़ित जब गोंडा आरटीओ दफ्तर में जानकारी के लिए पहुंचा तो वहां से पता चला कि इस गाड़ी को 23/02/2022 को दूसरे के नाम ट्रांसफर किया गया है, जिसमें पीड़ित के फर्जी हस्ताक्षर भी हैं। जब कि पीड़ित अपना नाम विपिन शुक्ला लिखता है। विदित हो कि वाहन स्वामी के बिना आरटीओ दफ्तर गए गाड़ी ट्रांसफर नहीं की जा सकती है। पीड़ित ने बताया कि पुलिस व आरटीओ विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत से फर्जी तरीके से गाड़ी को किसी दूसरे के नाम बुलेट गाड़ी को ट्रांसफर किया गया है। इस मामले में पीड़ित न्याय पाने के लिए अधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगा रहा है। इस संबंध में एआरटीओ बबीता वर्मा ने कहा कि शिकायत मिली है जांच कराई जायेगी।




## पहले ही बारिश खुली गांव की विकास की पोल

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। विकासखंड पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत अभी तो पहली और हल्की बरसात होती ही गांव मे खुल गए विकास की कलई गांव में घरों तक पहुंचने वाले रास्तों पर भरा पानी जिससे लोगों का आना जाना दूभर हो गया है। वही जिम्मेदार विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा। यह नजारा आप पयागपुर विकास क्षेत्र के ग्राम झाला तर हर गांव के अंदर का देख सकते जहां अभी पहली व हल्की बरसात होने के बाद लोगों का राह निकलना दूभर हो गया है।जबकि विष्णु पांडे फौजदार पांडे नेहा त्रिपाठी रामबहादुर ननके यादव विनय कुमार बाबू भरतराम पांडे आदि ग्रामीणों ने कई बार ग्राम विकास अधिकारी से शिकायत भी किया था। परंतु रास्तेका सुधार आज तक नहीं कराया जा सका। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।इसी प्रकार बहराइच गोंडा मार्ग को जोड़ने वाला गांव नागेश्वर पुरवा दाखिला सोहरियावा पहुंचने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर होकर जानलेवा बन चुका है। करीब 20 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत निधि से लगा था खड़ंजा तब से इस मार्ग पर कार्य नहीं कराया गया।

गांव के नरेंद्र कुमार शुक्ला महेश चंद्र शुक्ला दिनेश चंद रक्षा राम विनोद अशोक आदि ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी पयागपुर से किया जा चुका है। किंतु इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराया जा सका ।जबकि गांव से निकलने का एक यही ग्रामीणों का मुख्य रास्ता है। जो बरसात के समय में लोग बाजार से हरी सब्जी नहीं खरीद पाते बीमार व्यक्ति रास्ते के अभाव में इलाज कराने नहीं जाते जबकि सरकार हर गांव को जोड़ने के लिए सड़कों का



जाल बिछा रही। गड्ढा मुक्त मार्ग के लिए लाखों करोड़ों खर्च कर रही।वही यहां के लोगों को आने जाने के लिए मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।इस बाबत में जब खंड विकास अधिकारी पयागपुर सौरभ कुमार पांडे से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है। संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी भेजकर रास्तों का जांच कराकर रास्ते की समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित ने न्याय की लगाई गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स परसपुर गोंडा। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम भौंरीगंज के निवासी पीड़ित सुरेश कुमार सोनी पुत्र राम मिलन ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला थाना परसपुर के ग्राम भौंरीगंज से जुड़ा है, जहाँ पीड़ित सुरेश कुमार सोनी पुत्र राम मिलन और विपक्षिनी बिट्टू पत्नी रामू निवासी गण ग्राम भौंरीगंज के बीच एक ही जमीन के डबल बैनामे को लेकर थाना कर्नलगंज में विपक्षिनी बिट्टू पत्नी रामू के विरुद्ध पहले से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है। भूमि विवाद से जुड़े इस मामले में पीड़ित का कहना है कि विपक्षिनी द्वारा सुलह करने एवं जमीन हड़पने की नियत से फर्जी मुकदमे में फंसाकर पीड़ित को धारा बढ़ोत्तरी कराकर फंसाने की साजिश रची जा रही है। वहीं थाना परसपुर की पुलिस सब कुछ जानते हुए राजनैतिक दबाव वश निर्दोष पीड़ित को विपक्षिनी द्वारा गलत कृत्य के मामले में फंसाये जाने से त्रस्त होकर उससे निजात दिलाने हेतु एसपी को पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित के मुताबिक वह एक व्यवसायी होने के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठित व्यक्ति होने से उक्त फर्जी मुकदमे को लेकर काफी मानसिक तनाव में है। जिससे पीड़ित ने काफी त्रस्त होकर विपक्षिनी बिट्टू पत्नी रामू के द्वारा दर्ज कराये गए फर्जी मुकदमे और धारा बढ़ोत्तरी और उत्पीड़न से निजात दिलाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घायल हुई महिला

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी

सुजौली,बहराइच। सुबह तड़के तेज गरज के साथ अचानक चालू हुई बरसात के कारण सुजौली थाना क्षेत्र के रविदास नगर निवासी सावित्री पत्नी राजेश गौतम के घर अचानक बिजली गिर पड़ी आकाशीय बिजली गिरने से राजेश के घर की टीन टूट गई वही



आकाशीय बिजली की चपेट में आने से राजेश की पत्नी सावित्री घायल हो गई परिजनों ने तत्काल सावित्री को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां निजी चिकित्सक के द्वारा महिला का इलाज किया जा रहा है।


## संक्षिप्त समाचार

### मूसलाधार बारिश से खिले किसानों के चेहरे आम लोगों को भीषण गर्मी से मिली निजात

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर इलाके में बुधवार की दोपहर से बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले आम आदमियों को भीषण गर्मी से निजात मिली । आपको बताते चलें विगत एक माह से किसान पानी की आस में धान की रोपाई नहीं कर पा रहा था । महंगाई के इस दौर में आधुनिक खेती में भारी लागत और डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि के कारण इंद्र देवता की तरफ टकटकी लगाए हुए इसी आस में था कि बारिश हो जाए। इतना ही नहीं भीषण गर्मी से व्यापारी से लेकर आम जनता तक त्रस्त हो चुकी थी । मंदिर , मस्जिद गुरुद्वारा व चर्च में लगातार दुआएं मांगी जा रही थी। बुधवार की सुबह मूसलाधार बारिश होने से जहां किसानों के खेतों में लबालब पानी भर गया । उत्साहित किसान खेतों में धान की रोपाई के लिए बरसते पानी में ही पहुंच गए । लगातार हो रही बारिश से भीषण गर्मी से निजात मिली है तथा आम लोगों ने राहत की सांस ली है।

### मानसून की पहली बारिश में ही पयागपुर के भूपगंज बाजार में हुए जलभराव ने नगर पंचायत की व्यवस्था की खोली पोल

दैनिक अयोध्या टाइम्स शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर पयागपुर बहराइच। भूपगंज बाजार तीन ग्राम पंचायतों में बंटा हुआ था। जिसके कारण किसी ने भी इस विशेष समस्या पर ध्यान नहीं दिया। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की नालियों को ठीक कराया, किन्तु सही ढंग से काम न होने के कारण नालियों का कनेक्शन आपस में नहीं जोड़ा गया और पानी के ड्रेन आउट होने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिसके कारण इन बीते समय के दौरान नालियां कूड़े करकट से पट गईं और इनका मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने कई बार आवाज उठाई, किन्तु अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। जिसका खामियाजा नगर वासियों को भुगतना पड़ रहा है।मानसून की पहली बारिश में ही पयागपुर के भूपगंज बाजार में हुए जलभराव ने नगर पंचायत की व्यवस्था की पोल खोल दी। श्रावण में भी बारिश न होने पर लोग टकटकी लगाए आकाश की ओर निहार रहे थे। मंगलवार को दोपहर में हल्की बरसात हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। बमुश्किल आधे घंटे की बारिश ने नगर पंचायत की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। नालियों के चोक हाने से जलभराव हो गया और लोगों की खुशी काफूर हो गई। भूपगंज बाजार में जगह जगह नालियां चोक होने से गंदा पानी उफनाकर सड़कों पर आ गया। सड़क ने तालाब की शक्ल अख्तियार कर ली है। जलभराव होने के कारण कई लोग चोटिल हो गए। दो वर्ष पूर्व जब पयागपुर को नगर पंचायत का दर्जा हासिल हुआ था, तो लोगों ने विकास के सपने संजोए थे और लोगों को यह लगने लगा था कि अब जलभराव की समस्या से निजात मिल सकेगी। विडम्बना ही है कि पानी के निकास के लिए अब तक कोई मास्टर प्लान तैयार नहीं किया जा सका है।



## जब इस गरीब की भूख ने जलाया चूल्हा तो उसमें से निकली एक चिंगारी जला दिया उसके आशियाने को हुई दाने-दाने को मुहताजी

• इटियाथोक क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुर संगम से जुड़ा हुआ है यह वाक्य

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोंडा उत्तर प्रदेश। गोंडा चूल्हे की चिंगारी से गरीब के आशियाने में लगी आग जिससे समस्त संसाधन जलकर हुआ खाक गरीब हुआ दाने–दाने को मोहताज वैसे यह वाक्य इटियाथोक क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुर संगम स्थित बैजनाथ पुरवा का है जहां मंगलवार दोपहर करीब 2:00 बजे चूल्हे की चिंगारी ने एक गरीब के आशियाने को जलाकर खाक कर दिया अग्नि पीड़िता राज देई ने समाचार पत्रों के माध्यम से यह बताया है कि वह दोपहर करीब 2:00 बजे चूल्हे पर खाना पका रही थी कि अचानक चूल्हे से निकली हुई चिंगारी ने उसके आशियाने को जलाकर खाक कर दिया पीड़िता का कहना है कि फूस की झोपड़ी में रखें लगभग सभी संसाधन जलकर खाक हो गया यहां तक गेहूं और चावल भी राख में तब्दील हो गई मेहनत मजदूरी से कमाई गई नगदी जिससे पीड़िता फूस की जगह टीन रखवाने का सपना देख रही थी परंतु वह भी अधूरा रह गया इस भीषण आग की लपटों ने नगदी 15000 अपने चपेट में ले लिया पड़ताल के मुताबिक अग्नि पीड़िता के पति रंगीले के अलावा उसके चार छोटे छोटे बच्चों का गुजारा इसी झोपड़ी में चल रहा था



पति रंगीले से बात करनी चाहिए परंतु नहीं हो पाई वह फूट–फूट कर रोने लगा कहने लगा कि पूरा दिन मेहनत मजदूरी करता हूं तब जाकर पूरे परिवार का भरण पोषण चलता है अब हम अपने परिवार का जीविका चलाएं या रहने के लिए आशियाना बनाएं कुछ समझ में नहीं आ रहा है गांव के उचित दर विक्रेता महाराज दीन तिवारी अग्नि पीड़िता की मदद में आगे आए गेहूं और चावल देकर और मदद करने की बात कही है।

वही इस बाबत कानूनगो बैकुंठ नाथ तिवारी से बात की गई तो उन्होंने जांच उपरांत इस गरीब की मदद करने की बात कही है।

## कलाम फाउंडेशन ने चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध के लिए दिया प्रार्थना पत्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। चाइनीज मांझा लोगों के लिए प्राणघातक बनता जा रहा है इस प्रतिबंधित चाइनीस मांझे के कारण के बहुत सी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं! अभी चाइनीज मांझे के कारण मरी माता मंदिर के पुजारी के पोते की मृत्यु तथा उनके बेटे के घायल होने की का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि गत रविवार को एक शिक्षक की जान चाइनीज मांझा के कारण आफत में आ गई।

यह मांझा प्रतिबंधित होने के बावजूद भी लगातार शहर में बिक रहा है! जिम्मेदार अधिकारियों से बार–बार निवेदन करने के बावजूद भी उचित कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हो पा रही है इसी आशय को ध्यान में रखते हुए कलाम फाउंडेशन के संस्थापक अमर सिंह विशेन ने जिला अधिकारी बहराइच को प्रार्थना पत्र सौंप कर के यह मांग की है कि इस मांझे पर तत्काल प्रतिबंध लगाते हुए इसकी बिक्री करने वालों को जेल भेज कर दंडित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि इस मांझे के कारण किसी के जान–माल की नुकसान ना हो! प्रार्थना पत्र देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष विकास जायसवाल धोनी, जिला अध्यक्ष राज सिंह रैकवार, संस्थापक सदस्य यश सिंह रैकवार के साथ–साथ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करें शिक्षक

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर के प्रशिक्षण हाल में चार दिवसीय निपुण भारत लक्ष्य, निपुण भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण का उदघाटन डायट प्राचार्य उदय राज के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदना के बाद प्रारंभ किया गया स चार दिवसीय प्रशिक्षण के तहत प्रथम दिवस के अवसर पर निपुण भारत मिशन से संबंधित छात्रों का विद्यालय से जुड़ाव, बाल केंद्रित शिक्षा ,लर्निंग गैप से उबारकर उनको मुख्यधारा से जोड़ना स शत–प्रतिशत नामांकन , शत प्रतिशत उपस्थिति तथा उनको शत – प्रतिशत शैक्षणिक संप्राप्ति दे सके। इस प्रशिक्षण को जनपदीय मास्टर ट्रेनर डायट प्रवक्ता गुलशन ,डायट प्रवक्ता दशरथ यादव ,एसआरजी सुधीर कुमार मेहरोत्रा एवं मनोज दीक्षित के द्वारा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर जनपद के समस्त मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जा रहा है इस प्रशिक्षण में गुणवत्ता तथा मूलभूत साक्षरता पर ध्यान देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है स सभी प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के बाद अपने अपने विकास क्षेत्र के समस्त प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे इस प्रशिक्षण का देखरेख राज्य शैक्षिक प्रबंधन संस्थान प्रयागराज के नेतृत्व में किया जा रहा है स निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण को एआरपी राजेश कुमार मिश्र, पवन शुक्ल, यादवेन्द्र प्रताप चौधरी, दिलीप त्रिपाठी, बृजेश शुक्ल, डॉक्टर दुर्गा प्रसाद सिंह, अरुण पाण्डेय, विजय , सुनील, अरविन्द , आशीष, अब्दुल मोमिन, असलम, चंद्रेश पाण्डेय, भानु प्रताप मिश्र, अनूप, प्रतिभाग कर रहे है।



## किसी वैज्ञानिक ने बताया फसल लगाने के तरीके





दैनिक अयोध्या टाइम्स देवेश पांडेय बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ के एम सिंह ने आज की बरसात किसानों के लिए अमृत वर्षा बताया।

डॉ सिंह ने बताया कि इस वर्षा से किसान भाइयों के खेत में नमी पर्याप्त मात्रा में आ जाएगी साथ ही साथ जिन किसान भाइयों ने धान की रोपाई कर दी है, उनके खेतों में जो दरारें आ गई वह भी इस बरसात से वह भी बंद हो जाएंगी, जिसके कारण किसानों को धान में कम पानी लगाना पड़ेगा। साथ ही साथ धान की रोपाई भी तेजी गति से शुरू हो जाएगी, क्योंकि धान के खेत में पानी भरने के लिए कम समय लगेगा और वातावरण में नमी ज्यादा होने के कारण से उसमें पानी ज्यादा समय तक ठहरेगा। डॉ सिंह ने बताया कि जहां पर जलभराव की समस्या नहीं है वहां पर किसान दलहन में उर्द, मूंग, अरहर की खेती करें तिलहन के रूप में तिल एवं मोटे अनाज के रूप में बाजरा, ज्वार, मक्का की खेती करें जिससे कम लागत में अधिक लाभ ले सकें।

## गन्ने के खेत में आश्रय स्थल बनने की संभावना

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी सुजौली, बहराइच। सुजौली रेंज के रविदास नगर गांव में रात में तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ ने ग्रामीणों के द्वार पर बंधी भैंस और बकरी पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों के मुताबिक गन्ने के खेत में तेंदुआ शायद निवास करने लगा है। गन्ने की फसल बड़ी होने पर तेंदुआ उसे अपना दूसरा घर समझते हैं। कुछ यही कतरनियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र से सटे गांवों में शुरू हो गया है। तेंदुआ जंगल से निकलकर पालतू मवेशी को निवाला बना रहे हैं। संरक्षित वन क्षेत्र के ग्राम सुजौली थाना अंतर्गत रविदास नगर गांव में तेंदुआ पहुंच गया। तेंदुआ ने गांव निवासी प्रेम दे द्वार पर बंधी भैंस और बकरी पर हमला कर दिया। मवेशियों के चिल्लाने पर घर के लोग बाहर निकले। सभी ने शोर मचाते हुए पीपा बजाया। जिस पर तेंदुआ जंगल की ओर गया। ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की सूचना रेंज कार्यालय पर दी है, वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वन कर्मियों को मौके पर भेजा जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## रजोरा ग्राम पंचायत सदस्य को हुआ नामांकन

पिनाहट। ब्लॉक पिनाहट क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजोरा में ग्राम पंचायत सदस्य की अचानक मृत्यु के बाद रिक्त स्थान होने पर दोबारा चुनाव के लिए महिला द्वारा नामांकन किया गया। पिनाहट ब्लॉक की ग्राम पंचायत राजौरा के वार्ड नंबर 08 से ग्राम पंचायत सदस्य जगदीश की मृत्यु के बाद खाली पडे पद के लिये बुधवार को खण्ड विकास कार्यालय पिनाहट पर मृतक पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य जगदीश की पत्नी मालती देवी द्वारा सदस्य पद हेतु नामांकन किया गया। जिसमें महिला मालती देवी ने अपने समर्थकों के साथ एआरओ आलोक कुमार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## पैतृक संपत्ति के बंटवारे के विवाद में भिडे भाई गिरफ्तार

जैतपुर। बुधवार को जैतपुर के नयेपुरा गांव में पैतृक संपत्ति के बटवारे के विवाद में सगे भाई प्रेमनरायन, श्यामसुंदर भिड गये। सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ जैतपुर अवनीत मान ने बताया कि दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

## बिजली बिल ठीक करवाने को रात भर धरने पर बैठे किसान

सहारनपुर। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक किसान के विद्युत बिल में गड़बड़ी सही नहीं करने के विरोध में विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर रातभर धरना दिया। बाद में बिल की गड़बड़ी सही किए जाने के बाद ही धरना समाप्त हुआ। तहसील बेहट क्षेत्र के गांव झीवरहेड़ी निवासी किसान विनोद का विद्युत निगम द्वारा पिछले छह माह से गलत बिल भेजा जा रहा है। बिल की गड़बड़ी सही कराए जाने की मांग को लेकर सोमवार की शाम राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के आई टी सेल के जिलाध्यक्ष सागर सैनी पीड़ित किसान के साथ विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचे। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके विरोध में वे पीड़ित किसान के साथ कार्यालय के सामने ही धरने पर बैठ गए।



सूचना मिलते ही अन्य कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और वे रातभर धरने पर बैठे रहे। इसके बाद मंगलवार की सुबह संगठन के मंडल अध्यक्ष नवीन त्यागी व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखबीर सिंह साथियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उनका कहना था कि जब तक समस्या का समाधान नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। देर शाम विद्युत बिल में गड़बड़ी ठीक किए जाने के बाद ही किसानों का धरना समाप्त किया गया। धरना प्रदर्शन में तहसील अध्यक्ष रविंद्र सैनी, रामपाल, धर्म सिंह, मोहित चौधरी, भरत कुमार, जगबीर सिंह, रमेश चंद्र, इंतजार अली, आशु कुमार, भगत जी, रऊफ खान, मुज्जमिल, ओमवीर सिंह, अनिल सैनी आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस : एलबेंडाजोल की दवा खिलाकर अभियान का शुभारम्भ

अयोध्या। जनपद के बच्चों एवं किशोरों को कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए जनपद के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों और स्कूलों मे आज से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। कनौसा गर्ल्स कान्वेंट स्कूल अयोध्या में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने स्कूल की प्रधानाचार्य, टीचर के साथ स्कूल के बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को इस दिवस के महत्व और अभियान की जरूरत पर बताया कि इस दवा के इस्तेमाल से पेट के हानिकारक कीड़े नष्ट हो जाते हैं और इसका फायदा सबके बेहतर स्वास्थ्य के रूप में मिलता है। सभी बच्चों को साल में दो बार प्रत्येक 6 माह के अंतराल पर एलबेंडाजोल की दवा खानी चाहिए। जिले के 1 से 19 साल तक के लगभग 11 लाख 48 हजार बच्चों एवं किशोरों को कल एलबेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय राजा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों के माता–पिता को भी स्कूल में बुलाया जाए एवं उनकी उपस्थिती में बच्चों को दवा दी जाए। इससे पैरेंट्स के भी बीच इसके प्रति जागरूकता बढ़ेगी। साथ ही इससे संबन्धित पोस्टर एवं बैनर को भी स्कूल परिसर में लगाया जाए ताकि इसका उचित प्रचार एवं प्रसार भी हो सके। चिकित्साधिकारी डा. अजय राजा ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास,पंचायतीराज विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, समस्त निजी विद्यालय एसोशिएशन अध्यक्ष एवं एविडेन्स एक्शन सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही 25 से 27 जुलाई को मॉप–अप किया जाएगा जिसमें छूटे हुये बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। उन्होने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के लिए जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्कूलों एवं आँगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को दवा खिलाने के लिए पर्याप्त एलबेंडाजोल की दवा की उपलब्धता भी कर दी गयी है।डॉ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन में सभी विभाग का सहयोग जरुरी है।



आशा, आँगनवाड़ी, एएनएमको भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है द्यउन्होंने बताया कि 1वर्ष से 2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की ) गोली पीसकर खिलानी है वहीं 2 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की 1 गोली चबाकर खानी है कि ये दवा इस प्रकार देनी है 6 से 19 वर्ष) के बच्चों को एल्बेंडाजाल–400 मिलीग्राम की एक एल्बेंडाजोलगोली चबाकर पानी के साथ अध्यापकों के सामने खिलायी जाएगी। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक से दो साल के बच्चों को एल्बेंडाजाल–400 मिलीग्राम की आधी गोली चूरा करके तथा दो से तीन साल के बच्चों को एक गोली चूराकर पानी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा खिलायी जाएगी। इसके अलावा चार से पांच साल के बच्चे एक गोली चबाकर पानी के साथ लेंगे। साथ ही दवा आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में ही खिलायी जाएगी, घर ले जाने के लिए नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही जो बच्चे बीमार हैं अथवा पहले से कोई दवा ले रहे हैं, उन्हें इस अभियान के तहत दवा नहीं खिलायी जाएगी। पेट के कीड़े की दवा एल्बेंडाजाल के फायदे रूएनीमिया में कमी एवं पोषण स्तर में वृद्धि, बच्चों में शारीरिक वृद्धि और वजन बढ़ना, मानसिक एवं शारीरिक विकास में बढ़ोत्तरी, अन्य बिमारियों से बचने हेतु प्रतिरोधी क्षमता बढ़ना, स्कूल में उपस्थिति बढ़ने में सहायक होना और बच्चों की याददाश्त में वृद्धि और स्कूल में सक्रिय रहना। इस अवसर पर अर्बन नोडल डा राम मणि शुक्ला, डीएचईआईओ वीपी सिंह, डीपीएम राम प्रकाश पटेल, डीसीपीएम अमित कुमार, , जिला सम्न्व्यक आरकेएसके सतीश वर्मा , डीईआईसी मैनेजर डा हम्माद , एनयूएचएम के जिला समन्वयक सुशील वर्मा , एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे ।

# विनय कुमार सरोज,ओम प्रकाश चौहान के बाद थाना सुजौली को फिर से मिले सिंघम थानेदार राजेश कुमार

संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम

बहराइच, सुजौली। थाना क्षेत्र में हो रहे अपराध व अबैध कच्ची शराब पर रोक लगाने वाले थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार का नाम थाना क्षेत्र के बच्चे बच्चे की जुबा पर क्योंकि क्षेत्र में अंधाधुन्ध बिक रही थी अवैध कच्ची शराब व किया जा रहा था बड़े पैमाने पर बालू खनन लेकिन थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के कमान संभालते ही मीडिया के सहयोग से इन अवैध कामों पर लगा दी गई लगाम। थाना सुजौली प्रभारी निरीक्षक रह चुके विनय कुमार सरोज और थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश चौहान के कार्यकाल में इन कामों पर रोक लगाया गया था।और अब इन लोगों से भी तेजतर्रार सिंघम थानेदार राजेश कुमार हैं क्योकि थाना क्षेत्र मे परिंदा पर नहीं मार रहा।अबैध काम करने वाले लोग बिल में घुस गए और छुट्टा घूमने वाले लोग जा रहे हैं जेल।सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाए तो पुलिस की गस्ती का सायरन सुने जा सकते हैं।हल्के में हल्का इंचार्ज लगातार तैनात नजर आने लगे।थाना प्रभारी निरीक्षक किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी हल्का इंचर्जो को जारी किये सख्त निर्देश।



# विश्व कीड़ा दिवस पर 90 हजार एल्बेंडाजोल टेबलेट का किया गया वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल रुदौली अयोध्या। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में विश्व कीड़ा दिवस मनाया गया जिसमें क्षेत्र के सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्र सहित अन्य संस्थाओं में आरबीएस के टीम के द्वारा 1 से 19 वर्ष के बच्चो को एल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया। बता दें कि आरबीएसके के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉ0 राजीव कुमार यादव के द्वारा क्षेत्र के लाला राम कुमार इंटर कॉलेज पटरंगा मंडी,कृष्णावती रामनरेश महाविद्यालय पूरे मुरली मखदुमपुर,राजकीय विद्यालय कोदनिया,मां गुरु देवी इंटर कॉलेज कामाख्या धाम,आंगनबाड़ी केंद्र मवई व क्षेत्र के सभी मदरसों एवं निजी विद्यालयों में विश्व कीड़ा दिवस के अवसर पर बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया।जिसमें बताया गया कि साल में लगभग 2 बार बच्चों को इन कीड़ों से मुक्ति पाने के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट का खाना अति जरूरी है।जिससे जो हम भोजन करते हैं उसको वह सभी मिलकर आसानी से जल्दी पचा सके।इन सभी संस्थाओं में आरबीएस के टीम के द्वारा एल्बेंडाजोल की 90 हजार टेबलेट का वितरण किया गया है।



# मायूस किसानों के खिल उठे चेहरे छा गई मुस्कान

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। तहसील नवाबगंज ब्लॉक बंकी में अचानक छाए बादल मौसम हुआ सुहाना इंतजार कर रहे किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई दोपहर 2रू00 बजे से हुई झमाझम बारिश से धान की रोपाई कर रहे किसानों के लिए वरदान साबित हुआ एक तरफ बाराबंकी जनपद में कुछ दिन पहले बारिश ना होने की वजह से धान की रोपाई करने में लगभग अधिक से अधिक धन खर्च हो रहा था जो कि किसान के लिए पर्याप्त नहीं था स ग्राम पंचायत गदिया फरिस्तीपुर के ठाकुर शैलेंद्र सिंह व उनके सहयोगी किसान भाइयों नें बताया कि इस महंगाई के दौर में किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे डीजल, खाद,बीज, खेत की जुताई व धान की रोपाई मे इस महंगाई के दौर में ऐसी अनेकों समस्याएं आ रही है इधर सही समय से बारिश नहीं हुई है और जो धान की रोपाई की गई है वह सिंचाई सही समय से ना होने की वजह से सूख रही है ।

एक बीघा खेत सिंचाई करने के लिए लगभग 5 से 6 लीटर डीजल लग जाता है अगर इसी तरह मौसम ने हम किसान भाइयों का साथ दिया तो इस बार अच्छी फसल पैदा हो सकती है जो कि किसान भाइयों के लिए लाभदायक साबित होगी लेकिन एक तरफ उत्तर प्रदेश की सरकार आवारा पशुओं पर लगाम नहीं लगा पा रही है जो कि किसान के खेतों की फसलों को नष्ट करने में लगे हुए है अगर उत्तर प्रदेश की सरकार इन आवारा पशुओं के लिए कुछ ठोस कदम उठाती है ।

तो हम किसान भाइयों के लिए बहुत ही अच्छा होगा बाराबंकी जिले में तमाम गौशालाओं को खोला गया जिनको करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया था वह सब विफल होते हुए नजर आ रहे हैं हम किसान भाइयों के लिए आवारा पशुओं को लेकर कोई नया ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि हम किसान भाइयों की फसलों की रक्षा की जा सके।



# खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति शाखा के कर्मियों ने काली पट्टी बांध जताया विरोध

अयोध्या। जिला पूर्ति कार्यालय पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में खाद एवं रसद विभाग की आपूर्ति शाखा से जुड़े कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विपणन शाखा द्वारा किए जा रहे हड़ताल का विरोध किया।बताते चलें कि यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज ऑफिसर्स व इंस्पेक्टर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष रेनू मिश्रा एवं अनिल कुमार साहू के नेतृत्व में खाद एवं रसद विभाग की विपणन शाखा के कर्मियों द्वारा 11 जुलाई 2022 से अनवरत सामूहिक हड़ताल किया जा रहा है और हड़ताल के दौरान खाद्यायुक्त,खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति शाखा के कर्मियों व कोटेदार आदि के विरुद्ध लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया जा रहा है जिसके विरोध में अयोध्या जनपद की खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति शाखा ने काली पट्टी बांध कर अपना विरोध जताया है।प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि विपणन शाखा द्वारा किए जा रहे हड़ताल से शासन की महत्वाकांक्षी फ्री राशन वितरण योजना प्रभावित हो रही है जिसकी हम सब निंदा करते हैं साथ ही कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए आपूर्ति शाखा के कर्मचारी अब प्रतिदिन एक घंटा अधिक कार्य करेंगे जिससे कि योजना का सफल क्रियान्वयन जनता तक सुचारू पूर्वक किया जा सके।काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सुमित कुमार,क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आरती अरोड़ा,एआरओ सचिन कुमार,पूर्ति निरीक्षक शैलेन्द्र प्रसाद शुक्ला,मो० मुहीद खान,पूजा सिंह,विनोद कुमार यादव समेत खाद्य एवं रसद विभाग की आपूर्ति शाखा से जुड़े अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# लगभग नौ वर्षो से फरार चल रहे वारण्टी को थाना फतेहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु वांछित– इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा थाना फतेहपुर पर पंजीकृत यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शकील उर्फ गोगे पुत्र कलीम उर्फ अली अहमद निवासी हालपता– ग्राम डीहा मुगलान मजरे रसूलपनाह थाना फतेहपुर, स्थायी पतादृवार्ड नं. –5 मोहल्ला रस्तोगी टोला वीरपुर कटरा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा को सही नाम पता ज्ञात करते हुए गिरफ्तार किया गया और मा. न्यायालय रवाना किया जा रहा है।



थाना फतेहपुर पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में लगातार 9 वर्षो से वांछित अभियुक्त था जिसके विरूद्ध मा. न्यायालय–ASJ-8 द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा का आदेश व गैर जमानती वारण्ट निर्गत किया गया था । अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय थाना फतेहपुर , उप निरीक्षक आलोक कुमार यादव थाना,हे.का.अखिलेश चौधरी थाना फतेहपुर,का.पंकज कुमार राठौर, का.धीरेन्द्र कुमार थाना फतेहपुर।

# अवैध तमंचे के साथ थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 19 जुलाई को थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त प्रमोद कुमार तिवारी पुत्र श्रीचन्द तिवारी निवासी तिवारी का पुरवा मजरे सनौली थाना रामसनेही घाट को मोहम्मदपुर चौराहा, थोरथिया जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर थाना रामसनेही घाट पर आयुध अधिनियम मुकदमा पंजीकृत किया गया।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना रामसनेही घाट, उप निरीक्षक शिवसागर तिवारी, थाना रामसनेही घाट ,उप निरीक्षक प्रमेन्द्र प्रताप सिंह थाना रामसनेही घाट, ,उप निरीक्षक रविन्द्र सिंह थाना रामसनेही घाट।



# कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण की शिकायत के क्रम में हुई पैमाईश

- उपरोक्त अवैध अतिक्रमण के प्रकरण में कार्यवाही हेतु प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा ने खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ गोंडा को भेजी रिपोर्ट

दैनिक अयोध्या टाइम्स हलधरमऊ गोंडा। शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण होने के संबंध में हिंदू युवा वाहिनी के ब्लॉक हलधरमऊ के मंत्री राकेश शुक्ला के द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से की शिकायत के क्रम में मंगलवार को पैमाईश होने के पश्चात लेखपाल द्वारा मौखिक रूप से बताने के अनुसार किए जा रहे निर्माण कार्य का कुछ हिस्सा विद्यालय की तरफ से उत्तर के ओर की संपूर्ण दीवाल विद्यालय भूमि के दायरे में आ रही है जो कि प्रथम दृष्टया स्पष्ट रूप से विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण होने से उक्त प्रकरण में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ को रिपोर्ट प्रेषित करते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी हलधरमऊ गोंडा को भेजी गई रिपोर्ट में अजय कुमार उपाध्याय प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ गोंडा ने अवगत कराया है कि श्री राकेश शुक्ला हलधरमऊ ब्लॉक मंत्री हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से कंपोजिट विद्यालय गुरसड़ा की जमीन पर अवैध रूप से निर्माण की शिकायत की गई थी। उक्त के संबंध में प्रार्थी द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2022 दिन मंगलवार को हल्का लेखपाल को विद्यालय बुलवाकर भूमि की पैमाइश करवाई गई। पैमाइश के उपरांत लेखपाल महोदय द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि किए जा रहे निर्माण कार्य का कुछ हिस्सा यानी विद्यालय की तरफ से उत्तर के ओर की संपूर्ण दीवाल विद्यालय भूमि के दायरे में आ रही है जो कि प्रथम दृष्टया स्पष्ट रूप से विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण है। उक्त संबंध प्रधानाध्यापक ने सूचना सादर प्रेषित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी से अग्रेतर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर सपा की बैठक

अयोध्य। गोरखपुर फैजाबाद स्नातक विधान परिषद चुनाव क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी के घोषित प्रत्याशी करुणा कांत मोर्य के चुनाव के लिए सपा जिला कार्यालय पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव की अध्यक्षता में निवर्तमान विधानसभा अध्यक्षों और निवर्तमान विधानसभा प्रभारियों की बैठक हुई ।

बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया चल रही है इस चुनाव में नए सिरे से मतदाता बनाए जाते हैं विगत चुनाव में जो मतदाता रहे होंगे उन्हें भी नए सिरे से मतदाता बनना पड़ेगा मतदाता बनने के लिए फार्म के साथ एक फोटो , पहचान पत्र और स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष की अंक तालिका की प्रामाणिक फोटो प्रति लगाना आवश्यक रहेगा श्री यादव ने कहा कि मौजूदा समय में गांव में भी स्नातक लोगों की भारी संख्या है, हर बूथ से 2019 के पूर्व के जितने भी स्नातक हैं सभी का नाम मतदाता सूची में डलवाने के लिए कार्यकर्ता कार्य करें श्री यादव ने कहा कि स्नातक निर्वाचन की मतदाता सूची के निर्माण के लिए विधानसभा वार सेक्टर प्रभारियों की बैठक करके सभी बूथ प्रभारी को मतदाता बनने का फार्म उपलब्ध करा दिया जाए काकी जिससे कि सभी स्नातक मतदाता बन जाए। बैठक के अंत में सपा सदस्य मुलायम सिंह यादव की दिवंगत पत्नी श्रीमती साधना गुप्ता की तेरहवीं के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में निवर्तमान प्रदेश सचिव बलराम मौर्य ,निवर्तमान प्रदेश सचिव माखनलाल यादव ,जिला महासचिव बख्तियार खान ,निवर्तमान जिला सचिव जयप्रकाश यादव ,अंसार अहमद , निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष ईश्वर लाल वर्मा ,एजाज अहमद ,निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष छोटे लाल यादव, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम किशन श्रीवास्तव , निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव सिया राम निषाद आदि उपस्थित रहे।



# पंचायत भवन का कम्प्यूटर, प्रिंटर चुरा ले गए स्कूटी सवार चोर

पवन कुमार रूदौली(अयोध्या)। तहसील अंतर्गत विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जरायल कला में स्थित पंचायत भवन से मंगलवार की रात स्कूटी सवार दो अज्ञात चोर पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें रखा कम्प्यूटर प्रिंटर व अन्य जरूरी दस्तावेज उठा ले गए घटना की जानकारी होने पर ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक ने थाना पटरंगा पहुंचकर चोरी की तहरीर दी है। घटना के बावत पंचायत सहायक नेहा यादव के पति अजय यादव व ग्राम प्रधान मोहम्मद इश्तियाक ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 2 बजे पंचातय भवन के बगल रहने वाले व्यक्ति ने पंचायत सहायक के पति अजय यादव को फोन कर बताया कि पंचायत भवन के अंदर से खटपट की आवाज आ रही है जिस पर तत्काल पंचायत सहायक के पति अजय यादव पंचायत भवन पहुंचे तो पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो वहां से कंप्यूटर का पूरा सिस्टम,प्रिंटर,गार्ड फाइल, शासनादेश इत्यादि गायब था। अगल बगल के लोगों ने बताया कि स्कूटी सवार दो लोग पूरब दिशा की ओर जाते हुए देखे गए हैं।



# बैंकों में 115 वां स्थापना दिवस को बड़ी ही धूमधाम से एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया



दैनिक आयोध्या टाइम्स बाराबंकी। कोठी बैंक ऑफ बड़ौदा के 115वे स्थापना दिवस पर बाराबंकी के अधिकतर बैंकों में स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया इसी क्रम में बाराबंकी के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा हैदर गढ़ में स्थापना दिवस मनाया गया बता दे कि वरिष्ठ शाखा प्रबंधक उमेश चंद्रा व अतुल दुबे स्पेशल असिस्टेंट ने अपने बैंक के कर्मचारियों–खाताधारकों को मिठाई देने के साथ–साथ मिठाई बांटकर स्थापना दिवस मनाया अतुल दुबे स्पेशल असिस्टेंट ने हमारे संवाददाता से बातचीत करते हुए बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के संस्थापक बैंक की स्थापना 20 जुलाई 1908 को बड़ौदा के महाराजा, शिवाजी राव गायकवाड़ के द्वारा बड़ौदा राज्य, गुजरात में की गई।

भारत सरकार द्वारा भारत के अन्य 13 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों के साथ इसका 19 जुलाई 1969 को राष्ट्रीयकरण कर दिया गया और लाभ कमाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के रूप में निर्धारित किया गया. वरिष्ठ शाखा प्रबंधक उमेश चंद्र ने बताया कि खाताधारक हमारे लिए भगवान के समान है उनकी समस्याएं निस्तारित करना मेरा प्रथम उपदेश है स्थापना दिवस को लेकर हैदर गढ़ शाखा में शुभम विनोद विश्वकर्मा समर बहादुर सुधीर जयदीप विकास भानु प्रताप मुकेश शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस के लिए कमाई का जरिया बना अवैध मिट्टी खनन

अयोध्या। पूराकलंदर व थाना कैंट के चौकी औद्योगिक क्षेत्र के बॉर्डर पर खनन माफियाओं का नँगा नाच जारी है।स्थानीय पुलिस व विभागीय जयचंदो की मिलीभगत से खनन माफिया रात दिन अवैध मिट्टी खनन में जुटे है। हालत यह है कि मिट्टी लदे डंपरों के रात दिन आवागमन से हरीपुर से हुंसेपुर जाने वाला नहर का पुल दरक गया है। जिसके चलते आये दिन दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीण पुल फटने से दुर्घटना को लेकर आशांकित है। अवैध मिट्टी खनन को रोकने के लिए ग्रामीणों ने बुधवार को खनन अधिकारी से शिकायत की है।



ग्रामीणों का कहना है उक्त अवैध मिट्टी खनन का कार्य एक राजनैतिक दल के नेता द्वारा करवाये जाने के कारण जिम्मेदार अधिकारी व पुलिस अपना हिस्सा लेकर मौन साधे हुए है। मामले की जानकारी जब सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश गौतम को दी गयी तो उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करके दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का आश्वासन दिया है।

# केडीसी के प्रबंधक मेजर डॉ. एस.पी. सिंह को मिला धर्मरत्न सम्मान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। किसान पी. जी.कालेज,बहराइच के प्रबंधक मेजर डॉ.एस. पी.सिंह को धर्मरत्न सम्मान से विभूषित किया गया है। ये सम्मान उनको रिसिया में चल रहे सवा लाख पार्थिव पूजन एवम शिवपुराण महाकथा में संत शिरोमणि श्री रविशंकर जी महाराज द्वारा किया गया।आयोजक मंडल के सदस्य और पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. राजू निगम ने बताया कि मेजर डॉ. एस.पी.सिंह को यह सम्मान जिले में शिक्षा, समाजसेवी और धर्म के क्षेत्र में लंबे समय से किये जा रहे योगदान के लिए दिया गया है।उनको यह सम्मान मिलने पर कॉलेज परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर डॉ. सत्यभूषण सिंह ने कहा कि मेजर डॉ.एस. पी.सिंह लंबे समय से शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। जिले के विकास संबंधी हर मुहिम में वे हमेशा आगे रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में एक शिक्षक और कालेज के प्राचार्य के पद पर रहते हुए शिक्षा में अमूल्य योगदान दिया है। अब प्रबंधक के रूप में उच्च शिक्षा में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहे हैं। यह सम्मान उनके योगदान का सही मूल्यांकन है। इससे सभी को खुशी है।



# एआरओ को नही मालुम कि मिहींपुरवा ब्लाक परिसर में कहां हो रहा नामांकन

- मिहींपुरवा के जेईएमआई पंकज कुमार कश्यप पंचायत उपचुनाव के बनाये गये है एआरओ
- ग्राम पंचायत लालबोझा प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहीपुरवा बहराइच। मिहींपुरवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लालबोझा की ग्राम प्रधान केशरानी की मृत्यु हो जाने के कारण रिक्त हुये पद पर उपचुनाव के लिये विकास खण्ड परिसर में आज नामांकन की प्रक्रिया शुरु की गयी । जिसके सहायक निर्वाचन अधिकारी विकास खण्ड मिहींपुरवा में तैनात जेईएमआई पंकज कुमार कश्यप को बनाया गया था । नामांकन कक्ष खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय को बनाया गया । लेकिन नामांकन कक्ष के सामने निर्वाचन कक्ष या निर्वाचन से संबन्धित जानकारी का बोर्ड या बैनर नही लगाया गया । जिससे निर्वाचन कराने आने वाले लोग निर्वाचन कक्ष ढूढने में इधर उधर भटकते दिखे । यहां तक कि लोगों द्वारा विकास खण्ड कार्यालय के सामने खडे एआरओ पंकज कुमार कश्यप से निर्वाचन कक्ष की जानकारी चाही गयी तो उन्होने कहा मुझे नही पता है कहां है निर्वाचन कक्ष । एआरओ के इस व्यवहार से निर्वाचन कराने आये लोगों मे भारी आक्रोश दिखा । लालबोझा निवासी ओमप्रकाश तथा मनोज कुमार ने बताया कि हम लोग प्रधान पद के प्रत्याशी के साथ नामांकन कराने आये थे । काफी देर तक नामांकन कक्ष ढूंढा और जब कक्ष में पंहुचा और नामांकन पत्र खरीद कर दाखिल कराने गया तो एआरओ ने जमानत धनराशि की रशीद लाने को कहा । हम लोगों ने कहा कि बैंक में नेटवर्क की समस्या है नगद जमा कर लिया जाय तो काफी परेशान करने लगे । थक हार कर जब पूरा मामला खण्ड विकास अधिकारी को फोन पर बताया गया तो उनके हस्तक्षेप से पर्चा जमा हो पाया । इस प्रकार के अधिकारियों की निर्वाचन में डियुटी लगाने से अपना पूरा गुस्सा भोले भाले लोगों पर निकाल कर परेशान करते हैं । लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों के लिए तय की गई निर्वाचन प्रक्रिया में असहयोग करते हैं ग्राम पंचायत लालबोझा में प्रधान पद के लिए – दो नामांकन दाखिल किए।



ग्राम पंचायत सदस्य के खाली सीटों पर हो रहे उपचुनाव में –

1–लालबोझा के एक ग्राम पंचायत सदस्य सीट पर केवल एक नामांकन

2– ग्राम पंचायत पुराना रघुनाथपुर के ग्राम पंचायत सदस्य की खाली सीट पर एक नामांकन

3– ग्राम पंचायत पहलाद गांव की ग्राम पंचायत सदस्य की खाली सीट पर एक नामांकन।

# ट्रक के नीचे दबने से कार सवार पांच लोगों की मौत 3 घायल

रायबरेली ब्यूरो। जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुंशीगंज कस्बे में एक कार पर रेत भरे ट्रक के पलट जाने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार शहर निवासी दो परिवार बच्चे की जन्मदिन पार्टी का खाना खाने मुंशीगंज कस्बे के पास बाबा ढाबा गए थे। बाबा ढाबा से खाना खाकर वापस लौटते समय लगभग रात्रि दस बजे फोर्ड इकोस्पोर्ट कार से राकेश अग्रवाल उम्र 35 वर्ष पुत्र महेंद्र अग्रवाल अपनी पत्नी सोनम अग्रवाल उम्र 32 वर्ष व बच्चों विजय अग्रवाल व तानिशी तथा रचित अग्रवाल पुत्र राधारमण अग्रवाल अपनी पत्नी रुचिका अग्रवाल पुत्र रेयांश उम्र 9 वर्ष, पुत्री रायसा उम्र 12 वर्ष के साथ जैसे ही कृपालु महाराज इंस्टीट्यूट के पास पहुंचे, तभी रायबरेली की तरफ से जा रहे रेता भरे ट्रक संख्या यूपी 32 एफएन 6023 का चालक ट्रक से अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रक असंतुलित होकर फोर्ड इको स्पोर्ट कार संख्या यूपी 32 एलटी 1534 पर पलट गया। दुर्घटना देख राहगीर और स्थानीय लोगों ने कार सवार लोगों को बचाने का भरसक प्रयास किया परंतु ट्रक के नीचे दबे होने से कोई भी कामयाब नहीं हुआ। लोगों ने तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी जिस पर भदोखर थाने की पुलिस व डायल 112 की टीमें तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन ट्रक के नीचे दबे होने के कारण घायलों को निकालने में वह भी असफल रही। किसी तरह एक क्रेन का इंतजाम किया गया और क्रेन आने के बाद राहत कार्य फिर से शुरू हुआ। क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया उसके बाद भी कार रेत में दबी हुई थी। जब तक कार सवारों को बाहर निकाला गया तब तक 5 लोग जिनमें 2 बच्चे भी थे असमय



मौत के मुंह में जा चुके थे। पुलिस के स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से सभी 8 कार सवारों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने 5 लोगों जिनमें राकेश अग्रवाल पुत्र महेंद्र अग्रवाल उनकी पत्नी सोनम अग्रवाल, रुचिका अग्रवाल पत्नी रचित अग्रवाल, रायशा पुत्री रचित अग्रवाल, व रेयांश पुत्र रचित अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया जबकि बाकी बचे तीन लोग रचित अग्रवाल पुत्र राधारमण अग्रवाल विजय अग्रवाल पुत्र राकेश अग्रवाल व तानिशी पुत्री राकेश अग्रवाल का इलाज शुरू किया। जिसने भी इस हृदय विदारक घटना के बारे में सुना तुरंत मौके पर पहुंच गया। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस ट्रक के बारे में ज्यादा जानकारी हासिल कर रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कृषक दिवस पर तकनीकी जानकारी लेकर किसान बढ़ाये पैदावार : जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में किसान दिवस के अवसर पर किसानों से कहा कि किसान दिवस में दी जा रही कृषि विकास सम्बन्धी जानकारियों को भली–भांति जानकर कृषि विकास में योगदान दें। उन्होंने ने कहा कि कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिक/अधिकारियों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये तथा उनकी कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण भी किया जाये। उन्होंने ने कहा कि कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिक/अधिकारियों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये तथा उनकी कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण भी किया जाये। किसान दिवस में किसानों को जनपद में चल रहे अभियान संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान, सघन वृक्षारोपण अभियान आदि सहित विभिन्न कृषि से जुड़ी लाभ परक योजनाओं की जानकारियों के सहित धान, सरसों, अरहर, आलू, मूली आदि फसलों की अच्छी उत्पादकता के बारे में वैज्ञानिको/अधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि किसान को किसी भी प्रकार की समस्याओं से जुझना न पड़े।





जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने निर्देश दिये कि फसल बीमा आदि की शिकायते सम्बन्धित बैंक उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, प्रभारी इन्सोरेस कम्पनी आदि को कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करें उन्होंने ने कहा कि किसान देश का भविष्य होता है, जब तक हम किसान का स्तर नहीं सुधार पाए हम देश का विकास नहीं कर सकते, किसानों की समृद्धि से ही देश की समृद्धि सम्भव है। जनपद में उन्नतिशील खाद व बीज की कोई कमी नहीं है। कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, प्राकृतिक संसाधनों को बचाएं। इसे पूर्व जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में किसान दिवस के अवसर पर किसानों के लिए लाभ परक योजनाओं से सम्बन्धित स्टलों का अवलोकन कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर कई कृषि विशेषज्ञों सहित अन्य विभागों के अधिकारी व किसान बडी संख्या में किसानों ने भी अपने विचार साझा किये। इसी दौरान उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, एडीआईओ इंजेश सिंह, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, विद्युत विभाग आदि विभागों के संबंधित जन व किसान गण उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों को दवा खिलाकर किया राष्ट्रीय कृमि मुक्तिदिवस का शुभारंभ

अल्ताब अहमद, रायबरेली। जिले में बुधवार को नगर पालिका परिषद इंटर कॉलेज पुलिस लाइन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कृमि मुक्ति की दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में 966312 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद डॉ आशीष कुमार सिंह ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। उन्होंने बताया कि पेट से कीड़े निकलने की दवा एल्बेन्डाजॉल बहुत ही स्वादिष्ट बनाने की कोशिश की जाती है। इससे बच्चे आसानी से खा लेते हैं। पहले यह दवा वनीला और मैंगो फ्लेवर में उपलब्ध थी जबकि इस बार यह स्ट्राबेरी फ्लेवर में मिल रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षित लोगों के द्वारा ही यह दवा खिलाई जा रही है। जो लोग दवा नहीं खा सके हैं, उनको मॉपअप राउंड में दवा खिलाने का प्रयास करेंगे। विनय पांडे शहरी स्वास्थ्य समन्वयक ने बताया कि मेरे बच्चे को आज उसके स्कूल में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई है। दवा सेवन के दौरान और उसके बाद भी कोई दिक्कत नहीं होती है यह दवा पूर्णतया प्रमाणित एवं सुरक्षित है अभी आपके सामने हम लोगों ने भी दवा का सेवन किया है ताकि लोगों को विश्वास हो सके इस दवा का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। क्यों खाएं दवा। डी एस अस्थाना जिला स्वास्थ्य शिक्षा आधिकारी ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। इसलिए एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे–धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। जैसे



हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना। इससे घबराना नहीं है। दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाती है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है। इस कार्यक्रम में शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पांडे,आभा सोनकर,कृष्णावती यादव,अनिल पांडे स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नितेश जयसवाल डी आई सी मैनेजर एवं समस्त अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इन्दिरा नहर में कूदने का प्रयास कर रही महिला को प्रभारी चौकी माती थाना देवा पुलिस टीम द्वारा बचाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत किसान पथ के पास एक महिला इन्दिरा नहर में कूदने का प्रयास कर रही थी तभी चौकी इंचार्ज माती सत्येंद्र पाण्डेय को उक्त महिला के नहर में कूदने का प्रयास करने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हुई तो तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर महिला को समझा–बुझाकर नहर पुल की रेलिंग से नीचे उतारा गया। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि महिला अपने घर



गोमतीनगर लखनऊ से नाराज होकर आयी है। परिजनों को बुला कर महिला को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। परिवारीजनों व क्षेत्र की जनता द्वारा माती चौकी प्रभारी सत्येंद्र पाण्डेय व पुलिस टीम को एक महिला की जान बचाने के लिए प्रशंसा की गई।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वृक्षारोपण व जिला गंगा समिति की गई बैठक

रायबरेली ब्यूरो। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति व जिला गंगा समिति बैठक की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षण बैठक में अनुपस्थित रहे पर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने डीएफओ से वृक्षारोपण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। डीएफओ द्वारा बताया गया कि जनपद के प्रत्येक ग्राम व नगर पंचायतों में 75 पौधे तथा नगर पालिका में 750 पौधे अमृत वनों में रोपित किए जाने है। इस सम्बन्ध में जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा पूर्व में निर्देश निर्गत किए गए थे। जिसमें तहत जनपद में 988 ग्राम पंचायतों में से 600 ग्राम पंचायतों में अमृत वन स्थलों का चिन्हांकन किया गया है। अन्य अमृत वन हेतु स्थल चयन व चिन्हांकन की समीक्षा की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 15 अगस्त को भी वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जिला वृक्षारोपण समिति के सदस्य



वृक्षारोपण का कार्य जनपद में किया जाना है जिसकी तैयारियां पूरी करने में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। जिन विभाग को लक्ष्य आवंटित किया गया है वे जमीन, स्थान आदि चयनित कर माइक्रोप्लान तैयार कर उपलब्ध करवा दिया जाये। खाली जमीनों एवं निजी जमीनों पर अधिक से अधिक वृक्ष लगायें तथा आने वाली पीढ़ी को एक प्रदूषण मुक्त और बेहतर वातारण उपलब्ध कराने में अपनी भागीदारी निभायें। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वक्ष अवश्य लगाना चाहिए। सहजन, आम, अशोक, मोलश्री आदि फलदार छायादार जैसे जल्द तैयार होने वाले पौधों के रोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जाये।

मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह, डीएफओ सुरेश चन्द्र पाण्डेय, पीडी, डीसी मनरेगा, एडीआईओ इंजेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसान दिवस में दी जा रही कृषि विकास सम्बन्धी जानकारियों को भली-भाँति जानकर कृषि विकास में योगदान दें : जिलाधिकारी

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में किसान दिवस के अवसर पर किसानों से कहा कि किसान दिवस में दी जा रही कृषि विकास सम्बन्धी जानकारियों को भली–भांति जानकर कृषि विकास में योगदान दें। उन्होंने ने कहा कि कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिकध्अधिकारियों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये तथा उनकी कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण भी किया जाये। उन्होंने ने कहा कि कृषकों को फसलों से सम्बन्धित कृषि वैज्ञानिक/अधिकारियों द्वारा नवीन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराये तथा उनकी कृषि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण भी किया जाये। किसान दिवस में किसानों को जनपद में चल रहे अभियान संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान, सघन वृक्षारोपण अभियान आदि सहित विभिन्न कृषि से जुड़ी लाभ परक योजनाओं की जानकारियों के सहित धान, सरसों, अरहर, आलू, मूली आदि फसलों की अच्छी उत्पादकता के बारे में वैज्ञानिकोध्अधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि किसान को किसी भी प्रकार की समस्याओं से जुझना न पड़े। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने निर्देश दिये कि फसल बीमा आदि की शिकायते सम्बन्धित बैंक उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, प्रभारी इन्सोरेस कम्पनी आदि को कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करें उन्होंने ने कहा कि किसान देश का भविष्य होता है, जब तक हम किसान का स्तर नहीं सुधार पाए हम देश का विकास नहीं कर सकते, किसानों की समृद्धि से ही देश की समृद्धि सम्भव है। जनपद में उन्नतिशील खाद व बीज की कोई कमी नहीं है। कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, प्राकृतिक संसाधनों को बचाएं। इसे पूर्व जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर में किसान दिवस के अवसर पर किसानों के लिए लाभ परक योजनाओं से सम्बन्धित स्टलों का अवलोकन कर योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर कई कृषि विशेषज्ञों सहित अन्य विभागों के अधिकारी व किसान बडी संख्या में किसानों ने भी अपने विचार साझा किये। इसी दौरान उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, एडीआईओ इंजेश सिंह, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, विद्युत विभाग आदि विभागों के संबंधित जन व किसान गण उपस्थित रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लालगंज द्वारा अपनी 115 वे स्थापना वर्ष में कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर के छात्र -छात्राओं को शिक्षा से संबंधित उपहार भेंट किए गए

लालगंज रायबरेली। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लालगंज द्वारा अपनी 115 वे स्थापना वर्ष में कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर के छात्र –छात्राओं को शिक्षा से संबंधित उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए कन्हैया भारद्वाज शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बच्चों को बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में समझाया गया तथा उन्हें छोटी–छोटी बचत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। धर्मेंद्र सिंह परिहार उप शाखा प्रबंधक द्वारा बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी गई तथा अपने जीवन के कुछ संस्मरण भी बच्चों को सुनाएं गयेस उनके द्वारा विद्यालय परिवार को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में यदि शिक्षण से संबंधित कोई आवश्यकता विद्यालय परिवार को होती है तो बैंक हर संभव मदद करने का प्रयास करेगा। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत निर्मला देवी इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उपहार देने के लिए हमारे विद्यालय के बच्चों का चयन किया गया। बैंक द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बैंक द्वारा सभी बच्चों को मिष्ठान भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष प्रताप सिंह द्वारा किया गया व आभार ज्ञापन अनूप प्रताप सिंह द्वारा किया गया सकार्यक्रम में प्रमुख



रूप से भास्कर कुमार ,विवेक सिंह ,नागेंद्र सिंह , सरोज ,अंकिता ,कल्पना मौर्य सेफाली ,रेखा ,पूनम सिंह, शशि बाला, मिथिलेश कुमारी, वंदना ,स्वाति सोनिका व धर्मेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## कस्बा तम्बौर अम्बेडकर नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल मे क्रिकेट प्रतियोगिता का किया आयोजन

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट तंबौर सीतापुर। तम्बौर के कस्बे में मोहल्ला अम्बेडकर नगर में नेशनल पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई जगहों की टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि जयकुमार वर्मा व चेयरमैन प्रतिनिधि झब्बन बेग द्वारा किया गया। उद्घटान मैच अमन क्लब व फाइटर क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें अमन क्लब विजयी रहा।



नेशनल पब्लिक स्कूल व लहरपुर की टीम खेले गए मैच में लहरपुर की टीम विजयी रही। मेन आफ द मैच का पुरस्कार मो जियाउल हक ने दिया। इस मौके पर तारिक बेग, काशीनाथ रस्तोगी, मुंशी एहतिशाम, तौकीर खान,फैजान खान, दिलशाद खान, शराफत अली, मेहबूब खान, जीशान, शाबान नाना आदि मौजूद रहे।


# संक्षिप्त समाचार

## 65 वर्षीय अधेड़ महिला की ट्रेन से कटकर मौत, शिनाख्त नहीं

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। जिले के दिबियापुर स्थित फफूंद रेलवे स्टेशन के निकट बुधवार सुबह एक वृद्ध महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।तमाम कोशिशों के बावजूद मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अज्ञात में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। स्टेशन मास्टर फफूंद के मेमो के अनुसार सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे के पोल नंबर 1100/27 के पास एक अज्ञात महिला ट्रेन से कट गई है। सूचना पर जीआरपी चौकी फफूंद के प्रभारी जय किशोर मय एससी जितेंद्र, कांस्टेबल सचिन कुमार, महिला मुख्य आरक्षी आरपीएफ नीरज पांडे के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि पोल नंबर 1100/ 27 के पास इटावा की तरफ जाने वाली मेल लाइन पर एक वृद्ध महिला का शव क्षत–विक्षत हालत में पड़ा हुआ है। महिला के शव की आसपास के व्यक्तियों से पहचान कराई गई पर किसी के द्वारा कोई पहचान नहीं की गई। वृद्ध महिला की उम्र करीब 65 वर्ष है। शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायत नामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी औरैया भेज दिया गया है ।

## पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं को किया गया प्रेरित

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी । पेड़ बादलों को अपनी ओर खींचने का काम करते हैं, जहाँ पेड़ होते हैं वहीं बादल रुकते हैं और जहां बादल रुकते हैं वहीं बरसात होती है। यह बातें अमेठी जल बिरादरी के संयोजक प्रख्यात पर्यावरण विद डॉ अर्जुन पांडेय बनीकोडर ब्लाक के ग्राम छंदवल में संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल परिसर में पौधरोपण कर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताई। डॉ पांडेय ने स्कूल में सहजन का पौध रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हरियाली प्रकृति का श्रृंगार है, पौध रोपण से ज्यादा आवश्यता है उनकी रखवाली करना। डॉ पांडेय ने बताया कि पंचवटी के आवश्यक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, गूलर, पाकड़ पर्यावरण की रक्षा में अहम योगदान करते हैं, इनकी संख्या बढ़ानी चाहिए। बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि असंतुलित गर्मी, बारिश, सूखा इन सबका कारण धरती पर वृक्षों की अंधाधुंध कटान है, पेड़ो के जंगल की बजाय कंक्रीट की बस्तियां बढ़ रही हैं। जिससे धरती वीरान हो रही है। स्कूल के प्रबंधक व चाइल्ड लाइन के निदेशक रत्नेश कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि पेड़ पौधों की संख्या लगातार घट रही और भूगर्भ जल खतम हो रहा है। यदि पर्यावरण के लिए जनमानस में संवेदना नही जागी तो एक दिन ऐसा भी आएगा जब व्यक्ति को जीवित रहने के लिए पानी की बोतल और ऑक्सीजन सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा। राजीव गांधी विद्यापीठ पाकरगांव तिलोई के



प्रोफेसर डॉ अभिमन्यु पांडेय ने छात्र छात्राओं को बताया कि पेड़ लगाना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी उसे खाद पानी देकर व उसकी सुरक्षा करके बड़ा करना है। सभी लोग अपनी दिनचर्या में पेड़ों को पानी देना उसकी देखभाल करने का कार्य जोड़ें। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वंदना वर्मा, शारदा रावत, उमेश कुमार, पूनम देवी, सरिता यादव, अनिता, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित सैकड़ों उपस्थित रहे।

# लखनऊ एक दिवसीय धरना देकर नीत विरुध्द हुए स्थानांतरण को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया

रायबरेली। स्वास्थ्य विभाग में नीत विरुद्ध हुए स्थानांतरण के विरोध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में दिनाँक 14 जुलाई 22 को महानिदेशालय स्वास्थ्य भवन लखनऊ एक दिवसीय धरना देकर नीत विरुद्ध हुए स्थानांतरण को निरस्त किये जाने का अनुरोध किया गया था परन्तु महानिदेशक महोदय के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण परिषद को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है आंदोलन के द्वितीय चरण में प्रदेश के समस्त कर्मचारी 20 जुलाई से 24 जुलाई तक काला फीता बांध कर विरोध पर्दशन करेंगे 25 जुलाई को मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा तथा दिनाँक 26 जुलाई 22 से 30 जुलाई 22 तक 2 घंटे का कार्य वहिष्कार करते हुए जिलाअधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित करेंगे 30 जुलाई तक स्वस्थ विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा नीत विरुद्ध किये गये स्थानांतरण निरस्त नही किये जाते है तो ऐसी परिस्थिति में प्रांतीय पदाधिकारियो द्वारा हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है जिसमे जनपद के समस्त कर्मचारी पूर्णरूपेण भागीदारी करेंगे स्तानन्तरण नीत 15 जून 22 को शासन द्वारा जारी की गई जिसमें स्पस्ट है कि 2 वर्ष सेवानृवित, गम्भीर विमारी से ग्रसित, विकलांग कर्मचारी अथवा पति ,पत्नी दोनी सेवा में हो या मानता प्राप्त संगठनों। के पदाधिकारियो (अध्यक्ष, मंत्री) का स्तानन्तरण न किये जाय परन्तु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी



शासनादेशों का उलंघन करते हुए नीत के विरुद्ध स्थानांतरण कर दिए है इसी प्रकार बेलाभेला में कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट आर एन प्रभाकर का स्थानान्तरण अन्य जनपद कर दिया गया है जब की श्री प्रभाकर अगस्त22 में सेवानृवित हो जाएंगे

लैब टेक्नीशन संघ के जिला मंत्री राजकुमार का भी स्थानांतरण कर दिया गया है जो उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जारी वर्ष 2022–23 का उलंघन है संघ माननीय मुख्यमंत्री जी स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि नीत विरुद्ध हुए स्थानांतरण को तत्काल निरस्त करने हुए महानिदेश को निर्देश जारी किए जाय अन्यथा की स्थित में पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएँगे जिसकी समस्त जिमेदारी स्वास्थ्यविभाग की होगी।

# 10 कुंन्तल वजनी लोहे के सामान के साथ तीन चोरों को किया गिरफ्तार

- लोहे के सामान में एंगल,जंगला, सरिया किया बरामद

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स अछल्दा,औरैया। पुलिस अधीक्षक औरैया श्रीमती चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया श्री शिष्यपाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिन बुधवार को थाना अछल्दा में मु0अ0सं0 222/22 धारा 379 IPC बनाम अज्ञात के पंजीकृत अभियोग के अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी बिधूना श्री महेन्द्र प्रताप सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अछल्दा श्री दीपक सिंह मय पुलिस टीम अछल्दा ने गस्तध्चेकिंग के दौरान काशीराम कालोनी पसैया रोड के पास नहर पटरी बम्बा के नीचे से चोरी करने वाले अपराधियों के गिरोह के 03



सदस्य 01. राजकुमार पुत्र पूरन सिंह 02. रोहित पुत्र हरगोविन्द 03. कपूरी पुत्र मुन्ना सर्व निवासी गण चिन्ता नगला थाना अछल्दा जनपद औरैया को दिन बुधवार को समय करीब 08. 00 बजे मय चोरी के माल 10 कुंन्तल वजनी लोहे के सामान जिसमें जंगला एंगल सरिया आदि कीमत करीब 40 हजार रूपये के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की । तथा अभियोग उपरोक्त में धारा 411 IPC की बढ़ोतरी की गयी ।

# राइजिंग क्वींस की अध्यक्षा रितु चंदेरिया ने स्कूल में किया पौधरोपण, छात्रों को किया जागरूक

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। सहार विकासखंड की ग्राम पंचायत अरियारी स्थित उच्च प्राथमिक कमपोजित स्कूल में राइजिंग क्वींस की अध्यक्षा रितु चंदेरिया ने स्कूली छात्रों व टीचर्स के साथ मिलकर स्कूल में पौधरोपण किया। इस अवसर पर रितु ने बताया कि अगर प्रथ्वी को सुरक्षित रखना हो तो सब लोग एक पौधा जरूर लगाएं। बच्चो से अपील कर कहा कि वह अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाएं व उसकी देखभाल करे व पेड़ो की उपयोगिता भी बताई । इससे एक दिन पूर्व अरियारी के ग्राम पंचायत भवन में श्रेष्ठ कला संगम फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष रीता चंदेरिया ने छात्राओं को मेंहदी लगाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जायंट्स ग्रुप आफ राइजिंग क्वींस के बैनर तले रोग जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को बीमारियों के बारे में जागरूक भी किया। अरियारी में आयोजित कार्यक्रम में रीता चंदेरिया ने छात्राओं को बताया कि



थोड़ी सी लगन से मेहंदी की बेहतरीन डिजाइनें सीखी जा सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को मेहंदी की कई डिजाइनें लगानी सिखाई। इसके बाद जायंट्स ग्रुप आफ राइजिंग क्वींस के बैनर तले आयोजित रोग जागरूकता अभियान में बच्चों को हैजा और डेंगू बीमारियों के बारे में जानकारी देकर इन बीमारियों से बचने के उपाय बताए।संगठन की किमी पोरवाल ने कहा कि अपने आसपास सफाई रखकर हम कई गंभीर संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं। ग्राम प्रधान रीता देवी, अवनीश कुमार तिवारी, नितीश कुमार, राइजिंग क्वींस की सदस्य निशा शुक्ला, ललिता पोरवाल, रेनू जैन, राइजिंग स्टार्स के श्याम वर्मा, डायरेक्टर मनोज पोरवाल भी मौजूद रहे।

# जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई जन समस्याएं



जनपद में प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश

संवाददाता अयोध्या टाइम्स । प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज 20.07.2022 को डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। इस दौरान सामाजिक दूरी का विशेष ध्यान रखा गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही सभी प्र0नि0ध्थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# 13 अगस्त को ई-चालानों का राष्ट्रीय लोक अदालत में कराये सरल निस्तारण

रायबरेली। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त 2022 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ–साथ वाहनों के ई–चालानों का निस्तारण सुगमता से कराया जा सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनव जैन द्वारा बताया गया कि जिन व्यक्तियों के वाहनों का पुलिस अथवा यातायात पुलिस द्वारा ई–चालान किया गया है वे सभी व्यक्ति दिनांक 13.08. 2022 को दीवानी न्यायालय परिसर रायबरेली में आकर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुगमता से अपने मामले का निस्तारण करा सकते है।

# संक्षिप्त समाचार

## जनसुनवाई एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। आज दिन बुधवार को विकास में सभागार कक्ष में राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रंजना शुक्ला जी द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान सी0 ओ0 सिटी श्री सुरेन्द्र नाथ जिला समाज कल्याण अधिकारी इंद्रा सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शरद अवस्थी एस0ओ0 महिला थाना सुश्री प्रीति सेंगर महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर श्रीमती ज्योति तिवारी श्रीमती चंद्रकांती देवी आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान जनमानस की शिकायतों को सुना गया एवं उनका निस्तारण किया गया श्रीमती रंजना शुक्ला माननीय सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा नेत्र चिकित्सालय बिधूना, महिला थाना एवं प्राथमिक विद्यालय नगला जयसिंह का निरीक्षण किया गया नेचर के दौरान अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता के लिए एवं उनका हालचाल पूछा गया पानी सदस्य द्वारा वृद्ध आश्रम का भी निरीक्षण किया गया।



## कुएं में गिरी गाय को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स अछल्दा,औरैया। जिले के अछल्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर वैश्य में मंगलवार रात्रि एक गाय कुएं में गिर गई। गहराई ज्यादा होने के चलते वह कुएं से बाहर नहीं निकल सकी। ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम प्रधान ने रेस्क्यू टीम बुलाकर गाय को कुएं से बाहर निकलवाया स गांव के बाहर बने तालाब के पास एक पुराना कुंआ है, ऊपर से कुंआ खुला हुआ है। किसी तरह रात्रि में गाय उस कुएं में गिर गई। सुबह रवी ठाकुर एवं रामगोपाल बाल्मीक ने कुएं में आवाज आने पर देखा तो उसमें गाय पड़ी हुई थी। उन्होंने इस बात की सूचना ग्राम प्रधान राजीव कुमार शास्त्री को दी। प्रधान तथा ग्रामीणों ने गाय निकालने का काफी प्रयास किया लेकिन असफल रहे। बाद में खण्ड विकास अधिकारी सतीश मिश्रा को इसकी जानकारी दी गई, तब उन्होंने औरैया फायर विभाग के वीरेंद्र यादव एवं भानु प्रताप को बुलवाया। हायर विभाग की रेस्क्यू टीम ने ग्रामीणों की मदद से गाय को सकुशल कुएं से बाहर निकलवाया। इस दौरान मौके पर पंचायत सेक्रेटरी गोरवेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



## संविदा कर्मियों एवम् फ्रेंचाइजी के कार्यो की नियमित रूप से क्रास चेकिंग की जाये : जिलाधिकारी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए की शासन की मंशा के अनुसार कार्यवाही करते हुए जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सभी एसडीओ एवं जेई को निर्देश दिए की क्षेत्र की जनता के निरंतर संपर्क में रहे। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों से भी निरंतर संपर्क में रहे उनके द्वारा अवगत कराए गए विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय विद्युत बिल की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संविदा कर्मियों एवम् फ्रेंचाइजी के कार्यों की नियमित रूप से क्रास चेकिंग की जाये। जारी किए गए बिलों की नियमित रूप से क्रास चेकिंग भी की जाय और लापरवाही या गड़बड़ी मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर को निर्धारित समयावधि में ठीक कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

ट्रांसफार्मर हेतु इंडेन्ट का प्रेषण समय से करा दिया जाये शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने एवम् गरीबों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामसेवक द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## आम आदमी पार्टी अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद हारून व जिला अध्यक्ष मजहर हुसैन को किया मनोनीत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो अरुण बाथम शाहजहांपुर। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद माननीय सं अयोध्या टाइम्स ब्यूरो अयोध्या टाइम्स ब्यूरोजय सिंह एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक की संस्तुति के आधार पर मोहम्मद हारून को पार्टी के प्रति सक्रियता एवं निष्ठा को देखते हुए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर से पदोन्नत करके अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया और साथ ही पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता मजहर हुसैन को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया जिससे जनपद शाहजहांपुर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यकर्ताओं ने पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया स्वागत में उपस्थित रहे अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रशांत मिश्रा वीरेंद्र प्रताप पिछड़ी जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रशांत कश्यप अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह नसीमुद्दीन चांद साबरी नोमान सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा में एक पुरुष व नौ महिलाओं की हुई नसबंदी

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बंडा–शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पर आयोजित नसबंदी कैम्प में 9महिलाओं ने नसबंदी कराया। वहीं पुरुषों की संख्या कम होने के चलते दो पुरुषों को नसबंदी के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर एक पुरुष नसबंदी की गई।बताते चलें कि सीएचसी बंडा पर पूर्व नियोजित नसबंदी कैम्प में आशाओं द्वारा परिवार नियोजन के तहत अपने क्षेत्र की महिलाओं को प्रेरित कर नसबंदी करायी जाती है।

बंडा क्षेत्र जिले में नसबंदी के मामले में उच्चतम स्थान पर है। मंगलवार को आयोजित नसबंदी कैम्प में 10 महिलाओं में से 9 महिलाओं को नसबंदी के योग्य पाया गया।जिनकी चिकित्सक द्वारा नसबंदी की गई। वहीं दो पुरुषों को जिला चिकित्सालय भेजा गया था जिसमें से एक पुरुष की नसबंदी की गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा ने बताया कि पुरुषों को नसबंदी के लिए बराबर सहभागिता देने की जरूरत है।उन्होंने परिवार नियोजन के तहत आगे होने वाले कैम्प में नसबंदी कराने की अपील की।

## कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक कल्याण बन्धु समिति की बैठक

- जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों के लाइसेंस का जनपद में पंजीकरण व नवीनीकरण के आवेदनों की स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिस हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लाइसेंस में एनओसी उपलब्ध नहीं कराई गई है जल्दी उपलब्ध करा दी जाए

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो– अरुण बाथम शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक कल्याण बन्धु समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर पूर्व सैनिकों के सुझावों तथा समस्याओं एवं शस्त्र लाइसेन्सों का जनपद में पंजीकरण व नवीनीकरण के सम्बन्ध में प्रतिक्रिया को जाना। सैनिकों के लिये 5 प्रतिशत आरक्षण के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में आरक्षण के अनुसार सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों का आवंटन न हो पाने को लेकर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देशित किया कि जांच कर समस्या से अवगत कराएं। शहीद सैनिकों के नाम पर सड़क/स्मृतिद्वार का निर्माण करवाने हेतु जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को शासनादेश उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने झण्डा दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपेक्षित सहयोग करने हेतु अपील की तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा की 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा जिसमे सभी लोग अपने ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर पर ध्वजारोहण करायें।बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राम सेवक द्विवेदी, कमाण्डर श्री निदेश कुमार मिश्र सहित पूर्व सैनिक एवं सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## फसल तोड़ने गई महिला हाई वोल्टेज करंट लगने से झुलसी



अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। जनपद की कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुनारा में बुधवार को सितारा बेगम पत्नी स्वर्गीय झम्मन खेत पर बिक्री के लिए सब्जी वाली तुरैया की फसल तोड़ने गई थी।

तभी खेतों के ऊपर से निकली 11 हजार वोल्ट की लाइन का तार टूट कर गिर गया, 11000 बोल्ट के तार की चपेट में आने से वह झुलस कर जख्मी हो गई आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने दौड़कर उनको बचाया गनीमत रही उसी समय बिजली की सप्लाई बंद हो गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया, घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया अस्पताल लाया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, दरसअल आपको बता दें महिला के पति की मौत के बाद खेतों में सब्जी की फसल को उगाकर अपनी गुजर–बसर करती हैं।

# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। जनपद के जलालाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव कहार गौटिया में करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई किशोर धान की रोपाई में मजदूरी करने गया हुआ था, हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खंडहर चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदा पुर के मजरा कहार गौटिया का है, गांव कहार गौटिया निवासी अनिल ,राजवीर के खेत में धान की रोपाई चल रही थी,खेत की रोपाई में 17 वर्षीय अनिल धान की पौध उखाड़ रहा था ,उसी समय उसको प्यास लगी और वह पानी पीने के लिए सिंचाई के लिए चल रहे इंजन के पास गया इंजन के पास में ही अवधेश की बिजली की मोटर रखी हुई थी और मोटर में तार लिपटा हुआ था, लिपटा हुआ तार कटा हुआ था किशोर पानी पीते समय लिपटे हुए तार की चपेट में आ गया, किशोर के करंट लगने से झुलस कर गिर गया, गांव वालों को खबर मिलते ही गांव के लोग एकत्र हो गए, ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## जनदृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन संतपाल सिंह राठौड़ राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से जनपद सहारनपुर के चार शिक्षक

रिपोर्ट–अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स सहारनपुर उत्तर प्रदेश,यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि जनपद सहारनपुर के चार शिक्षकों को जनदृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन के द्वारा संतपाल सिंह राठौड़ राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले शिक्षक हैं –

श्रीमती स्मृति चौधरी (विज्ञान शिक्षिका) उच्च माध्यमिक विद्यालय सबदलपुर, सहारनपुर

श्री उपेन्द्र सिंह (स०अ०), उच्च प्राथमिक विद्यालय सढौली हरिया (कंपोसिट), सहारनपुर

श्रीमती अभिलाषा शर्मा (स०अ०), उच्च प्राथमिक विद्यालय बुढनपुर, गंगोह, सहारनपुर

प्रतिभा यादव (स०अ०), प्राथमिक विद्यालय चौरादेव, पुवॉरका, सहारनपुर कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रभा शंकर स्काउट भवन बदायूं में दोनों तरीके से किया जिसमें देश के 18 राज्यों के 111 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, यह सम्मान शिक्षकों के शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं नारी शक्ति के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।



## राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता बंसल ने अस्पताल प्रशासन को लगाई फटकार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर।राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता बंसल आज शाहजहांपुर पहुंची। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के स्टाइल में उन्होंने जिला अस्पताल में छापेमारी की। इस दौरान इलाज के नाम पर पैसों की वसूली की शिकायत पर अस्पताल प्रशासन की जमकर फटकार लगाई और जांच के आदेश दिए। फिलहाल राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता बंसल की छापेमारी से सरकारी अस्पताल में हड़कंप मचा रहा। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता बंसल लखनऊ से चलकर सीधे राजकीय मेडिकल कॉलेज के अस्पताल पहुंची जहां उन्होंने सीधे मरीजों से बातचीत करना शुरू कर दी। महिला अस्पताल में ऑपरेशन के नाम पर गरीब महिलाओं से 5 हजार और बेटा या बेटी होने पर 1000 और 500 रुपये लेने की शिकायत पर राज्य महिला आयोग की सदस्य भड़क गई। जिसके बाद उन्होंने डॉक्टर और स्टाफ को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद उन्होंने ओपीडी में जाकर महिला मरीजों से बातचीत की। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जिला प्रशासन को सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में इस तरीके की शिकायत मिलने पर जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।



साथ में पैसा लेने की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने इसके बाद महिलाओं की शिकायतों की जनसुनवाई जी की। इस दौरान घरेलू हिंसा जमीनी विवाद पति–पत्नी विवाद की तमाम गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए उनके त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिशा निर्देश जारी किए।

## जलालाबाद में विजिलेंस टीम ने मारा छापा 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

- जलालाबाद नगर व पड़ोसी 2 गांवो में बिजली विभाग व विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारकर विद्युत चोरी की घटनाओं को पकड़ा, 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो जलालाबाद–शाहजहापुर। जनपद के जलालाबाद क्षेत्र में विद्युत चोरी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार आज शाहजहांपुर से बिजली विभाग की टीम आई ।उनके साथ स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारी एवं विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रुप से जलालाबाद कस्बे, ग्राम सिकन्दरपुर अफगान व रुस्तमपुर गाँव मे बिजली चोरी करते हुए छापेमारी की गई। जिसमें बिजली की चोरी करते हुए 13 लोगों के नाम दर्ज किए गए ।बिजली की चोरी की छापा मानने वालों की टीम में ,अवर अभियंता गजेंद्र पाल सिंह ,विजिलेंस टीम के इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, सहायक अभियंता ,विजिलेंस टीम के रंजीत कुमार , आदि लोग मौजूद रहे ।टीम ने आज मंगलवार को सवेरे 6:00 बजे से ही जलालाबाद के सिकन्दरपुर अफगान ,फिर गाँव रुस्तमपुर व कस्बा जलालाबाद में पहुंची ।

जहां उन्होंने सीधे बिजली से चोरी करने वाले, एसी चलाने वाले लोगों के यहां चेकिंग की इसमें कई लोग ए सी में बाईपास बिजली की चोरी करके चला रहे थे ।

जबकि कुछ लोग सीधे खंभे से तार डालकर बिजली चोरी कर रहे थे। 13 लोगों को चिन्हित किया गया। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता मुकेश कुमार ने स्वतंत्र प्रभात को बताया की संयुक्त टीम ने नगर के 13 लोगों को चोरी की बिजली का प्रयोग करते हुए पाया गया है ।जिन पर विद्युत चोरी की कार्यवाही की जा रही है और शाहजहांपुर में मुकदमा पंजीकृत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

## शाहजहाँपुर पुलिस का एक और बडा कदम, आरक्षी ने रक्तदान कर बचायी जान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, शाहजहाँपुर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफोर्म्स फेसबुक/ट्विटर/व्हाट्स एप/इस्टाग्राम/ यूट्यूब आदि पर यूजर्स द्वारा किये जा रहे किसी प्रकार की गतिविधि पर कडी नजर बनाये रखने के ट्वीट कर्ता डनाम्उत्रऋभ्ने।पद जिनका ट्विटर हैण्डल @MukeEmHusAin1 से शाहजहाँपुर पुलिस के ट्विटर एकाउण्ट @shahjahanpurpol पर ट्विट किया एक बच्चा ऋषभ जिसकी उम्र लगभग 2वर्ष है जो वर्तमान समय डा.यू.डी.कपूर शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती है।

## कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

खुटार –शाहजहांपुर । बुधवार सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कच्ची शराब के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कच्ची शराब, बनाने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने टोडरपुर जंगल में झुकना नदी ढकवा घाट किनारे गांव मैनिया के रहने वाले चमन सिंह, जनपद लखीमपुर खीरी के थाना तिकुनियां के गांव खैरटिया के रहने वाले मंगत सिंह को पकड़ लिया है। पुलिस ने मौके पर पिपिया में भरी 25 लीटर कच्ची शराब, उपकरण में ड्रम, पतीली, पाईप को बरामद कर थाने ले आये। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने कोर्ट के पेश करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## डबल डेकर बसों पर एआरटीओ ने कसा शिकंजा

- एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने आधा दर्जन से अधिक डबल डेकर बसों का किया चालान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो शाहजहांपुर। एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय ने डबल डेकर बसों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उन्होंने लगभग आधा दर्जन से अधिक डबल डेकर बसों का चालान किया और तीन बसों को सीज कर रामचंद्र मिशन थाने के सुपुर्द किया। एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय ने बताया की चेकिंग अभियान में कई बसों में स्लीपर लगाकर यात्री बैठाए जा रहे थे। जबकि बस का स्लीपर परमिट नहीं था। इसके साथ ही पीटीओ एच.एल वर्मा ने एक डबल डेकर बस का चालान किया जो बिहार से यात्रियों को लेकर हरियाणा जा रही थी। जिसके फिटनेस के कागज भी नही थे। फिलहाल शाहजहांपुर परिवहन विभाग द्वारा डबल डेकर बसों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान से बसों के मालिकों में हड़कंप मच गया। कुछ बस चालक ढाबा आदि के किनारे लगाकर यात्रियों को उतारकर गांवों को जाने बाली सड़कों की ओर भगा ले गए। वही एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने बताया कि शासन के दिशा निर्देश पर लगातार ऐसे वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पिछले महीने भी लगभग 50 बस एवं ट्रकों का चालान एवं सीजर की कार्रवाई की गई थी। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए स्वयं भी जागरूक होना पड़ेगा साथ ही जर्जर वाहनों जिनके पास फिटनेस और कागज पूरे नहीं है जो सड़क पर हादसा का शिकार होकर लोगों की जान जोखिम में डालकर अवैध कमाई में संलिप्त हैं उनके विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## दबंगों की पिटाई से पति-पत्नी बाबा हुए चोटिल थाने में दी तहरीर

शाहजहांपुर ।जनपद की कोतवाली जलालाबाद क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर की महिला बेटी देवी ने थाने में प्रार्थना पत्र दे कर बताया कि वह और उसके पति रामकुमार सिंह पुत्र जोगराज सिंह बीती मंगलवार की शाम घर पर थे।

तभी गाँव रूपपुर निवासी रामकिशोर ,अमित ,अनुज जीतू सहित आदि लोगो ने घर मे घुसकर मारपीट करने लगें, जिसस बेटी देवी व रामकुमार और उनकी बहू के चोटे आयी हैं,वही पुलिस ने तहरीर लेने के बाद केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## स्वयं सेवी संगठन के सहयोग से महिला व पुरुष बंदियों को पेन्टशर्ट व साड़ियां भेंट की गई

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहाँपुर। स्वयं सेवी संगठन के सहयोग से कारागार शाहजहांपुर में गरीब महिला व पुरुष बंदियों को वस्त्र भेंट किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह के द्वारा महिला व पुरुष बंदियों को पेन्टशर्ट व साड़ियां भेंट की गईं। इस अवसर पर महिला बंदियों के साथ रह रहे बेगुनाह मासूम बच्चों को चिप्स,कुरकुरे व बिस्कुट भेंट किए गए। जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट श्री आशीष कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया कि उनके द्वारा अपने व्यस्त समय में से समय निकाल कर बंदियों को वस्त्र भेंट कर उनका मनोबल बढाया। कुल 120 शर्ट, 120 पेन्ट व 32 महिला बंदियों को साड़ियां भेंट की गई। शेष महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों को पूर्व में जल्दी ही साड़ियां,सलवार सूट व बच्चों को बेबीसूट व फ्राक भेंट की गई थीं। उक्त सभी सामग्री समाज सेवी श्री राजा शैफी द्वारा उपलब्ध कराई गई। कारागार में शीघ्र ही विभिन्न राष्ट्रीय समारोहों, अन्य सांस्कृतिक, कौशल विकास, योग प्राणायाम,चिकित्सा शिविरों व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सामाजिक सहयोग लेकर बहुउद्देशीय हाल का निर्माण कराया जायेगा ताकि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कराने में असुविधा न हो।इस अवसर पर जेल अधीक्षक मिजाजीलाल, जेलर राजेश राय, उपजेलर सुरेंद्र गौतम आदि उपस्थित रहे।



# जल संरक्षण हेतु जनपदवासियों को जागरूक किए जाने हेतु जिलाधिकारी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- जनपद में भूजल सप्ताह का आयोजन होगा

औरैया। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट सभागार में भूगर्भ–जल सप्ताह बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ती हुई जनसंख्या और तीव्र औद्योगिकीकरण के कारण जल संसाधन की बढ़ती मांग को पूरा करने में भूजल की अति दोहन की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसे समुचित तथा सुनियोजित प्रयोग करने के लिए एवं जनमानस में जागरूकता लाने हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद में 16 से 22 जुलाई के मध्य भूजल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भूजल सप्ताह में जनपद की सभी तहसीलों, विकास खण्डों, प्राथमिकध्माध्यमिक विद्यालयों, प्राविधिक विद्यालयों, आँगनवाड़ी केन्द्रों, कृषि विज्ञान केन्द्र, नेहरू युवा केन्द्र, जिला औद्योगिक परिसंघ, विकास प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत आदि द्वारा आम जनमानस को जल बचाने एवं जल संरक्षण हेतु जागरूक किया जाने हेतु जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग को अपने शिक्षण संस्थाओं में छात्रों के बीच निबन्ध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के द्वारा जन जागरूकता का कार्यक्रम कराया जाए के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा गांव गांव में जागरूकता फैलाए जाने का कार्य किया जाना चाहिए। इस वर्ष का विचार बिन्दु ''जन–जन तक जल पहुँचाना है, जल संरक्षण अपनाना है'' रखा गया है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, परियोजना निदेशक हरेंद्र सिंह, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी, बीएसए, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# कलक्ट्रेट परिसर में कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाने के लिए आयोजित हुआ विशेष कैम्प





☒ आयोजित कैम्प में वैक्सीनेशन के साथ साथ बनाये जा रहे है आयुष्मान कार्ड

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आज कलक्ट्रेट परिसर में कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाने के लिये विशेष कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में 18 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ता, कर्मचारी व आम नागरिकों ने बूस्टर डोज लगवाया। जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड 19 संक्रमण के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए अब 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को भी निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में लगे कैम्प में लोग स्लॉट बुक कराने के साथ ही आधार कार्ड लेकर सीधे आ सकते हैं। उपलब्धता के आधार पर उन्हें वैक्सीन की बूस्टर डोज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परिसर में ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी कैम्प का आयोजन किया गया है। निर्धारित योग्यता पूरी करने वाले नागरिक अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनवा सकते हैं। डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार 30 सितंबर तक समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन कर रही है। कोविन पोर्टल पर अपना स्लॉट बुक कर निकटवर्ती स्वास्थ्यकेंद्रों पर अपनी सुविधानुसार निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगवा सकते हैं। उन्होने बताया है कि वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त होने के छह माह अथवा 26 सप्ताह पूर्ण होने के पश्चात ही प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। कोविड–19 वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज के लिए पहली एवं दूसरी खुराक में प्रदान की गई वैक्सीन का ही उपयोग किया जाएगा। किसी अन्य वैक्सीन को लगवाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से कोविड टीकाकरण कराने की अपील की।

# गुडे-गैंगेस्टर अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करें थानेदार पुलिस अधीक्षक



गाजीपुर।पुलिस लाइन में आयोजित क्राइम मीटिंग में एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया। कहा कि क्षेत्र में लगातार गश्त करें और त्वरित कार्रवाई कर आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करें। पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे द्वारा सभी थानाध्यक्ष व क्षेत्राधिकारी की मीटिंग की गई। मीटिंग के दौरान गुंडा , गैंगस्टर व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु सभी थानाध्यक्ष व क्षेत्राधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने क्राइम मीटिंग में जिले में शांति और कानून व्यवस्था के लिए अपराध समीक्षा की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान गतिशीलता, सजगता और सतर्कता बनाये रखने के लिए विशेष निर्देश दिये। एसपी रोहन प्रमोद बोत्रे ने बारी–बारी सभी थानाध्यक्षों से थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था, लंबित मामलों की जानकारी हासिल की। लापरवाह थानेदारों की क्लास लगाते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया। वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व अतिक्रमण हटवाने के सम्बन्ध में समस्त थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी को निर्देशित किया।

## सीडीओ ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 156 कैम्पों के सापेक्ष 45 कैम्पों पर वी0एल0ई0 अनुपस्थित रहने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने का दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 156 कैम्प लगाये गये थे जिसमें 111 कैम्पों पर ही वी०एल०ई० उपलब्ध रहे, शेष 45 कैम्पों में जहाँ वी०एल०ई० नहीं पहुँचे उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने लोकेश प्रताप यादव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी०एस०सी० को निर्देशित किया कि जिन वी०एल०ई द्वारा इनमें सहयोग नहीं किया जा रहा है उनकी आई०डी० बन्द करने के लिए पत्र प्रेषित करें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ६ आयुष्मान प्रभारी, देवरिया को निर्देशित किया गया कि जिन 04 ब्लाकों के आरोग्य मित्र के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु उनके नोडल एजेंसी को पत्र भेजा गया है, उनके द्वारा अब तक कार्यवाही न किये जाने के कारण पुनः अनुस्मारक पत्र भिजवाएँ। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया है कि समस्त कोटेदारों को अपने तरफ से निर्देशित करें कि वी०एल०ई० के पहुँचने पर सभी अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को बुलवाकर आयुष्मान कार्ड बनवायें तथा जहाँ पर वी०एल०ई० नहीं पहुँचे हैं की दशा में संबंधित नजदीक के जन सेवा केन्द्र को बुलाकर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवायें।

# मुख्य चिकित्सा कार्यालय पर धरना प्रदर्शन 25 को : दुर्गेश श्रीवास्तव

गाजीपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा द्वारा स्थानांतरण नीति में घोर लापरवाही के विरोध के प्रथम चरण आंदोलन के तहत काला फीता बांधकर कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरण नीति में घोर लापरवाही को लेकर 4 जुलाई महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा चुका है और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को अवगत कराया गया था कि 19 जुलाई तक अगर गलत तरीके से किए गए स्थानांतरण को वापस नहीं किया जाता है तो 20 जुलाई से कर्मचारी आंदोलनरत होंगे। लेकिन परिषद के पत्र पर कोई विचार नहीं किया गया, जिससे प्रथम चरण के आंदोलन का शुरुआत करते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रस्तर 5 व 12 के विपरीत जाकर मान्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्षमंत्री दिव्यांग दांपत्य नीति, गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारी व 2 वर्ष से कम सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न विभाग के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों का नियम विरुद्ध स्थानांतरण किया गया है। काउंटर परिवर्तन एवं क्षेत्र परिवर्तन फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों पर लागू होता है, जनपद के अधिकतम अधिकारियों द्वारा पटल परिवर्तन के नाम पर कर्मचारियों का स्थानांतरण व शोषण किया गया है। बहुत से कर्मचारियों का स्थानांतरण 50 से 100 किलो मीटर दूरी पर कर दिया गया है, जो बहुत ही गलत है। इसी के विरोध में आज 20 से 24 जुलाई तक काला फीता बांधकर कार्य करते हुए विरोध–प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ा है। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में 25 जुलाई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। और 26 से 30 जुलाई तक सभी स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों द्वारा दो घंटा कार्य बहिष्कार किया जाएगा। जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, ओंकार नाथ पांडेय,अरविंद कुमार सिंह, राकेश पांडेय, आलोक राय, बालेंद्र त्रिपाठी, विनोद पांडेय, गोविंद, अभय सिंह, रामधनी, राजेश, रवि प्रकाश, अमित कुमार, इशांक सहित स्वास्थ्य केंद्र बिरनो, अंधऊ, मेदनीपुर, जमानिया, गाजीपुर, मुहम्मदाबाद, जंगीपुर, मरदह, महिला चिकित्सालय, मलेरिया विभाग के सभी कर्मचारी शामिल थे।



# जिलाधिकारी ने किया विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण

☒ 23 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश



दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज प्रातः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपनिदेशक कृषि प्रसार, व भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बड़ी संख्या में कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिन का वेतन काटते हुए अनुशास नात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी सुबह 10:10 पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचे। वहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका मंगाकर जांच की जिसमें कार्यालय में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों में वीर बहादुर गुप्त, दिनेश्वर कुमार दीपक, रंगनाथ मिश्र, स्वप्नेश कुमार मंगलम, आलोक कुमार पांडेय, ममता राय, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार यादव, चंद्रभूषण, उमेश चन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद सोनकर, स्वास्तिका जायसवाल और अखिलेश कुमार आर्य शामिल थे। जिलाधिकारी के निरीक्षण करते समय बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिश्चंद्र नाथ भी कार्यालय नहीं पहुँच पाए थे। जिलाधिकारी के पहुँचने की खबर मिलते ही वे भी कार्यालय पहुँचे। उन्होंने आज गैर जनपद में विभागीय बैठक होने का हवाला दिया।

इस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को समय से कार्यालय आकर शासन की मंशानुरूप निर्धारित समयावधि में जनसमस्याओं की सुनवाई करने की हिदायत दी। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि प्रसार व भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया।

उपस्थिति पंजिका का पूरे माह में कार्यालय प्रमुख द्वारा एक बार भी अवलोकित न करने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने उप निदेशक कृषि विकेश कुमार को नियमित रूप से उपस्थिति पंजिका स्वयं देखने का निर्देश दिया।

साथ ही लिपिक धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता द्वारा अर्जित अवकाश की स्वीकृति कराये बगैर एवं बिना चार्ज दिए अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय से अशोक कुमार कन्नौजिया, विनीता सिंह, हसामुल हक, अखिलेश यादव, हेमंत कुमार शर्मा, विनोद कुमार, संजय कुमार पांडेय एवं पवन कुमार जायसवाल साढ़े 10 बजे तक कार्यालय नहीं पहुँच सके थे।

जिलाधिकारी ने समस्त अनुपस्थित कार्मिकों के एक दिन का वेतन काटने के साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बिना उपयुक्त प्राधिकारी की स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना घोर लापरवाही को स्पष्ट करता है। ऐसे लोगों के विरुद्ध शासन की नीति के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों के बाजार उपलब्धता हेतु विकास खंडवार दिवस व तिथि निर्धारित

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवरिया के तत्वाधान में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देशन में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों यथा साजावटी सामान, गाय के गोबर के दीये, क्ले पेन्टिंग, क्रोसिया, मूंज उत्पाद, राखी, मास्क तिरंगा, खिलौने, खाद्य सामग्री जैम, जैली, आचार, पापड़, मुरब्बा, बड़ी, चाकलेट, केक, लकड़ी के खिलौने, जूट बैग, टेडी बियर, नेम प्लेट, एल०ई०डी० उत्पाद, झालर झूमर आदि के बाजार उपलब्धता हेतु जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर सप्ताहिक हाट–बाजार का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी की प्रेरणा से इस कार्य को प्रारम्भ किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के इस पहल से जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामानों का प्रचार–प्रसार होने के साथ–साथ उनके आजीविका संवर्धन का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कार्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं सभी विकास खण्ड के लिए सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी को नोडल नामित किया है। जनपद स्तर पर इस सप्ताहिक हाट–बाजार का आयोजन प्रत्येक सोमवार को विकास भवन परिसर के मुख्य गेट पर (प्रेरणा सभागार के सामने) आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंडवार साप्ताहिक हांट बाजार के निर्धारित दिवस तथा स्थलों के विवरण में बताया है कि सोमवार के दिन ब्लॉक रामपुर कारखाना हेतु बड़ी बाजार रामपुर कारखाना स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। मंगलवार के दिन ब्लॉक बनकटा व भलुअनी के विकास खंड परिसर तथा देसही देवरिया हेतु पंचायत नौतन हथियागढ स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार बुधवार को ब्लॉक भागलपुर हेतु मईल चौराहा, भटनी हेतु नूरीगंज बाजार, भाटपाररानी हेतु पकड़ी बाजार तथा रुद्रपुर हेतु बेलवा दुबौली हांट बाजार के लिए स्थल निर्धारित किया गया है।बृहस्पतिवार के दिन ब्लॉक बैतालपुर के गेट पर हाट–बाजार हेतु स्थल निर्धारित किया गया है। शुक्रवार को ब्लॉक बरहज हेतु ग्राम पंचायत लवरछी, गौरी बाजार हेतु सांडा तथा पथरदेवा हेतु रामपुर महुआबारी स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। शनिवार के दिन ब्लॉक सदर हेतु पैकौली बाजार, लार हेतु विकास खंड परिसर, सलेमपुर हेतु पड़री बाजार तथा तरकुलवा हेतु तरकुलवा बाजार थाने के बगल में स्थल निर्धारित किया गया है। इस हाट–बाजार के माध्यम से जनपद के आम जनमानस को अपने विकास खण्ड स्तर पर घरेलू उपयोग के सामाग्री उपलब्ध हो पायगी। साथ ही साथ समूह सदस्यों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य एवं स्थानीय बाजार उपलब्ध होगा। नजदीकी बाजार की उपलब्धता के कारण स्वयं सहायता समूह के मनोबल में वृद्धि होगी और समूह सदस्य अन्य विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य उत्पाद बनाकर विक्रय करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने आम जनमानस को अवगत कराया है कि अपने जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा निर्मित उत्पादों को अपने नजदीकी हाट–बाजार में भ्रमण कर अपनी इच्छा से कोई भी एक उत्पाद खरीद कर ग्रामीण महिलाओं के हुनर को प्रोत्साहित करे, जिससे उनके स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान में वृद्धि हो सके, इस पुण्य और नेक कार्य का भागीदार बने।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित






☒ सदर विधायक ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर किया उत्साहबर्धन




दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। युवा कल्याण विभाग द्वारा इस तरह का आयोजन सराहनीय है। प्रतिभा केवल बड़े शहरों में ही नही मिलती, वास्तव में प्रतिभा हमारे गांवो में बसती है। जरूरत है इन प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म देने की। इन प्रतिभाओं को निखारने की। उक्त बातें सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल द्वारा देवरिया स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये कहा। सदर विधायक ने कहा कि आज बच्चो के परफार्मेंश को देखकर ऐसा लगा कि अगर इन्हें उचित प्लेटफार्म दिया जायेगा तो ये देश–विदेश में भारत का ही नही बल्कि देवरिया का नाम भी रोशन करेंगे। युवा कल्याण विभाग के लोगो को एक सलाह देना चाहता हूँ कि वे लोगो ग्रामीण स्तर के प्रतिभावान बच्चों को उचित प्लेटफार्म दिलाने का प्रयास करें। जहा जरूरत हो हम लोगो का भी निःसंकोच सहयोग ले,पूरा सहयोग हम लोग करेंगे।युवा कल्याण विभाग के लोग प्रतिभावान बच्चो के परफार्मेंश की छोटी–छोटी क्लिप तैयार करा विभिन्न माध्यमों से बच्चों के प्रतिभा का प्रचार प्रसार करें,उन क्लिपों को हम लोगों को भी उपलब्ध कराए ताकि सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमो से हम लोग भी उन बच्चों के प्रतिभा का प्रचार–प्रसार करें। युवा कल्याण अधिकारी नीतीश राय ने मुख्य अतिथि का माला पहना और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहबर्धन किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद राय,भाजपा मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय,जितेन्द्र सिंह,रवि चतुर्वेदी, विकास दूबे, धर्मशील तिवारी आदि रहे।

# द्वितीय किसान दिवस का हुआ आयोजन




☒ अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित कर करें किसानों की समस्या का समाधान : सीडीओ

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आज मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में द्वितीय किसान दिवस का आयोजन हुआ। बैठक में जिला प्रशासन तथा किसान प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मंथन किया। किसानों ने नहरों में पानी न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि बारिश न होने से धान की फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई है। कई किसानों ने ट्यूबवेल से पर्याप्त जल न मिलने की शिकायत भी की। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को नहरों में पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं किसी नहर से कटान होने की सूचना मिले तो तत्काल उसकी मरम्मत की जाए तथा नहर को क्षति पहुंचाने के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि बारिश कम होने की वजह से किसान निजी साधनों से सिंचाई करा रहे हैं।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विद्युत विभाग से कनेक्शन कटौती अभियान रोकने के साथ ही मौके पर विद्युत कनेक्शन देने की मांग रखी, जिसपर सीडीओ ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। किसानों द्वारा गत खरीफ सीजन के 31 किसानों के धान क्रय का भुगतान न होने का मुद्दा उठाया गया। सीडीओ ने सात दिन के भीतर भुगतान करने के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया। जिला गन्ना अधिकारी ने किसान प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद में कुल 31 करोड़ दस लाख रुपए मूल्य के गन्ने की पेराई हुई थी, जिसके सापेक्ष 18 करोड़ 48 लाख रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। सीडीओ ने एलडीएम अरुणेश कुमार को निर्देशित किया कि केसीसी से जुड़े प्रकरणों में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुज्जमिल ने किसान प्रतिनिधियों को बताया कि जिन किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से गैरलाभार्थी श्रेणी में आना है उन्हें 24 जुलाई तक लिखित में सूचना देनी होगी। अन्यथा की स्थिति में उनका प्रीमियम कट जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र के रजनीश श्रीवास्तव ने जनपद की मृदा की गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट के विषय में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवाश्म की कमी की वजह से मृदा की जल धारण क्षमता कम होती जा रही है। उन्होंने किसानों से गो–आधारित प्राकृतिक कृषि करने का अनुरोध किया तथा रासायनिक खाद की जगह की जैविक खाद का प्रयोग करने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को अंतर–विभागीय समन्वय स्थापित कर किसानों की समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद, उप निदेशक कृषि विकेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पीएन सिंह, डीडीएम नाबार्ड संचित सिंह समेत विभिन्न अधिकारी एवं किसान प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पुलिस ने तीन बदमाशों को दो अवैध असलहों तथा 10 पेटी शराब के साथ किया गिरफ्तार



गाजीपुर। जिले के भांवरकोल पुलिस ने थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे अंडर पास पुलिया सोनाडी के पास से 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तीन बदमाशों को दो अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वागीश विक्रम सिंह ने बताया थाने के एस आई बृजेश मिश्रा अपने हमराहियों के साथ आज सुबह में अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में भ्रमणशील थे। इसी बीच पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडर पास सोनाडी गांव के पास संदिग्ध परिस्थिति में एक स्कार्पियो आती दिखाई दी पुलिस ने हाथ देकर रूकवाया। तलाशी लेने पर स्कॉर्पियो में 10 पेटी अंग्रेजी शराब ह्विस्की 8 पी एम बरामद की गई। तलाशी लेने पर दो बदमाशों के पास 315 बोर का दो अवैध तमंचा वह दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक राहुल कुमार सिंह ग्राम निवासी ग्राम चौर बोझ थाना करीमुद्दीनपुर, संतोष कुमार चौधरी निवासी ग्राम मिल्की चक थाना अधमगोला जनपद पटना बिहार एवं तीसरा गिरफ्तार युवक अंकुर सिंह निवासी गुप्तेश्वर नगर साउथ इकौना थाना उदवंतनगर जिला भोजपुर आरा बिहार का रहने वाला है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों को आबकारी अधिनियम एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। बारामद स्कॉर्पियो को सीज कर दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## बैंक आफ बडौदा बैंक ने मनाया 115 वां स्थापना दिवस

धौरहरा,खीरी। बैंक आफ बडौदा शाखा कफारा में बैंक का 115वां स्थापना दिवस केक काट कर मनाया गया, शाखा प्रबंधन ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पुस्तकें वितरित कर पौधरोपण किया।

बैंक आफ बडौदा शाखा कफारा में बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कफारा शाखा प्रबंधक संजय कुमार कनौजिया ने कफारा के प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण करने के अलावा बच्चों को कापी किताबें भी वितरित किया। शाखा प्रबंधक संजय कुमार कनौजिया ने बताया गुजरात के बडौदा के महाराजा साया जी राव गायकवाड़ तृतीय ने 20 जुलाई 1908 में बैक आफ बडौदा लिमिटेड के रूप में इसकी नीव रखी थी। वर्तमान में बैक आफ बडौदा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित हुई है। इस मौके शाखा प्रबंधक संजय कुमार कनौजिया, मनीष कुमार, विष्णु रस्तोगी, गुलशन और छोटू गुप्ता मौजूद रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की दो छात्राओं की रिपोर्ट आई पाजिटिव अब तक पाजिटिव की संख्या पहुंची 17 के पार

धौरहरा,खीरी। कस्बा में राजकीय बालिका छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रह रही 15 बालिकाओं की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने बाद बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं की स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना की जांच की गई। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दो छात्राओं की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव पाई गई। जिसके चलते 48 घंटों के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को बंद कर दिया गया। 15 छात्राओं की रिपोर्ट पाजिटिव आने के हरकत में आयी स्वास्थ्य विभाग की टीम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पहुंची। जांच के दौरान 83 छात्राओं की जांच की गई जिसमें दो बालिकाओं की रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मे 18 बालिकाओ की जांच गई, जिसमें सभी छात्राओं की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य निधि वर्मा ने बताया कि डीआईओएस के निर्देश पर 48 घंटों के लिए स्कूल बंद कर दिया गया है।

## एसडीएम धौरहरा ने कटान क्षेत्र का किया निरीक्षण

धौरहरा,खीरी। एसडीएम ने तहसील क्षेत्र के कटान से प्रभावित होने वाले गांव का किया निरीक्षण कटान से बचाव के लिए बाढ़ खंड को निर्देशित किया। मंगलवार की शाम को तहसील धौरहरा में ईसानगर में घाघरा नदी की कटान से प्रभावित होने वाले गांव मिर्जापुर, गनापुर का एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया और घाघरा नदी द्वारा किए जाने वाले कटान को रोकने के लिए बाढ़ खंड को निर्देशित किया। एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कटान को रोकने के लिए बाढ़ खंड को निर्देशित किया गया है।

## मिलिक के कार्डधारकों ने कोटेदार पर लगाया घटतौली का आरोप, डीएम से की शिकायत

धौरहरा,खीरी। तहसील क्षेत्र में कोटेदारों द्वारा की राशन वितरण में की जा रही है घटतौली प्रशासन मौन। शासन के लाख प्रयास करने के बावजूद भी क्षेत्र में गरीबो को मिलने वाले खाद्यान्न वितरण में कोटेदारो द्वारा कटौती व घटतौली करने का खेल जारी है जिसकी शिकायत कार्डधारकों द्वारा अधिकारियों से की जाती है लेकिन पूर्ति विभाग के गठजोड़ से शिकायतों का फर्जी निस्तारण करवा दिया जाता है। ताजा मामला तहसील क्षेत्र धौरहरा के ग्राम मिलिक के उचित दर बिक्रेता देवराज यादव के खिलाफ एक सैकड़ा राशनकार्ड धारकों ने जिला अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को शपथ पत्र के साथ शिकायत की है। शिकायत कर्ता राजू,रमेश कुमार व जगदम्बा प्रसाद राम रानी, सुमन, कान्ति सुरजीत, कमलेश, राम दुलारे, राम प्रकाश, मूला, जग रानी आदि ने बताया कि हम लोगो को कोटेदार द्वारा अंन्तोदय कार्ड धारक को 35 किलो के बजाये 30 किलो, पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 5 किलो के बजाये 4 किलो अनाज दिया जाता है। शपथपत्र के मुताबिक बीते मार्च 2022 में तेल,चना व नमक का वितरण नही किया गया था। जिसकी शिकायत पूर्ति निरीक्षक व उपजिलाधिकारी से की गई थी। तब उच्चाधिकारियो ने कुछ लोगो के बयान लेकर कार्यवाही नही की गई। जिला अधिकारी व जिलापूर्ति अधिकारी को शिकायत कर कोटेदार की जांच कराने की मांग की गई है। इस संबंध मे एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है जांच करवाई जा रही है रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

## सावन के दृष्टिगत छोटी काशी में बनी हेल्थ पोस्ट का एसीएमओ ने किया निरीक्षण

लखीमपुर,खीरी। सावन मास की शुरुआत होते ही छोटी काशी गोला गोकरण नाथ में लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। शिव भक्तों को बेहतर चिकित्सा सेवा देने के लिए मंदिर परिसर सहित चार हेल्थ पोस्ट बनाए गए। इनका निरीक्षण करने बुधवार को एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे। एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि छोटी काशी गोला गोकरननाथ में जनपद सहित प्रदेश के और पड़ोसी प्रदेशों के भी लाखों शिव भक्त दर्शन करने आते हैं। इस दौरान तमाम कावड़िए भी गंगाजल लेकर भोलेनाथ को अर्पित करने पैदल ही आते हैं। वहीं लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जहां सीएचसी गोला को एक्टिव मोड पर रखा गया है। अतिरिक्त सेवाओं के लिए मंदिर परिसर सहित चार हेल्प पोस्ट बनाए गए हैं, इनमें रिलायंस पैट्रोल पंप लखीमपुर रोड, नवीन बाईपास मोहम्मदी रोड और साईं लांन के पास हेल्थ पोस्ट स्थापित किए गए हैं, यहां पर एंबुलेंस भी तैनाती की गई है। वहीं डॉक्टर, फार्मासिस्ट, पैरामेडिकल स्टाफ और वार्ड बॉय इस पोस्ट पर तैनात रहते हैं। साथ ही बांकेगंज, फरधान, मोहम्मदी एवं कुंभी से अतिरिक्त स्वास्थ्य टीमें भी लगाई गई हैं। इनकी व्यवस्थाओं को देखने के लिए उनके द्वारा निरीक्षण किया गया है और इस दौरान दवाइयों सहित जरूरी इंजेक्शन और मरहम पट्टी के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया गया जो सब कुछ अपडेट मिला। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उचित चिकित्सा के लिए मरीज को रेफर किया जाए।

## उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की महिला जनसुनवाई, दिए निर्देश

लखीमपुर,खीरी। बुधवार को सुबह करीब 10 बजे उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने कलेक्ट्रेट पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में महिला जनसुनवाई की। जिसमें महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व दहेज संबंधी 22 मामलों की सुनवाई हुई। उन्होंने फरियादियों को हर संभव मदद मुहैया कराए जाने के संबंध में आश्वस्त किया। सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उत्पीड़न का शिकार कोई भी महिला व बालिका महिला जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित निदान पा सकती है। महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से जिले में ही इस महिला जनसुनवाई का आयोजन किया। उत्पीड़न संबंधी किसी भी समस्या का त्वरित निदान के लिए संबंधित महिला एवं बालिका उप्र राज्य महिला आयोग के व्हाट्सएप नंबर रू 6306511708 व आयोग के ईमेल पर प्रार्थना पत्र भेजकर निदान व निस्तारण करा सकती है। उप्र राज्य महिला आयोग प्रदेश भर की उत्पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए गम्भीर है। आयोग द्वारा उत्पीड़ित महिलाओं की जनसुनवाई करते हुए उन्हें त्वरित न्याय उपलब्ध करायें जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

☒ जन सुनवाई के दौरान 22 महिलाओं ने की शिकायत

महिला जनसुनवाई के दौरान बुधवार को लगभग 22 उत्पीड़ित महिलाओं ने सदस्य अंजू प्रजापति से मुलाकात करते हुये अपने उत्पीड़न के सम्बन्ध में बताया, जिसे उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने बहुत ही गम्भीरता से लिया और इस सम्बन्ध में उन्होंने महिला पुलिस अधिकारियों को नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करते हुये पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा महिला जनसुनवाई के दौरान जो गम्भीर प्रकरण सामने आये है, उनका सही प्रकार से निस्तारण एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित गति से न्याय प्राप्त हो। जन सुनवाई के दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, डीपीओ संजय कुमार निगम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य मो. सईद खा, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शकुंतला उपाध्याय, महिला शक्ति केंद्र की महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिस्ट, जिला समन्वयक निक्की गुप्ता, सरोजिनी चौधरी अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# गबन के मामले में प्रधानाध्यापक मोहन कृष्ण निलंबित

☒ भीमपुर मध्य विद्यालय में वित्तीय प्रभारी पर अनियमितता को ले हुई कार्रवाई

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। छातापुर प्रखंड के भीमपुर मध्य विद्यालय में वित्तीय प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य करते हुए 1000000 से अधिक की राशि के विद्या वित्तीय मामले में शिक्षा विभाग ने लंबी जांच पड़ताल के बाद तत्कालीन प्रभारी एवं वित्तीय प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के निवर्तमान प्रधानाध्यापक मोहन कृष्ण उर्फ तारण सिंह को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया । छातापुर बीईओ ने आरोपी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है । उन्हें निलंबन अवधि के दौरान बीईओ कार्यालय पिपरा आने को कहा गया है। पत्र के माध्यम से आरोपी प्रधानाध्यापक को 2 दिनों के अंदर पदस्थापित जीवछपुर मध्य विद्यालय का संपूर्ण प्रभार वरीय शिक्षक को तथा मध्य विद्यालय भीमपुर का संपूर्ण प्रभार नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक को सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया है । गौरतलब हो कि बीते वर्ष 2021 के सितंबर महीने में भीमपुर मध्य विद्यालय के शिक्षा सचिव सरिता देवी ने डीएम ,डीईओ एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर विद्यालय शिक्षा समिति के खाते की जांच की मांग की थी । जिसमें उनके द्वारा बताया गया था कि तत्कालीन वित्तीय प्रधानाध्यापक मोहन कृष्ण ने विद्यालय के विभिन्न मद के रुपया को सर्व शिक्षा अभियान को वापस करने के नाम पर 7 जुलाई 2021 को अपने निजी खाते में ट्रांसफर करवा लिया था । इस बाबत डीईओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा स्कूल मद की राशि गबन करने का मामला सामने आया था । जिसकी जांच कराई गई थी । हालांकि उसके बाद उन्होंने राशि सरकारी खाते में वापस ट्रांसफर कर दिया था । लेकिन जांच के क्रम में गलत तरीके से प्रधानाध्यापक के द्वारा निजी खाते में ट्रांसफर करने का मामला सामने आने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

# दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत, दो घायल



विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ, दैनिक अयोध्या टाइम्स) दलसिंगसराय! दलसिंहसराय प्रखंड के नगरगामा में मंगलवार को दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए ! मृतक की पहचान विद्यापति नगर थाना के गढ़सीसई के रामबाबू राय के पुत्र अर्जुन राय (23) के रूप में हुई है, जबकि घायलों की पहचान उसी गांव के राजकुमार महतो के पुत्र रामबाबू महतो (22) एवं मृतक की मां अनीता देवी के रूप में हुई है ! स्थानीय लोगों ने आनन–फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया , जहां दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है , मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ! घटना के संबंध में बताया गया है कि मृतक अर्जुन राय अपनी मां के साथ दलसिंहसराय से घर लौट रहा था , इसी क्रम में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से उसकी टक्कर हो गई, टक्कर इतनी तेज थी कि घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई ! घटना की खबर सुनते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए तथा पुलिस को सूचना दी ! पुलिस तथा ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है ! उधर अर्जुन राय की मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ! घटनास्थल पर पहुंचे दलसिंहसराय थाना अध्यक्ष कुमार ब्रजेश ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी !

# माधोपुर का लाल बना कनीय अभियंता



विकास कुमार पाण्डेय/अश्विनी कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) मोहनपुर,शाहपुर पटोरी ! कहते हैं कि जब मन में लगन हो और कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो, तो कोई भी सफर आसान बन जाता है ! ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मोहनपुर प्रखंड के अभिजीत ने, जिसने कनीय अभियंता बनकर अपने परिवार और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है ! बचपन से ही प्रतिभा के धनी एवं पढ़ाई के प्रति उत्सुक अभिजीत कुमार समस्तीपुर जिले के पटोरी अनुमंडल के एक छोटे से गांव माधोपुर के रहने वाले हैं।दसवीं के बाद इन्होंने नवीन राजकीय पोलीटेक्निक पटना से इलेक्ट्रिकल में डिप्लोमा किया जिसके बाद इन्होंने कठिन मेहनत के दम पर HURL मे कनीय अभियंता बनने के अपने सपने को पूरा किया।इनके पिता शिव शंकर राय गांव में ही किसान हैं ! शिव शंकर राय ने बताया कि अभिजीत की यह सफलता पूरे क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणादायक है। इनकी इस उपलब्धि के बाद गांव के बड़े बुजुर्गों ने आकर उन्हें आशीर्वाद दिया। ज्ञात हो कि हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड coal India limited, NTPC एवं IOCL के साथ अनुबंधित एक संस्था है,जो कृषि से संबंधित नए तकनीकों को बढ़ावा देती है। अभिजीत की इस सफलता से गांव के युवा भी अब कुछ कर गुजरने के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण मरने लगे हैं !

# मुखिया पति के साथ शिवहर मे मारपीट

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स ।) शिवहर। नगर परिषद शिवहर के मेन चौक राजस्थान चौक पर आज दोपहर तकरीबन 3:00 बजे कुछ लोगों के द्वारा खैरमा दर्प के मुखिया बदामी देवी के पति भिखारी राय को बाइक से उतार कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भिखारी राय के द्वारा शिवहर थाने में एक आवेदन दिया गया है जिसमें गांव के ही ऋषिकेश राय एवं लालू राय के द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए निवेदन किया गया है। फिलहाल भिखारी राय सरोजा सदर सीताराम अस्पताल में इलाज कराया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया है खैरमा दर्प के मुखिया बदामी देवी के पति भिखारी राय के द्वारा आवेदन दिया गया है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है तथा प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।




# सीईटी बी.एड 2022 की संयुक्तपरीक्षा परिणाम जारी

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने दिनांक 19. 07.2022 को सीईटी–बी.एड. –2022 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परीक्षा फल जारी करते हुए बिहार के महामहिम राज्यपाल–सह कुलाधिपति, बिहार द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को लगातार तीसरी बार सीईटी–बी. एड. परीक्षा के आयोजन के लिए नोडल विश्वविद्यालय नामित करने पर आभार प्रकट किया। कुलपति महोदय ने कहा कि संपूर्ण बिहार में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन और सफलतापूर्वक परीक्षा का परिणाम प्रकाशित महामहिम कुलाधिपति महोदय के निर्देश के अक्षरशरू पालन का परिणाम है। इससे विश्वविद्यालय परिवार महामहिम कुलाधिपति, महामिहम के प्रधान सचिव तथा राजभवन सचिवालय के सभी पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञ है। प्रो. सिंह ने सभी सहभागी विश्वविद्यालयों के कुलपति और कुलसचिव, समन्वयक, नोडल पदाधिकारी, पर्यवेक्षक, केंद्राधीक्षक, निरीक्षक और परीक्षा कार्य में शामिल हुए संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारी के साथ जिला प्रशासन के एसएसपी व अन्य पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। कुलपति महोदय ने सीईटी–बी.एड.–2022 के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता को सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न कराकर परीक्षा परिणाम समय से पूर्व घोषित करने के लिए साधुवाद दिया तथा इसी तरह काउंसिलिंग एवं नामांकन भी सफलतापूर्वक संपन्न करेंगे, इसकी कामना की। साथ ही कुलपति महोदय ने परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दो वर्षीय बी.एड. एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए दिनांक 06.07.2022 को संपन्न सीईटी–बी. एड.–2022 संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम दिनांक 19.07.2022 को ललित नारायण मिथिला विश्व विद्यालय, दरभंगा के माननीय कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय के सभा कक्ष में अपराह्ण 03:30 बजे आधिकारिक वेबसाइट (www-biharcetbed-lnmu-in) पर घोषित किया। संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना लॉग–इन आईडी और पासवर्ड डालकर अपना परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा के लिए 191649 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें इसमें 168382 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 147525 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस प्रकार उपस्थित अभ्यर्थियों में 87.61 प्रतिशत सफल हुए हैं। सफल हुए अभ्यर्थियों में 69266 महिला और 78258 पुरुष शामिल हैं। बी.एड. के लिए 147525 अभ्यर्थी और शिक्षा शास्त्री के लिए 144 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। कुलपति महोदय ने बी.एड. में कुल पूर्णांक 120 में से 97 अंक के साथ पुरूषों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी जय शंकर कुमार एवं 93 अंक के साथ महिलाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अभ्यर्थी रूपाली कुमारी और शिक्षा शास्त्री में 73 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी दीपक पटेल है। प्रतिकुलपति प्रो. डॉली सिन्हा ने कहा कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। माननीय कुलपति के कुशल नेतृत्व में प्रो. अशोक कुमार मेहता की टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई। बी.एड. पाठ्यक्रम का क्षेत्र काफी व्यापक है। प्रति वर्ष बी.एड. कोर्स के प्रति छात्रों का बढ़ता रुझान इसका उदाहरण है। मैं सभी सफल अभ्यर्थियों को खासकर टॉप 10 को बधाई देती हूँ।

वहीं कुलसचिव प्रो. मुश्ताक अहमद ने कहा कि परीक्षा संपन्न होने के दो दिनों के भीतर मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी, जिसकी वजह से जल्द नतीजे घोषित किए जा सके। परीक्षा का आयोजन कर जल्द रिजल्ट प्रकाशित करने के लिए पूरी टीम दिन–रात एक कर मेहनत की, जिसका परिणाम है कि समय से पहले ही परिणाम घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय ने

OVERALL TOP TEN (10)

| Application_Id | Roll_No | Name | Contact No. | Score | Address | Photograph |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BED132290511 | 1043000229 | Jay Shankar Kumar | 8853047813 | 97 | Mahthi, Samastipur-848211 | |
| BED135254811 | 1071900375 | Roshan Kumar | 8051604276 | 97 | Garh Tola, Ward No - 26, Madhepura-852113 | |
| BED137067311 | 1103600184 | Aditya Kumar | 9905336904 | 95 | Late Rambriksh Prasad, House No- 18 Road No 4, Telecom Engineer Colony Mangal Chowk Khemni Chak, Patna - 800027 | |
| BED146183811 | 1105200490 | Manish Kumar | 9006840790 | 94 | Vill-Bhoria, Po-Bhoria Ps-Chandi, Bhoria - 803113 | |
| BED127773911 | 1030900532 | Asgar Ali | 9508269978 | 94 | Barhauna - 841207 Distt.-Saran | |
| BED144223911 | 1105800147 | Rahul Kumar Verma | 6789295648 | 93 | Madhopur Dih - 803108 Distt.-Nalanda | |
| BED135622811 | 1102500195 | Abhishek Kumar | 7488542008 | 93 | Ward NO-01, Nagar Panchayat Bakhri, Rampur -848201 | |



पूरी शुचिता के साथ शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा और समय से परीक्षा का परिणाम घोषित करके राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए एक मानक तय किया है। रजिस्ट्रेशन, काउंसिलिंग और नामांकन की प्रक्रिया भी ससमय पूरी की जायेगी। प्रो. अहमद ने कहा कि लगातार तीन वर्षों से बी. एड. कोर्स के प्रति छात्रों का बढ़ता रूझान इस बात का प्रमाण है कि बिहार के बेरोजगार युवक शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं।

पहले छात्रों का रूझान अन्य क्षेत्रों के प्रति होता था, जो अब शिक्षा के प्रति बढ़ा है, जो मिथिला के लिए सुखद है। सीईटी–बी.एड.–2022 के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने बताया कि परीक्षा का आयोजन और समय से परिणाम घोषित करना एक बड़ी चुनौती थी।

कुलपति महोदय के कुशल नेतृत्व के कारण ही ये सभी कार्य सफल हो पाया। प्रो. मेहता ने परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी। प्रो. मेहता ने कहा कि अभ्यर्थियों को नामांकन की प्रक्रिया पर अब ध्यान केंद्रित करना है। सभी सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग शीघ्र आयोजित की जायेगी, जिस दौरान उन्हें अपने कॉलेजध्संस्थान को भी चुनना होगा। सफल अभ्यर्थी ध्यान रखेंगे कि काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा एक बार के लिए ही उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को नामांकन की प्रक्रिया में कोई भी परेशानी हो तो वे हेल्पलाइन नंबर 07314629842 और ईमेल आईडी helpdeskcetbed2022@gmail-com पर संपर्क कर समस्या का निदान कर सकते हैं। इस अवसर पर वित्तीय परामर्शी कैलाश राम, डीएसडब्ल्यू डॉ. विजय कुमार यादव,कुलानुशासक डॉ. अजयनाथ झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद मोहन मिश्र, मीडिया प्रभारी डॉ. आरएन चौरसिया, कुलसचिव प्रथम डॉ. कामेश्वर पासवान, चार वर्षीय सीईटी–आईएनटी–बी.एड.–2022 के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अरुण कुमार सिंह, सीईटी–बी.एड. –2022 सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. बी.एस. झा, डॉ. अवनि रंजन सिंह, डॉ. जिया हैदर, समन्वयक डॉ. अरविंद कुमार मिलन, डॉ. मिर्जा रुहुल्लाह बेग, डॉ. दिवाकर कुमार झा व अन्य पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोरोना संगवान की बढ़ती रफ्तार : स्वास्थ्य विभाग

☒ जिले में 35 नए मरीजों के साथ ही 98 पहुंची सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। जिले में करुण संक्रमण की रफ्तारलगातार बढ़ रही है मंगलवार को जिले में चौथी लाल के दौरान अब तक का सबसे अधिक 35 नए मरीज सामने आए जिले में संक्रमित की संख्या 98 हो गई है । हालांकि अब तक किसी भी मरीज को भर्ती करने की नौबत नहीं आई है। संक्रमित मरीज घर में रहकर ठीक हो रहे हैं । संक्रमित के काउंसलिंग के लिए सदर अस्पताल में बनाए गए हेल्पलाइन द्वारा फोन के माध्यम से लगातार स्वास्थ संबंधी जानकारी ली जा रही है एवं समय पर मेडिकल किट भी उपलब्ध करवाया जा रहा है कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर सरकार द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का गाइडलाइन जारी कर दिया गया है। लेकिन संक्रमण को लेकर लोग अब भी जागरूक नहीं हुए हैं। वही प्रशासनिक स्तर पर भी इसे लेकर कोई पहल नहीं हो रही है। मास्क लगाना तो लोग लगभग भूल गए। बाजारों में भीड़ तो आम है। कोरोना से बचाव के नियम का पालन कहीं भी नहीं हो रहा है। लगातार मरीज की संख्या में हो रही बढ़ोतरी को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है । जिला स्वास्थ समिति के डीपीएम मोहम्मद मिन्नतुल्ला ने बताया कि संक्रमित मरीजों को ट्रैवल हिस्ट्री खंगाली जा रही है । जांच में पॉजिटिव आने वाले मरीजों के घर के अन्य सदस्य एवं आसपास के लोगों की जांच की जा रही है । इसके साथ ही जिले के बाहर से आने वाले लोगों की जांच के लिए जिले के विभिन्न बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के बाहर शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। संक्रमित की संख्या में हो रही बढ़ोतरी को लेकर एंटीजैन व आरटीपीसीआर जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। फिलहाल जिले में 3 से 4000 मरीजों का एंटीजैन व करीब 1500 मरीजों का आरटीपी सीआर जांच की जा रही है।

# 11 करोड़ 54 लाख का ऋण जिविका के बीच बाटा गया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स ।) शिवहर। जिले का अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा शिवहर के 115वें स्थापना दिवस पर जीविका वित्त पोषण शिविर का उदघघाटन गांधीनगर भवन के सभागार में एडीएम कृष्ण मोहन सिंह एवं क्षेत्रीय प्रबंधक शिवशंकर सिंह एलडीएम रविशंकर प्रसाद एवं मुख्य शाखा प्रबंधक अभिषेक झा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के 115वां स्थापना दिवस पर शाखा प्रबंधक अभिषेक झा के द्वारा जीविका समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड ,केसीसी डेयरी, ट्रेक्टर लोन, मुद्रा लोन, पीएमईजीआई आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिविका को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा है कि बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर आप अपने जीवन को आगे ले जा सकते हैं।

एडीएम कृष्ण मोहन सिंह के द्वारा शिविर में बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यों की सराहना की है तथा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के द्वारा किए जा रहे कार्यों को विस्तार पूर्वक बताते हुए इसी तरह आम जनता की सेवा करने को कहा है। एलडीएम रविशंकर प्रसाद द्वारा बताया गया कि जिले के 8 शाखाओ तथा 35 सीएसपी संचालक के माध्यम से जिविका वित्तपोषण शिविर में 402 जीविका समूहों के बीच 10 करोड़ 39 लाख रुपए का ऋण वितरण किया गया, पीएमजीईवाई के तहत 8 लाभुक के बीच 75 लाख का ऋण वितरण किया गया। मुद्रा लोन , हाउसिंग लोन सहित अन्य लोन के तहत 15 लाख का ऋण वितरण किया गया है।




# बोलोरो और केटीएम बाइक की टक्कर में तीन की मौत



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय। सिवान में बुधवार की शाम केटीएम बाइक और बोलोरो की आमने–सामने टक्कर हो गई द्य जिसमे बोलोरो के टक्कर से केटीएम बाइक सवार तीन युवक की दर्दनाक मौत हो गई द्य जबकि बोलोरो सड़क किनारे गढ्ढे में पलट गई द्य घटना के बाद सभी घायलों को सिवान सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है द्य जहां कई घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है द्य हादसा महादेवा ओपी थाना क्षेत्र के अतरसुआ गांव के बाईपास के समीप हुआ द्य घटना में मृतक की पहचान मुफसिल थाना क्षेत्र के खुरमाबाद निवासी हर्ष कुमार,नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मुहल्ले के रहने वाले अभिजीत कुमार के एवं श्रीनगर के रहने वाले आलोक कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों में पचरुखी थाना क्षेत्र के नैनापुरी गांव निवासी स्वर्गीय राम बरही साह के पुत्र रमाशंकर प्रसाद, शिव बालक साह के पुत्र अमित कुमार शाह, जगरनाथ सिंह के पुत्र रमाशंकर सिंह, मुगल सिंह के पुत्र संतोष सिंह आदि आधा दर्जन लोग घायल है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगो ने बताया की केटीएम बाइक पर सवार तीनों युवक अतरसुआ हाईवे पर स्थित यो यो कैफे में चाय पीने के लिए गए हुए थे। स्थानीय लोगो ने बताया की बाइक सवार युवकों की बाइक काफी तेज थी। इसी दौरान बाइक और बोलोरो में आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर सिवान सदर असपताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बोलोरो गाड़ी में फंसे लोगो को बाहर निकालकर एम्बुलेंस में सिवान सदर अस्पताल भेज दिया । जहां घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बता दे की बोलोरो गाड़ी में सवार सभी लोग पत्थर देवा से अपने घर पचरुखी के नैनपुरी आ रहे थे। तभी अचानक यह घटना घटित हो गई।

# बीएड-सीईटी के नतीजे जारी 147525 सफल




विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंगसराय। बिहार में शिक्षक बनने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए बीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था ! प्रदेश भर के बी. एड. कॉलेज में नामांकन के लिए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को प्रवेश परीक्षा लेने के लिए अधिकृत किया गया था!

दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी) का आयोजन किया गया था जिसका परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना लॉगइन आईडी और पासवर्ड डालकर परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा के लिए 191649 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें 168382 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। 147525 अभ्यर्थी (87.61 प्रतिशत) सफल रहे। इनमें 69266 महिला व 78258 पुरुष हैं। बीएड के लिए 147525 व शिक्षा शास्त्री के लिए 144 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि शीघ्र ही सफल अभ्यर्थियों का काउंसलिंग करवाया जाएगा ! काउंसलिंग के आधार पर छात्र अपने निकटवर्ती कॉलेज का चयन कर पाएंगे !!

# संक्षिप्त समाचार

## मशरक थाना परिसर में 903 लीटर देशी शराब का हुआ विनष्टीकरण



मशरक (सारण)। मशरक थाना परिसर में बुधवार को भारी मात्रा में देशी शराब को विनष्ट किया गया। मशरक थाना में विभिन्न 2 काण्डों में जब्त की गई देशी शराब का विनष्टीकरण न्यायालय के आदेश के दंडाधिकारी एवं उत्पाद अधिकारी की मौजूदगी में किया गया। डीएम द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी के उपस्थिति में उत्पाद अधिकारी, मशरक थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ,दारोगा प्रमोद कुमार, बृजनंदन प्रसाद की उपस्थिति में थाना परिसर में ही जब्त शराब को फोड़ कर बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया। उत्पाद अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में मशरक थाना के विभिन्न 2 कांडों में जब्त किए गए 903 लीटर कच्चा स्प्रीट देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया।

## योजना के तहत वन विभाग ने शुरू किया चलंत पौधा बिक्री केंद्र, लोगों को वृक्षारोपण की दी जानकारी



मशरक(सारण)। जल जीवन हरियाली योजना से आम लोगों को जोड़ने के लिए वन विभाग के द्वारा चलंत पौधा बिक्री केंद्र खोल पौधा बिक्री शुरू की गयी।। इसके तहत वन विभाग के कर्मी मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के सामने मुख्य सड़क पर पौंधा बिक्री की गयी। प्रभारी वन पाल मशरक अखिलेश्वर सिंह और वन उप परिसर पदाधिकारी मशरक दक्षिणी मलय कुमारी ने पौधा आम लोगों को बेच कर पौधारोपण के फायदे की जानकारी दी। मौके पर प्रभारी वन पाल मशरक अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि वन विभाग की एक योजना आई है जिसमें सभी लोग इसका फायदा उठा सकते हैं।योजना के तहत एक पौंधा वन विभाग से 10 रूपये में खरीद कर लगाते हैं और 3 साल तक उसकी सुरक्षा करते हैं तों आपकों सरकार 60 रूपया वापस करेंगी। इस योजन का लाभ सभी उठा सकतें हैं।

## जिला दवा भंडार में करोड़ों की दवा एक्सपायर




दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। बिना प्रभार के ही स्टॉक कीपर को जिम्मेवारी, दो सेवानिवृत में से हो गई एक कि मृत्यु, कैसे होगा मिलान –संशय का है विषय..? गठित टीम के द्वारा नहीं की जा रही जांच, सहयोगी कर रहे खानापूर्ति शिवहर/सीतामढ़ी अनियमितताएं और लापरवाही को देखना है तो शिवहर स्वास्थ्य विभाग की तरफ आपको।

## मशरक के बहरौली में आकाशीय बिजली गिरी एक भैंस की मौत



हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली पंचायत भवन के परिसर में बुधवार की दोपहर आकाशीय बिजली के गिरने से एक भैंस की मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की। बहरौली पंचायत भवन परिसर में पीपल के पेड़ के नीचे बसंत गिरी पिता स्व सुरज गिरी की भैस बांधी गई थी उसी दौरान जोरदार बारिश शुरू हो गई। अचानक गरज चमक के साथ बारिश होने पर आकाशीय बिजली के गिरने से एक भैंस की मौत हो गई।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा टश्पर बने जयशंकर, लोगों ने दी बधाई



विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंहसराय। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022 का परिणाम मंगलवार को देर शाम जारी किया गया, इस परीक्षा में जिले के हजारों छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें विभूतिपुर प्रखंड के महाथी ग्राम निवासी उमाशंकर ने पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर सबको गौरवान्वित कर दिया है ! पूरे बिहार राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समस्तीपुर जिला अंतर्गत विभूतिपुर प्रखंड के महथी गांव निवासी शिक्षक अनिल कुमार के पुत्र जयशंकर कुमार ने अपने क्षेत्र का नाम समूचे प्रदेश में रोशन किया। उनकी इस सफलता पर स्थानीय आर एल महतो बी एड कॉलेज के निदेशक सह जदयू नेता प्रशांत कुमार पंकज ने उनके आवास पर मिथिला चादर, पाग व पुष्पमाला पहनाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। साथ ही उन्होंने छात्र के माता पिता को भी सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने बिहार बीएड संयुक्त परीक्षा के सफल सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु कामना किया। उनके साथ राम सकल महतो, प्रदीप कुमार, आदि शामिल थे।

## मै शिवहर हूँ, शिव का घर हूँ

(गोपाल कुमार ठाकुर, ब्यूरो चीफ शिवहर)

मैं शिवहर हूं, शिव का घर हूं, वैसे और भी मेरे दर्शन हैं। बाहर से आए लोगो के प्रति मेरा अपार समर्पण है। स्वतंत्रा संग्राम और शहादत की गाथा हूं। संघर्ष,आंदोलन, बलिदानो का साक्षी पीड़ा व्यथा हूं। जो भी आया चलकर मुझ तक उसको गले लगाया है।
जात न पूछा, क्षेत्र न पूछा सांसद विधायक बनाया है।
मैं रघुनाथ का आधा अधूरा ख्वाब हूं।
मैं गिरजा, मैं जगदीश,मैं ठाकुर नबाब हूं।
टूटी फूटी सड़कें मैं हूं, मैं ठोकर और जलजमाव हूं।
मैं रघुनाथ का आधा अधूरा ख्वाब हूं।
मैं अर्ध निर्मित आधा अधूरा मकान हूं, मैं राजनीतिक प्रयोगों का महज एक समान हूं।
मैं बाढ़ हूं, सुखाड़ हूं,जलमग्न जगदीश नंदन सिंह द्वार हूं।
कभी नाथ भी था,रघुनाथ भी था,आज अनाथ एक इंतजार हूं।
मैं कुछ भी न भूली हूं,मैं राम परशुराम संवाद की साक्षी देवकुली हूं।
मैंने सहृदय स्वीकारा है,जो भी आया भाग कही से उसको नेता बनाया है।
पर कुहक रही हूं मैं दशकों से,क्या मेरा ख्याल किसी को आया है।
मैं रेल मांगता युवा हूं, मैं बढ़ती दाढ़ी संघर्ष हूं।
मैं विरान शहीद स्मारक तरियानी, मैं उमड़ता बागमती के बाढ़ के पानी।
मैं उपेक्षित कारगिल शहीद चंद्र भूषण हूं। नेताओं के मंसूबे की भेंट चढ़ती मैं भ्रष्टाचार और शोषण हूं।
अनुमंडल से जिला बनी हूं, हर विकास का राह ताकि हूं।
मैं सत्ता सरकारों बड़ी कहो या छोटी भूल हूं।
अर्ध निर्मित बेलवा डैम, मैं टूटी फूटी शंकरपुर बिंदी पुल हूं।
कभी खुलती कभी बंद पड़ती, डिग्री कॉलेज हूं।
निर्माण की राह तकती बीआरसी की रोड हूं।
रेफर होता मैं मरीज हूं, नेताओं की सफेद कमीज हूं।
प्रशासन से विकास का गुहार लगाता बदतमीज हूं।
एक ही रोड पर लगता दो दो शिलान्यास का बोर्ड हूं।
पहुंच पथ के इंतजार में डायट कॉलेज हूं।
मैं जिला हूं मगर जिला जैसा नहीं बस एक राजनीतिक प्रयोग हूं।
एयर कंडीशन बाली उद्योग विभाग है मेरी, पर बिना उद्योग हूं।
मिलता नहीं नेता अब मुझको, मिला बस राजनीतिक एजेंट है।
मैं खाद की कतार हूं, मैं किसान लाचार हूं बंद रीगा मिल में फंसा मेरा पेमेंट है।
मैं ब्लड बैंक का इंतजार हूं, युवा बेरोजगार हूं, मैं अभी भी इंतजार में हूं विकास के, मैं कहीं से कोई आ जाए विधायक सांसद बनाने तैयार हूं।
मैं शिवहर हूं, शिव का घर हूं, और भी मेरे दर्शन हैं।
बाहर से आए लोगों के प्रति मेरा अपार समर्पण है।

(संजय संघर्ष सिंह समाजसेवी ,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवहर।)

## बिहार रेजिमेंट में कार्यरत एनएसजी कमांडो का अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी दौरान मौत



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) अरूणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान तैनात एनएसजी कमांडो सारण जिले के एकमा प्रखण्ड के परसा पूर्वी ग्राम पंचायत क्षेत्र के बेतवानिया गांव निवासी हीरालाल गिरी के पुत्र बिकेश कुमार गिरि (33) की मौत आज सुबह में हो गयी. अचानक विकेश की मौत की खबर मिलने से उनके परिजनों के बीच चित्कार मच गया। एकमा (सारण) अरूणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान तैनात एनएसजी कमांडो सारण जिले के एकमा प्रखण्ड के परसा पूर्वी ग्राम पंचायत क्षेत्र के बेतवानिया गांव निवासी हीरालाल गिरी के पुत्र बिकेश कुमार गिरि (33) की मौत आज सुबह में हो गयी. अचानक विकेश की मौत की खबर मिलने से उनके परिजनों के बीच चित्कार मच गया. बताया जाता है कि विकेश कुमार का विवाह 8 साल पहले कोठया नराव गांव के प्रतिभा देवी साथ हुआ. विकेश को एक पुत्र वेद कुमार व एक पुत्री काव्या है. बताया जाता है कि कव्या 6 साल और वेद कुमार 4 साल है. विकेश बिहार रेजिमेंट में कार्यरत थे. चर्चा है कि चीन की सीमा पर ड्यूटी दौरान उनकी मौत ह्रदय गति रूकने से हो गयी. विकेश की मौत की खबर के बाद गांव के लोग शोकाकुल है. गांव व आसपास के लोग विकेश के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना और ढ़ाढ़स दे रहे है. परिजनों व ग्रामीणों को उम्मीद है कि देर रात तक शहीद विकेश का शव गांव पहुंच जायेग।

## बाढ़ पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का किया उद्भेदन

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। राजधानी पटना के बाढ़ अनुमंडल में सविता सिनेमा हॉल के पास हुए डबल मर्डर में बाढ़ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर मामले के उद्भेदन करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस गिरफ्तारी के बाद बाढ़ थाना अध्यक्ष राजनंदन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 12 जुलाई की शाम बाढ़ थाना क्षेत्र के सविता सिनेमा हॉल के पास गोली मारकर भदौर थाना क्षेत्र के वरूआने गांव निवासी अंकित कुमार नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में पंडारक थाना क्षेत्र के कोन्दी निवासी विनय पाण्डेय नामक एक अन्य शख्स भी मारा गया था। थाना अध्यक्ष के मुताबिक, अंकित ने प्रेम विवाह किया था, जिससे उसके ससुर थप्पू सिंह नाराज थे।इसी नाराजगी के चलते उन्होंने हत्या की साजिश रच दी थी। पुलिस द्वारा गिरफ्तार ससुर थप्पू सिंह मरांची थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं। अपनी बेटी के प्रेम विवाह से वे काफी नाराज थे और उन्होंने अपने दामाद को देख लेने की धमकी भी दी थी। पुलिस के मुताबिक, ससुर ने अपने दामाद अंकित की हत्या के लिए 3 शूटर को 4 लाख की सुपारी देकर हत्या का सौदा तय किया था। एडवांस में उन्होंने शूटरों को 60 हजार रुपए का भुगतान भी किया गया था। जानकारी में बताया गया कि मृतक अंकित ने अपनी पत्नी के बैंक खाते से 8 लाख रुपए भी निकाल लिए थे, जिससे थप्पू सिंह और भी क्रोधित थे। अंकित वर्तमान में बाढ़ थाना क्षेत्र के सविता सिनेमा हॉल के पास रहता था। हर शाम वह चाय पीने के लिए पास की दुकान पर जाया करता था।अंकित की हर गतिविधियों पर शूटरों की पहले से नजर थी। शूटरों द्वारा कुछ दिनों तक रेकी भी की गई।रेकी करने के बाद भाड़े के शूटरों ने इस हत्याकांड को अंजाम दे दिया। गिरफ्तार शूटर बंटी कुमार ने पूछताछ में बताया कि हत्या के ठीक पहले उसका एक साथी अस्पताल जाकर शक्तिवर्धक गोली खाई। फिर तीनों साथ मिलकर अंकित पर ताबड़तोड़



गोलियां चलाईं। इस गोलीबारी में विनय पांडे नाम के भी एक शख्स को गोली लगी।
इलाज के दौरान विनय की मौत हो गई। हत्या के बाद सभी अपराधी ऑटो पर बैठकर फरार हो गए थे। एएसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बाढ़ थाना अध्यक्ष राजनंदन के साथ मिलकर एक टीम बनाई, जिसमें मोकामा थाना अध्यक्ष संजीत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार के साथ टेक्निकल टीम शामिल थी। घटनास्थल के पास जितने भी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, पुलिस ने सभी को खंगाला और एक जगह अपराधियों की तस्वीर सामने आ गई। फिर क्या था पुलिस ने शूटर को गिरफ्तार किया और उसने सारी कहानी बयां कर दी। पुलिस द्वारा फरार अन्य दो शूटरों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीविका उत्पादित सामग्रियों के मार्केटिंग हेतु जिला स्तर पर दुकान का संचालन करे : डीएम

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो सीतामढ़ी। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा जीविका एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में जीविका की भूमिका के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीविका के डीपीएम ने बताया कि जिले में कुल 49 सीएलएफ कार्यरत है। लगभग 38000 समूह का निर्माण किया गया है। जिसके 45000 मेंबर है जिनके द्वारा लगभग 35 हजार स्वंय सहायता समूह हैं जिसमे 3500 सदस्यों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु विभिन्न तरह के दुकानों का संचालन किया जा रहा है। डीएम मनेश कुमार मीणा ने जीविका डीपीएम को निर्देश दिया गया कि जीविका के द्वारा उत्पादित सामग्रियों के मार्केटिंग हेतु जिला स्तर पर एक दुकान का संचालन करें, ताकि लोगों को जीविका द्वारा उत्पादित सामग्रियों की जानकारी हो सके। वहीं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में डीपीएम जीविका को निर्देश दिया कि आवास योजना के ऐसे लाभुक हो जो जीविका के सदस्य हैं एवं आवास पूर्ण करने में कठिनाई हो रही है उनको लोन देकर आवास पूर्ण करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, डीपीएम जीविका इंदु शेखर, आलोक कुमार एपीओ, एआईएमस ऋतुराज उपस्थित थे ।



### जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता का औचक निरीक्षण मचा हड़कंप

कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड संवाददाता तरियानी शिवहर। शिवहर पदाधिकारी ने तरियानी प्रखण्ड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी व तीन राजस्व कर्मी पाए गए अनुपस्थित, पूछा गया स्पष्टीकरण, क्ड ने एसएफसी गोदाम का भी किया औचक निरीक्षण, सहायक गोदाम प्रबंधक पाए गए अनुपस्थित, पूछा गया स्पष्टीकरण, निरीक्षण के दौरान क्ड ने दिए कई दिशा निर्देश।

### बिआरएबीयू छात्रों का भविष्य दाव पर

कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू दैनिक अयोध्या टाइम्स की रिपोर्ट शिवहर मुजफ्फरपुर। विवि बिआरएबीयू बिहार विश्वविद्यालय वर्ष (2019–2022) में नामांकन लेने वाले छात्रों का सत्र बेपटरी छात्रों का भविष्य दांव पर बिहार में विलंबीत सत्र की वजह से लाखो छात्र–छात्राओं को कई अच्छे अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है सरकार के सीधे आठ विश्वविद्यालय लिटलटिफी के शिकार हैं। समय पर परीक्षा आयोजित न होने से छात्र नेता देवेंद्र ठाकुर ने बिहार सरकार के शिक्षा व्यवस्था पर सवाल के घेरे में डाल दिया है। ठाकुर ने कहा कि लगभग–लगभग बिहार के सभी यूनिवर्सिटी का बद्तर हाल है यह यूनिवर्सिटी दिन प्रती दिन बद्तर होते जा रहा है छात्र स्नातक में एडमिशन करा कर नाक पकड़ कर रो रहे हैं। बिहार यूनिवर्सिटी पेपर बाजी करने में अपना भलाई समझता है और समय–समय पर परीक्षा पूर्ण करने का दवा करता है जिसे छात्रों को हमेशा से परेशान रहना पड़ा हैं। देवेन्द्र ने येभी कहा कि बिहार के छात्रों के भविष्य की चिन्ता किसी को नहीं है विवि कई बार परीक्षा तिथि जारी कर छात्रों को ठेंगा दिखाने का काम किया है हाल फिल में स्नातक सत्र 2019 से 2022 पार्ट–टू परीक्षा को लेकर तिथि जारी कर कैसल कर दिया गया है और अगले आदेश तक पुनः तिथी जारी करने का आश्वासन दिया गया है जिसे बिहार के शिक्षा बेवस्ता पर सवाल खड़ी कर दी है 2019–22 वाले छात्रों को सेसन काफी लेट हो चुका है अगर विवि अभि से भी छात्रों का परीक्षा नहीं लिया गया तो छात्र इस बार आर पार के लड़ाई लड़ेगा।

### दो पक्षों के पंचायती में हुआ अन्याय एक को फायदा तो एक को नुकसान का करना पड़ा

शिवहर तरियानी प्रखंड अंतर्गत फतहपुर में लग भग 20 साल पुराना जमीनी विवाद का हुआ निस्पादन परंतु एक पक्ष को फायदा तो दूसरे का हुआ बहुत बड़ा नुकसान मामला बाबा के जमीन में तीन भाई का हिस्सा था लेकिन एक भाई को जबरन कब्जा में लेकर बनवाया गया बाउंड पेपर मामला तरियानी प्रखंड अंतर्गत फतहपुर गांव का है यह मामला पूर्व जिला पार्षद चेयरमैन मनीष कुमार के द्वारा किया गया है। इस मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी लेकिन मनीष कुमार जी ने ग्रामीण स्तर पर ही मामला का हुआ।

कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड संवाददाता तरियानी शिवहर

### बाढ़ भाजपा के सदस्यों ने अनुमंडलाधिकारी से की शिष्टाचार मुलाकात

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। बाढ़ विधानसभा एवं बाढ़ नगर के विभिन्न समस्याओं को लेकर आज 20 जुलाई को बाढ़ के



अनुमंडलाधिकारी कुंदन कुमार से बाढ़ भाजपा विधानसभा प्रभारी अवधेश सिंह , जिला बौद्धिक प्रमुख सत्येंद्र सिंह , बाढ़ नगर कार्यकारी अध्यक्ष संजय गिरी ने एक शिष्टाचार मुलाकात की । इस दौरान इन सबों ने विभिन्न समस्याओं पर उनका आकृष्ट करवाया । इन सबो ने बाढ़ के किसानों के समस्या , स्कूली बच्चों के पैसा आने में देरी होने , बाढ़ में अपराध बढ़ने , इंदिरा आवास में गड़बड़ी से सम्बंधित और कई समस्याओं पर अंकुश लगाने के मुद्दे पर चर्चा की । अनुमंडलाधिकारी ने इन सभी मुद्दों पर अविलंब कारवाई करने की बात की ।

### मशरक के जजौली में प्राइवेट विधालय और बंद मकान में चोरी

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के जजौली गांव में शादी समारोह में जाने के बाद बंद मकान में और प्राइवेट विधालय में चोरी का मामला सामने आया है। मामले में जजौली गांव निवासी प्राइवेट विधालय सिया रानी मेमोरियल एकेडमी के चेयरमैन भूतपूर्व डीएसपी अमरनाथ राय के विधालय में पानी का मोटर और बगल के बंद मकान जितेश कुमार सिंह पिता ललन सिंह में खड़ी बाइक, मोबाइल फोन और एलईडी टीवी चोरी कर ली गई है। पीड़ित के द्वारा थाना पुलिस को बुधवार को आवेदन दिया गया पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच–पड़ताल कर रहीं हैं। घटना में जितेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी परिवार शादी समारोह में झारखंड गये थें वहा से




आने पर देखा कि मकान में चोरी की घटना हुई है। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## बिहार के इन बीजेपी नेताओं को आतंकी बना सकते है निशाना, खुफिया विभाग के रिपोर्ट से हुआ खुलासा



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहारशरीफ(नालंदा)। बिहार बीजेपी के कई दिग्गज नेता आतंकियो के निशाने पर है। यह खुलासा खुफिया विभाग की रिपोर्ट से हुआ है। आईबी अलर्ट और केंद्रीय गृह मंत्रालय की सूचना के मुताबिक बीजेपी के फायर ब्रांड नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, अश्निनी चौबे सहित हरिभूषण ठाकुर बचौल, संजीव चौरसिया, संजय सिंह और पवन जायसवाल जैसे भाजपा नेता आतंकी संगठनों की हिट लिस्ट में है।
इस सूचना का बाद गृह विभाग पुलिस मुख्यालय समेत सभी प्रभाग को अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि गिरिराज और चौबे को पहले से ही जेड श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। वहीं बचौल सहित कई भाजपा नेताओं को हाल ही में वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। दरअसल, वॉयस ऑफ खुरासान नामक एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस तरह के दावे हैं। ट्विटर हैंडल द खुरासान डायरी ने इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (प्झ्च) के कवर पर भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी हैं। वॉयस ऑफ खुरासान पत्रिका के अपने नवीनतम संस्करण में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ हमले की बात कही गई है। वहीं इस खुलासे के बाद जिला पुलिस को किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एहतियातन सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को पहले भी कई बार फोन में धमकी मिल चुकी है। गिरिराज सिंह अकेले बीजेपी के नेता या मंत्री नहीं है। जो इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के निशाने पर हैं। बल्कि कई नेता इस लिस्ट में शामिल हैं।

## तीन महीने के भीतर एमसीएच के नए बिल्डिंग को वेल इक्विप्ड कर सौपे बीएमएसआईसीएल : के सेंथिल कुमार



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ वैशाली। स्वास्थ्य विभाग के सचिव के सेंथिल कुमार बुधवार को हाजीपुर दौरे पर थे। जहां परिसदन में उन्होंने जिलाधिकारी यशपाल मीणा एवं स्वास्थ्य विभाग से जिले के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान श्री कुमार ने जिले में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों, कोविड एवं नियमित टीकाकरण, टीबी व परिवार नियोजन सहित अन्य पहलुओं का हाल जाना। जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि उन्होंने प्रीकॉशन डोज को बढ़ाने को लेकर प्रयास तेज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि पंचायत स्तर पर कोविड टीकाकरण के सत्र आयोजित कर प्रीकॉशन डोज वालों को टीके लगाए जाएं। सिविल सर्जन डॉ एएन साही ने बताया कि पूरे जिले में गुरुवार को कोविड टीकाकरण का महाअभियान चलाया जाएगा। जिसमें पीकॉशनरी डोज पर जोर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव के सेंथिल कुमार ने परिसदन में बैठक के बाद हाजीपुर स्थित सदर अस्पताल का दौरा किया जहां उन्होंने ओपीडी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व एसएनसीयू का मुआयना किया। उन्होंने ओपीडी के सिस्टम में और सुधार करने को कहा। उन्होंने कहा कि ओपीडी में लगने वाले लाइन के सिस्टम को और सुधारा जाय। वहीं उन्होंने अस्पताल की अन्य सुविधाओं पर संतोष जताया।
☒ सदर अस्पताल के मुआयने के दौरान सचिव ने नवनिर्मित एमसीएच बिल्डिंग का भी हाल जाना। भवन निर्माण की प्रगति पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने इस दौरान बीएमएसआईसीएल के अधिकारियों से इक्विपमेंट के साथ तीन महीने के भीतर भवन को जिलेवासियों को सौंपने को कहा। जिसमें नए फर्निचर और सभी चिकित्सकीय उपकरण भी शामिल हैं। सचिव के सेंथिल कुमार ने सिविल सर्जन को सलाह दी की प्रत्येक 15 दिन पर वह इस भवन का मुआयना करते रहें। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ एके साही, सुपरिटेंडेंट डॉ एसके वर्मा, डीपीएम मणिभूषण झा, डीसीएम निभा कुमारी सिन्हा, केयर डीटीएल सुमित कुमार सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे।

## श्री कौशल कुमार, भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित टी0सी0पी0भवन सुपौल में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल। श्री कौशल कुमार, भा०प्र०से०, जिला पदाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित टी०सी०पी० भवन, सुपौल में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, सिविल सर्जन, सुपौल, अपर अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, सुपौल एवं जिला स्तरीय सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही उक्त समीक्षात्मक बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी, सुपौल जिला विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से एम०जे०सी०, सी0डब्लू0जे०सी० से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री जनता दरबार से संबंधित परिवाद, ई–डेस बोर्ड निष्पादन की स्थिति, ब्ळत्।ड से संबंधित परिवाद की जाँच की स्थिति, जिला जनता दरबार में प्राप्त परिवाद की अद्यतन स्थिति की समीक्षा विभागवार की गयी। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को माननीय उच्च न्यायालय में दायर वाद मे समय पर ओथ लेने तथा उपरोक्त अन्य शिकायत से संबंधित मामले में निर्धारित समय के अन्दर जाँच कर प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। उक्त समीक्षा




बैठक में जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत के रुप में गोद लिये गये ग्राम पंचायतों में सभी संबंधित पदाधिकारी, सुपौल जिला को शत्त निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि ग्राम पंचायत निरीक्षण के क्रम में वैसे कार्यक्रम/योजनाओं जिसमें सुधार की आवश्यकता हो अथवा योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों को योजना के लाभ से अच्छादित करवाना हो तो ऐसी स्थिति में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## बारिश ना होने से खेतों में पड़ी लंबी लंबी दरारे किसानों का बुरा हाल

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह पश्चिमी चंपारण नरकटियागंज बारिश ना होने के कारण किसानों का बुरा हाल है जबकि कई राज्यों में पानी से हाहाकार मचा है कहीं शहर का शहर पानी में समा गई है तो कहीं पानी के इंतजार में खेतों में दरारे पड़ गई है जबकि बिहार के पश्चिमी चंपारण के किसान पानी के इंतजार में अपने खेतों की बर्बादी और धरती सुखी पड़ी पानी को लेकर किसानों की आशा पानी नहीं होने से निराशा दिख रही है जबकि बारिश नहीं होने से किसानों को सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है वही बनवरिया गांव निवासी गया साह भूटन बैठा लल्लन यादव पिंटू कुमार वीरेंद्र प्रसाद आदि का कहना है कि अगर बारिश नहीं होती है तो चंपारण सूखाग्रस्त घोषित होने के कगार पर है इधर बारिश नहीं होने से आम जनजीवन जीना मुश्किल हो गया है सबसे ज्यादा मुश्किल बूढ़े व्यक्तियों समेत स्कूल जाने वाले छोटे–छोटे बच्चों का भी गर्मी से बुरा हाल है गर्मी इतनी चरम सीमा पर है कि दिनों में लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है इधर सुगौली गांव निवासी मुन्ना तिवारी ने बताया कि अगर बारिश नहीं होती है तो डायरिया जैसी बीमारी तथा शरीर में फोड़े फुंसी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जाएगा जिसे सभी छोटे बड़े बच्चों समेत सबका बुरा हाल होगा।



## जहरीली शराब पीने से एक की मौत पुलिस ने बरामद की भारी माला में अवैध शराब



विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंगसराय! दलसिंहसराय प्रखंड के घाटहो थाना अंतर्गत सुल्तानपुर घटहो पंचायत में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई ! घटना की सूचना पर पहुंची ने जंगल में छुपा कर रखे गए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है ! घटना के संबंध में बताया गया है कि सुल्तानपुर घटहो पंचायत के वार्ड संख्या 12 निवासी अरविंद भगत (27) की मौत जहरीली शराब पीने से हो गई! अरविंद कल हाजीपुर से लौटा था जिसके बाद उसने गांव में ही निर्मित देसी शराब (महुआ) का सेवन किया था जिसके बाद उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई, बिगड़ती स्थिति को देखते हुए परिवार वालों ने स्थानीय चिकित्सक से उसका इलाज करवाया ! बिगड़ती स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई ! मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों एवं परिवार वालों ने प्रशासन पर शराब माफियाओं से मिले होने का आरोप लगाया! सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव के समीप ही झाड़ी में छुपा कर रखे गए करीब 23 ड्राम देसी शराब एवं शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किया है !
इस संबंध में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए घटहो थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है तथा संबंधित कारोबारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## डीएम ने की तरियानी प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण




(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)
शिवहर। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने आज प्रखंड कार्यालय तरियानी, अंचल कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, कृषि कार्यालय, एसएफसी गोदाम आदि का औचक निरीक्षण किया है।
प्रखंड कृषि पदाधिकारी , प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं तीन राजस्व कर्मी अनुपस्थित पाए गए, अनुपस्थित पदाधिकारियों/कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया है। आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया गया अंचलाधिकारी तरियानी को निर्देशित किया गया है कि आवेदन पत्रों का निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन करना सुनिश्चित करें। एसएफसी गोदाम का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय सहायक गोदाम प्रबंधक तरियानी अनुपस्थित थे एवं स्टॉक पंजी कार्यालय में नहीं पाया गया, इस बाबत का स्पष्टीकरण पूछने का निर्देशित किया गया। डीएम द्वारा रोकड़ पंजी की जांच की गई रोकड़ पंजी अद्दतन पाया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी तरियानी श्री भगवान कुमार झा को निर्देशित किया गया कि आधार अपडेशन कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों की समीक्षा की गई ,कुल 4 चयनित योजनाओं में से तीन पूर्ण पाया गया। अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने को निर्देशित किया गया है। डीएम द्वारा सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी की समीक्षा की गई। वही सेवांत लाभ की समीक्षा की गई, जिसमें कोई मामला लंबित नहीं पाया गया। अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति समय सुनिश्चित कराएं।

## लोहार जाति को अनुसूचित जाति मे रखा जाये : रमा देवी

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।
शिवहर। सांसद रमा देवी ने सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध किया है कि संविधान संशोधन अधिनियम 48६ 2006 को रद्द करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे लोहार जाति को पूर्व की भांति अनुसूचित जनजाति के रूप में खोया हुआ अधिकार मिल सके।
सांसद रमा देवी ने सदन में आज उन्होंने नियम– 377 के तहत लोहार समाज की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत सन 1950 ईस्वी में रोमन लिपि में लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित किया गया है। जिस तरह से केरल में केरला, कर्नाटक में कर्नाटका का योग योगा इत्यादि लिखा जाता है। इसी तर्ज पर लोहार को संविधान के लोहरा लिखा गया, लेकिन सन– 2006 में संविधान संशोधन अधिनियम 48/2006 के द्वारा लोहारा का हिंदी रूपांतरण लोहरा कर दिया गया। जिसके कारण लोहार समाज को मिलने वाला अनुसूचित जनजाति का अधिकार छिन गया। क्योंकि बिहार में लोहारा और लोहरा नाम की कोई जाति निवास नहीं करती है। ऐसी परिस्थिति में लोहार समाज के लोग अपने मूल अधिकार से वंचित हो रहे हैं। सांसद रमा देवी ने संसद में ध्यान आकृष्ट कराते हुए कही है कि बिहार में लोहारा या लोहरा जाति नहीं पाई जाती है। और ना ही लोहारा या लोहरा की निवास जनसंख्या सरकार के पास उपलब्ध है।



## पारू प्रखंड के चक्की सुहागपुर भगवानपुर सिमराही में किसान चौपाल का आयोजन किया गया




(जितेंद्र कुमार राय संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पेपर मुजफ्फरपुर साहेबगंज) पारू। पारू प्रखंड के चक्की सुहागपुर भगवानपुर सिमरा बिशुनपुर सरैया और बाजीतपुर पंचायत में किसान भवन पर खरीद किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें लुक्का नाटक के माध्यम से किसान विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड आधारित खेती जैविक खेती कृषि यंत्रीकरण योजना फसल अवश्य प्रबंधक आत्म में समूह , थ्यह ६ थ्रेह बनाकर कार्य करने कौशल विकास प्रशिक्षण इत्यादि विशेष पर किसान भाइयों एवं बहनों को प्रशिक्षण और जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में मुखिया चंदन साहनी पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा विक्की कुमार कृषि समन्वयक राकेश कुमार रवि शंकर मुरारी प्रसाद साईं श्याम सुंदर पासवान किसान सलाहकार जगदीश सा मनोज जी जयंत कुमार जितेंद्र कुमार और नुक्कड़ नाटक लीडर वीरेंद्र चौहान और पंचायत के किसान गण शामिल हुए !

# शिक्षक के विदाई पर छात्र छात्राओं का रोते विडियो हुआ वायरल



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सहरसा से है जहां सोसल मीडिया पर शिक्षक के विदाई पर छात्र छात्राओं के भावुक पल का विडियो खूब वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो सोनपुरा मध्य विद्यालय का वायरल विडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है।

प्रिंसिपल राजीव कुमार सिंह के तबादले के बाद स्कूल के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मध्य विद्यालय के शिक्षक और छात्र मौजूद है बल्कि आसपास के कई स्कूल के शिक्षक और प्रिंसिपल मौजूद है। बताया जाता है की 6 महीने पूर्व राजीव कुमार सिंह का तबादला प्रिंसिपल के तौर पर मध्य विद्यालय सोनपुरा में हुआ था। इस दौरान अपने 6 महीने के कार्यकाल में स्कूल की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया बल्कि सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्र छात्राओं को योजनाओं का भी भरपूर लाभ मिला।इतना ही नही स्कूल के समय प्रिंसिपल के साथ साथ एक अभिभावक के रूप में भी बच्चों से जुड़े रहें। यही जुड़ा बच्चों को दिल को छू गया जिस वजह से अपने प्रिंसिपल राजीव कुमार सिंह के तबादले के बाद स्कूल के बच्चे खुद को रोक नही पाए और तबादले के बाद अपने प्रिंसिपल को नही जाने देने की जिद्द पर भावूक हो गए। बच्चों के भावूक पल को देख बच्चों से लिपटकर खुद प्रिंसीपल राजीव कुमार सिंह भी भावुक हो गए। और उनकी आंखे भी बच्चों को देखकर नम हो गईं। बहरहाल ऐसे भावुक क्षण एक शिक्षक और छात्र के बीच बहुत ही कम देखने को मिलता है। ऐसे में जरूरत है। सीख लेने की ताकि बच्चों को पठन पाठन के साथ साथ सरकारी लाभ का समय पे लाभ दिलाने का काम किए अभिभावक तौर पर खुद को साबित करने की ताकि बच्चों का शिक्षा के अलावे बौद्धिक विकास हो सके।

# प्रीपेड मीटर पर रोक के लिए जनता उतरी सड़क पर



हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। विद्युत कंपनी के स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ प्रदर्शन करते नगरवासी। सर्वदलीय संघर्ष समिति ने कहा– मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे स्मार्ट मीटर के खिलाफ दस दिनों में मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी विद्युत कार्यालय का घेराव करेंगे। दरअसल बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरुद्ध लिच्छवी भवन के समीप सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पहले शहर में पैदल मार्च करते हुए बिजली कंपनी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी को दिए गए मांग पत्र में कहा गया है कि प्राकृतिक आपदा अकाल एवं भीषण गर्मी को देखते हुए इस विवादित प्रीपेड मीटर को लगाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।शहरी कनीय अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। बिजली विभाग द्वारा अज्ञात लोगों पर किया गया एफ आई आर वापस लिया जाए। इसके अलावा दस दिनों का समय देते हुए कहा गया है कि मांगे पूरी नहीं होने पर शहरवासी बिजली विभाग का घेराव करेंगे। सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से कहा गया है कि बिजली विभाग कार्यालय द्वारा उपभोक्ताओं के घर पर प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है।जिसका विरोध पूर्व में भी सर्वदलीय समिति द्वारा किया गया।

इस मामले में कहा गया है कि बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटर का यूनिट तेज होने के कारण शहरवासियों को बिजली की खपत से ज्यादा बिजली बिल भुगतान करना पड़ रहा है।

# दलसिंहसराय के सरदारगंज चौक स्थित सिटी मार्ट में बुधवार की सुबह विधुत शॉर्ट- सर्किट से आग लगने के बाद शहर में अफरातफरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल समस्तीपुर दलसिंहसराय। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय एनएच 28 के सरदारगंज चौक स्थित सिटी मार्ट में बुधवार के अल सुबह विधुत शॉर्ट–सर्किट से आग लगने के बाद अफरातफरी मच गयी। सिटी मार्ट से स्तर से आग बुझाने का प्रयास में लग गये। मार्ट से निकल रही आग की लपेट और धुएं की वजह से आग पर काबू पाने में बहुत ही मुश्किल हो रही थी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल



निकल रही आग की लपटें और धुंआ देखकर मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों की भीड़ जुट गई। इधर मार्ट के आसपास के दुकानदार अपने अपने दुकान को सुरक्षित करने के लिए समान बाहर निकालने में जुट गए। तो वहीं स्थानीय लोग भी अपने कर्मी के अनुसार आग लगने की घटना बिजली की शॉर्ट सर्किट के कारण होने की बात बताया गया है। मार्ट के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि आग लगने तकरीबन 10 लाख रुपए से अधिक के कपड़े जल कर राख हो चुकी हैं।

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी उर्दू स्कूल व नल जल योजना का किया जांच

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। सुगौली,पू.च। प्रखंड के शुकुल पाकड़ पंचायत में जांच के लिए आई टीम जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रभात कुमार झा के नेतृत्व में जांच की।जांच के दौरान उन्होंने वार्ड नंबर सात में नल जल योजना में थोडी गड़बड़ी व खराब पाया।साथ ही साथ वार्ड 9 नंबर में निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में त्रुटि पाई।वही उर्दू स्कूल में जांच के दौरान थोडी गड़बड़ी पाया गया।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल की स्थिति अच्छी नही है।ससमय पर राशन नही मिलता है।अगर शिक्षक के द्वारा बच्चो की पढ़ाई ठीक से नही कराया जा रहा है।रसोइयां की सभी सामग्री अपने ही घर पर रखते हैं।शिक्षक कभी समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते हैं।वही अधिकारीयों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आला अधिकारी को सौंपा जाएगा।वार्ड संख्या 9,वार्ड संख्या 10 व वार्ड संख्या 11 में नल जल ठीक पाया गया।शुकुल पाकड़ पंचायत के उर्दू स्कूल जो है काफी विवादित पाया जा रहा है।जिसकी जांच अधिकारी से कराई जाएगी।



इस बाबत स्थानीय मुखिया अशफाक अहमद ने कहा कि पंचायत अंतर्गत जो कार्य अधूरा रह गया है उसे यथासंभव पूरा किया जाएगा।

मौके पर उप मुखिया जग सहनी,वार्ड सदस्य मुंशी प्रसाद, एजाज अहमद,जिले अहमद, मोहम्मद सुलेमान,बसीर आलम समेत कई अन्य मौजूद थे।

# मशरक में अकासीबिजली का ठनका गिरने से शिक्षिका पति की मौत परिवार वालों में मचा कोहराम

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के सेमरी पंचायत के सेमरी मुखिया जी के टोला शिक्षिका ह्रदया सिंह के पति व घिनावन सिंह के पुत्र ब्रजेश सिंह उर्फ भगत सिंह का मृत्यु अकासी विजली के ठनका के गिरने के कारण हो गया।इस घटना से परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। लोग गर्मी व सुखार की मार को झेल रहे थे आज दोपहर अचानक आई जोड़ आंधी के साथ बारिश ने किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम साबित कर गया, कौन जानता था की इस बारिश के कारण आए ठनके से शिक्षिका पति का मौत हो जाएगा। स्वर्गीय ब्रजेश सिंह महज 3 साल पहले नागपुर के ऑडियंस फैक्ट्री से अवकाश ग्रहण किए थे। उनकी पत्नी ह्रदया सिंह सेमरी कन्या विद्यालय में शिक्षिका है। स्वर्गीय ब्रजेश सिंह को एक पुत्र एवं दो पुत्री है। इनके द्वारा एक पुत्र और एक पुत्री का शादी किया जा चुका है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब मकान के काम को लेकर स्वर्गीय ब्रजेश सिंह अपने मकान के छत पर कोई कार्य कर रहे थे।अकासी विजली की ठनका से मृत्यु हो जाने से पूरे गांव में हाहाकार मच गया पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। सेमरी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, पूर्व मुखिया विक्रम सिंह, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह, सरपंच हारेश्वर सिंह, सरपंच रामबाबू सिंह, महेश्वर सिंह, एलआईसी अभिकर्ता बबलू कुमार सिंह, स्वामी नाथ गिरि सहित ग्राम के बहुत सारे लोगों ने उनके परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते दिख रहे हैं।



# आइसा बीआरबी कॉलेज इकाई के बैनर तले दर्जनों छात्र- छात्राओं ने बीआरबी कश्लेज में 11 सूत्री मांगों को लेकर कॉलेज गेट से जुलूस निकाल कर प्रधानाचार्य के समक्ष धरना प्रदर्शन किया




दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ– निरंजन जायसवाल समस्तीपुर। आइसा ने समस्तीपुर में बीआरबी कॉलेज में जबरदस्त प्रदर्शन किया। आइसा बीआरबी कॉलेज इकाई के बैनर तले दर्जनों छात्र– छात्राओं ने कॉलेज कैंपस के बगल में बन रहे मार्केट कैंपलेक्स का प्रक्रिया पूरा करने, बीएड परीक्षा अवधि में कॉलेज कैंपस में आंदोलन करने वाले बाहरी अराजक तत्वों पर कार्रवाई व शैक्षणिक अराजकता दूर करने, हिंदी, भौतिकी, गणित, वनस्पति विज्ञान, इंग्लिश, इतिहास से स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू कराने व बीआरबी कॉलेज को मॉडल कॉलेज का दर्जा देने, कॉलेज में पूर्व से अवस्थित पुस्तकालय एवं प्रोगशाला को समृद्ध बनाते हुए सभी छात्रों सिलेबस के अनुसार डबल पुस्तक निर्गत करने, छात्रों के नियमित वर्ग संचालन करने तथा छात्रों के उपस्थिति को ले छात्र अभिभावक मीटिंग कराने, छात्रों को रेलवे रियायती फार्म निर्गत करने तथा एनएसएस का कार्यक्रम आयोजित करने समेत अन्य 11 सूत्री मांगों को लेकर कॉलेज गेट से जुलूस निकाल कर प्रधानाचार्य के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। धरना सभा की अध्यक्षता पूर्व छात्र संघ महासचिव लोकेश राज तथा संचालन इकाई उपाध्यक्ष दीपक यदुवंधी ने किया।

वहीं धरना को संबोधित करते हुए आइसा जिला सचिव सुनील कुमार ने कहा कि महाविद्यालय कैंपस में शैक्षणिक अराजकता के जिम्मेवार तथा बीएड परीक्षा के दौरान परीक्षा नियमावली का उलंघन करने वाला बाहरी अराजक तत्व पर सख्त कार्रवाई प्रधानाचार्य और अनुमंडलाधिकारी को करना चाहिए। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्र के आस पास धारा 144 लागू रहता हैं फिर विद्यार्थी परिषद के बैनर तले कॉलेज के बाहरी लोगो के द्वारा आंदोलन संचालित किया गया हैं जो नियम के विरुद्ध हैं। आंदोलन में जिला सह सचिव मो. फरमान, जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, जिला कमिटी सदस्य जानवी कुमारी, मो. अफरीदी, मो. महफूज, राहुल कुमार, ललित सहनी, गौतम कुमार, मधुकर कुमार, अरविंद कुमार, निशांत कुमार, राहुल कुमार, सचिन कुमार, दिवाकर कुमार, प्रशांत कुमार, राजेश कुमार, दीपक कुमार, विजय कुमार, दीपक कुमार, मो. आशिफ सुमित रंजन, विकाश, साहिल कुमार, चरणजीत शर्मा रोहित कुमार समेत अन्य शामिल थे।

# मोतिहारी में पंच सरपंच की हुई बैठक इसमें विभिन्न मुद्दो के साथ संगठन के मजबूती पर हुई चर्चा

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक बिहार सरीफ (नालंदा) पूरे बिहार के पंच सरपंच इसी प्रकार अपने अपने जिले में एक एक कार्यक्रम अपने संगठन के मजबूती के लिए करते रहें और बीच–बीच में प्रदेश के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर अपनी समस्याओं से अवगत कराते रहें। इससे संगठन भी मजबूत होगा और हमारी समस्या भी सरकार के पास रूबरू रखने में आसानी होगी। मेरे प्यारे पंच सरपंच भाइयों सरकार ने ग्राम कचहरी पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य इन सभी के फंड में या योजनाओं में सहभागिता में कहीं न कहीं कमी कर रखी है। इकलौते हम ही नहीं है। अगर आप समस्या को समझना चाहे तो पंचायत समिति की स्थिति को देखें पंचायत समिति की स्थिति जोकि योजनाओं पर ही आधारित है उनको ही मनमाफिक फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिला परिषद सिर्फ कहने के रह गए हैं। पंच सरपंच महोदय को चुनाव के पूर्व बहुत लंबे चौड़े माननीय पंचायती राज मंत्री के द्वारा वादे किए गए लेकिन चुनाव के समाप्ति के उपरांत पता नहीं वह वादे कहां किस गली में खो गया। बारंबार पंच सरपंच को एक ही बात कहा गया आप अपना रजिस्ट्रेशन करा कर विधिवत आप आइए। भैया जब विधि बताने की बारी आएगी तो सिर्फ सरकार से ही नहीं लड़ेंगे बल्कि अपने अधिकारों के लिए न्यायालय में अपनी बात रखने में सक्षम हो जाएंगे । अभी तक जितनी भी बातें निराला जी लेटर पैड पर लिखकर देते रहे हैं या रखी गई है।

सब के सब व्यक्तिगत अनुरोध मात्र बनकर रह गया है। यह सब जगजाहिर है। लोगों को कृप्या गुमराह न करें यही अनुरोध है । जो इनहोनें 21 सुत्री 21 सुत्री और अब नया अलाप है 11 सुत्री । पंच सरपंच के साथ घटनाऐं होती रही




और एक में भी इनसे सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। ऐसे नेतृत्व करनेवाले से क्या भरोसा?

जब आप प्रत्येक जिला में मजबूत होंगे तब हमारा प्रदेश कमेटी भी उसी आलोक में मजबूत होगा । मैं कुछ दिनों से देख रहा हूं आरा , मोतिहारी, हाजीपुर, जहानाबाद, पटना , दरभंगा, सहरसा, शिवहर इन जिलों को अगर छोड़ दिया जाए तो कहीं भी हमारा जिला कमेटी बहुत सक्रिय भूमिका नहीं निभा रहा है इस पर हम सभी को ध्यान देने की आवश्यकता है।रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया विधिवत जारी है इसमें थोड़ा वक्त लगेगा इसमें जो भी राशि लग रही है वह सभी काम हो जाने के बाद सभी के सामने में रखी जाएगी अभी फिलहाल प्रदेश कमेटी से जुड़े लोग इसके लिए प्रयासरत हैं। हमारा संगठन निश्चित रूप से मजबूत होगा और बहुत शक्ति के साथ उठ खड़ा होगा । हमारा यह संगठन किसी भी जाति, धर्म, क्षेत्र या पार्टी का नेतृत्व नहीं करता है यह सिर्फ और सिर्फ पंच सरपंच के हित के बारे में सोचता है आप सभी का बहुत–बहुत आभार!

# मोतिहारी में अपराधियों ने दवा व्यवसाई को मारी गोली



दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। थाना क्षेत्र में बाइक सवार अपराधियों ने एक दवा व्यवसाई को गोली मार दी। घटना मंगलवार की देर रात की है। छतौनी चौक स्थित अपनी दवा की दुकान को बंद करके हरियन छपड़ा अपने घर के करीब जैसे पहुंचे अपाची बाइक पर सवार अपराधियों ने गोली मार दी।गोली मनीष के बाइक में सटाकर मारी गई। घायल अवस्था में दवा दुकानदार मनीष चंद्र श्रीवास्तव किसी तरह अपने घर पर लौटे और घटना की जानकारी परिजनों के दी। तथा परिजनों ने आनन–फानन में एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दिया है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। अपराधियों की गोली से घायल मनीष का छतौनी चौक पर श्रुति मेडिको नामक दवा की दुकान है दुकान बंद करके मंगलवार की रात करीब 9:00 बजे अपने बाइक से घर के लिए जा रहे थे इसी बीच हरियन छपडा घर से कुछ दूरी पर अपाचे बाइक से दो अपराधियों ने मनीष की पेट में गोली मार दी। इससे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने घायल अवस्था में भी बात चला कर अपने घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी इसके बाद परिजनों ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया घटनास्थल से लेकर दुकान तक का सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके मनीष फिलहाल बोलने की स्थिति में नहीं है। इसके बाद अहम जानकारी मिल पाएगी।

# मीरपुर पंचायत के मुखिया व बीडीओ पर हो सकती है प्राथमिकी दर्ज

(ओमप्रकाश सिंह संवाददाता, दैनिक अयोध्या टाईम्स चिरैया। प्रखंड के मिरपुर पंचायत में भारी अनियमितता व भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही शिकायत के बाद बुधवार को जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने पंचायत का जांच किया। जहां बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर हुई।पंचायत के वार्ड सदस्यों व आमजनों की शिकायत पर डीएम ने कहा कि समीक्षा के बाद पंचायत की मुखिया व बीडीओ नंदकिशोर साह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जा सकती है। वार्ड सदस्यों ने मुखिया व बीडीओ पर मिलीभगत कर सरकारी राशि के दुरूपयोग करने व बिना प्रशासनिक स्वीकृति के ही 15 वीं वित्त योजना से छठ घाट की मरम्मति कराने तथा अब तक स्थायी समिति का गठन नही करने सहित कई गंभीर आरोप लगाया है। जिसे डीएम ने गंभीरता से लेते हुए उक्त कार्रवाई का आदेश दिया है। वही डीएम ने पंचायत राज पदाधिकारी सहित ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक का वेतन बन्द करने का स्पष्ट निर्देश जारी किया। जबकि ग्रामीणों के गंभीर आरोप पर उन्होंने ग्रामीण आवास सहायक व नल जल योजना से जुड़े जेई की संविदा रदद् करने का निर्देश दिया। पंचायत में व्याप्त गड़बड़ियों के लिए डीएम ने बीडीओ को जमकर फटकार भी लगायी। उन्होंने बताया कि बीडीओ की शिथिलता के कारण मीरपुर पंचायत के सभी वार्डों में नल जल योजना महीनों से बंद है। आमजनों की शिकायत पर भी उन्होंने इसकी जांच करना मुनासिब नही समझा है। डीएम ने आंगनबाड़ी व विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति की भी जानकारी लिया।

डीएम पंचायत के सभी विकास कार्यों की बारी–बारी समीक्षा किया ।उन्होंने निरीक्षण के पूर्व झमन साह पोखर का जांच किया ।जांचोपरांत डीएम के जाते ही पंचायत भवन परिसर में वार्ड सदस्य व मुखिया प्रतिनिधि आपस में उलझ गए। जिसके कारण कुछ देर तक वहां अफरा–तफरी मच गयी। बाद में सिकरहना एसडीएम इफ्तेखार अहमद बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। जांच के दौरान सिकरहना एसडीएम इफ्तेखार अहमद,सीओ आनन्द कुमार गुप्ता, बीडीओ नंदकिशोर साह, पीओ ज्योति कुमार,मुखिया रानी देवी के प्रतिनिधि शम्भू शरण प्रसाद व पूर्व मुखिया चन्द्रदेव प्रसाद सहित पंचायत के सभी वार्ड सदस्य व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# चहक कार्यक्रम की शुरुआत को लेकर प्रशिक्षण का शुरुआत है

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल । बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान के अंतर्गत मौजूद आधारित 5 प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण मंगलवार को सदर बीआरसी में शुरू हुई। जिसका उद्घाटन डीईओ सुरेंद्र कुमार वह सदर बीइओ जगदीश प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डीईओ श्री कुमार ने कहा कि प्रारंभिक स्कूलों में पहली से पांचवी तक के बच्चों की पढ़ाई को सुचारू बनाने के लिए नई शिक्षा नीति के तहत कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है । इस कार्यक्रम के लिए जिले के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के पठन–पाठन में रुचि लेने वह बुनियादी साक्षरता व आत्म ज्ञान प्राप्त करना है । प्रथम चरण के प्रशिक्षण 19 से 23 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत सुपौल , राघोपुर प्रखंड के प्रत्येक संकुल से दो दो वैसे शिक्षक जो कक्षा 1 से 5 में विशेष रुप से बढ़ाते हैं को मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इस प्रशिक्षण का आयोजन बिहार शिक्षा परियोजना सुपौल द्वारा किया जा रहा है रेडिनस मॉड्यूल चक्के कार्यरत कार्यालय के लिए जिले के शिक्षकों को 40– 40 के बीच में पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

प्रशिक्षण लेने के बाद यह प्रशिक्षित शिक्षक संकुल स्तर पर सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं वर्ग 1 के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे स्कूल के प्रति सहज बनेंगे द्य श्री कुमार ने बताया कि चहक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति सहज बनाना है। प्रशिक्षु शिक्षकों को बच्चों के बीच अपनापन विकसित करने गाने हंसने खेलने वाली पढ़ाई करने में तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा बच्चे विद्यालय में उपस्थित होकर पढ़ाई में रुचि ले और विद्यालय में उनकी मुस्कुराहट बनी रहे इसलिए इस कार्यक्रम को चहक नाम दिया गया है । उन्होंने कहा कि इस योजना को स्कूली बच्चों के व्यापक हित में है प्रशिक्षण के बाद नामित शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में 30 दिन के माह में 24 कार्य दिवस में बच्चों के साथ खेल खेल एवं अन्य रोचक गतिविधियों के माध्यम से कार्य करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## मौसम ने रंग बदला



दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मानसी प्रखंड क्षेत्र में बारिश होने से प्रखंड वासी बेतहाशा गर्मी से थोड़ी राहत की सांस ली। चल रहे काफी दिनों से लगातार गर्मी के कारण परेशान हो रहे लोगों ने शाम में बारिश होने से गर्मियों से राहत की सांस ली। दूसरी तरफ जहां किसान खेती के लिए हाथा सो रहे थे उसमें भी बारिश होने से आस जगी है।

## राहत सामग्री का किया गया वितरण

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। रक्सौल। स्थानीय लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष शंभू प्रसाद चौरसिया का जन्मदिन क्लब के सदस्यों के द्वारा सुंदरपुर लेप्रोसी अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती मरीजों के साथ मनाया गया।श्री चौरसिया के साथ–साथ सचिव पवन किशोर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मो. निजामुदिन, चाइल्ड एडॉप्ट चेयरपर्सन साइमन रैक्स तथा क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर लायन नूतन चौरसिया के द्वारा लेप्रोसी अस्पताल में खाद्य सामाग्री का वितरण किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा ने देते हुए बताया कि लायंस क्लब ऑफ रक्सौल सदैव ऐसे मौके पर गरीब असहायों को मदद करने के लिए तन्मयता से तत्पर रहता है।



## सविता सिनेमा के पास हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। सविता सिनेमा के पास हुए दोहरे हत्याकांड का हुआ पर्दाफाश एक सूटर और एक साजिशकर्ता गिरफ्तार ! प्रेम प्रसंग में शादी करने के कारण मृतक के ससुर ने ही चार लाख रुपया देकर हत्या करवा दी।

## नप में शुरु हुआ आधार पंजीकरण

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। रक्सौल। नगर परिषद् कार्यालय में महिनों से बंद पड़े आधार पंजीकरण केन्द्र की सेवा पुनरू बहाल हो गयी है।यहां पर नया आधार पंजीकरण के साथ–साथ पूराने आधार कार्ड में अपडेट संबंधी कार्य को किया जा रहा है।बीते कई महिनों से नगर परिषद् में यह सेवा बंद होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही थी। अब पुनरू सुविधा शुरू होने से लोगों में खुशी है।



## चलंत पौधा का विक्री किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। कल्याणपुर। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन हरियाली के तहत वन विभाग ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चलन्त पौधा विक्री वाहन से अनुदानित पौधे की विक्री किया गया। वन परिसर पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि चलन्त पौधा विक्री केन्द्र में फलदार पौधा अमरुद, जामुन, निंबू एवं इमारती पौधा में सागवान, अर्जून, निंबू का पौधा अनुदानित दर पर दस रुपए में दिया जा रहा है। किसानों को कृषि वानिकी योजना की भी जानकारी दी जा रही है। जल जीवन हरियाली योजना के तहत अनुदानित दर पर दस रुपए प्रति पौधा दिया जा रहा है। प्रखंड के शम्भूचक, परसौनी वाजिद, गरीबा, बखरी आदि गांवों में अनुदानित पौधा दिया गया।




## आजादी के अमृत महोत्सव मनाते हुए उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक भैरोगंज के द्वारा किया गया फ्लैप कार्यक्रम का आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। आजादी के अमृत महोत्सव मनाते हुए उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक भैरोगंज नाबार्ड के निर्देशानुसार ग्राम पोस्ट मंझरिया मैं फ्लैप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शाखा प्रबंधक रवि लाल प्रसाद ने सरकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए ग्रामीणों को इसके बारे में जागरूक किया जिसमें निम्न योजनाएं शामिल है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ,एवं अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई वही लोगों को बैंकिंग सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया रुपे कार्ड के बारे में विशेष रुप से जानकारी दी गई वही मौके पर उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक रविलाल प्रसाद सहित सीएसपी संचालक राजेश कुमार सोनी, सईदुर रहमान, विनोद यादव ,नंदकिशोर यादव, राजेश यादव आदि लोग सहित ग्रामीणों में रमन कुमार उपाध्याय ,गोटन मिश्रा ,छोटा मिश्रा, लक्खा सोनी, संतोष उपाध्याय, ओम प्रकाश उपाध्याय, अजय मिश्रा रघुवर सोनी आदि लोग शामिल थे।



## पताही थाना अंर्तगत दो सरपंच के साथ दुर्वेवहार

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी।



पताही थाना के जिहुली एवम बेलाही राम पंचायत के सरपंच पर गांव के दबंगो द्वारा धमकी एवम गाली गलौज का मामला आया है जिहुली सरपंच रितेश कुमार के अनुसार आज सुबह वो अपने पंचायत का कुछ मामले का निपटारा कर रहे थे ,उसी समय गांव के ही दबंग सदानंद सिंह एवम अविन्दर सिंह वहां पहुच कर गाली गलौज करने लगे एवम जान से मारने की धमकी देने लगे,वही बेलाहीराम पंचायत के सरपंच के अनुसार गांव के ही राज किशोर साह, पुन्यदेव साह, दुलरचं साह, लालबाबू साह, गणेश साह एवम अन्य लोग द्वारा एक औरत और उसके छोटे बच्चे को बेरहमी से पीटने के दौरान जब सरपंच साहब पहुचे तो सभी लोग गाली गलौज एवम मार पीट करने लगे,दोनो सरपंच ने पताही थाना में आवेदन देकर अपने जान एवम सरपंच पद की गरिमा को बचाए रखने के लिए थानाध्यक्ष महोदय से दबंगो की गिरफ्तारी का अनुरोध किया। थानाध्यक्ष अनुज के ने कहा कि मामले की जांच कर करवाई की जाएगी।

## शराब तस्करी मामले में गिरफ्तार

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स जहां एक ओर सुशासन की सरकार में पूर्ण शराबबंदी का ढोल पीटा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भारी मात्रा में शराब पकड़ा जा रहा है। मानसी प्रखंड के अंतर्गत एकनिया ग्राम के गौरव कुमार, पिता अनिल यादव को 15 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मानसी थाना पुलिस गश्ती के दौरान बलहा ग्राम गई। मानसी पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर गाड़ी को कुछ दूर पीछे छोड़कर शराब तस्कर को गिरफ्तार की। जिसकी पहचान एकनिया ग्राम के अनिल यादव के पुत्र गौरव कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ के बाद खगरिया जेल भेज दिया गया।

## पटना PFI आतंकी मोड्यूल NIA की टीम ने मोतिहारी में मदरसा के मौलाना असगर अलीको किया गिरफ्तार, बड़ी साजिश को नाकाम करेगी पुलिस, कड़ी पूछताछ जारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
पूर्वीचम्पारण। भारत को इस्लामिक देश बनाने के लिये पड़ोसी देश योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। इसका खुलासा राज्य के विभिन्न इलाकों में लगातार हो रही कार्रवाई से हो रहा है। पटना में पीएफआई के गतिविधियों का खुलासा होने के बाद पूर्वी चम्पारण में हुई छापामारी से बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। कल मंगलवार को छप्। की टीम ने पूर्वी चंपारण के ढाका में छापामारी कर मौलाना असगर अली को गिरफ्तार किया है। असगर अली ढाका नगर परिषद के वार्ड 14 केदार नगर के निजी मदरसा जामिया मारिया निशवान मदरसा में पिछले दो सालों से मौलाना के पद पर कार्यरत है। जो जिले के पलनवा थाना के सिसवनिया गांव का निवासी है। बताया जाता है कि असगर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पढ़ाई करने के बाद मध्य प्रदेश के भोपाल में मौलाना की पढ़ाई किया था। जहां वह बाग्लादेश के जमात उद मुजाहिद्दीन नामक संस्था के संपर्क में आया। इस संस्था की गतिविधि भारत विरोधी होने के कारण सरकार ने संस्था को प्रतिबंधित कर रखा है। असगर अली मुजाहिद्दीन नामक संस्था की गतिविधियों को ढाका के बड़ी मस्जिद में रहकर संचालित किया करता है। मस्जिद के जिस कमरे में असगर रहता है। वह मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौलाना नेसार अहमद के नाम से आवंटित बताया जाता है। छप्। की टीम ने मस्जिद के इस कमरे से असगर के लैपटॉप और मोबाइल को जब्त कर अपने साथ ले गयी है। जबकि मदरसा से हिरासत में लिए गए दो अन्य मौलाना को पूछताछ के बाद छप्। की टीम ने छोड़ दिया है। छप्। की कार्रवाई का न तो आयी टीम ने खुलासा किया है और न तो स्थानीय पुलिस मामले पर कुछ भी बोलने से बच रही है। ढाका के केदार नगर में दो साल पहले स्थापित मदरसा के खुलासे से लोगो मे चिंता और चर्चा का विषय बना है।



## दर्जनों फलदार वृक्ष लगाकर और केक काटकर युवाओं ने मनाया समाजसेवी सरिता राय का जन्मदिन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष। दर्जनों फलदार वृक्ष लगाकर, गरीब लाचार व जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन सामग्री का वितरण कर और केक काटकर युवाओं ने समाजसेवी सरिता राय का जन्मदिन मनाया। युवाओं ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कचहरी में गरीब लाचार व जरूरतमंद लोगों को ढूढ़कर भोजन सामग्री का वितरण किया। यह कोई पहला मौका नहीं था जिसमे समाज के निचले पायदान के हित में कार्यक्रम किया गया। पिछले कई वर्षों से इनके जन्मदिवस के मौके पर गरीब लाचार व जरूरतमंद लोगों के बीच सामग्री का वितरण किया जाता रहा है। इस बार भी जरूरतमंदों के बीच भोजन सामग्री का वितरण कर जन्मदिन मनाया गया। कोरोना काल में भी समाजसेवी सरिता राय के द्वारा सैकड़ों लोगों को कोरोना महामारी में तमाम स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। जन्मदिन के अवसर पर समाजसेवी सरिता राय ने कहा कि मैं हमेशा अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखकर जरूरतमंदों के बीच मनाऊंगी समाज को जब मेरी जरूरत होगी मैं अग्रणी श्रेणी में खड़ा मिलूंगी। मौके पर शंकर कुमार, संजय पासवान, गौरव बंटी, कुंदन कुमार यादव, जावेद अनवर चांद, सूरज कुमार झा, मुजफ्फर, अंकित झा, मो. नवाज अख्तर सहित कई मौजूद थे।



## राजधानी पटना में दो युवकों की संदिग्ध मौत एक की हालत गंभीर, जहरीली शराब से मौत की जताई जा रही आशंका

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक बिहार सरीफ(नालंदा)। राजधानी पटना से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां दो युवकों की संदिग्ध मौत हो गई है। वहीं एक युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के पीछे जहरीली शराब पीने की आशंका जताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की देर रात आलमगंज थाना क्षेत्र की बिस्कोमान कॉलोनी में दो घरों की महिलाओं की चीत्कार से कॉलोनी के लोग स्तब्ध रह गए। महिलाओं के विलाप से सोये लोगों की नींद खुल गई। उनके घर पड़ोसी पहुंचने लगे। जहां पता चला की दोनो के घर में युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि चारों दोस्तों ने दोपहर में बैठकर खाना–पीना किया था। जिसके बाद सभी की स्थिति बिगड़ गई। जिसमें दो की मौत हो गई। वहीं एक युवक बिस्कोमान कॉलोनी के पास निजी नर्सिंग होम में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है।भर्ती युवक की पत्नी ने बताया कि उसके पति घर आए तो उन्हें बेचौने होने लगी थी। इसके बाद दवा लाकर देने पर भी सुधार नहीं हुआ।
उनके मुंह से बदबू आ रही थी। तब भर्ती कराया गया। घटना के पीछे जहरीली शराब के सेवन की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## बिहार के दिव्यांगों ने बिहार के सभी सरकारी कार्यकर्ताओं से लगाई गुहार और बिहार के सभी जनप्रतिनिधि से भी लगाई गुहार तब पर भी सुनने को ना है तैयार

(जितेंद्र कुमार राय दैनिक अयोध्या टाइम्स पेपर मुजफ्फरपुर साहेबगंज)
बिहार के सभी जिले के सरकारी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधि गण से अनुरोध है कि दिव्यांगों का हक खाया छोड़ दे, बिहार के सभी जिले के दिव्यांगों ने अपना जीवन गुर्जर बड़ी मुश्किल से काट रही है फिर भी दिव्यांगों की आवाज को भी सरकार सुनने को तैयार नहीं एवं कोई भी प्रखंड के सरकारी कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों भी दिव्यांगों को आवाज सुनने की तैयार नहीं हो रही है दिन प्रतिदिन महंगाई के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों की जीवन बसर करना मुश्किल हो गई है ! बिहार के दिव्यांगों ने एक दूसरे पर आश्रित है फिर भी बिहार सरकार दिव्यांग जनों का दुख–दर्द सुनने को तैयार नहीं है और हिंसा शोषण दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ रहा है बिहार के दिव्यांगों का आज तक बिहार के दिव्यांगों का न पेंशन में वृद्धि हो रही है ना कोई लाभ मिल पा रही है बिहार सरकार द्वारा पेपर बाजी किया जा रहा है सिर्फ अभी तक ना राशन कार्ड न ट्राई साइकिल बैटरी वाली गाड़ी नई आईडी कार्ड न दिव्यांग पेंशन में वृद्धि ना प्रधानमंत्री आवास योजना न कोई प्रकार का दिव्यांग जनों के लिए लोन दिया गया इत्यादि बहुत सारी सुविधाएं अभी तक दिव्यांग भाइयों को नहीं मिल पा रही है बिहार सरकार से हम बिहार के सभी दिव्यांगों का अनुरोध है कि कृपया जल्द से जल्द दिव्यांग को लाभ देने का कृपया किया जाए।



## सावरकर या कोई भी ऐतिहासिक व्यक्तित्व निष्पक्ष नहीं होता

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।
विनायक दामोदर सावरकर का नाम हाल के वर्षों में अधिक प्रासंगिक रहा है.वह दक्षिणपंथी राजनैतिक दलों के स्तुत्य तो सेक्यूलर और वामपंथी दलों के लिये हिंदुत्व वादी दलों की भर्त्सना करने के टूल के रूप में भी रहे हैं.सावरकर दक्षिणपंथी राजनैतिक दलों के लिये मजबूती हैं या कमजोरी?हिंदुत्व की राजनीति करने वाले सभी दलों को वी०डी० सावरकर अपने नायक के रूप में स्वीकार रहें हो ऐसी बात भी नहीं है.भारतीय राजनीति में धर्म पृष्ठभूमि से सैद्धांतिक बल से आपूर्य स्वामी करपात्री जी संघ और सावरकर के विचारों के खिलाफ बोलते रहे और आज भी उनके परम्परा के लोग बोलते हैं.इनका जिक्र इसलिए आवश्यक हो जाता है करपात्री या उनके अनुयायी सेक्यूलर नहीं थे.निजी और सामाजिक दोनों में धार्मिक क्रियाकलाप युक्त जीवन रहा.जबकि खुद सावरकर इसके विपरीत हैं।
बहरहाल,सावरकर को समझने बुझने के लिये आपको किसी विचारधारा के गुहा से बाहर निकलना होगा और तथ्यों को आधार मानना होगा.सावरकर ही क्यूँ किसी भी ऐतिहासिक व्यक्ति या घटना को आप विचारधारा के चश्मे से देखेंगे तो माजरा पूरा उलटफेर हो जायेगा.बाजार में ऐसे किताबों की भरमार है जिसमें विचारधारा के कलम से ही ऐतिहासिक यथार्थ बोध कराने की उद्घोषणा होती है,पर ये ऑप्टिकल इलूजन जैसा है। केंद्रीय सरकार के वरिष्ठ नेता विजय गोयल सावरकर के कारण निशाने पर लिये गये कारण था गांधी स्मृति व दर्शन समिति से प्रकाशित पत्रिका अंतिम जन में इस बार सावरकर विशेषांक छपना,गोयल संस्था के उपाध्यक्ष हैं. अकादमिक जगत और विपक्षी दलों के निशाने पर रहे। क्या वी० डी० सावरकर को जानने के लिए धनंजय कीर या विक्रम संपत को पढ़ने मात्र से उनके विरोधाभासी व्यक्तित्व के बारे में ज्ञात हो पाएगा,या सावरकर समग्र से? सावरकर समग्र भी विरोधाभासी है तथ्यों की संदिग्धता है,1965 ईस्वी और 2020 ईस्वी के संस्करणों में भेद है.सोशल मीडिया को ही तथ्यों को आधार मानने वाले लोगों की संख्या भी अधिक है,ऐसे लोग पहले भी रहे जो गल्प और दंतकथाओं के आधार पर जबरन बहस करते रहे. इतिहास काव्य नहीं होता निष्प्राण होता है,सम्भावनाएँ नहीं तथ्य देखे जाते हैं।हिंदी में पिछले कुछ वर्षों से लगातार प्रासंगिक रहे अशोक कुमार पांडेय ने सावरकर पर एक किताब लिखी है जो आजकल के सावरकर के बहसों में उद्धृत की जा रही.एक तरह से यह किताब सावरकर के सामाजिक जीवन का सूक्ष्म और तथ्यात्मक विश्लेषण है. लेखक किताब के भूमिका में ही कहता है कि मेरा सावरकर के बारे में प्रतिष्ठापित चरित्र का भंजन तब हुआ "एक शोधार्थी के तौर पर असली सावरकर को खोजने की कोशिश की इसके लिए सबसे मुफीद था,उनपर लिखा पढ़ने से पहले उनका लिखा पढ़ना"। शुरुआती दौर में सावरकर में वो सभी गुण मौजूद है जो एक वीर क्रांतिकारी में होना चाहिए.1857 का प्रथम स्वातंर्त्य संग्राम जैसी रचना उनकी बौद्धिकता की पहचान ही नहीं अपितु पराधीन राष्ट्र को उसके सुषुप्त शौर्य को जगाने की शानदार कोशिश भी है.शुरुआती दौर में कौमी एकता को भारतीय उत्थान के लिए जरूरी मानते हैं.राजघरानों को हीन दृष्टि से देखते हैं और भारतीय नागरिकों का शोषक मानते हैं. देशभक्ति–देशद्रोही की परिभाषा धर्म नहीं इस तथ्य से तय करते हैं कि अंग्रेजी राज के प्रति रवैया कैसा है?लंदन के इंडिया हाउस की गतिविधियाँ उन्हें क्रांतिकारी की श्रेणी में रखता है.लंदन में भारत के आजादी के लिए गतिविधियों के बाद गिरफ्तारी के बाद उनके व्यक्तित्व का विरोधाभास बिल्कुल उतरी ध्रुव का दक्षिणी ध्रुव हो जाना है। वहीं वी०डी० सावरकर जो 1857 की क्रांति पर अपनी ऐतिहासिक किताब में धर्म से क्रांतिकारी तय नहीं करते वहीं सेल्यूलर जेल में साम्प्रदायिक प्रयोग करते नहीं थकते.लेखक इसके प्रमाण भी देते हैं.राजघरानों को हेय दृष्टि से देखने वाले सावरकर नाटकीय रूप से 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों का साथ देने वाले नेपाल को अपने आदर्श के रूप में देखते हैं तो राजघरानों से अपनी तथाकथित हिंदू राष्ट्र के लिए चंदा भी लेते हैं. शुरुआती दौर में अंग्रेजों की नीति 'बाँटों और राज करो' के विरोधी अनन्तर उसी पर कार्य करते हैं और मातृभूमि की जगह पितृभूमि से नागरिकता को परिभाषित करते हैं।
अपने जीवन के उतरार्द्ध में सार्वजनिक लेखों–भाषणों और ब्रातानिया सल्तनत को लिखे माफी में भी वैचारिक विरोधाभास है.हिंदुत्व जैसी किताब लिखने वाले वी०डी० सावरकर का मुस्लिम लीग के साथ सिंध और बंगाल में आश्चर्यजनक है.कलाईमेक्स–एंटीकलाईमेक्स का खेल,हिंदी फिल्मों के सामाजिक नायकों की नकाबपोश और नकाबहीन चेहरों की तरह।
सावरकर अपने को ऐसा पेश करते है अपने संस्मरणों में जैसे आजादी के आंदोलन के महानायक हों जबकि उनके साथियों के संस्मरण में ऐसी कोई चर्चा इनको लेकर नहीं है,जैसाकि सावरकर बताते हैं अतिरंजना युक्त। गांधी हत्या की संदिग्धता सावरकर पर तो प्रश्नचिन्ह है ही,साथ–साथ मोरारजी देसाई आदि पर भी.अपने जीवन में उतरोत्तर हतास होते गये सावरकर जीवन के अंतिम दिनों में संथारा लिये और प्राण त्यागा. जैसाकि सावरकर अपने भाई से कहते हैं कि एक दिन सवारकर युग लिखा जाना चाहिए.आज वह सत्य प्रतीत होता दिख रहा,लेकिन क्या सामान्य जन उनको अपना नायक मानते हैं? अशोक कुमार पांडेय की किताब " सावरकर काला पानी और इसके बाद" सावरकर के अध्ययन में एक ड्रोन व्यू है, मुझे ऐसा लगा।
कई बार श्री पांडेय भी अपने विचारधारा से प्रभावित दिखेंगे इस किताब में पर वह तथ्यों में नहीं है केवल कथा में साम्यवादी भाव का प्रयोग है वह भी अल्पकालिक.जैसे सावरकर के बिरादरी वाले कथा में,इतिहास और साहित्य का अच्छा अध्येता किसी गल्प या दन्तकथा का सहारा सावरकर को वर्ण और जाति के दृष्टि से हीन दिखाने के लिए अपनी उत्तरभारतीय सरयुपारीण सोच के कारण करता है या किताब में कलाईमेक्स के लिये मुझे समझ न आई। ब्रिटिश सरकार से कृपा माँगने वाले,अपनी पहचान के कुंठा से ग्रस्त और गाय को हेय तथा हिंसायोग्य मानने वाले,कपूर आयोग की रिपोर्ट और अमेरिकी एजेंसी सी०आई०ए० के एजेंट के रूप में कागजात मिलना. क्या हिंदुत्व के पास योगेन्द्र शुक्ल,दूधनाथ तिवारी,रामरक्षा प्रभृति नेता नहीं जो सावरकर को नेता माना जाये.यह किताब उपरोक्त नायकों की परिचर्चा भी करता है और अंत में इस सवाल के उत्तर कर पाठकों को छोड़ता है।

लेखक राघवेंद्र दास



## पूर्वी चम्पारण के किसानों ने बरसात के इंतजार मे इंद्र भगवान के नाम से लिखा है आवेदन, ताकि किसानों की आत्मवेदना को समझकर स्वीकार कर सके निवेदन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
श्रावण मास अपने सप्तमी तिथि मे प्रवेश कर गया हैं। आज तक वरुण देव ने अपने बादलों को हमारे क्षेत्र की ओर नही भेज पाये हैं।
हम जानते है आपकी अधिक कृपा हमारे पुर्वी चम्पारण जिले में ही होती हैं जो की पिछले कई सालों से देखने को मिलती आ रही थी ।
उस परंपरा को आपके बादलों ने अभी तक नही दिखा पाएं है।
श्री मान् नारद मुनि ने आपको अवश्य बताया होगा की ये मनमाने बादल पूर्वोत्तर भारत में तांडव किए हैं,लेकिन हमारे क्षेत्र में इन्हे झांकने की भी छुट्टी नहीं हैं। इन बादलों की मनमानी के प्रति आपकी उदासीनता ने हमें बहुत चिंतित किए हुए हैं। इधर सूर्य देवता हैं की प्रातः होने से पहले ही अग्निवर्षा के लिए व्याकुल रहते हैं। ऐसा लगता है की इंद्रदेव के बदले में सूर्यदेव अपनी पूरी कृपा हमारे पुर्वी चम्पारण में ही बरसा देना चाहते हैं। बादलों की प्रतीक्षा में टकटकी लगाए धरती माता की आंखें पथरा सी गई हैं। लेकिन ये उदंड बालक की तरह पिचकारी में पानी भरकर फेंकता हैं,और भाग खड़ा होता हैं। उपर्युक्त आशय से संबंधित परिवाद हमने पहले भी आपको प्रेषित किया था। कदाचित वह आप तक पहुँचा ही ना हो। हमारे सरकारी विभाग में ऐसा होना कोई नई बात नही हैं।इसलिए आज निबंधित डाक से यह प्रार्थना–पत्र भेज रहा हूं। आशा हैं आप इसपर गंभीरतापूर्वक विचार कर जेड–प्लस सुरक्षा के साथ पुर्वी–चाम्परण जिला में भेजने की कृपा करें।
भवदीय्
पुर्वी–चम्पारण के किसान बंधु एवं पीड़ित आम जनता!



## मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष अरविन्द एवं मंत्री अशोक उर्फ पप्पु विजयी



वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी सोनबरसा। मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष अरविन्द मुखिया 214 मतो एवं मंत्री अशोक सहनी उर्फ पप्पु 235 मतो से विजयी घोषित किए गए। 19 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय में मत्स्यजीवी सहयोग समिति का निर्वाचन हुआ था। कुल 5591 मतदाताओं में 3458 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। निर्वाचन के पश्चात ही वोटों की गिनती शुरू हो गई थी। देर रात्रि परिणाम भी घोषित कर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अरविन्द मुखिया अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ब्रहमदेव मुखिया से 214 मतो से वहीं मंत्री अशोक सहनी उर्फ पप्पु अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम प्रबोध सहनी से 235 मतो से निर्वाचित घोषित किए गए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए अरविन्द मुखिया ने 1202, ब्रहमदेव मुखिया 988 एवं फेकन मुखिया ने 957 मत प्राप्त किया और प्रतिक्षेपित मतो की संख्या 283 थी। वहीं मंत्री पद के लिए अशोक सहनी उर्फ पप्पु को 1231, राम प्रबोध सहनी को 996, रामलाल सहनी को 919, ललबाबू सहनी को 103 मत प्राप्त हुआ वहीं प्रतिक्षेपित मतो की संख्या 182 थी। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार सहनी, मराधो देवी, योगेन्द्र सहनी, राम सेवक सहनी, गांधी देवी, ललीता देवी, सत्येंद्र सहनी, कृष्णा देवी, हरिनारायण सहनी, जय कुमारी देवी एवं राजमती देवी को प्रबंधकारिणी समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है। बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी ने अध्यक्ष, मंत्री समेत सभी निर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। मालूम हो कि कि प्रशासनिक देखरेख में समिति का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया गया था।

## आजाद भारत में पहली बार मोदी सरकार ने अनाज पर लगाया टैक्स : मो शम्स शाहनवाज

'वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बेतहाशा महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, सरकारी योजनाओं में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस द्वारा बेलसंड अनुमंडल के सरखौली पंचायत में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता सह सीतामढ़ी जिलाध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज ने किया।
चौपाल में मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने कहा कि आजाद भारत में पहली बार मोदी सरकार ने अनाज एवं खाद्य सामग्रियों पर टैक्स लगाया है। खाद्य वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाने से आने वाले दिनों में महंगाई और बढ़ेगी, जिसका खामियाजा आमलोगों को भुगतना पड़ेगा। मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए शम्स ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर का दाम 1150 रुपए हो गया है, डीजल–पेट्रोल सौ के पार है। कोयला संकट के कारण बत्ती गुल है। आर्थिक अस्थिरता और निजीकरण के चलते देश में बेरोजगारों की फौज लगातार बढ़ती जा रही है। प्रखंड, अंचल कार्यालय एवं पुलिस थाना भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुका है। इस अराजकता के लिए मोदी और नीतीश सरकार जिम्मेदार है। अब जनता को चुप्पी तोड़कर जनप्रतिनिधियों से जनहित के मुद्दों पर सवाल करना होगा।



जन–चौपाल में परसौनी प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैफ रेजा, राम विनय साह, गुलाब रजा, मुश्ताक सरवर, मो.मजरूल अंसारी, हदीसा खातून, नगीना खातून, निर्मला देवी, इमामन खातून, नजमुन खातून, रूपा देवी, मो.एहसान, जाकिर हुसैन, मो. निराले, जाहिद, जोहरा खातून, जुलेखा खातून, हरि लाल महतो, अशोक कुमार, महेंद्र पासवान, सूरज कुमार, नजमा खातून, रेहाना खातून, संजय सिंह, रमेश जयसवाल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# अपील

अयोध्या टाइम्स के स–परिवार सदस्य गण
अयोघ्या टाइम्स ग्रुप के बड़े अधिकारी एवं सभी साथी गण आप सबों को बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि हम सभी अयोध्या टाइम्स ग्रुप परिवार के एक अंग हैं और हम सभी लोग का तरकी वन शतक के करीब हम लोग पहुंच चुके हैं मात्र तीन कदम दूरी पर खड़े शतक का इंतजार है और वह इंतजार हम सभी बिहार के जिला ब्यूरो चीफ अनुमंडल ब्यूरो चीफ को थोड़ी सी लग्न परिश्रम एवं तत्परता के साथ अपने मंजिल पर पहुंचना है। अतः आप सभी साथियों से आग्रह है कि मेरे बातों पर ध्यान देते हुए थोड़ा सा मेहनत करें। और एक अनुरोध है आप सभी से और है कि हमारे बिहार के कोऑर्डिनेटर मिस्टर रवि कुमार भार्गव का साथ सहयोग कदम से कदम मिलाते हुए उनका साथ दें और उनकी बातों को अमल करें वह बार–बार चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे सभी पत्रकार बंधु अपने व्हाट्सएप लोगों पर अपना प्रेस आई कार्ड लगाए लेकिन हमारे साथी लोग सिर्फ 50 परसेंट लोग ही उनकी आज्ञा का पालन कर रहे हैं और लोग बाकी उनके कानों को जू– तक नहीं रेंगती अगर हम अनुशासन में नही रहेंगे तो हमारी कलम अनुशासन में क्या सच्चाई लिखेगी अयोध्या टाइम्स अखबार के लिए बस इतना ही आप लोगों से अपील विनती अनुरोध कर रहा हूं

आपका अपना भाई साथी वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी

# संक्षिप्त समाचार

## दुर्गावती में डीसीएम ट्रक से 3899 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, तीन बाइक जब्त

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। अवैध शराब तस्करी का दुश्मन बनी दुर्गावती पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार की रात दुर्गावती थाना क्षेत्र के भेरिया गांव के समीप एक राइस मिल के पास खड़ी डीसीएम ट्रक से 3899 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। जबकि मौके पर खड़ी तीन बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर थाने ले आई है। इस मामले में स्थानीय पुलिस ट्रक नंबर के अलावा तीनों बाइकों पर दर्ज नंबरों के आधार पर वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए शराब तस्करों को दबोचने में जुट गई है।थानेदार बोले– सख्त कार्रवाई की की जाएगी। दुर्गावती पुलिस का खौफ इतना बढ़ गया है कि शाम ढलते ही लोग खौफ में समा जा रहे हैं। वह इसलिए कि ना जाने कब पुलिस का रेड पड़ जाए। हाल के दिनों में दुर्गावती पुलिस नाटकीय ढंग से शराब को लेकर कार्रवाई कर रही है। सादे लिबास में बाइक सवार पुलिसकर्मी लोगों पर नजर बनाए हुए हैं। दुर्गावती थाना अध्यक्ष ने बताया कि चाहे कोई भी हो अवैध कारोबार में लिप्त पाया गया उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की की जाएगी।



## जायसवाल क्लब के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पंकज जायसवाल के जन्मदिन पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द जायसवाल ने किया बहुत जल्द सामुहिक शादी कराने का वादा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बीयूरो चीफ – गोविन्द जायसवाल द्वारा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष जायसवाल क्लब के पंकज जायसवाल औरंगाबाद महाराष्ट्र निवासी बहुत ही मिलनसार और सहयोगी किसी के सुख दुख में हमेशा तैयार रहते है और गरीब लड़कियों की शादी में हमेशा हेल्प करते है इनके जन्मदिन पर जायसवाल क्लब बिहार प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द जायसवाल ने फोन कर बधाई दी और जायसवाल समाज मे हो रही शादी में प्रॉब्लम को लेकर एक सामूहिक शादी और जल्द एक डायरेक्टरी छपवाने की चर्चा हुई जिसमें लड़के,लड़कियों की बायोडाटा हो जिससे शादी की बात करने में सहूलियत हो।



## 863 संदिग्धों की जांच में 7 मिले कोरोना संक्रमित

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। कैमूर में 863 संदिग्धों की जांच में 7 लोगों की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित होने की आई है। जिन सात लोगों की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित होने की आई है, सभी की रिपोर्ट आरटीपीसीआर से जांच कोरोना संक्रमित होने की आई है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के इम्यूनाइजेशन पदाधिकारी मधुसूदन कुमार ने बताया है कि अब जिले में कोरोना संक्रमण के 21 एक्टिव मरीज हैं। बता दें कि जिले में पिछले 24 घंटे के भीतर कुल 2197 संदिग्ध मरीजों की सैंपल लेकर कोरोनावायरस जांच की गई।जिसमें से 7 लोग कोरोना पाए गए हैं।इनमें कैमूर जिला के मोहनिया प्रखंड इलाके के 3 कुदरा इलाके के दो भगवानपुर इलाके के एक जबकि रामपुर प्रखंड इलाके के एक कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि अब तक जिले में कुल 5064 लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं जिनमें से 4993 लोग स्वस्थ हुए हैं।बता दें कि कैमूर में कोरोना संक्रमण से बचाव की दिशा लोग बेफिक्र दिख रहे हैं।

## तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर गई आइसीडीएस महिला पर्यवेक्षिका।

(ओमप्रकाश सिंह संवाददाता दैनिक अयोध्या टाईम्स, चिरैया)
चिरैया। बिहार राज्य आई.सी.डी.एस महिला पर्यवेक्षिका एवं कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत आई.सी.डी.एस की सभी महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) मंगलवार से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर चली गई। महिला पर्यवेक्षिका बबीता कुमारी ने बताया कि राज्य एवं जिलास्तरीय संघ के पत्र के आलोक में महिला पर्यवेक्षिका सांकेतिक तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेगी तथा अगामी 22 जुलाई को पटना स्थित आई.सी.डी.एस निदेशालय का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के योजनाओं को शतप्रतिशत धरातल पर उतारने के अलावा टीकाकरण को प्रगति पर लाने के लिए आईसीडीएस महिला पर्यवेक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद सरकार हम महिलाओं के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं कर हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, जिस वजह से महिला पर्यवेक्षिका मानसिक एवं आर्थिक प्रताड़ना का शिकार हो रही हैं। मौके पर एलएस हुस्नेआरा, शोभा कुमारी, अनिता कुमारी, सरिता सुमन उपस्थित थें।

## साठी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में ग्यारह अभियुक्तों को दबोचा, भेजा जेल

ब्योरों चीफ अयोध्या टाइम्स। साठी पुलिस ने मंगलवार की रात विशेष अभियान के तहत छापेमारी कर अलग–अलग गांव से अलग अलग मामलों में फरार चल रहे हैं 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि भगौना गांव से गांधी यादव पिता सीताराम यादव, लाल बहादुर यादव पिता शंकर यादव, राजू यादव पिता राजेंद्र यादव को बहुवरवा से वारंटी बहादुर दास पिता शिव बाला दास को रायबरवा से वारंटी भूषण मिश्रा पिता रामचंद्र मिश्रा को और धांगड़ टोली से सुखल कुमार पिता जानकी महतो को एवं धमिनाहा से फुलेना देवी पति योगेंद्र राम को धमौरा से वारंटी कंचन माझीं पिता स्व० देवा मांझी को दुमदुमवा से विजय प्रसाद कुशवाहा पिता रामलखन प्रसाद कुशवाहा को वहीं शिकारपुर थाना क्षेत्र के अजुआ गांव के बली मांझी पिता यमुना मांझी एव भुअर मांझी पिता बलि को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया।




## 44 वाहिनी नरकटियागंज के द्वारा भव्य बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स से नरकटियागंज संवाददाता दीपू साह। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 20.07.2022 को समय 07.00 बजे से 07.40 बजे तक 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नरकटियागंज द्वारा ऐतिहासिक स्थल ष्बौद्ध स्तूपष लौरिया नंदनगढ़ में भव्य बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कराया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों में बड़ा



हर्षोउल्लास देखने को मिला, यहां की जनता बैंड प्रदर्शन कार्यक्रम का आनंद लेते हुए गौरवान्वित व अति प्रसन्नता महसूस कर रही है, कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 से अधिक स्थानीय नागरिक तथा 44 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, के श्री राजेश कुमार कुजूर उप–कमांडेंट, श्री प्रसेनजीत दास, सहायक कमांडेंट (संचार) एवं अधीनस्थ अधिकारी व अन्य बल कर्मी उपस्थित रहे।